RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 82
लखनऊ, सोमवार, 11 जनवरी, 2021
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर





ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी
स्पोर्ट्स-10



www.dailypioneer.com


# ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों का डर्टी गेम सिराज पर की नस्लीय टिप्पणी

● सिडनी में दूसरे दिन भी भारतीय क्रिकेटरों के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग, बीसीसीआई ने किया विरोध, सीए ने माफी और आईसीसी ने मांगी रिपोर्ट

● क्रिकेट में जगत में जमकर निंदा, कोहली बोले, बेहद शर्मनाक, सख्त कार्रवाई ठीक होंगी चीजें

भाषा/पीएनएस। सिडनी/नई दिल्ली



सिडनी में भारतीय खिलाड़ियों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले दर्शकों को पकड़ने पहुंची पुलिस

**भारतीय** क्रिकेटरों विशेषकर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में लगातार दूसरे दिन नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ा जिसके कारण चौथे दिन का खेल कुछ समय के लिए रुका रहा, कुछ दर्शकों को बाहर किया गया और क्रिकेट जगत ने इसकी कड़ी भर्त्सना की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के अनुसार सिराज के लिए ब्राउन डॉग और बिग मंकी कहा गया। पहली बार आस्ट्रेलियाई दौरे पर गया यह 26 वर्षीय खिलाड़ी नियमों का पालन करते हुए तुरंत ही कप्तान अजिंक्य रहाणे और मैदानी अंपायरों के पास गया और उन्हें घटना से अवगत कराया। इससे खेल 10 मिनट तक रुका रहा। सुरक्षाकर्मियों को बुलाया गया जिन्होंने छह दर्शकों को स्टेडियम से बाहर कर दिया। इससे पहले शनिवार को नशे में धुत एक व्यक्ति ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सिराज के लिए अपशब्दों का उपयोग किया था। बीसीसीआई पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी डेविड बून के पास इसकी शिकायत कर चुका है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) के इंटिग्रिटी एवं सुरक्षा प्रमुख सीन केरोल ने कहा, शृंखला का मेजबान होने के नाते हम भारतीय क्रिकेट टीम में अपने मित्रों से माफी मांगते हैं और उन्हें आश्वासन देते हैं कि हम इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेंगे। सीए को शनिवार को सिडनी क्रिकेट मैदान पर की गई शिकायत के मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जांच के नतीजे का इंतजार है। केरोल कहा, जिम्मेदार लोगों की पहचान होने के बाद सीए अपनी उत्पीड़न रोधी संहिता के तहत कड़े कदम उठाएगा जिसमें लंबे प्रतिबंध और न्यू साउथ वेल्स पुलिस के पास मामला भेजना भी शामिल है। भारतीय बोर्ड की तरफ से बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पहले आधिकारिक टिप्पणी की और कहा, हमारे इस खेल और हमारे समाज में नस्लवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, मैंने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अधिकारियों से बात की और उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। दुबई में आईसीसी ने भी बयान जारी करके इन घटनाओं की कड़ी निंदा की और सीए से कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी। सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने पहले भी सिडनी में नस्लवाद का सामना किया है। अश्विन ने कहा, यह ऑस्ट्रेलिया का मेरा चौथा दौरा है। खासकर सिडनी में हमें अतीत में भी इसका सामना करना पड़ा है। भारत के नियमित कप्तान और पितृत्व अवकाश पर चल रहे विराट कोहली ने भी भारतीय टीम का समर्थन किया। कोहली ने ट्विटर पर लिखा, नस्ली दुर्व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है। सीमा रेखा पर क्षेत्ररक्षण करते समय मुझे भी घटिया बातें सुननी पड़ी है और यह अभद्र व्यवहार की चरम सीमा है। मैदान पर इस तरह की घटनाएं देखना दुखद है।

# अब छटपटा रहे हैं माफिया और जान की भीख मांगते फिर रहे उनके गुर्गे

● मुख्यमंत्री बोले, सरकार की कड़ी कार्रवाई से भूमाफियाओं के रहनुमा भी परेशान

● अपराधी, माफिया, गैंगेस्टर और धन की बंदरबांट करने वाले हैं भयभीत

संवाददाता। फर्रुखाबाद




फर्रुखाबाद के संकिसा में आरोग्य मेले के शुभारंभ के अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को फर्रुखाबाद में कहा कि सूबे में समाज को बांटने वालों और भय व आतंक पैदा करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन सालों में लोगों ने बदलाव देखा है।

योजनाओं का लाभ हर गरीब को मिल रहा है। योगी ने कहा कि पहले दिल्ली से जो पैसा चलता था, वह बिचौलियों की भेंट चढ़ जाता था और गरीबों तक सीधा इसका लाभ नहीं पहुंचता था। अब प्रधानमंत्री ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंच रहा है और इन्हें उसका हक मिल रहा है। संकिसा में आरोग्य मेले का शुभारंभ करने के बाद मुख्यमंत्री ने एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 91 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। करीब 45 मिनट के संबोधन में उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले लोग घरों से बाहर निकलने में घबराते थे, महिलाएं असुरक्षित थीं।

अब बेटी-बहनें स्कूल, सर्विस और बाजार के लिए आराम से जा सकती हैं। प्रदेश में अपराधी, माफिया, गैंगेस्टर और धन का बंदरबांट करने वाले भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि माफिया जमीन पर कब्जा किया करते थे, अब उनकी जमीनों पर बुलडोजर चल रहा है। ऐसे में उनके रहनुमाओं को परेशानी हो रही है उन्हें इस बात की परेशानी है कि किसानों, गरीबों की जमीन को मुक्त कराया जा रहा है। पेशेवर माफियाओं में छटपटाहट है। उनके गुर्गे जान की भीख मांगते फिर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रिया बोला। उन्होंने कहा कि कोरोना काल मे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के लोगों ने साहस और धैर्य का परिचय देते हुए विजय पाकर दुनिया में मिसाल पेश की हैए कोरोना से अभी भी हमें सावधान रहना है। संकिसा के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि फर्रुखाबाद में अच्छी वैरायटी का आलू पैदा होता है। यहां पर चिप्स क्यों नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए (शेष पेज 9)

## सूरीनाम के राष्ट्रपति हो सकते हैं गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**26** जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी मुख्य अतिथि हो सकते हैं। भारतीय मूल के संतोखी विदेश मंत्रालय द्वारा इसी हफ्ते आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के भी मुख्य अतिथि थे। इससे पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे लेकिन उन्होंने अपने देश में कोविड-19 के नए स्ट्रेन के कारण तेजी से बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर अपना भारत दौरा रद्द कर दिया था। सूरीनाम पहले फ्रांस का उपनिवेश था और वहां पर बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं।

# बर्ड फ्लू की दस्तक से मंदा पड़ा चिकन का धंधा

● देश भर में यही स्थिति, दाम हुए आधे, कम आमदनी वाले ही अब खरीद रहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**बर्ड** फ्लू की दहशत से देश भर में चिकन और अंडे की कीमतों में गिरावट आई है। इससे कारोबारी बेहद परेशान हैं। मुर्गे-मुर्गियों के दाम करीब-करीब आधे हो जाने के बाद इनकी ज्यादातर खपत अब कम आमदनी वाले वर्ग में ही रह गई है।

देश में केरल, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश समेत सात राज्यों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। इन राज्यों में पक्षियों के संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए हजारों परिंदों को मार दिया गया है। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ इलाकों में कौए मृत मिले हैं। गाजीपुर मुर्गा मंडी को 10 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। पुरानी दिल्ली में मुर्गे के मांस की दुकान चलाने वाले अतीक कुरैशी ने कहा कि दो-तीन दिन पहले तक मुर्गे का मांस 190 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम था जो अब 110-120 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की वजह से सात महीने दुकान बंद थी और अब यह वायरस आ गया है जिससे मांस की बिक्री में कमी आई है।

कुरैशी ने बताया कि मांस की बिक्री कम हुई है लेकिन मुर्गे के दाम कम होने से कम आमदनी वाले और गरीब लोग इसकी खरीदारी ज्यादा कर रहे हैं। जामा मस्जिद क्षेत्र में मुर्गे का कारोबार करने वाले इकबाल का भी यही कहना है। उन्होंने कहा, 'पढ़े-लिखे और संपन्न लोग 'चिकन' के सेवन से बच रहे हैं जबकि कम आमदनी वाले ऐसे लोग जो ऊंची कीमत की वजह से मुर्गा नहीं खरीद पाते थे या कम मात्रा में खरीदते थे, वे अब दो-ढाई किलोग्राम तक खरीद रहे हैं।' इकबाल ने कहा कि मुर्गे के दाम बीते दो-तीन दिन में ही काफी गिर गए है।

जहां जिंदा मुर्गा 120-125 रुपये किलोग्राम की दर से बिक रहा था, वहीं अब यह 55 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है। लक्ष्मीनगर के रमेश पार्क में रहने वाली कहकशा ने कहा, 'हम 'चिकन' को अच्छी तरह से धोकर गर्म मसाले लगाते हैं और उसे कुकर में 35-40 मिनट तक अच्छी तरह से पकाते हैं, जिससे अगर गोश्त में वायरस होगा भी तो मर जाएगा।' डॉक्टरों की राय भी कुछ ऐसी ही है। क्यूआरजी सेंट्रल अस्पताल में गैस्ट्रोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ संजय कुमार ने कहा कि अच्छी तरह से पके हुए 'चिकन' को खाने में कोई हर्ज नहीं है। अगर 'चिकन' में संक्रमण है भी तो वह अच्छी तरह से पकने पर खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अधपका मांस नहीं (शेष पेज 9)

## कोरोना काल में जारी रहे बच्चों की पढ़ाई, केंद्र ने जारी किए दिशानिर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्र** ने कोविड-19 संकट के कारण स्कूल न आने वाले बच्चों की पहचान, दाखिला और उनकी निरंतर शिक्षा की व्यवस्था करने को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि वे डोर टू डोर सर्वे कर स्कूल न जाने वाले बच्चों की शिनाख्त करें और उनका दाखिला सुनिष्चित करें। अधिकारियों के अनुसार सरकार खासकर प्रवासी लोगों के बच्चों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मंत्रालय ने कोरोना वायरस महामारी के चलते स्कूल न आने वाले बच्चों के नाम नहीं काटने की सिफारिश भी की है ताकि इस वर्ष ड्रॉप-आउट से बचा जा सके। मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि महामारी के कारण बच्चों का स्कूल से नाम न कटे, पढ़ाई प्रभावित न हो और नामांकन से बच्चे छूट न जाए, इसके लिए राज्य विस्तृत रणनीति तैयार करें। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि राज्यों को सलाह दी (शेष पेज 9)

# चीन ने अपने सैनिक को जल्द लौटाने का किया अनुरोध

● कहा- अंधेरे और दुर्गम इलाके के कारण रास्ता भटक गया था जवान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**चीन** ने लद्दाख में भारतीय सेना द्वारा पकड़े गए अपने सैनिक की जल्द वापसी का आग्रह किया है। पड़ोसी देश ने कहा है कि वह अंधेरे और कठिन पहाड़ी इलाके के कारण वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भटक कर भारतीय क्षेत्र में चला गया था। सेना ने कहा कि चीनी सैनिक से पूछताछ की जा रही है।

भारतीय सेना ने शुक्रवार सुबह चुशूल में गुरुंग पहाड़ी के पास पैंगोंग त्सो (झील) क्षेत्र के दक्षिण में एलएसी पार कर घुसे इस चीनी सैनिक को पकड़ लिया था। चीनी सेना के आधिकारिक वेब पोर्टल चीन मिलिट्री ऑनलाइन ने शनिवार को कहा था कि चीनी सैनिक अंधेरे और जटिल भूगोल के कारण भटक गया था। चीनी सेना के पोर्टल ने यह भी उम्मीद जताई कि भारतीय पक्ष उसके भटके हुए सैनिक की खोज और बचाव में मदद कर सकता है। इसने कहा कि भारत ने लापता होने के लगभग दो घंटे बाद चीनी सैनिक के पकड़े जाने की पुष्टि कर दी थी।

समाचार पोर्टल ने कहा कि भारत ने यह भी कहा कि उच्च अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद चीनी सैनिक को वापस भेज दिया जाएगा। समाचार पोर्टल ने कहा कि भारत को चीन के सैनिक को तुरंत वापस करना चाहिए और संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखनी चाहिए। सेना ने कहा कि चीनी सैनिक के साथ निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार व्यवहार किया जा रहा है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पिछले साल अक्टूबर के (शेष पेज 9)

## किसानों के हंगामे के बाद खट्टर की महापंचायत रद

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़/करनाल

**हरियाणा** में करनाल जिले के कैमला गांव में प्रदर्शनकारी किसानों ने 'किसान महापंचायत' के कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ की जहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर लोगों को केंद्र के तीन कृषि कानूनों के 'फायदे' बताने वाले थे। हंगामे के कारण मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में बगैर भाग लिए चंडीगढ़ लौटना पड़ा। इससे पहले पुलिस ने कैमला गांव की ओर किसानों के मार्च को रोकने लिए उन पर पानी की बौछारें कीं और आंसू गैस के गोले छोड़े। बहरहाल, प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल तक पहुंच गए और 'किसान महापंचायत' कार्यक्रम को बाधित किया। किसान कैमला गांव की ओर ट्रैक्टर, कारों और बाइक पर कार्यक्रम स्थल की ओर जाने लगे। इस समय पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागने शुरु कर दिये। करनाल के एसपी गंगा राम पुनिया ने किसानों को शांत करने की कोशिश की, लेकिन किसानों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड के पास धरना दे दिया। पुलिस ने कैमला रोड पर ट्रक और और डंपर खड़ाकर किसानों का रास्ता रोक दिया। चार एसपी और 12 से अधिक डीएसपी के नेतृत्व में आसपास के जिलों की पुलिस को अलग-अलग प्रवेश बिंदुओं पर तैनात किया गया। किसानों को आगे बढने से रोकने के लिए पुलिस ने दूसरे बैरिकेड के पास ट्रक खड़े किए। इसी दौरान पुलिस-किसानों के बीच झड़प भी हुई। किसान गांवों और खेतों की ओर चले गये। पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए कई बार आंसू गैस का इस्तेमाल किया और पानी की बौछारें फेंकी, लेकिन आंदोलनकारी तमाम नाके तोड़कर आगे बढ़ते गये। खेतों के रास्ते गांव में पहुंचे किसानों ने मुख्यमंत्री का हेलीपेड उखाड़ा और वहां अपना झंडा लगा दिया। पुलिस और भाजपा समर्थकों के बार-बार विरोध को झेलते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे आंदोलनकारी करीब डेढ़ बजे तक शांत रहे। लेकिन जब हेलीपेड के पास किसानों का विरोध शुरू हुआ तो हजारों आंदोलनकारी किसानों की भीड़ उग्र हो गई। उन्होंने हैलीपेड को उखाड़ा। फिर रैली स्थल पर तोड़-फोड़ (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,782 | |
| निफ्टी | 14,347 | |
| सोना | 49,763 | /10g |
| चांदी | 67,518 | /kg |

## क्विक न्यूज

### 2011-12 सत्र तक इग्नू से प्राप्त बीटेक एवं इंजीनियरिंग डिप्लोमा वैध

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक सत्र 2010-12 से पहले इग्नू से प्राप्त बीटेक की डिग्री और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा को वैध माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दो पाठ्यक्रमों को दूरस्थ शिक्षा के जरिए चलाता था लेकिन यूजीसी द्वारा यह कहे जाने पर कि तकनीकी पाठ्यक्रम दूरस्था शिक्षा के माध्यम से संचालित नही किए सकते और यह नियमों का उल्लंघन है, तब इग्नू ने उन्हें बंद कर दिया। तकनीकी शिक्षा के नियामक के नीति एवं अकादमिक योजना ब्यूरो के आदेश में कहा गया, इग्नू दो पाठ्यक्रमों का संचालन दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से करता था।

# कृषि कानूनों व प्रदर्शन से जुड़ी अर्जियों पर आज होगी सुनवाई

● सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी सुनवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रदर्शनकारी** किसान संगठनों के साथ सरकार की बातचीत में गतिरोध बरकरार रहने के बीच सुप्रीम कोर्ट नए कृषि कानूनों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं और दिल्ली की सीमा पर चल रहे किसानों के प्रदर्शन से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

केंद्र और किसान संगठनों के बीच सात जनवरी को हुई आठवें दौर की बाचतीच में भी कोई समाधान निकलता नजर नहीं आया क्योंकि केंद्र ने विवादास्पद कानून निरस्त करने से इनकार कर दिया जबकि किसान नेताओं ने कहा कि वे अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ने के लिये तैयार हैं और उनकी 'घर वापसी' सिर्फ 'कानून वापसी' के बाद होगी।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा सोमवार को की जानी वाली सुनवाई महत्वपूर्ण है क्योंकि केंद्र और किसान नेताओं के बीच 15 जनवरी को अगली बैठक निर्धारित है। शीर्ष न्यायालय को केंद्र सरकार ने पिछली तारीख पर बताया था कि उसके और किसान संगठनों के बीच सभी मुद्दों पर 'स्वस्थ चर्चा' जारी है और इस बात की संभावना है कि दोनों पक्ष निकट भविष्य में किसी समाधान पर पहुंच जाएं। अदालत ने तब सरकार को भरोसा दिया था कि अगर वह उससे कहेगी कि बातचीत के जरिये समाधान संभव है तो वह 11 जनवरी को सुनवाई (शेष पेज 9)

# सात माह में जमा हुआ 33 हजार टन बायोमेडिकल कचरा

कोविड-19 का संकट

● सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा योगदान महाराष्ट्र का रहा, दिल्ली छठे नंबर पर रही

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**कोरोना** काल में पिछले सात महीनों के दौरान ही देश में 33000 टन बायोमेडिकल कचरा जमा हो गया है। इसमें महाराष्ट्र सबसे आगे रहा जहां 3,587 टन मेडिकल कचरा एकत्र हुआ, जबकि दिल्ली छठे नंबर पर रही। कोविड-19 बायोमेडिकल कचरे में पीपीई किट, मास्क, जूता कवर, दस्ताने, मानव ऊतक, रक्त से दूषित वस्तुएं, ड्रेसिंग, प्लास्टर कास्ट, कॉटन स्वैब, रक्त के साथ दूषित बिस्तर या तरल पदार्थ, रक्त बैग, सुई, सीरिंज शामिल हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार बीते अक्टूबर में देश भर में 5,500 टन कोविड-19 कचरा उत्पन्न हुआ था। यह अब तक एक महीने में सबसे ज्यादा कचरा है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जून 2020 से अब तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 32,994 टन कोविड-19 से संबंधित बायोमेडिकल कचरा एकत्र हुआ है। बायोमेडिकल कचरे को एकत्र करने से लेकर निपटान तक का काम 198 कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि अस्पतालों से निकलने वाले कचरे का प्रबंधन सही तरीके से किया जा रहा है, लेकिन कोविड-19 के ऐसे मरीज जो घरों में क्वॉरंटीन किए गए, उनसे उत्पन्न कचरा परेशानी का सबब बन रहा है, क्योंकि लोग पीपीई किट, दस्ताने, मास्क, जूतों के कवर समेत अन्य संबंधित कचरे को रोज घर के पास आने वाली नगर निकाय की वैन में डाल देते हैं। आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र के बाद कोविड कचरा उत्पन्न करने में दूसरे नंबर पर केरल है जहां जून से अब तक 3300 टन कचरा जमा हुआ।

तीसरे नंबर पर गुजरात (3,086 टन), उसके बाद तमिलनाडु (2,806 टन), उत्तर प्रदेश (2,502 टन), दिल्ली (2,471 टन), पश्चिम बंगाल (2,095 टन) और कर्नाटक (2,026 टन) एकत्र करने वाले राज्य हैं। दिसंबर में लगभग 4,530 टन कचरा देषभर में निकला। इसमें भी महाराश्ट्र में सबसे ज्यादा 629 टन का योगदान रहा। उसके बाद केरल (542 टन) और गुजरात (479 टन) का स्थान था। केंद्रीय प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली ने दिसंबर में 321 टन कोविड-19 से जुड़ा कचरा उत्पन्न किया।

# मील का पत्थर साबित होगा सीएम योगी का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कोरोना** संक्रमण के चलते स्थगित किये गए मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारंभ रविवार को प्रदेश भर में किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फर्रूखाबाद के संकिसा पीएचसी से, स्वास्थ्य मंत्री ने संत कबीरनगर से तथा प्रभारी मंत्रियों ने अपने प्रभार जनपद से मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारम्भ किया।

राजधानी लखनऊ के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उजरियांव गोमतीनगर में आरोग्य मेले का शुभारम्भ प्रदेश के मुख्य सचिव आरके तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के जरिये आज जन जन तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचाई जा रहीं हैं जो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच का सफल परिणाम है । यह प्रयास अपने आप में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीमारियों के बारे में यदि शुरुआत में ही पता चल जाए तो उसे नियंत्रित करने में बहुत ही आसानी होती है । इसी सोच के साथ प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक बार फिर से हर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने घर के नजदीक ही परामर्श, जाँच और इलाज की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि कोविड.19 से निपटने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किये गए प्रयासों और इंतजामों की हर स्तर पर सराहना हुई है। अब कोविड टीकाकरण की भी पूरी तैयारी की जा चुकी है और जल्द ही टीकाकरण भी प्रदेश में शुरू होगा। पहले चरण में प्रदेश के नौ लाख स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होगाए दूसरे चरण में कोविड के दौरान अग्रणी भूमिका निभाने वाले करीब 18 लाख कर्मचारियों को टीका लगेगा और तीसरे चरण में प्रदेश के 50 साल की उम्र से अधिक के लोगों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित करीब चार करोड़ लोगों को टीका लगाया जाएगा ।

इस दौरान मुख्य सचिव ने आरोग्य मेले स्वास्थ्य केंद्र पर लगाए गए विभिन्न स्टाल पर जाकर जानकारी प्राप्त की और लाभार्थियों से भी रूबरू हुए । उन्होंने पूर्ण टीकाकरण का प्रमाणपत्र वितरित करने के साथ ही अन्धता निवारण कार्यक्रम के तहत चश्मे का भी वितरण किया। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड भी प्रदान किया । मुख्य सचिव ने गर्भवती महिलाओं को स्वयंसेवी संस्था ममता (हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड) द्वारा तैयार की गयी पोषण थाली प्रदान की और गर्भावस्था के दौरान पोषण की महत्ता भी बताई। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य वी. हेकाली झिमोमी ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले की शुरुआत फरवरी 2020 से हुई थी किन्तु कोविड 19 के संक्रमण के चलते उसे 15 मार्च के बाद स्थगित करना पड़ा था। स्थितियों के सामान्य होने की ओर बढ़ने के साथ ही आज से फिर इसकी शुरुआत हो रही है ताकि लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया करायी जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय भटनागर ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुसार जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपने घर के नजदीक ही समस्त स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें । मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आज जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित आरोग्य मेले का 6028 लोगों ने लाभ उठाया, जिसमें 2723 पुरुष, 2327 महिलाएं और 978 बच्चे शामिल हैं । इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 90 लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड भी बनाया गया । स्वास्थ्य मेले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बढ़ाई जा रही है, इसी क्रम में बख्शी का तालाब क्षेत्र के विधायक अविनाश त्रिवेदी ने महोना पीएचसी पर आयोजित आरोग्य मेले में शिरकत की और लोगों से इस मेले से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की। आरोग्य मेले में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उजरियांव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समेत कई स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## ● राजधानी में उजरियांव पीएचसी में मुख्य सचिव ने की मुख्यमंत्री आरोग्य मेला की शुरुआत

# सहारा बने योगी, दी 51 लाख बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● केंद्र सरकार के 43.45 लाख लोगों के जोड़ने के लक्ष्य को छोड़ा पीछे

**सत्ता की** बागडोर संभालते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबों, महिलाओं, निराश्रितों व बुजुर्गों के सभी हितों के लिए काम करना आरंभ किया तो सभी के चेहरे पर खुशहाली आने लगी। सभी के लिए स्वास्थ्य, रोजगारए व अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने व सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि योगी सरकार बुजुर्गों को पेंशन देने के मामले में भी अब सबसे आगे है।

योगी सरकार ने यूपी में अब 51 लाख से अधिक बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन योजना से जोड़कर एक नया रिकार्ड बना दिया है। जो केंद्र सरकार के 43.45 लाख लोगों को जोड़ने के लक्ष्य से करीब सात लाख अधिक है। यह प्रदेश में अब तक वृद्धावस्था पेंशन से जोड़े गए लोगों की सर्वाधिक संख्या है। योजना से जुड़ने के बाद बुजुर्गों को अब 500 रुपये प्रतिमाह मिल रहा है। जिससे बुजुर्गों को अब किसी जरूरत के लिए परिवार पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।

प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत जहां एक ओर डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिए पेंशन योजनाओं में धांधली रुक गई वहीं दूसरी ओर ऑनलाइन आवेदन व निस्तारण की व्यवस्था के चलते पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना भी आसान हो गया। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में जहां 2017 के पहले 36 लाख वृद्धावस्था पेंशन धारक थे वहीं महज तीन सालों में 15 लाख नए पेंशनधारकों जोड़ लिया गया। इसके लिए 3 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

दरअसल योगी सरकार के सत्ता में आने से पहले बुजुर्गों को सरकारी योजनाओं के लिए दर बदर भटकना पड़ता था। इसे देखते हुए प्रदेश में सत्ता की बागडोर संभालते ही योगी सरकार ने सख्त हिदायत दी थी कि पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से हर हाल में जोड़ा जाए तो जिले के अफसरों ने भी तेजी दिखाई। सत्ता में आते ही योगी सरकार ने वर्ष 2017-2018 में ही ग्राम विकास विभाग द्वारा सर्वे कराया।

सर्वे में पाया गया कि करीब 9 लाख बुजुर्गों को पात्र होने के बावजूद पिछली सरकारों में वृद्धावस्था पेंशन योजना से वंचित रखा गया था। इसके बाद प्रदेश के हर जिले में अभियान चलाकर पात्र बुजुर्गों को योजना से जोड़ने के लिए जगह-जगह कैंप लगाए गए। साथ ही विभिन्न स्तरों पर रुके हुए अन्य आवदेनों पर भी तेजी से कार्रवाई हुई। इसी का नतीजा रहा कि देखते ही देखते महज तीन सालों में प्रदेश के करीब 15 लाख नए बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन योजना से जोड़ने का रिकार्ड बन गया।

उप निदेशक समाज कल्याण जयराम ने बताया कि बुजुर्गों को पेंशन देने के लिए केंद्र सरकार ने 43.45 लाख लोगों को योजना से जोड़ने का लक्ष्या रखा था। जिसे किसी भी सरकार में अब तक पूरा नहीं किया जा सका था। पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने केंद्र सरकार के 43.45 लाख से अधिक 51,21,454 लाभार्थियों को वृद्धापेंशन योजना से जोड़कर एक नया रिकार्ड बना दिया।

अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण ने बताया कि 2017 के पहले जहां प्रदेश के बुजुर्गों को 300-400 रुपये की धनराशि मिलती थी वहीं योगी सरकार ने उसे बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया। प्रदेश में नए पेंशनरों के बढ़ने से जहां पहले सरकार करीब 15 सौ करोड़ रुपये खर्च करती थी अब वहीं अब खर्च होने वाली धनराशि दोगुनी हो गई है। वर्तमान में 51 लाख से अधिक पेंशनरों पर लगभग तीन हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कोरोना महामारी के चलते पेंशनधारकों की आर्थिक समस्या दूर करने के लिए हर बुजुर्ग को एक-एक हजार रुपये की अतिरिक्त धनराशि में योगी सरकार की ओर से 500 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली आवास पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की शिष्टाचार भेंट

# उच्च सदन जाने के लिए भाजपा में गणेश परिक्रमा तेज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** विधान परिषद की रिक्त हो रही 12 सीटों पर चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद उच्च सदन जाने के लिए बीजेपी में गणेश परिक्रमा तेज हो गई है। हर कोई अपना जोर-जुगाड़ लगाने के लिए लखनऊ से दिल्ली तक की दौड़ लगा रहा है। यहां तक कि नागपुर से भी सोर्स लगाने में भी पदाधिकारी तार जोड़ने का काम रहे हैं। मगर बीजेपी में कब किसकी किस्मत चमक जाए कहना मुश्किल है फिर भी इस समय कई नाम मुख्य रूप से चर्चा में हैं। बीजेपी बहुत जल्द अपने पत्ते खोलेगी क्योंकि 11 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है जो कि 18 जनवरी तक चलेगी।

मौजूदा विधान परिषद के सदस्य डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और लक्ष्मण आचार्य का दोबारा उच्च सदन जाना तय है। लक्ष्मण आचार्य काशी क्षेत्र के अध्यक्ष थे जिनको पार्टी ने मौका दिया। इसी प्रकार बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष बीएल वर्मा को पिछले राज्यसभा चुनाव में पार्टी ने राज्यसभा भेजा है।

दरअसल बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्षों का ध्यान रखते हुए उन्हें उच्च सदन में जाने का मौका देती है। कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी पश्चिम क्षेत्र के तीन बार क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे और यहां से ही प्रमोशन पाकर उच्च सदन गए और अब सरकार में मंत्री हैं। बीजेपी के 6 क्षेत्रीय अध्यक्षों में से शेष नारायण मिश्रा को लखनऊ और मोहित बेनीवाल को पश्चिम क्षेत्र का पहली बार अध्यक्ष बनाया गया है जबकि मानवेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर, रजनीकांत महेश्वरी क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज, धर्मेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर और महेश श्रीवास्तव क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी को दूसरी बार मौका दिया गया है। जिन्हें दूसरी बार मौका मिला है उनमे किन्हीं दो को संगठन उच्च सदन जाने का मौका देगी। सूत्रों का कहना है कि इस दौड़ में सबसे आगे मानवेंद सिंह चल रहे हैं जबकि महेश श्रीवास्तव भी पीछे नहीं हैं। पदाधिकारियों में गोबिंद नारायण शुक्ल, जेपीएस राठौर का भी नाम आगे हैं। महिलाओं में बाराबंकी से पूर्व सांसद प्रियंका रावत और प्रदेश महामंत्री अंजुला माहौर भी पीछे नहीं है। ओम प्रकाश श्रीवास्तव पूर्व संगठन मंत्री, महामंत्री अमर पाल मौर्या महामंत्री और अश्वनी त्यागी का भी मजबूती से दांवा किए हुए हैं। कानपुर नगर की आर्य नगर सीट से विधायक रहे सलिल विश्नोई भी संगठन के चहेतों में हैं। मीडिया विभाग से भी दो लोगों के नाम पर तेजी से चर्चा है। बहुत जल्द पार्टी सस्पेंस से पर्दा हटाएगी।

**प्रदेश के तीन चिकित्सालयों में एडवांस प्री ट्रांसफ्यूजन की सुविधा उपलब्धः** लखनऊ। प्रदेश की मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अपर्णा उपाध्याय ने कहा कि रक्त की गुणवत्ता वृद्धि के दृष्टिगत प्रदेश के 3 चिकित्सालयों अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज, जीएसवीएम कानपुर, केजीएमयू लखनऊ में एडवांस प्री ट्रांसफ्यूजन की सुविधा प्रदत्त कराई गयी है। शीघ्र ही 6 अतिरिक्त चिकित्सालयों में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मेरा यू0पी0 बोर्ड इण्टरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 0620096 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। कु0 मनिका वैश्य पुत्री संदीप कुमार वैश्य निवासी-मो0 चौधरी टोला, तहसील व जिला सीतापुर

आवश्यकता

आवश्यकता है

जामिया रहमानिया, मदनपुरा, वाराणसी में 2 स0 अध्यापक आलिया, 2 स० अध्यापक फौकानिया तथा 2 स0 अध्यापक तहतानिया की। (सरकारी ग्रेड के अनुसार)

**शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तें–**

**सहायक अध्यापक आलिया–** फाज़िल अथवा अरबी/फारसी, दीनियात से स्नातकोत्तर उपाधि तथा फौकानिया कक्षाओं का तीन वर्ष का शैक्षणिक अनुभव अथवा संबंधित विषय में फाज़िल अथवा स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित अथवा प्रशिक्षित कामिल/प्रशिक्षित स्नातक इसके साथ आलिम अथवा उर्दू से इण्टर का प्रमाण-पत्र भी आवश्यक है। न्यूनतम आयु 21 वर्ष। वेतन पे मेट्रिक्स लेवल 7, कोष्टिका स्थर-1 (वेतन बैंड 9300-34800 ग्रेड पे 4600

**सहायक अध्यापक फौकानिया–** कामिल अथवा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित अरबी/फारसी, दीनियात से स्नातक तथा आलिम अथवा उर्दू सहित इण्टर का प्रमाण-पत्र अथवा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित संबंधित विषय में कामिल अथवा स्नातक तथा उर्दू/अरबी/फारसी से मुंशी/मोलवी से अनिम्न स्तर का प्रमाण-पत्र आवश्यक है। न्यूनतम आयु 20 वर्ष। वेतन पे मेट्रिक्स लेवल 7, कोष्टिका स्थर-1 (वेतन बैंड 9300-34800 ग्रेड पे 4600

**सहायक अध्यापक तहतानिया–** आलिम अथवा उर्दू से इण्टर अथवा हाफिज़। न्यूनतम आयु 18 वर्ष। वेतन पे मेट्रिक्स लेवल 6, कोष्टिका स्थर-1 (वेतन बैंड 9300-34800 ग्रेड पे 4200

आवेदन की अन्तिम तिथि- 3 फरवरी 2021 है। इच्छुक अभियर्थी उक्त अन्तिम तिथि तक स्वप्रमाणित शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्रों सहित अपने आवेदन-पत्र उक्त मदरसे के पते पर करें। प्राप्त आवेदन-पत्रों पर साक्षात्कार की सूचना रजिस्टर डाक से दी जायेगी।

**प्रबन्धक–** जामिया रहमानिया, मदनपुरा, वाराणसी।

# परियोजना को निर्धारित समय सीमा के अंदर अनिवार्य रूप से पूरा किया जाएः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● लोनिवि मुख्यालय में बनाया जा रहा है भव्य विश्वेश्वरैया द्वार

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य के कुशल दिशा निर्देशन में लोक निर्माण विभाग मुख्यालय में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के नाम से भव्य व आकर्षक द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। इसी के साथ ही साथ मल्टी लेवल पार्किंग बाउन्ड्री वाल का भी निर्माण पूरी गतिशीलता के साथ चल रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के अंदर अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए तथा इसका लगातार अनुश्रवण व समीक्षा की जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता व मानकों पर विशेष रूप से नजर रखी है।

गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस (इंजीनियर्स-डे) पर 15 सितंबर 2020 को विश्वेश्वरैया द्वार व मल्टी लेवल पार्किंग का शिलान्यास किया गया था, जिसका कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्य उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, इकाई.21 द्वारा कराया जा रहा है। मल्टी लेवल पार्किंग परियोजना की स्वीकृत लागत 1893.97 लाख रुपए है, जिसमें लोअर ग्राउंड फ्लोर, अपर ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर एवं टैरस फ्लोर का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें 239 नग चार पहिया वाहनों के पार्किंग का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहन के भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मल्टी लेवल पार्किंग के साथ साथ ही लोक निर्माण विभाग परिसर में विश्वेश्वरैया द्वार व बाउंड्री वाल का निर्माण भी कराया जा रहा है।

# गोरखपुर व वाराणसी में सितम्बर तक स्थापित हो जाएंगे आईटी पार्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● मेरठ-आगरा में आईटी पार्क की स्थापना का कार्य हुआ लगभग पूरा

**यूपी के** प्रत्येक क्षेत्र में आईटी उद्योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश की सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्ट-अप नीति 2017 के अन्तर्गत प्रदेश के सभी मण्डलों में आईटी पार्कों अथवा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्कों की स्थापना करने के लक्ष्य के तहत विभिन्न क्षेत्रों में आईटी पार्कों की स्थापना की जा रही है।

एसीएसस आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स आलोक कुमार ने बताया कि सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ़ इण्डिया भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के समस्त मण्डलों में आईटी पार्क स्थापित करने की योजना के अन्तर्गत् सहारनपुर में 200 एकड़ में विकसित किए जा रहे पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र में 3 एकड़ में आईटी पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव है। जिसमें एसटीपीआई के मानकों के अनुसार प्लग-एण्ड-प्ले सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेरठ एवं आगरा में आईटी पार्कों की स्थापना का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। गोरखपुर एवं वाराणसी में वर्तमान वर्ष में सितम्बर तक आईटी पार्क स्थापित होने की सम्भावना है। एसटीपीआई के सहयोग से विकासित किए जा रहे उक्त सभी आईटी पार्कों भूमि की निःशुल्क व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की गई है। इन आईटी पार्कों के लिए स्थानीय सूचना प्रौद्योगिकी व स्टार्टअप कम्पनियों के चयन की प्रक्रिया भी साथ-साथ कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि वाराणसी में वाराणसी विकास प्राधिकरण के जवाहर लाल नेहरू कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स में आईटी पार्क की स्थापना के लिए आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के पक्ष में इस निर्मित भवन का हस्तान्तरण विलेख प्रक्रियाधीन है जबकि कानपुर में उपलब्ध भूमि पर एसटीपीआई द्वारा शीघ्र ही निर्माण कार्य आरम्भ किया जाएगा। बरेली में परियोजना के लिए इण्डियन टर्पेन्टाईन एण्ड रोजिन कंपनी लिमिटेड की भूमि प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में निर्माणाधीन आईटी पार्कों में लगभग 200 करोड़ के निवेश एवं 15000 रोज़गार के अवसरों के सृजन की सम्भावना है। लखनऊ एवं प्रयागराज में प्लग-एण्ड-प्ले सुविधा से युक्त एसटीपीआई केन्द्र पूर्व से ही संचालित हैं तथा राज्य सरकार की निवेश के अनुकूल नीतियों तथा ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में सुधार के फलस्वरूप वर्ष 2019-20 में लखनऊ के एसटीपीआई केन्द्र से 230 करोड़ का निर्यात हुआ है।

# अखिलेश से मुलाकात कर पार्टी नेताओं ने बयां किया अपना दर्द

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से रविवार को पार्टी कार्यालय में भेंट करने वालों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में नौजवान, बुजुर्गए महिलाएं और व्यापारी, अधिवक्ता भी अखिलेश यादव से मिले। आंध्र प्रदेश से आए जाम्मू रतिसियाह के साथ अरूण कुमार ने अखिलेश यादव से भेंट की और काजू की माला, तिरूपति बाला जी की शाल तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। सपा प्रवक्ता ने बताया कि आंध्र के इन नेताओं ने कहा कि अखिलेश यादव के प्रति आंध्र के लोगों में भी आकर्षण है और उनका भव्य स्वागत करने के लिए वे सब उत्सुक हैं। उन्होंने अखिलेश को आंध्र प्रदेश आने का निमंत्रण दिया।

विंध्य विकास परिषद, मिर्जापुर के सदस्य राज्याधिकारी पुरोहित राज मिश्र ने अखिलेश को मां विंध्यवासिनी का प्रसाद तथा आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि प्रदेश में सन् 2022 में वही मुख्यमंत्री बनेंगे। जनता में उनकी अच्छी छवि है और लोगों को यह भी विश्वास है कि उनकी सरकार बनने पर ही प्रदेश का विकास होगा और शांति व्यवस्था कायम हो सकेगी।

सपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव से मिलने वालों का कहना था कि भाजपा सरकार के राज में अपराध बढ़े है, लोगों के जान माल को हमेशा खतरा रहता है। बहन बेटियों को अपमानित किया जा रहा है। भाजपा सरकार का बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान निरर्थक साबित हुआ है। व्यापारियों का कहना था कि जीएसटी के नित नए बदलते प्राविधानों से वे सब परेशान हैं। नोटबंदी और लाक डाउन से व्यापार पहले ही चौपट है अब सरकारी घोषणाओं के बावजूद बैंकों से भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है। सभी लोगों का कहना था कि भाजपा ने अपनी एक भी योजना लागू नहीं की है। वह समाजवादी पार्टी के कामों को ही अपना बता रही है। इस सच्चाई को जनता जानती है। वह झूठ और नफरत फैलाने वाली भाजपाई राजनीति को सफल नहीं होने देगी।

# गोरखपुर महोत्सव के मंच पर दिखेगा खादी का जलवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सांकेतिक चित्र

**गोरखपुर में** 12 और 13 जनवरी को गोरखपुर महोत्सव का आयोजन होना है। इस दौरान होने वाले कई कार्यक्रमों के बीच खादी का फैशन शो भी आकर्षण का केंद्र होगा। महोत्सव में मंगलवार 12 जनवरी की शाम खादी के कपड़े पहन कर इस फैशन शो में रैम्प पर प्रतिष्ठित मॉडल, डिंपल पटेल की अगुआई में कैटवॉक करेंगी। इस दौरान ये मॉडल्स नामचीन डिजाइनर अस्मा हुसैन, रुना बैनर्जी और रुपिका रस्तोगी गुप्ता द्वारा डिजाइन की गई डिजाइनर ड्रेस पहनेंगी।

यह कार्यक्रम 12 जनवरी को चम्पा देवी पार्क में महोत्सव के मुख्य मंच पर शाम 5.30 बजे से 6.15 बजे तक आयोजित होगा। टॉप 16 प्रोफेशनल्स फेमिना मॉडल्स रैंप वॉक करेंगे। टॉप डिज़ाइनर्स के 3 राउंड होंगे। अंतरराष्ट्रीय कलाकार मनोरंजन फिलर तनुरा नृत्य की प्रस्तुति भी देंगे। हाल के वर्षों में खादी लोकप्रियता और रेंज दोनों बढ़ी है। अब इसे युवा भी पसंद करने लगे हैं। यह खद्दर ही नहीं बल्कि सूती, मसलिन, सिल्क के रंगबिरंगे डिजाइन में आ रही है। महिलाएं खादी की साड़ियां पसंद कर रहीं, वही खादी का कुर्ता, सूट अब चलन में हैं। इको फ्रेंडली होने के नाते यह त्वचा के लिए नुकसानदायक नहीं होता। डिजाइनर अस्मा हुसैन कहती हैं कि सूती खादी, कॉटन सिल्क, मसलिन आदि में लड़कों के लिए लम्बे व शॉर्ट कुर्ते व धोती पंसद किया जा रहा है। लड़कियों के लिए टॉप, शॉर्ट कुर्ते, कुर्ता-सलवार, साड़ी, सूट मैटीरियल खादी ग्रामोद्योग में आसानी से उपलब्ध हैं। खादी को सिल्क, वूल और कॉटन के साथ मिक्स किया जा रहा। सिल्क और खादी के वस्त्रों को 50-50 प्रतिशत के अनुपात से निर्मित किया जा रहा। प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग नवनीत सहगल ने बताया कि शुद्ध रूप से देशी, हाथ से बनी और इको फ्रेंडली खादी सिर्फवस्त्र नहीं बल्कि एक विचार है। यह जंगे आजादी का प्रतीक है। खादी ने देश को गौरवान्वित किया है। इसे पहनने वाले लोग भी खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं।

# प्रदेश की 30 स्वास्थ्य इकाइयों को मिला नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत सरकार** द्वारा वर्ष 2014 से संचालित क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी जनपद स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश की 30 इकाइयां भारत सरकार से नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन प्राप्त कर चुकी हैं। यह जानकारी मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर अपर्णा उपाध्याय ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 285 लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य इकाइयां चिह्नित हैं। 11 स्वास्थ्य इकाइयों का नेशनल लक्ष्य सर्टिफिकेशन हो चुका है। 28 अन्य इकाइयों में 18 का लक्ष्य एवं नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन, 9 का नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन तथा 1 का लक्ष्य के लिए राज्य स्तरीय मूल्यांकन हो चुका है। इन स्वास्थय इकाइयों के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन एवं लक्ष्य सर्टिफिकेशन के लिए अंतरिम सर्टिफिकेशन हेतु अनुरोध पत्र भारत सरकार को भेजे जा चुके हैं।

HDFC BANK
We understand your world

विशेष कार्य विभाग,
प्रथम तल, प्रणय टावर्स, दरबारी लाल शर्मा मार्ग,
लखनऊ-226001

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

(परिशिष्ट 4 के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8(1) के अनुसार)

जबकि, एचडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित 05-11-2019 जारी की थी, जिसमें कर्जदार वेल्थ मन्त्रा लिमिटेड द्वारा श्री संजीव अग्रवाल, श्रीमती सुनीता अग्रवाल और श्रीमती बीना अग्रवाल से मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि रू. 41,02,536/- (रूपए इकतालीस लाख दो हजार पांच सौ छत्तीस मात्र) तथा भुगतान की तिथि तक भावी ब्याज और मंजूरी की शर्तों के अनुसार अनुषंगी खर्चों, लागत के साथ, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा 08 जनवरी, 2021 को लखनऊ में प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को तथा जनसाधारण को संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीएफसी बैंक लि. की बकाया राशि रू. 41,02,536/- (रूपए इकतालीस लाख दो हजार पांच सौ छत्तीस मात्र) तथा भुगतान की तिथि तक भावी ब्याज और मंजूरी की शर्तों के अनुसार अनुषंगी खर्चों, लागत के साथ, चुकाने के बाद ही किया जा सकता है।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति का वर्णन : श्रीमती सुनीता अग्रवाल द्वारा स्वाधिकृत, कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ के ब्लॉक नंबर 3 में स्थित "प्रगति केन्द्र" नामक बिल्डिंग के प्रथम तल पर परिसर सं. 17-ए, परिमाप लगभग 31.37 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्रफल।


स्थान : लखनऊ, तिथि : 08-01-2021 प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## प्रदेश के 1500 केंद्रों पर

# वैक्सीन का फाइनल पूर्वाभ्यास आज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कोरोना** वैक्सीन को लेकर फाइनल पूर्वाभ्यास सोमवार को प्रदेश भर के 1500 केंद्रों पर किया जाएगा। पूर्वाभ्यास को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस दौरान इमरजेंसी से निपटने के पूरे इंतजाम भी किये गए हैं। सरकार ने 16 जनवरी से टीकाकरण शुरू होने की घोषणा की है। इसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों का दावा है कि सरकार से संदेश मिलते ही टीकाकरण का काम चालू कर दिया जाएगा। तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रशिक्षण का काम भी पूरा हो गया है। हालांकि लखनऊ में अभी टीकाकरण की तारीख घोषित नहीं की गई है।

**राजधानी में हुआ रिहर्सल**

राजधानी में रविवार को कोल्ड चेन सेंटर तक वैक्सीन पहुंचाने का ड्राई रन हुआ। अधिकारियों का कहना है कि ड्राई रन सफल रहा। तय समय पर वैक्सीन पुलिस सुरक्षा के बीच पहुंचाई गई। ऐशबाग में वैक्सीन का मुख्य डिपो बनाया गया है। यहां से वैक्सीन कोल्ड चेन सेंटर में एक घंटे पहले भेजी जाएगी। सीएमओ डॉक्टर संजय भटनागर ने बताया कि कोल्ड चेन सेंटर तक वैक्सीन पहुंचाने का पूर्वाभ्यास किया गया। कुल 21 सेंटरों पर वैक्सीन पहुंचाए गई। जो पूरी तरह सफल रही।

**61 केंद्रों पर ड्राई रन आज**

राजधानी में सोमवार को 61 केंद्रों पर टीका लगाने का ट्रायल होगा। 61 केंद्र मे टीकाकरण के लिए 180 बूथ बनाए जाएंगे। सबसे ज्यादा केजीएमयू में बूथ बनेंगे। प्रत्येक बूथ पर 100 हेल्थ वर्कर का टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस लिहाज से करीब 18ए000 हेल्थ वर्कर का एक दिन में टीकाकरण होगा। प्रत्येक केंद्र पर 15 हेल्थ वर्कर बुलाए गए हैं। इसके लिए सभी को रविवार शाम को मोबाइल पर संदेश भेज दिया गया है।

## योगी ने तैयारियों को परखा

**लखनऊ।** आगामी 16 जनवरी से शुरू होने वाले कोविड वैक्सीनेशन अभियान की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सहित पूरा देश कोरोना के खिलाफ सफलतापूर्वक जंग लड़ रहा है। उन्होंने कोरोना के खिलाफ जंग में कोरोना वारियर्स जिनमें डाक्टर, पैरा मेडिकल्स इत्यादि शामिल हैं, का भी अभिनन्दन किया है। मुख्यमंत्री ने कोविड.19 से लड़ने के लिए देश के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किये गये वैक्सीन के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि भारत इकलौता ऐसा देश है, जहां कोविड.19 के लिए 2 वैक्सीन तैयार किए गये हैं। उन्होंने कोरोना के खिलाफ जंग में सहयोग के लिए जनता का भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सबके प्रयासों से उत्तर प्रदेश कोरोना पर विजय प्राप्त करने में हर हाल में सफल होगा। उन्होंने प्रदेश की जनता से कोरोना प्रोटोकॉल का निरन्तर पालन करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अभी भी मास्क लगाना, दो गज दूरी बनाए रखना अत्यन्त आवश्यक है।

## राजधानी में 165, सूबे में मिले कोरोना के 699 नए केस

**लखनऊ।** राजधानी में कोरोना वायरस का संक्रमण कम हो रहा है। रविवार को राजधानी में कोरोना के 165 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 699 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 11134 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2254 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8495 मरीजों की और राजधानी में 1133 की मौत हो चुकी है।



यूपी और उत्तराखंड के अपर महानिदेशक रिक्रूटमेंट मेजर जनरल एनएस राजपुरोहित ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक मुलाकात की

# शूटरों को हासिल है पूर्वांचल के एक बाहुबली सांसद का संरक्षण

## अजीत सिंह हत्याकांड

इसलाहुद्दीन शेख राजा। लखनऊ



**माफिया** अजीत सिंह की हत्या की घटना के तार पूर्वांचल के एक बाहुबली सांसद से जुड़ रहे है। बताया जा रहा है कि वर्चस्व के लड़ाई में अजीत को मौत के घाट उतारा गया। अजीत बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी का खास था और इस लिए वह बाहुबली सांसद के आंख में खटक रहा था। अंसारी के जेल में जाने और उसके कारोबार पर सरकार की नजर टेढ़ी होने के बाद अजीत पूर्वांचल में अपने आका का काम देखने लगा। यही नहीं वह जेल में बंद कुंटू सिंह के खिलाफ विधायक सर्वेश सिंह के हत्या में गवाही देने के फैसले के बाद कुंटू सिंह से भी दुश्मनी मोल ले चुका था। सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल के इस बाहुबली सांसद ने इस मौके का फायदा उठाते हुए अपने विरोधी अंसारी को पटखनी देने के लिए अंसारी के गुर्गे का काम तमाम कराया। वहीं सूत्रों ने बताया कि शूटर गिरधारी एक लाख का इनामिया है जो नीतेश सिंह बबलू सारनाथ वाराणसी की हत्या में वांछित हुआ था जिसमें शासन ने एक लाख का इनाम घोषित किया था और तभी से एसटीएफ के रडार पर है, पूर्वांचल के माफियाओं के लिए कई काम कर चुका है। बताया जाता है कि उसने यह काम अपने आका के कहने पर किया है। अब पुलिस उसके आका का नाम तलाश रही है। उधर लखनऊ पुलिस ने इस घटना को एक बड़ी चुनौती के रूप में लेते हुए पूर्वांचल के माफियाओं पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। कमिशर डीके ठाकुर का कहना है कि हत्यारे चाहे पाताल में छुप जाएं पुलिस उन्हें ढूंढ निकलेगी। कमिश्नर लखनऊ ने कहा कि हत्यारों के बारे में महत्वूर्ण सुराग मिले हैं और पता लग गया है कि किस किस सफेदपोश से उन्हें छुपने का सहारा मिला।

# मनाया गया बीबीएयू का 25वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ का 25वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर स्वाधीनता से स्वतंत्रता की ओर थीम पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवि के कुलपति प्रो संजय सिंह द्वारा बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस अवसर पर कुलपति तथा शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा विवि परिसर में पौधरोपण भी किया गया। गूगल मीट के माध्यम से आयोजित स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति डॉ प्रकाश सी बरतूनिया ने अपना संदेश प्रेषित करते हुए सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्य वक्ता के रूप में नंद कुमार अखिल भारतीय संयोजक प्रज्ञा प्रवाह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि बाबासाहेब के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय उनके आदर्शों के अनुरूप ही आगे बढ़ रहा है और प्रतिदिन प्रगति पथ पर अग्रसर है। इसके लिए समस्त विवि परिवार बधाई का पात्र है। बाबासाहेब ने स्वपरिश्रम के द्वारा जो ख्याति और सम्मान प्राप्त किया वह किसी सामान्य व्यक्ति के लिए मुश्किल कार्य है। अधिकांश लोग बाबासाहेब को सिर्फ संविधान निर्माता और हाशिये पर रह रहे समाज के उत्थान के लिए जानते हैंए मगर समाज में उनका योगदान इससे कहीं ज्यादा है। विवि के कुलपति ने कहा कि हम अपने विद्यार्थियों में शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइये का भाव विकसित कर रहे हैं, इस दिशा में विश्वविद्यालय में न सिर्फ शैक्षणिक कार्य बल्कि समाज कल्याण से जुड़े कार्य भी किए गए हैं। चाहे कोविड.19 व लॉकडाउन के दौरान हुई सामाजिक गतिविधियां हो या विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए 5 गांव के विकास से जुड़े कार्य हों, समय-समय पर विश्वविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी समाज की बेहतरी में अपना योगदान देते रहते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हम नए आयाम हासिल करें और अग्रणी विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल हो इसके लिए भी विश्वविद्यालय द्वारा कई प्रयास किए जा रहे हैं।

## तराई करते समय दूसरी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

**लखनऊ।** जानकीपुरम इलाके में मकान की दूसरी मंजिल की रेलिंग की तराई करते समय मजदूर नीचे गिर गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस का दावा है कि मजदूर को मिर्गी आने से हादसा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम कर लिए भेज दिया है और पूरे घटना की जांच कर रही है।

इंस्पेक्टर जानकीपुरम रणधीर सिंह भदौरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के गड़रियन पुरवा निवासी विजय बहादुर सिंह रिटायर्ड टीचर हैं। इन दिनों उनके घर का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि यहां सीतापुर के रामपुर मथुरा निवासी 55 वर्षीय रामपाल यादव बीते करीब चार दिन से मजदूरी का काम कर रहा था। रविवार को रामपाल दूसरी मंजिल पर रेलिंग की तराई कर रहा था। तभी वह अचानक पहली मंजिल की छत पर आ गिरा। सिर में चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मिर्गी का दौरा पड़ने से घटना हुई है।

## बुद्धेश्वर मंदिर को लखनऊ की पहचान बनाने का प्रयास किया जाएगा: महापौर

**लखनऊ।** बुद्धेश्वर विकास महासभा के प्रथम स्थापन दिवस समारोह बुद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। महापौर ने कहा कि बुद्धेश्वर विकास महासभा के कार्यकर्ता सिर्फ बुद्धेश्वर मंदिर ही नहीं अपितु आस पास के क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं।रविवार को बुद्धेश्वर विकास महासभा लखनऊ के प्रथम स्थापन दिवस समारोह बुद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। संस्था की महिला मोर्चा की अध्यक्षा ज्योति सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने महापौर संयुक्ता भाटिया का जोरदार स्वागत किया। महापौर ने कहा कि बुद्धेश्वर विकास महासभा के कार्यकर्ता सिर्फ बुद्धेश्वर मंदिर ही नहीं अपितु आस पास के क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाने के लिए प्रयत्नशील रहते है। लखनऊ की पहचान बुद्धेश्वर महादेव मंदिर है, पूरे प्रदेश ही नही अपितु बाहर से भी लोग यहां पूजा अर्चना करने आते है। हमारी सरकार के प्रयास से इस प्रांगण में काफी कार्य हुआ है, और आगे भी हो रहा ह, यहाँ का सर्वांगीण विकास कर इसे लखनऊ की पहचान बनाने का प्रयास किया जाएगा ।

## हत्या की फर्जी सूचना से मचा हड़कंप, कॉलर की तलाश जारी

**लखनऊ ।** पीजीआई इलाके में रविवार दोपहर हत्या की एक फर्जी कॉल ने पुलिस के होश उड़ा दिए। जानकारी के बाद आनन-फानन में पीजीआई कोतवाल अपने पूरे दल बल के साथ सूचना में बताए गए घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां उन्हें मामला फर्जी होने की जानकारी हुई। फिलहाल पुलिस अब आरोपी सूचनाकर्ता की तलाश में जुट गई है।दरअसल डायल 112 पर रविवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्ली पश्चिम में हत्या की सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाल आशीष कुमार द्विवेदी, कल्ली चौकी प्रभारी अरविंद सिंह समेत कई अन्य दरोगा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बताए गए स्थान पर जब पुलिस पहुंची तो वहां स्थिति सामान्य थी। पुलिस को बताया गया कि सूचना फर्जी है। जिसके बाद गलत सूचना देकर पुलिस को गुमराह व परेशान करने वाले व्यक्ति की तलाश के लिए टीम लगाई गई हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई आशीष कुमार द्विवेदी ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है कि कमलेश रावत निवासी बंगला बाजार आशियाना के खिलाफ उसकी सास माया देवी ने आशियाना और पीजीआई थाने में बीती 8 जनवरी को अपनी बेटी को गायब करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। इसी बात को लेकर किसी ने हत्या की फर्जी सूचना दे दी।

## बालीबाल में राजभवन की टीम ने एलयू को हराया

**लखनऊ।** राजभवन परिसर के वालीबाल ग्राउंड में रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की वालीबॉल टीम और राजभवन की बालीबाल टीम के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें राजभवन की टीम 3-0 से विजेता हुई। यह प्रतियोगिता राज्यपाल एव कुलाधिपति आंनदीबेन पटेल के दिशा निर्देश से सम्पन्न हुई। राजभवन खेल प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं मुख्य मार्गदर्शक ओएसडी अशोक देसाई, राजभवन खेल प्रतियोगिता के सचिव आईएसओ अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजभवन की टीम ने खेला। राजभवन बालीबाल टीम के मैनेजर पीएसओ जमाल सिद्दीकी एवम कप्तान प्रभाकर पांडेय थे। लखनऊ विश्वविद्यालय वॉलीबाल टीम की मैनेजर शिक्षा शास्त्र एव विज्ञान संकाय की डीन प्रो तृप्ता त्रिवेदी एव कप्तान कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह थे। इस खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय थे।

## संदिग्ध अवस्था में मिला कैंटीन संचालक का शव, हत्या का आरोप

**बख्शी का तालाब ।** कैंटीन संचालक का शव पड़ोस के हॉस्टल के कमरे में संदिग्ध अवस्था मे मिला है । मृतक की पत्नी ने उसके साथियों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है । पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। वही मृतक के तीन साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है ।घटना थाना क्षेत्र के भैसामऊ स्थित बीएनटी हॉस्टल में बिसवां सीतापुर के रहने वाले 28 वर्षीय अखिलेश कुमार कैंटीन चलाते हैं। शनिवार रात्रि कुछ लड़के उसे बुलाकर पास के आरके हॉस्टल लेकर गये। सुबह उसकी पत्नी ने पुलिस को सूचना दी कि उसका पति का शव हॉस्टल के कमरे में पड़ा मिला है। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने देखा कि शव औंधे मुंह पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान भी नहीं थे। उसकी पत्नी ने बताया कि जो लोग पति को अपने साथ लेकर गये थे, उन्होंने ही उसे जहर देकर मार दिया है।

## पुल से नदी में गिरे बुजुर्ग की मौत

**लखनऊ।** मड़ियांव इलाके में रविवार को भैस चराने जा रहा बुजुर्ग पीपे के पुल से नदी में गिर गया। गोताखोरों की मदद से बुजुर्ग को बाहर निकाल कर ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घैला चौकी इंचार्ज विनोद कुमार ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11.30 बजे मल्लाही, ठाकुरगंज निवासी 60 वर्षीय हाफिज मुशीर भैंस चराने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि मुशीर की नजर कमजोर थी, लिहाजा वह नदी में बने पीपे वाले पुल को भैंस का पुट्ठा पकड़कर पार कर रहे थे। नदी पार करते समय उनका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गए।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद भाई ने दर्ज कराया दहेज हत्या का मुकदमा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फसिटी इलाके में शहीद पथ पर शनिवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई महिला की मौत के बाद रविवार को मृतका के पति पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। चौकी इंचार्ज अवध विहार अजय सिंह के मुताबिक शनिवार की सुबह साढ़े तीन बजे मरसा मेंशन थाना आशियाना निवासी 32 वर्षीय खुशबू सिसौदिया अपने पति रिची अनुराज के साथ घूमने निकली थी। शहीद पथ पर गाड़ी खड़ी कर ड्राइविंग करने के लिए सीट चेंज करने के लिए नीचे उतरी थी। तभी किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। सुबह साढ़े तीन बजे पति के साथ घूमने की बाद मृतका के परिजनों को हजम नहीं हुई। रविवार की सुबह मृतका खुशबू में भाई आकाश सिसौदिया ने उसके पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा सुशांत गोल्फसिटी थाने पर दर्ज कराया।

# बर्ड फ्लू से कतई डरें नहीं, सतर्क रहने की जरूरत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लगभग** एक वर्ष से कोरोना संक्रमण की दहशत के बीच जी रहे लोगों को बर्ड फ्लू फैलने की खबर ने फिर उनमें डर एवं दहशत पैदा कर दी है। हर व्यक्ति डर रहा है कि कोरोना से तो बच गए हैं कहीं बर्ड फ्लू उन्हें अपनी गिरफ्त में न जकड़ ले। देश के कई राज्यों में बर्ड फ्लू फैलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। कई राज्यों में हजारों मुर्ग़ियों, कौओं एबत्तख आदि की असमय मृत्य की खबर ने बर्ड फ्लू की संभावना को मजबूत कर दिया है। फिलहाल अभी स्थिति नियंत्रण में है परंतु यदि बर्ड फ्लू का वायरस अगर मनुष्य तक पहुंच गया तो जानलेवा भी हो सकता है। यूपी सहित कई राज्यों एलर्ट जारी कर दिया है। पोल्ट्री फॉर्म के उत्पाद नहीं खाने की सलाह दी गई है तथा कई तरह की सावधनियाँ की सलाह दी गई है ।

**यह है बर्ड फ्लू**

बर्ड फ्लू को एवियन एंफ्लुएंजा भी कहते हैं। ये एक तरह का वायरल इंफेक्शन है, जो पक्षियों से मनुष्यों को भी हो सकता है। ये जानलेवा भी हो सकता है। इसका सबसे आम रूप एच5 एन1 एवियन एंफ्लुएंजा कहलाता है । यह बेहद संक्रामक है, समय पर इलाज न मिलने पर जानलेवा हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे पहले एवियन एंफ्लुएंजा के मामले साल 1997 में दिखे थे जिनमें संक्रमित होने वाले लगभग 60 प्रतिशत लोगों की जान चली गई। यह वायरस पक्षियों के साथ ही साथ इन्सानों के लिए भी खतरनाक होता है। यह पंछियों के स्राव जैसे लार, मल, मूत्र, आंसू, मुंह और नाक के स्राव द्वारा इंसानों में पंहुच कर संक्रमित कर सकता है ।

**यहां फैलते हैं इसके वायरस**

इसके वायरस वहीं फैलते हैं जहां पक्षियों की काफी तादाद होती है। पंछियों के स्राव छूने तथा हाथ नाक एवँ मुंह पर लगने से वायरस सांस के जरिये शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। उन लोगों को संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है जो पंछियों के संपर्क में रहते हैं । पंछियों का बिना पका कच्चा मांस खाने से भी संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है।

**बर्ड फ्लू के लक्षण**

बर्ड फ्लू के लक्षण भी सामान्य फ्लू जैसे ही होते हैं। सांस लेने में समस्या और हर वक्त उल्टी होने का एहसास इसके खास लक्षण हैं। हमेशा कफ रहना, नाक बहना, सिर में दर्द रहना, गले में सूजन, मांसपेशियों में दर्द, दस्त होना, पेट के निचले हिस्से में दर्द रहना, सांस लेने में समस्या, सांस ना आना, निमोनिया, आंख में कंजंक्टिवाइटिस आदि।

**बर्ड फ्लू से ऐसे बचें**

संक्रमित पक्षियों से दूर रहें खासकर मरे पक्षियों से बिल्कुल दूर रहें, बर्ड फ्लू का संक्रमण अगर फैला है तो नॉनवेज ना खाएं, नॉनवेज खरीदते समय साफ-सफाई पर नजर रखें, संक्रमण वाले क्षेत्र में कोशिश करें कि ना जाएं, अगर जाएं तो मास्क पहनकर जाएं,शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाये रखना जरूरी है ।

वायरस को कम करने के लिए पूरी तरह आराम करना चाहिए। स्वास्थ्य पूर्ण भोजन करना चाहिए जिसमें अधिक से अधिक तरल हो। बर्ड फ्लू अन्य लोगों में ना फैले इसके लिए मरीज को एकांत में रखना चाहिए। होम्योपैथिक औषधियाँ बर्ड फ्लू के उपचार में प्रभावी हो सकती हैं परंतु यह केवल प्रशिक्षित चिकित्सक की सलाह से ही लेनी चाहिए।

**डॉ अनुरूद्ध वर्मा, पूर्व सदस्य केंद्रीय होम्योपैथी परिषद**

## पारा इलाके में मरे मिले दर्जन भर कौवे



**लखनऊ।** बर्ड फ्लू की आशंकाओं के बीच रविवार को माल क्षेत्र के पारा गांव में दर्जन भर कौवों की मौत लोगों में हड़कंप फैल गया। रविवार सुबह गांव के आम के बाग में मृत कौवों को देख लोग इधर उधर भागने लगे। आनन-फानन में वन विभाग को सूचना दी गई। जहां डॉक्टरों व वन विभाग की टीम ने मरे हुए पक्षियों के सेंपल लेकर जांच में जुट गई है। राजधानी में कौवों की मौत की पहली घटना सामने आने के बाद रविवार को जू आने वाले दर्शकों के लिए पक्षियों के बाड़ा घूमने पर रोक लगा दी गयी है।

# भरतनाट्यम के साथ रॉक बैण्ड की धुनों से गूंजा यूपी महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ






**प्रगति** पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज में चलने वाले यूपी महोत्सव.2021 की 18वीं सांस्कृतिक संध्या भरतनाट्यम के साथ रॉक बैण्ड की धुनों से रॉकिंग हुई।

यूपी महोत्सव में सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ अभिश्री और साक्षी ने दुर्गा स्तुति सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके पर भावपूर्ण अभिनय युक्त नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भगवती देवी दुर्गा के नवों रूपों के दर्शन करवाए। भक्ति भावना से ओतप्रोत इस प्रस्तुति के उपरान्त शुभम सिंह ने शिव ताण्डव स्त्रोत पर भावपूर्ण नृत्य द्वारा भगवान शिव शंकर के शान्त व रौद्र रूप को प्रस्तुत कर दर्शकों को भगवान शिव शंकर की भक्ति के सागर में आकण्ठ डुबोया। इस प्रस्तुति के पश्चात स्वास्तिका सिंह और आंचल सिंह ने भरतनाट्यम नृत्य की सुरभि बिखेरी। कार्यक्रम के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहा 18 वर्षीय दृष्टिबाधित अब्दुल जाहिद के दिल को छू जाने वाले गीत। अब्दुल ने दृष्टिबाधित होने के बावजूद अपनी खनकती हुई आवाज में मेरे रश्के कमर, पास बुलाती है कितनी रुलाती है और प्यार हमारा अमर रहेगा गीत को सुनाया तो श्रोता ठगे से रह गए। इस प्रस्तुति के उपरान्त आशी व मोनी ने सपने में रात में आया, नीलक्षी श्रीवास्तव, वंश और परी ने कान्हा की धुन पर आज देखों झूमे है कैसे राधा गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस प्रस्तुति के उपरान्त यूपी 78 रॉक बैण्ड के कलाकारों ने यूपी महोत्सव की 18वीं सांस्कृतिक संध्या को रॉकिंग कर दिया। रॉक बैण्ड की धुनों से सजी इस शाम में शिवांशु ने शिव कैलाशी के वासी गीत को सुनाते हुए लोगों को शंकर जी की भक्ति के सागर में आकण्ठ डुबोया। इस के उपरान्त शिवांशु ने अपनी खनकती आवाज में मितवा कहे घड़कने तुझ से क्या मितवा यह खुद से न तू छुपाए एक प्यार का नगमा है गीत को सुनाकर श्रोताओं को अपने साथ खूब झुमाया नचाया।

# लखनऊ-प्रयागराज जनता एक्सप्रेस अब रोजाना चलेगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रेलवे** ने हरिद्वार कुंभ को देखते हुए जनता समेत कई ट्रेनों को सोमवार से बहाल कर दिया है। कोरोना की वजह से रद्द चल रही लखनऊ प्रयागराज जनता एक्सप्रेस रोजाना चलेगी। साथ ही प्रयागराज संगम हरिद्वार एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के संचालन की भी मंजूरी दे दी गई है। इस बार कई ट्रेनें लखनऊ से होते हुए ऋषिकेश तक जाएगी। ताकि ऋषिकेश जाने वाले यात्रियों को हरिद्वार के आगे सड़क मार्ग से नहीं जाना पड़े ट्रेन 04209 प्रयागराज से रोजाना दोहपर 3.30 बजे चलकर कुंडा 4.20 बजे, ऊंचाहार 4.45 बजे, रायबरेली शाम 5.20 बजे, हरीचंद्रपुर 5.45 बज, बछरावां शाम 6 बजे, निगोहा 6.13 बजे होकर लखनऊ शाम 7.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 04210 लखनऊ से सुबह 7.30 बजे रवाना होकर दोपहर 12 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। ट्रेन 04230 ऋषिकेश से 11 जनवरी से हर सोम, बुध व शुक्रवार को दोपहर 3.20 बजे रवाना होकर रात 1.35 बजे लखनऊ होते हुए सुबह 7.25 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 04229 प्रयागराज से सप्ताह में तीन दिन हर रविवार, मंगलवार व गुरुवार को रात 11.35 बजे रवाना होकर प्रतापगढ़, अमेठी व रायबरेली के रास्ते सुबह पांच बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां से ट्रेन बरेली, मुरादाबाद, हरिद्वार के रास्ते मोतीचूर, रायबाला होकर दोपहर 2.35 बजे ऋषिकेश पहुंचेगी।

## हरिद्वार कुंभ को देखते हुए रेलवे ने कई ट्रेनों को किया बहाल

**वाराणसी से देहरादून वाया लखनऊ ट्रेन शुरू**

वाराणसी से लखनऊ होकर देहरादून जाने वाली दून एक्सप्रेस ट्रेन भी 10 जनवरी से शुरू हो गई। यह ट्रेन वाराणसी से सुबह 8.25 बजे चलकर शाम 4.25 बजे लखनऊ होते हुए दूसरे दिन तड़के 6.30 बजे देहरादून पहुंचेगी। वापसी में 04266 ये ट्रेन 11 जनवरी से देहरादून से रोजाना शाम 6.15 बजे चलकर सुबह 7.50 बजे लखनऊ होते हुए दोपहर 3.40 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

**दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा ट्रेन 11 व 13 को रहेगी निरस्त:** लखनऊ। पंजाब में चल रहे किसान आंदोलन से 11 व 13 जनवरी को दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा ट्रेन रद्द रहेगी। वहीं अमृतसर-जयनगर बदले मार्ग से चलेगी। दरभंगा से 11 जनवरी चलने वाली 05211 दरभंगा-अमृतसर व अमृतसर से 13 जनवरी को चलने वाली 05212 अमृतसर-दरभंगा ट्रेन निरस्त रहेगी। वहीं अमृतसर से 11 जनवरी को चलने वाली 04650 अमृतसर-जयनगर ट्रेन निर्धारित मार्ग अमृतसर-जन्डियाला-व्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरनतारन-व्यास के रास्ते चलायी जायेगी।

# राज्य व केन्द्रीय कर्मचारी राष्ट्रव्यापी आन्दोलन की तैयारी में जुटे

● दर्जनों कर्मचारी संगठनों की बैठक में हुआ व्यापक मंथन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केन्द्र और** राज्य सरकारों द्वारा लगातार कर्मचारियों के विरोध में लिए जा रहे निर्णय, पुरानी पेंशन नीति मांग, चतुर्थ श्रेणी की भर्ती, ठेका प्रथा की समाप्ति, सरकारी विभागों के निजीकरण जैसे तमाम मुद्दो पर केन्द्र, राज्य कर्मचारी, शिक्षक, अधिकारी एवं पेंशनर्स अधिकार मंच के बैनर तले हुई बैठक में कई घंटे की बैठक और चर्चा के उपरान्त ग्राम पंचायत से लेकर दिल्ली तक एक व्यापक राष्ट्र व्यापी आन्दोलन का निर्णय लिया गया। इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन से पूर्व बैठक में अलग गुटों मे बॉटे और कुछ अन्य संगठनों के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को मंच में उनकी मर्जी का पद देकर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी देने पर जोर दिया गया। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोक निर्माण विभाग के प्रागण में आयोजित इस बैठक की अध्यक्ष केन्द्रीय रेलवे संगठन के शीर्ष नेता शिव गोपाल मिश्र एवं संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री शिवबरन सिंह यादव ने करते हुए इस बात पर जो दिया कि समस्याएं कर्मचारी समाज से जुड़ी है इसलिए इसे अब एक मंच के माध्यम से ही निपटाया जा सकता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही समन्वय समितियॉ बनाकर समिति के राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को देश के अन्य राज्यों की जिम्मेदारी सौपते हुए अन्य प्रान्तों को कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एकजुट होकर आन्दोलन में शामिल किया जाएगा।

बैठक में तमाम केंद्र व राज्य कर्मचारियों के प्रतिनिधियों ने पूरे देश में एक बड़ी एकता बनाकर सरकार से उपरोक्त बिंदुओं पर सकारात्मक निर्णय कराये जाने के लिए संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं हरिकिशोर तिवारी, मंच के प्रधान महासचिव सुशील कुमार त्रिपाठी, जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय, महामंत्री सुशील कुमार बच्चा, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# साल भर चले चौरी-चौरा शताब्दी समारोह: योगी

● शहीद स्मारक स्थलों पर चौरी-चौरा की घटना को केन्द्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आगामी 4 फरवरी से अगले वर्ष 4 फरवरी तक चौरी–चौरा शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाए। शताब्दी समारोह के अन्तर्गत पूरे साल विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में एक कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जनपदों में स्वाधीनता आन्दोलन अथवा आजादी के बाद के युद्धों के शहीदों से सम्बन्धित शहीद स्मारक स्थल स्थित हैं। चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के अवसर पर चौरी–चौरा में कार्यक्रम के साथ ही शहीद स्मारक स्थलों पर चौरी–चौरा की घटना को केन्द्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चौरी–चौरा की घटना में स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा दी। इस घटना के सम्बन्ध में आम जनमानस सहित युवा पीढ़ी को तथ्यपरक जानकारी होनी चाहिए। बैठक के दौरान संस्कृति विभाग द्वारा चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतीकरण भी दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 मे आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके दृष्टिगत 15 अगस्त 2021 से 15 अगस्त 2022 तक वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की कार्ययोजना बनायी जाए। इन कार्यक्रमों को भी चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों के साथ सम्बद्ध कर आयोजित किया जाए। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा निर्देश प्राप्त होने पर, उन्हें इन कार्यक्रमों के साथ सम्बद्ध कर आयोजित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए राज्यपाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय आयोजन समिति का गठन किया जाए। शताब्दी समारोह के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति का गठन भी किया जाए। राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, विधान मण्डल विभिन्न दलों के नेता सदन, स्थानीय सांसद, विधायक सहित अन्य सदस्यों को रखा जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में स्थानीय सांसद, विधायक सहित आयोजन समिति तथा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति का गठन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के अवसर पर सभी जनपदों में शहीद स्मारक स्थलों पर पुलिस बैण्ड के साथ शहीदों को सलामी दी जाए। इसके पश्चात अन्य कार्यक्रम सम्पन्न किये जाएं। चौरी–चौरा शताब्दी समारोह का लोगो चौरी–चौरा स्मारक को ध्यान में रखकर तैयार किया जाए।

उन्होंने कहा कि कहा कि आयोजन के लिए सभी शहीद स्मारक स्थलों को चिन्हित कर उनके सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव तैयार कर कार्य को आगे बढ़ाया जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानित करने के कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। आयोजन के दौरान राष्ट्र प्रेम और शौर्य के गीत रचने और गाने वाले युवा कवियों की विभिन्न स्तरों पर स्पर्धा आयोजित की जाए।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रावर्ट्सगंज–सोनभद्र ।

पत्रांक 3456/टेण्डर–सा0आ0सू0/2020–21 दिनांक– 08/01/2021

## निविदा विज्ञप्ति

क्षेत्र पंचायत अन्तर्गत पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत विकास खण्ड राबर्ट्सगंज में वर्ष 2020–21 में कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री (गिट्टी, बालू, सरिया, बोल्डर, सीमेन्ट, स्टोन, बैलास्ट, डाला ग्रिट 20 एम०एम०, ईट, ह्यूम पाईप एन0पी0 3 कालर के साथ इत्यादि) की आपूर्ति मांग के सापेक्ष दरें आमंत्रित की जाती है, जिसकी समय सारणी निम्नवत् है–

**01. आवेदन पत्र खरीदने की तिथि–11.01.2021 से 14.01.2021 तक।**
**02. आवेदन पत्र अन्तिम रूप से जमा करने की तिथि–15.01.2021 से 17.01.2021 तक सांय 03.00 बजे तक।**
**03. आवेदन पत्र खोलने की तिथि–18.01.2021 को दोपहर 01.00 बजे से खोलने तक।**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत महुआंव कला में कहैयालाल का कूप मरम्मत व जगत निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 6.60 |
| 2 | बडहर खुर्द में अरविंद के घर से झनक के खेत तक नाली शेषभाग पर ढक्कन व नाली निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 6.49 |
| 3 | विकास खण्ड परिसर में शौचालय निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 9.28 |
| 4 | कुसी में केदार सिंह के घर से जोखन के घर तक नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 8.84 |
| 5 | सिरपालपुर मार्ग से रमेश कुशवाहा के घर तक नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 1.48 |
| 6 | सुशीला देवी के घर से पोखरे तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 1.62 |
| 7 | इमरती कालोनी में रामलाल यादव के घर से ट्रांसफार्मर तक नाली ढक्कन निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 0.61 |
| 8 | कुसी डौर में छठ घाट निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 6.30 |
| 9 | पूर्व प्रधान के घर के सामने पोखरा पर छठ घाट का निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 5.37 |
| 10 | कुसी में पुरानी तालाब पर छठ घाट का निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 5.43 |
| 11 | बुड़हरखुर्द बच्चन के घर के पास नाली निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 6.20 |
| 12 | बुड़हरखुर्द में शांति देवी के कूप का मरम्मत कार्य | पन्द्रहवां वित्त/टाइड | 6.60 |
| | **योग–** | | **64.82** |
| 1 | सफरीपुर–महेवा में राजकुमार के घर से राकेश के घर तक इण्टरलाकिंग | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 2.21 |
| 2 | देवरी में विजयी सिंह के घर से पारस के घर तक इण्टरलाकिंग | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 4.49 |
| 3 | बेलहिया में मसान बाबा के स्थान पर चबूतरा निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 1.58 |
| 4 | देवरी में पीपल के पेड़ के पास चबूतरा निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 1.19 |
| 5 | बुड़हरखुर्द में अम्बेडकर के पास चबूतरा निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 1.52 |
| 6 | बेलहिया पुलिया के पास मेन सड़क पर रपटा निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 2.78 |
| 7 | विजय पटेल के घर से रामराधा मंदिर तक इण्टरलाकिंग खडंजा निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 2.47 |
| 8 | वीरू पटेल के घर से शिवकुमार के घर होते हुए जगिया बीर बाबा तक इण्टरलाकिंग खडंजा | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 6.16 |
| 9 | जुड़ी पक्की रोड से टावर तक शेष भाग का सड़क निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 4.37 |
| 10 | नौगढ़ मेन रोड से मनीष पटेल के घर तक इण्टरलाकिंग | | 2.18 |
| 11 | तिलया में काशी पटेल के घर से सामने चौमुहानी से रामजी मौर्या के घर तक इण्टरलाकिंग खडंजा निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 7.16 |
| 12 | कुसरट में जग्गी के घर से होते हुए मधुवी तालाब मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 7.06 |
| 13 | जुड़ी मेन रोड पर पुलिया निर्माण | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 6.37 |
| 14 | देवरी हनुमान मंदिर के पास मेन रोड पर यात्री शेड निर्माण कार्य | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 1.57 |
| 15 | सुधाकर पाण्डेय के घर से ह्रदयनाथ मिश्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 5.11 |
| 16 | कम्हारडीह में सामुदायिक हॉल मरम्मत कार्य | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 5.40 |
| 17 | थपनहिया में सुरक्षा दीवार मरम्मत कार्य | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 5.60 |
| 18 | विकास खण्ड सभागार में फर्निचर एवं रंगाई पुताई कार्य | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 8.60 |
| 19 | वि०ख० परिसर में बाउण्डरी दीवाल का मरम्मत कार्य | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 7.90 |
| 20 | ग्रा०पं0 बभनौली में संजय के घर से सुरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व सुन्दरीकरण का कार्य | पन्द्रहवां वित्त/अनटाइड | 4.60 |
| | **योग–** | | **88.32** |
| 1 | देवरी मेन रोड भोले के घर से मिश्रौलिया बार्डर तक सड़क निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 8.94 |
| 2 | मिश्रौलिया गांव से देवरी बार्डर तक सड़क निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 8.71 |
| 3 | देवरी में प्रभु नरायण के घर से हरि गुप्ता के घर तक सड़क निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 5.80 |
| 4 | रविन्द्र पटेल के घर से राजकुमार चंदौली बार्डर तक सड़क निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 5.41 |
| 5 | देवरी में सुरेश यादव के घर से अंगद यादव के घर तक सडक निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 3.48 |
| 6 | नरैना में खैराही नरैना मेन रोड से नरैना में महेन्द्र वकील के घर तक सड़क निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 8.74 |
| 7 | कुसरट तालाब से डंगरा तालाब बहादुर के घर तक सड़क निर्माण । | पंचम राज्य वित्त | 8.63 |
| 8 | दोमुहवां पुल से हरैया सम्पर्क मार्ग तक डब्लू०बी०एम० सड़क निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 8.20 |
| 9 | प्रहलाद के घर से टावर तक सड़क निर्माण कार्य । | पंचम राज्य वित्त | 7.01 |
| 10 | पवर–केवटी पुरसोत्तमपुर मेन रोड से चन्द्रीका मौर्या के घर तक सडक निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 6.80 |
| 11 | कम्हारडीह महुआरी में शीतला माँ मंदिर पर चबुतरा निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 1.05 |
| 12 | ग्राम मंगुराही में काशी सिंह पटेल के घर से रोड तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 2.12 |
| 13 | ऐलाही में प्रतिक्षालय के पीछे चबुतरा निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 1.05 |
| 14 | मानपुर तालाब से हनुमान मंदिर तक सड़क निर्माण का कार्य | पंचम राज्य वित्त | 8.24 |
| | **योग–** | | **84.18** |

इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म उक्त तिथि में दिये गये समय के अनुसार योजना पर सामग्री आपूर्ति हेतु दरें तथा वांछित संलग्नक बंद लिफाफे में विकास खण्ड कार्यालय पर रखे टेण्डर बॉक्स में डाले। जो दिनांक–18.01.2021 को आपूर्तिकर्ता के समक्ष उक्त समय सारणी के अनुसार खोला जायेगा। टेण्डर फार्म निर्धारित शुल्क रू0–500.00 जमा कर कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। धरोहर की धनराशि परियोजना लागत का 02 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना होगा तथा शेष नियम और शर्ते टेण्डर फार्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी। टेण्डर कार्यवार डाला जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**रावर्ट्सगंज–सोनभद्र।**


# सशक्तीकरण से जुड़ी योजनाओं की पहुंच सभी महिलाओं तक होनी चाहिए: रहमान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं नेशनल इंटीग्रेशन एंड एजूकेशनल सोसायटी द्वारा आयोजित नई रौशनी का चौथा चरण शनिवार को समाप्त हुआ। इस कार्यशाला में 25 प्रतिभागी महिलाओं को नेतृत्व क्षमता का विकास, सूचना का अधिकार, डिजिटल इण्डिया, स्वच्छता, शैक्षिक सशक्तिकरण, सामाजिक व व्यवहारिक परिवर्तन, महिलाओं के क़ानूनी अधिकार और कोरोना वायरस के संबंध में जानकारी दी गई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नागरिक सुरक्षा संगठन के डिप्टी डिवीजनल वार्डेन एवं राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित जमशेद रहमान ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की पहुंच प्रत्येक महिला तक होनी चाहिए, ताकि महिलाओं में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का विकास अधिक से अधिक हो सकें।

इस अवसर पर पूर्व कोषाधिकारी मुशीर हसन ने महिलाओं द्वारा हस्तशिल्प कला की वस्तुओं की प्रदर्शनी को देखते हुए कहा कि महिलाओं में कौशल विकास और आत्मनिर्भता का जज़्बा पैदा करने के लिए नई रौशनी जैसे कार्यक्रम बहुत ही कारगर साबित हो रहे हैं। इस अवसर सभी 25 प्रतिभागी अल्पसंख्यक महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त किये। महिलाओं ने कहा कि यहां पर आकर उन्हे कई प्रकार की जानकारियां मिली, जिससे वो अनभिज्ञ थी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को 600 रुपए की प्रोत्साहन राशि और प्रमाणपत्र भी दिया गया।

# चोरी के आरोप में दो सगे भाई गिरफ्तार, माल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** की चिनहट पुलिस ने शनिवार देर रात स्थानीय थाना इलाके से दो सगे भाइयों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी, बैटरी समेत अन्य चोरी के सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देश पर संदिग्धों पर नजर रखी जा रही थी। शनिवार देर रात उप निरीक्षक मनोज कुमार की अगुवाई वाली टीम को कमता इलाके में आरोपियों की लोकेशन मिली तो पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दिया। इस दौरान शातिर चोर पुलिस टीम को सामने देखकर भागने की कोशिश करने लगे तो उन्हें दौड़ा कर दबोच लिया गया। आरोपियों की शिनाख्त सीतापुर जनपद के लालपुर निवासी मुन्ना सिंह और छुन्ना सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी सगे भाई बताए जा रहे हैं। आरोपियों के कब्जे से करीब चार हजार रुपए की नकदी, दो चोरी की बैटरी और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी सक्रिय होकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

## रिमझिम को मिला फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर कैम्पस की कक्षा-6 की प्रतिभाशाली छात्रा रिमझिम सिंह ने अन्तर-विद्यालयी फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता गुजरात इण्टर-स्कूल फिएस्टा ऑफ लिटरेरी एण्ड कल्चरल कम्पटीशन्स के अन्तर्गत आयोजित की गई थी, जिसमें देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस की मेधावी छात्रा ने प्रतियोगिता में अपनी बाल सुलभ प्रतिभा, आकर्षक वेषभूषा एवं आत्मविश्वास का जोरदार प्रदर्शन कर निर्णायक मण्डल को अभिभूत कर दिया।

## चिकित्सा शिविर में सौ लोगों की हुई निशुल्क कोरोना जांच

**बख्शी का तालाब।** पंकज फाउंडेशन द्वारा बीकेटी नगर पंचायत के साढ़ामऊ में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया चिकित्सा शिविर में फिजिशियन डॉ वरुण अग्रवाल द्वारा बच्चों की जांच की गयीं । वही शिविर में 100 लोगों की निशुल्क कोरोना जांच भी की गयीं । फाउंडेशन के सदस्य अंबेश दीक्षित ने बताया कि यह शिविर बीते वर्ष प्रतिमाह आयोजित होता था । लेकिन केविड के दौरान यह बंद रहा। 10 माह बाद शिविर का दोबारा आयोजन किया गया है ।

## सहकार भारती का स्थापना दिवस समारोह आज

**लखनऊ।** सहकार भारती उत्तर प्रदेश की बैठक रविवार को दारूलशफा स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई। इसमें संगठन द्वारा प्रदेश भर में चलाये जा रहे सहकारी संवाद् कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। साथ ही सोमवार को होने वाले सहकार भारती के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर जायसवाल ने सहकारी संवाद् कार्यक्रम का ब्यौरा मांगा। प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि पश्चिम यूपी के कई जिलों का दौरा हो चुका है। उन्होंने उन जिलों में बतायी गयी समस्याओं व सुझावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 जनवरी को सहकार भारती के स्थापना दिवस पर राजधानी स्थित चौधरी चरण सिंह सहकारिता सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से समारोह का आयोजन होगा। इसके मुख्य अतिथि प्रदेश के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा और विशिष्ट अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के निदेशक अशोक ठाकुर होंगे।

## मुकेश सिंह जिला महामंत्री मनोनीत

**सरोजनीनगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा मुकेश सिंह चौहान को संगठन का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रीत कुमार सिंह ने रविवार को मुकेश सिंह चौहान को मनोनयन पत्र सौंप कर व मार्ल्यापण कर सम्मानित किया गया। मुकेश सिंह के मनोनयन पर भाजपा खेलकूद प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने बधाई दी है। संगठन के अध्यक्ष प्रीत कुमार सिंह ने कहा कि श्री चौहान के मनोनयन से संगठन को मजबूती मिलेगी।

## दीपक मिश्र को मिलेगा हिंदी जन दूत सम्मान

**लखनऊ।** संयुक्त राष्ट्र हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष व प्रसपा मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्र को कंबोडिया हिंदी सोंगूम (समाज) द्वारा हिंदी जन दूत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा । यह जानकारी कंबोडिया हिंदी सोंगूम के अध्यक्ष हरप्रवेश ग्रेवाल व महासचिव सेमनान ने ईमेल पर पत्र जारी कर दी । साथ ही साथ दीपक को कंबोडिया में बो मेंग एवार्ड भी दिया जाएगा। दोहरे सम्मान से प्रसन्न श्री मिश्र ने बताया कि इन सम्मानों से हिंदी के अभियान को और अधिक ताकत मिलेगी । दीपक ने कहा कि हिंदी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा का दर्जा हर हाल में मिलना चाहिए ।

## महिला आरक्षी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** मोहनलालगंज इलाके में एक महिला आरक्षी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की भनक लगते ही लोगों ने सूचना पुलिस को दी। डायल 112 में तैनात महिला आरक्षी उर्मिला वर्मा मोहनलालगंज इलाके में किराए का कमरा लेकर अकेले रहती थी। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह उन्होंने अपने कमरे की छत पर लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि रोज की तरह सुबह जब उर्मिला अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंची तो उनके साथियों ने घर जाकर देखा, जहां फंदे से उनका शव लटका था। पुलिस के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।


# रक्षामंत्री कर रहे राजधानी के जरूरतमंदों को ठंड से बचाने की चिंता: महापौर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर में** महापौर द्वारा कंबल बांटा गया। महापौर ने बताया कि देश के रक्षा मंत्री ने इस ठंड के दौरान गरीब लोगों को ठंड से बचाने के लिए कम्बल भिजवाकर हर वार्ड में बंटवाने की व्यवस्था कराई है। रविवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रदत्त कंबलों को महापौर संयुक्ता भाटिया ने राजाजीपुरम में कंबल बांटे। महापौर ने 200 कंबल जरूरतमंदों को वितरित किया।


इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस ठंड के दौरान लखनऊ के जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए कम्बल भिजवाकर हर वार्ड में बंटवाने की व्यवस्था कराई है, जिससे लखनऊ के लोग ठंड से सुरक्षित रह सके। महापौर ने आगे बताया कि नगर निगम के माध्यम से भी स्थायी और अस्थायी रैन बसेरे एवं प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थान पर अलाव के माध्यम से लखनऊ के लोंगो ठंड से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया के संग पार्षद शिवपाल साँवरिया, राजीव कृष्ण त्रिपाठी, नागेंद्र सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष जया शुक्ला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सहयोग परिवार ने गरीबों में बांटे कंबल



**सरोजनीनगर। समाज सेविका** ज्योति भारती ने कहा कि मंहगाई हो या मौसम की मार से सबसे अधिक गरीब परिवार ही प्रभावित होते है। ऐसे में स्वयं सेवी संस्थाओं को चाहिए कि वह गरीबों की मदद के लिए आगे आए। श्रीमती भारती रविवार सरोजनीनगर की देवलोक कालोनी स्थित सहयोग परिवार द्वारा आयेजित कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित कर रही थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीते नौ वर्षो से सहयोग परिवार द्वारा कम्बल वितरण कर गरीबों की कुछ परेशानी दूर करने की कोशिश की जाती है। यह एक सराहनीय कदम है। इस मौके पर उन्होंने उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित अनौरा ग्राम संगठन की अध्यक्ष रेखा यादव व रूचिता यादव तथा मीनू की सराहना करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों महिलाओं को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचाकर उनकी मदद की। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में बहुत कम लोग ऐसे है जो दूसरों की मदद के लिए अपना समय व पैसा खर्च करते हैं। इसी तरह श्रीमती भारती ने नटकुर, चन्द्रावल, कैथी, किशुनपुर–कौड़िया, माती, अशरफ़नगर–इठुरिया सहित एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों की महिलाओं को कम्बल प्रदान किया।

## नंदौली गांव में कैम्प लगाकर बांटे कम्बल



**निगोहां।** भारतीय स्टेट बैंक, शान्ति फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से सरल केयर फाउंडेशन ने नंदोली गांव में 500 से अधिक महिलाओं को कंबल वितरण किया। रविवार को सरल केयर फाउंडेशन के शैलेन्द्र सिंह ने निगोहां के नदौली गांव पहुंचकर ठंड से बचाने के लिये गांव की जरूरतमंद महिलाओं को कम्बल वितरण किया। वही अवध इन्टरनेशन फाउंडेशन ने हबुआपुर गांव में कम्बल वितरण कर बीमार बुजुर्गो का हाल लिया साथ उनके इलाज का बीड़ा उठाया। इस कार्यक्रम में मोहनलालगंज के विधायक अम्बरीष पुष्कर, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार खन्ना, स्टेट बैंक लेडीज क्लब की प्रेसिडेंट माधवी खन्ना, डीजीएम स्टेट बैंक नीलेश द्विवेदी, शिक्षा विभाग से ललिता प्रदीप, बाबू सुंदर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के चेयरमैन आनंद शेखर सिंह, डायरेक्टर रीना सिंह, भारतीय जनता पार्टी अवध प्रान्त की उपाध्यक्ष डॉक्टर श्वेता सिंह, सरल केयर फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता सिंह, बीडीसी सदस्य वंदना सिंह, पूर्व प्रधान रीना सिंह मौजूद थी।

# पंचायत चुनाव कार्यकर्ताओं का है : स्वतंत्र देव

- कार्यकर्ताओं के कंधों पर पूरे चुनाव की जिम्मेदारी : अमरपाल मौर्य
- पंचायत चुनाव की तैयारियों की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व अवध क्षेत्र प्रभारी ने की समीक्षा






संवाददाता। अयोध्या

**पंचायत** चुनाव की तैयारी व समीक्षा को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी अमरपाल मौर्य, क्षेत्रीय महामंत्री व प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान प्रत्येक चुनावी क्षेत्र के विषय में प्रदेश अध्यक्ष ने जानकारी हासिल की। बैठक का आयोजन पंचायत भवन के सभागार में हुआ था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव कार्यकर्ताओं का है। यहां चुनाव भी कार्यकर्ता ही लड़ेगे। जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख कार्यकर्ता ही बनेंगे। कार्यकर्ता मतदाता सूची को ध्यान में रखकर गांवों में नियमित संवाद स्थापित करने का कार्य प्रारम्भ कर दें। बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक चुनाव की तैयारी में जुट जाये। चुनाव में लगे पदाधिकारी संगठन के अन्य पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करके तैयारियों को और गति प्रदान करें। उन्होने जिला पंचायतवार कार्यकर्ताओं से जानकारी हासिल की। अवध क्षेत्र के प्रभारी अमरपाल मौर्य ने कहा कि कार्यकर्ताओं के कंधो पर पूरे चुनाव की जिम्मेदारी है। चुनाव में पूरी ताकत से प्रत्येक कार्यकर्ता को लगना होगा। बूथ स्तर पर बैठकों का आयोजन हो तथा इसमें बेहतर रणनीति बनायी जाय। इस अवसर पर महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पंचायत चुनाव के संयोजक अवधेश पाण्डेय बादल व डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, सहसंयोजक अरविंद सिंह व राधेश्याम त्यागी, मण्डल अध्यक्ष व जिले के अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन के द्वारा किया गया। इसके उपरान्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें चुनाव को लेकर जिम्मेदारियां सौपी गयी। बैठक में सांसद लल्लू सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायको में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, गोरखनाथ बाबा, शोभा सिंह चौहान महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह मौजूद रहे। बैठक के उपरान्त प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह समेत सभी पदाधिकारी भाजपा नेता शक्ति सिंह द्वारा आयोजित भोज में सम्मलित हुए। इससे पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह का नये घाट तथा प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी अमरपाल मौर्या का सहादतगंज की सीमा पर स्वागत किया गया। नये घाट पर स्वागत करने वालों में महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, हर्षवर्धन सिंह, शिवम सिंह, अभय सिंह, विजेन्द्र सिंह, आलोक मिश्रा, अनुज दास, शैलेन्दर कोरी, तिलकराम मौर्या, विद्याकांत द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, रवि सोनकर, आकाश मणि त्रिपाठी मौजूद रहे। वहीं अवध क्षेत्र प्रभारी के स्वागत के दौरान क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, वासुदेव मौर्या व बलराम मौर्या मौजूद रहे। मवई ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी के नेतृत्व में मवई चौराहा पर अवध क्षेत्र प्रभारी अमरपाल मौर्या का स्वागत किया गया।

# जिले में लगातार बढ़ रहा कोरोना संक्रमण का दायरा

- इन्द्रलोक कालोनी निवासी शोभा मिश्रा की हुई कोरोना से मौत
- पति की पहले ही कोरोना से हो चुकी है मृत्यु

**अम्बेडकरनगर।** जिले में कोरोना संक्रमण का ग्राफ थम नही रहा है। शनिवार को जहां पांच लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी वहीं रविवार को चार लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। शनिवार को आई रिपोर्ट में डॉ0 ज्ञानदीप वर्मा उनकी पत्नी व बच्चे में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी। दूसरी तरफ कोरोना से पीड़ित इन्द्रलोक कालोनी निवासी शोभा मिश्रा की भी लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। शोभा मिश्रा के पति जगदम्बा प्रसाद मिश्रा की भी पहले ही कोरोना संक्रमण से मौत हो चुकी है। शोभा मिश्रा को कोरोना संक्रमण के बाद राजधानी लखनऊ के सहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से ठीक होने के बाद वह वापस घर आ गयीं थीं। उनकी कोरोना रिपोर्ट भी निगेटिब हो गई थी । जनवरी के प्रथम सप्ताह में उनका स्वास्थ्य अचानक फिर बिगड़ गया तथा उन्हें इलाज के लिए पुन: लखनऊ ले जाया गया जहां दोबारा हुई जांच में वह फिर कोरोना संक्रमित पाई गयीं। अंतत: इसके बाद उनकी स्थिति में लगातार गिरावट आती गई तथा शनिवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। रविवार को चार लोगों के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 41 पर पंहुच गई है। शोभा की मौत को लेकर जिले में अब तक कोरोना संक्रमित 42 लोगों की मौत हो चुकी है लेकिन विभाग अभी भी 38 मौतों पर ही अटका हुआ है। विभागीय अधिकारी अभी अधिकृत रूप से शोभा मिश्रा की मौत की भी पुष्टि नही कर पा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का डीएम ने किया शुभारंभ



स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करते जिलाधिकारी — पायनियर

**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन स्वास्थ्य और खुशहाली लाने के लिए प्रत्येक रविवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्धारित किया गया है। जनपद के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के पहुंचने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार तथा नोडल अधिकारी डॉ.संजय कुमार वर्मा द्वारा पुष्प देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में आयुष्मान कार्ड बनाना एवं वितरण करना,गर्भनिरोधक दवाइयां, परिवार नियोजन, कोरोना की जांच, कोविड-19 के बारे में जागरूकता, आयुर्वेदिक काउंटर,टीकाकरण का काउंटर स्थापित किया गया है।मेले में गर्भावस्था के दौरान की समस्त जांचे ,बच्चों के टीकाकरण,निमोनिया और पोषण के निदान सहित मलेरिया, फाइलेरिया, डेगू ,टीवी ,हृदय रोग, अन्य जानलेवा बीमारियों की जांच और उपचार किया जाएगा। मेले में लाभार्थी माक्स लगाए हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आज के दिन 2 महिलाओं का डिलीवरी किया गया जिसमें दोनों बच्चों का टीका भी लगाया गया। एक बच्चे का टीका जिलाधिकारी की उपस्थिति में लगाया गया। एक बच्चा कुपोषित पाया गया जिसे जिला अस्पताल भेज दिया गया है। जिलाधिकारी के पहुंचने तक मेले में लगभग 69 लाभार्थी लाभ ले चुके थे। मेले में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में सभी जांचें अवश्य होना चाहिए तथा दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में वरिष्ठ डॉक्टर की टीम लापरवाही न बरतें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, नोडल अधिकारी डॉ संजय कुमार वर्मा तथा डॉक्टर की टीम मौके पर उपस्थित रहे।

## एसपी ट्रैफिक ने किया पार्किंग स्थल का निरीक्षण

**गोरखपुर।** गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों अपने पूरे शबाब पर है। ऐसे में यातायात पुलिस भी अपनी जिम्मेदारी को निभाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक यातायात आशुतोष शुक्ल ने आज चम्पा देवी पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोरखपुर महोत्सव में आने वाले लोगों को बेहतर पार्किंग व्यवस्था मुहैया करवाने के लिए यातायात पुलिस को निर्देशित किया। एसपी ट्रैफिक्र ने बताया है की 12 व 13 जनवरी को गोरखपुर महोत्सव का आयोजन होगा। भीड़ ज़्यादा होने की उम्मीद है। ऐसे में जो लोग महोत्सव में आएंगे उनको किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए यातायात पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जहाँ-जहाँ पर पार्किंग होगी वहां पर यातायात पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। उन रूट को भी चिन्हित कर लिया गया है जिन रास्तों से लोग महोत्सव में आएंगे वहाँ पर पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिस के जवानों को लगाया जाएगा।

राजेसुल्तानपुर में हुए दोहरे हत्याकांड का मामला

# अन्न जल त्याग आमरण अनशन पर बैठीं मृतकों की पत्नियां

- परिजन बोले, मांगें न पूरी हुईं तो आत्मदाह कर लेगा पूरा परिवार



बेसुध पड़ी महिलाएं — पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर।

**राजेसुलतानपुर** थाना क्षेत्र के मल्लूपुर मझगवा गांव में सोमवार को हुए दोहरे हत्याकांड के आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है । मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किए जाने एवं परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर मृत दोनों सगे भाइयों की विधवाओं ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। मृतक सुरेंद्र मिश्रा व अनिल मिश्रा की पत्नी किरन व स्वधा ने बीते 3 दिन से अन्न जल त्याग रखा है जिसके कारण दोनों महिलाओं की हालत बिगड़ गई है ।दोनों महिलाओं को ग्लूकोस के सहारे स्वस्थ रखने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद इससे बेखबर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य महकमा नीरो की तरह चैन की बंसी बजा रहा है।

गौरतलब है कि मल्लूपुर मझगवा गांव की निवर्तमान ग्राम प्रधान किरन मिश्रा के पति अनिल मिश्रा व उनके बड़े भाई सेवानिवृत्त फौजी सुरेंद्र मिश्रा की चुनावी रंजिश में सोमवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड से इस परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद से पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए लंबा हाथ पैर मारने की बात तो कर रही है लेकिन अभी दो आरोपी भरत यादव व राजीव पांडे को छोड़कर पुलिस किसी भी नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो सकी है। मुख्य आरोपी अमित सिंह व जगदंबा सिंह भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं हालांकि उनकी तलाश में पुलिस की कई टीमें प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों में भी खाक छान रही है। परिजन शुरू से ही इस इस घटना के लिए एसडीएम आलापुर व तहसीलदार आलापुर को जिम्मेदार ठहरा कर उनके निलंबन की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक दोनों अधिकारियों के विरुद्ध भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसके बावजूद निचले स्तर के कर्मचारियों को बलि का बकरा जरूर बना दिया गया है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाए तथा उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतकों की तीन पुत्रियों की शादी की व्यवस्था की जाए तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाय। मृतक के भतीजे यशवंत मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार उनके परिवार की मांगों को नहीं मानती तो उनका पूरा परिवार सामूहिक रुप से आत्मदाह कर लेगा।अब देखना यह है कि गोसाईगंज के विधायक खब्बू तिवारी परिजनों को सोमवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात करवा पाने में सफल हो पाते हैं अथवा नहीं।

# सपा का किसान चौपाल जारी

- पूर्व सांसद ने कहा काला है किसान बिल

**अम्बेडकरनगर।** आलापुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभा मकरही में स्थित कल्पनाथ यादव के आवास पर समाजवादी पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कल्पनाथ यादव के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता त्रिभुवन दत्त ने किसान बिल को काला कानून बताते हुए कहा कि इस कानून के विरोध में सभी किसान साथियों को लामबंद होकर विरोध करना चाहिए जिससे इस काले कानून को वापस लेने में सरकार को विवश होना पड़े।उनके इस विरोध प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी भी पूरी तरीके से उनके साथ है।साथ ही भाजपा सरकार को 2022 में सबक सिखाने के लिए समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आवाहन करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ही गरीबों,नौजवानों,अल्पसंख्यकों के साथ सभी वर्गों का भला होगा।कार्यक्रम का संचालन सपा नेता सुबाष यादव ने किया। इसके बाद पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त के द्वारा अपने समर्थकों के साथ मकरही गाँव निवासी राम तीरथ यादव के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। साथ ही इन्दल चौहान के आवास पर कार्यकर्ता साथियों से मुलाकात करने का कार्यक्रम भी बनाया गया है। इस मौके पर सपा नेता आशाराम त्यागी, रामकेदार यादव, अजय गौतम एडवोकेट,राम आसरे यादव, मंशाराम यादव, हरिप्रसाद यादव, डाक्टर रामहित चौहान, कृष्ण कुमार पाण्डेय, कल्पनाथ यादव, राम अजोर गौतम, गुरुदेव गौतम, संजीव कुमार, मंगलदीप आदि सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

# 'रेट' की परीक्षा में दिखी अव्यवस्था, हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**दीनदयाल** उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयू) द्वारा आयोजित शोध पात्रता परीक्षा में अव्यवस्था खुलकर सामने आई है। रविवार को आयोजित इस परीक्षा के दौरान गोरखपुर के विमल मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कालेज पर पेपर नहीं खुलने के बाद छात्रों ने जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस केंद्र पर शुरू में पहली पाली की परीक्षा रद करने की घोषणा की। लेकिन थोड़ी देर बाद कहा गया कि इस एक केंद्र पर सभी पालियों की परीक्षा रद की जा रही है। रेट परीक्षा के लिए पांच हजार छात्रों ने आवेदन किया है। पांच पालियों में यह परीक्षा आयोजित की गई है।

सिस्टम ने धोखा दिया तो कई परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े होकर मोबाइल से परीक्षा दी। लेकिन वे भी असमंजस में रहे कि उनकी परीक्षा स्वीकार की जाएगी या नहीं। विमल मांटेसरी गर्ल्स डिग्री कालेज पर हंगामे के दौरान कई छात्रों ने पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया। प्रतिभा नाम की एक परीक्षार्थी ने कहा कि हमें सेंटर पर परीक्षा देने को कहा गया था। जो छात्र घर से परीक्षा दे रहे हैं वे तो दे रहे हैं। हम लोग सेंटर लेकर फंस गए। यहां कोई सिस्टम चल रहा है कोई नहीं चल रहा है। जिसमें चेक करिए उसमें लिखकर आ रहा है कि 'नो इंटरनेट कनेक्शन'। हम ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी हैं जहां इंटरनेट की उतनी अच्छी सुविधा नहीं है। हमें सेंटर पर आने का विकल्प दिया गया था लेकिन यहां कोई व्यवस्था ढंग से नहीं की गई। एक अन्य परीक्षार्थी ने कहा कि डीडीयू प्रशासन ऑनलाइन एग्जाम कराने की जिद पर अड़ गया। बिना यह सोचे कि गोरखपुर विवि. में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चे ग्रामीण इलाकों के गरीब परिवारों से हैं। इसके बाद छात्रों से एक हजार रुपए रेट एग्जाम फीस ली गई। बिना इंतजाम किए परीक्षा के नाम पर छात्रों के साथ मजाक किया जा रहा है। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय की गलतियों की वजह से शुरू से रेट के आवेदकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। रविवार को परीक्षा का आयोजन किया गया जबकि शनिवार तक आवेदक लॉगिन आईडी और पासवर्ड के लिए परेशान रहे। कुछ छात्र जुलोजी रिसर्च सेल में परीक्षा के संयोजक प्रो. अजय कुमार सिंह के पास पहुंचे। यहां पर संयोजक से छात्रों की जमकर बहस हुई। हिन्दी से आवेदन करने वाले पवन कुमार और प्रतिमा ने बताया कि उन्होंने साइबर कैफे से आवेदन किया था। कैफे संचालक ने कम से कम 50 छात्रों का आवेदन किया। उसने आवेदन पत्र में अपनी ईमेल आईडी भर दी। इस वजह से अब तक लॉगिन आईडी व पासवर्ड ही नहीं मिला है। राजनीति विज्ञान विषय से आवेदन करने वाले सतीश चंद्र और नितेश कुमार ने बताया कि दो दिन से मॉक टेस्ट की कोशिश कर रहा हूं। कनेक्ट नहीं हो रहा है। हर बार लॉगिन आईडी व पासवर्ड गलत बता रहा है।

### परीक्षा की शुचिता कैसे सुनिश्चित होगी? सवाल टाल गए समन्वयक

समन्वयक अजय कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षार्थियों के लिए सिस्टम की व्यवस्था तो है लेकिन तकनीकी दिक्कतों के लिए कोई क्या कर सकता है? उन्होंने कहा कि सेंटर के लोगों का कहना है कि सिस्टम ठीक है लेकिन विद्यार्थियों का कहना है कि सिस्टम नहीं चल रहे हैं। हमने महसूस किया कि सेंटर के लोग परीक्षा नहीं करा पा रहे हैं। इसलिए इस सेंटर के परीक्षार्थियों की सभी पालियों की परीक्षा रद कर दी गई है। बाद में देखा जाएगा कि क्या समस्या आई? सिस्टम की गड़बड़ी के चलते परीक्षा केंद्र के बाहर बैठकर जिन परीक्षार्थियों ने मोबाइल से परीक्षा दी उनका क्या? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को छूट थी कि वे घर से भी परीक्षा दे सकते हैं इसलिए यदि किसी परीक्षार्थी ने मोबाइल से परीक्षा दी है तो वह मान्य मानी जाएगी। परीक्षा की शुचिता कैसे सुनिश्चित की जाएगी, इस सवाल पर उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया।

## क्विक न्यूज

### पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के ऊपर एससीएसटी का मुकदमा किया दर्ज

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** पुलिस ने मारपीट के मामले में एक युवक के खिलाफ मारपीट व एससी एसटी का मुकदमा किया पंजीकृत। पीड़िता ने मारने पीटने व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। प्राप्त समाचार के अनुसार कुमारगंज थाना अंतर्गत बवां गांव निवासी रामावती पत्नी जगन्नाथ ने आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि बीते 21 दिसंबर को जालपा भवानी मंदिर पर भंडारे में मेरे पति जगन्नाथ से गांव के ही अंकित सिंह पुत्र रमा शंकर सिंह से कहासुनी हुई थी उसी कहासुनी को लेकर अंकित हमारे दरवाजे पर पहुंच कर गाली गलौज करते हुए लात घुसा से मारते हुए जाति सूचक शब्दो से गाली गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी। पीड़िता ने बीते शुक्रवार को कुमारगंज थाने पहुंचकर लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया शिकायती प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने पीड़िता व उसके पति का मेडिकल कराते हुए अंकित के खिलाफ 323, 504, 506 व एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया।

### गोपरी चांदपुर के 11 लोगों का शांतिभंग में चालान

**अम्बेडकरनगर।** जबरा मारै निमरा कय रोऊ ना देय,यह कहावत जैतपुर पुलिस पर बहुत ही सटीक बैठ रही है । बताते चलें कि जैतपुर थाना क्षेत्र में 2 दिन पूर्व अज्ञात बदमाशों द्वारा एक जनसेवा संचालक को गोली मार दी गई थी जिसमें शुक्रवार रात को जैतपुर थानाध्यक्ष अपने हम राहियो के साथ दबिश देने गये थे परंतु वहां मामला कुछ और ही हो गया । जब शुक्रवार की रात दबिश देने पहुंचे तो लोगों ने चोर -चोर कह कर गुहार मचा दिया।

ग्रामीणों को एकत्र होते देख जैतपुर पुलिस भाग खड़े हुए तत्पश्चात कुछ घंटों बाद जैतपुर पुलिस दर्जनों गाड़ियों के साथ पुन: गांव में पहुंचे और पुलिस का फिर पूछना ही किया था वह पुलिस ने जमकर तांडव मचाया जिसमें लोगों की फर्नीचर, कुर्सी, ट्रैक्टर के लाइट आदि सब तोड डाले गए और 11 लोगो को थाने ले आई पुलिस तो फिलहाल मुख्य आरोपियों को पकड़ तो नहीं सकी लेकिन गोपरी चांदपुर से 11 लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वैसे माने तो जब से जैतपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता कुर्सी संभाले हैं तब से उनका विवादों से नाता रहा है। ऐसे में अब देखना है कि जैतपुर पुलिस मुख्य आरोपियों को कब तक गिरफ्तार कर पाएगी।

### नशे में धुत भाई ने की भाई की हत्या

**गोरखपुर।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के बारी गांव में बीती देर रात जमीनी विवाद को लेकर दो भाई आपस में भीड़ गये। बताया जाता है कि नशे में धुत एक भाई ने दूसरे पर जानलेवा हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार शराब पीकर लड़ रहे छोटे भाई सोनू सिंह ने किसी नुकीले हथियार से बड़े भाई बालेंद्र सिंह की हत्या कर दी। बताया जाता है कि इसके पहले भी सोनू सिंह और दीप नारायण सिंह उर्फ इंस्पेक्टर ने मिलकर सन 2009 में अपने पिता नित्यानंद सिहं की हत्या कर चुके हैं। वह पहले से ही अपराधी हैं। उसके कुछ साल बाद एक भाई बबलू सिंह ने शराब के नशे में नदी में कूदकर अपनी जान गवा दी। मृतक कुल चार भाई थे। जबकि एक ने पहले ही जान गवा दी। अब दो भाई सोनू सिंह, दीप नारायण सिंह उर्फइंस्पेक्टर ही बचे हैं। जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे सीओ खजनी योगेंद्र नारायण सिंह और थाना सिकरीगंज एस ओ उपेंद्र मिश्रा मय फोर्स पहुंच गए। उन्होंने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शक के आधार पर भाई को हिरासत में लिया।

# अनुसूचित जाति के छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए केन्द्र सरकार ने दिया 59 हजार करोड़ का बजटः रामनरेश रावत

- बोले, सबका साथ सबका विकास के नारे को चरितार्थ कर रही भाजपा



अटल भवन में प्रेस से मुखातिब विधायक रामनरेश रावत — पायनियर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**भारतीय जनता** पार्टी की सरकार ने एक बार फिर से सबका साथ -सबका विकास की परिकल्पना को साकार कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अनुसूचित जाति के छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए एक मुश्त 59 हजार करोड़ रूपये का बजट देकर ऐतिहासिक कार्य किया है। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक रामनरेश रावत ने रविवार को जिला मुख्यालय पर स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय अटल भवन में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मंत्रीमण्डल नें 59 हजार करोड रूपये के कुल निवेश को अनुमोदन प्रदान कर दिया है जिसमें से केन्द्र सरकार अपने हिस्से का साठ प्रतिशत अर्थात 35 हजार 534 करोड़ रूपये खर्च करेगी। शेष धनराशि राज्य सरकार द्वारा खर्च की जाएगी। अनुसूचित जाति से सम्बन्धित छात्रों के लिए मैट्रीकोर छात्रवृत्ति को पीएम एसएससी के केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम में बदल दिया है ताकि वे उच्चतर शिक्षा को सफलतापूर्वक पूरा कर सकें। गरीब से गरीब परिवारों के दसवीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे छात्रों को, जो आगे की अपनी शिक्षा को जारी नही रख सकते हों, को अगले पांच वर्षों में उच्चतर शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत लाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जो केन्द्रीय सहायता 2017-18 से 2019 -20 के दौरान लगभग 11 सौ करोड़ रूपये प्रतिवर्ष थी उसे 2020-21 से 2025-26 के दौरान पांच गुना से अधिक बढ़ाकर छः हजार करोड़ रूपये प्रतिवर्ष किया जायेगा। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार अनुसूचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा को लेकर गम्भीर है और उसके लिए हर संभव मदद करेगी। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिषेक कन्नौजिया, बाबा रामशब्द यादव, विनोद सिंह, हरीश शुक्ला, चन्द्रिका, रामप्रकाश गौतम, शिमला भारती, अतुल वर्मा, कमलेश मौर्या आदि पार्टी नेता मौजूद रहे।

# किसानों के समर्थन में युवा भाजपा नेता का इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**युवा भाजपा** नेता प्रबल प्रताप शाही ने नए कृषि कानूनों के विरोध और किसान आंदोलन के समर्थन में पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। प्रबल प्रताप शाही गोरखपुर में भाजपा के स्वच्छता अभियान प्रकल्प के संयोजक थे। इसके पूर्व शाही ने किसान आंदोलन के समर्थन में गाजीपुर बार्डर पर पहुंच कर भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष राकेश टिकैत से मुलाकात की।

शाही ने भाजपा के राष्टीय, प्रदेश और क्षेत्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस्तीफे की जानकारी दी है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि नए कृषि कानूनों से किसानों के मन में भय और शंका है। किसान डेढ़ महीने से अधिक समय से दिल्ली की सीमा पर आंदोलन कर रहे हैं। अब तक 60 किसान शहीद हो चुके हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक एवं संवेदनशील तरीके से विचार नहीं कर रही है। उल्टे केन्द्रीय मंत्री और जिम्मेदार नेता किसानों के खिलाफ अपमानजनक भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे मुझे आत्मीय दु:ख हुआ है। मेरी अंतरात्मा मुझे धिक्कार रही है कि मैं कैसे लोगों एवं संगठन का साथ दे रहा हूं जो देश के अन्नदाता को अमर्यादित एवं अपमानजनक भाषा बोल रहे हैं। शाही ने पत्र में लिखा है कि नए कृषि कानूनों से किसानों का बहुत बड़ा नुकसान होगा और किसानी खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएगी। नए कानूनों से कम्पनी राज की स्थापना होगी और आवश्यक वस्तु अधिनियम में हुए संशोधन से आम जन को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। शाही का कहना है कि इस्तीफा देने के पहले कई बार नए कृषि कानूनों पर सवाल उठाए। लेकिन पार्टी में किसी ने गंभीरता से नहीं लिया।

## आर्थिक स्थिति

### सुधार के संकेत

**कोरोनावायरस** संक्रमण से सारी दुनिया की अर्थव्यवस्थायें प्रभावित हुईं। इस विभीषिका से दुनिया भर के लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। खुशी की बात है कि इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हालिया आंकड़ों से भारतीय अर्थव्यवस्था में बेहतरी के संकेत भी सामने आ रहे हैं। हम सभी इस बात से सहमत हैं कि वर्ष 2020 बहुत भयानक था जिससे दुनिया भर की आर्थिक प्रगति प्रभावित हुई तथा कुछ देशों को अपवादस्वरूप छोड़ कर वह बाकी दुनिया के देशों में अर्थव्यवस्था तथा आम लोगों की जिंदगी लगभग पूरी तरह ठहर गई। भारत में गांवों की ओर लौटते लाखों श्रमिकों व प्रवासियों की दयनीय तस्वीरें मीडिया के माध्यम से हमारे सामने आईं। इनमें से कुछ घातक दुर्घटनाओं या वायरस संक्रमण के कारण अपनी यात्रा पूरी नहीं कर सके और हमारे लिए शायद यह साल के सबसे दुःखद दृश्य थे। अच्छे खाते-पीते लोगों में शामिल अनेक उद्योगों के व्हाइट कालर कामगार तथा मीडियाकर्मियों ने भी स्वयं को आर्थिक संकटों से घिरा पाया तथा दुनिया भर के अनेक उद्योगों में ऐसे हजारों हजार लोगों की नौकरियां चली गईं। हालांकि, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में मांग फिर से बढ़ने के कारण आने वाली विस्तृत सूचनाओं से आर्थिक प्रगति की उम्मीदें जगी हैं। भारत में पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था के भारी संकुचन के साथ पहले पूरे साल में कुल मिला कर 15-20 प्रतिशत तक संकुचन होने की आशंका थी। हालांकि अब राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, पूरे वर्ष में अर्थव्यवस्था का संकुचन 8 प्रतिशत से नीचे रहने की उम्मीद नजर आ रही है। इसका अर्थ यह है कि भारत ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने तथा



कोरोनावायरस के आर्थिक प्रभावों से निपटने के जो कदम उठाए थे उनके लाभदायक परिणाम सामने आने लगे हैं। सरकारी अनुमानों के साथ ही अनेक अन्य वैश्विक वित्तीय संस्थानों व बैंकों ने भी अनुमान लगाया है कि भारत में कोरोना संक्रमण के कारण होने वाली आर्थिक गिरावट में कुछ कमी आई है। लाकडाउन खुलने के बाद धीरे-धीरे भारत में आटोमोबाइल व स्थाई उपभोक्ता सामग्रियों की मांग वापस पटरी पर आ रही है और लाकडाउन के पूर्व की तुलना में बढ़ी भी है। दिसंबर में कारों की बिक्री से यही संकेत मिलते हैं। अनुमान है कि अगले साल आर्थिक प्रगति में नाटकीय वृद्धि होगी और कुछ लोग इसके 10 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान लगा रहे हैं।

हालांकि, इन सारी चीजों के बावजूद बेरोजगारी के मोर्चे पर अभी व्यापक बेहतरी की प्रतीक्षा रहेगी। पिछले साल रोजगारों में कमी आई जिससे रोजगार बाजार में लाखों नौजवानों की भीड़ और बढ़ गई। संभवत: भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने यह अकेली सबसे बड़ी समस्या है। देखना होगा कि सरकार आने वाले साल में सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में 10-15 मिलियन रोजगारों का सृजन कैसे करती है। इसके लिए टैक्स घटा कर व वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी की दरों में कमी के माध्यम से प्रोत्साहन भी दिए जा सकते हैं। देखना होगा कि सरकार क्या कदम उठाती है। लेकिन भारत सरकार के हाथ अभी बंधे हुए हैं। अनेक किसान अपने उत्पादों के लिए बेहतर कीमतों की मांग कर रहे हैं, जबकि इसके साथ ही टैक्सों की दर भी अधिक है। ऐसे में सवाल है कि क्या किया जा सकता है। सरकार की ओर से आर्थिक स्थितियों के बारे में रचनात्मक विचार-विमर्श की आवश्यकता है। नीति-निर्माताओं को अर्थशास्त्रियों तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बातों पर गौर करने की आवश्यकता है, हालांकि इस बारे में उनके अलग-अलग विचार सामने आ रहे हैं। शेयर बाजारों में तेजी से उछाल आ रहा है। हालांकि, अर्थव्यवस्था और शेयर बाजारों को स्थाई मजबूती प्रदान करने के लिए रोजगार सृजन पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसा न होने पर केवल समस्यायें कुछ समय के लिए टल जाएंगी तथा बेरोजगार नौजवानों की बढ़ती संख्या सरकार के लिए समस्या पैदा कर सकती है। हालांकि, यह समस्या केवल भारत में नहीं, बल्कि सारी दुनिया में है।

# विरोध प्रदर्शन के निशाने पर मोदी

**वर्तमान में जारी विरोध प्रदर्शन मोदी सरकार को बैकफुट पर लाने का प्रयास है। यह पुन: विपक्ष का स्वाभाविक सा लक्ष्य है जो अब तक 2019 के चुनावों में हुई दुर्दशा से पूरी तरह उबर नहीं पाया है।**



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राज्य सभा सांसद हैं)



पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा पेशेवर विरोध प्रदर्शनकारियों के साथ मिलकर, जो पिछले वर्ष नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के दौरान देखे गए थे, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के इर्द-गिर्द किया जा रहा प्रदर्शन व्यापक रूप से ध्यानाकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कृषक आंदोलनों के रूढ़िवादी स्वरूप के विपरीत, प्रदर्शनकारी समाज के सर्वाधिक गरीब तबकों के नहीं हैं। यदि अर्थशास्त्री सुजीत भल्ला के विश्लेषण को सही मानें, तो विचित्र वृद्ध पुरुषों व अधिक शक्तिशाली महिलाओं का दिखना, यायावर निहंगों का उल्लेख न करते हुए, जाड़े की बरसात को झेलकर अपने ध्येय के लिए लड़ने हेतु दृढ़संकल्प होना वास्तविक है मगर कपटपूर्ण भी।

आधिकारिक आंकड़ों का प्रयोग कर, भल्ला ने इस धारणा को मजबूत किया है कि यह आंदोलन आर्थिक हताशा का उत्पाद नहीं बल्कि अस्तित्वमान सुविधाओं को बचाने की इच्छा से उपजा है। यह सुधारों के विरुद्ध किया जा रहा आंदोलन है।

भल्ला के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के शीर्ष 2 लाख किसानों की आमदनियां शीर्ष आठ प्रतिशत वालों में शामिल हैं। अधिक महत्वपूर्ण रूप से, शीर्ष 20 हजार किसानों की आमदनी शीर्ष 2 प्रतिशत में है। इस तथ्य के अलावा कि कृषि आय को आयकर से मुक्त रखा गया है, गेहूं किसान चावल उगाने वालों से ज्यादा रिटर्न की दर पाते हैं। कृषि लागतों एवं कीमतों पर आयोग के आंकड़ों का इस्तेमाल करके उन्होंने गणना की है कि भारत में एक औसत चावल उगाने वाला किसान पारिवारिक श्रम समेत की लागतों पर 90 प्रतिशत का रिटर्न प्राप्त करता है, जबकि एक औसत गेहूं किसान 161 प्रतिशत का रिटर्न पाता है। इसके साथ ही, मुनाफे क्षेत्रवार भिन्न-भिन्न होते हैं। पंजाब के किसान को उत्पादन लागत सबसे कम आती है, जो लगभग गेहूं के लिए 75 प्रतिशत और धान के अखिल भारतीय औसत की 59 प्रतिशत होती है। पैदावार भी अधिक होती है जिसका परिणाम यह होता हे कि पंजाब-हरियाणा के बड़े किसान गेहूं और धान की खेती से प्रतिवर्ष 1.25 लाख प्रति हेक्टेयर कमाते हैं। इसके अतिरिक्त, पंजाब और हरियाणा में 197,000 शीर्ष किसानों की औसत जोतें 6.3 हेक्टेयर हैं। 1.25 लाख प्रति हेक्टेयर की दर पर, यह 7.9 लाख रुपए की कर मुक्त वार्षिक आय में रूपांतरित होती है। औसतन 12.6 हेक्टेयर की जोतों वाले सबसे बड़े किसानों की कृषि से आय लगभग 15.75 लाख प्रतिवर्ष आंकी गई है।

यह तथ्य कि दिल्ली की सीमा पर प्रदर्शन करने वाले जीविका खेती करने वाले किसान नहीं हैं इससे उनका आंदोलन अवैधानिक नहीं हो जाता या राष्ट्रीय ध्यानाकर्षण के अयोग्य नहीं हो जाता। यह उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि गुजरात में 2017 के विधानसभा चुनावों से पहले हीरा व्यापारियों व कपड़ा व्यापारियों का वस्तु एवं सेवाकर के विरुद्ध प्रदर्शन। फिर भी, प्रदर्शन का सामाजिक चरित्र कुछ चीजों की व्याख्या करता है।

सर्वप्रथम, यह बताता है कि आंदोलन हरित क्रांति के मार्ग पर क्यों सीमित है। भारत के अन्य हिस्सों में जहां छोटे किसानों के पास गेहूं और चावल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त करने के साधन नहीं होते, वहां पर बाजार के विनियंत्रीकरण एवं बिचौलियों से मुक्ति पाने के प्रति आकर्षण स्वाभाविक रूप से होता है क्योंकि पुराने एपीएमसी कानून से असली लाभ बिचौलियों को ही मिल रहा है। अधिनियमित सुधारों से प्रशीतन गृहों समेत, कृषि उद्योग में निवेश बढ़ने की संभावना है। ये निवेश अभी तक जमाखोरी के खिलाफ कानूनों के चलते टुकड़ों में होते रहे हैं, जो प्रतिबंध खाद्य अभाव के दौर में लगाए गए थे।

दूसरे, अर्थशास्त्रियों के गुटों द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों तक विस्तारित समर्थन परेशान करने वाला प्रतीत हो सकता है जो पूर्व में सरकार पर सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण आर्थिक सुधारों को अंजाम देने के लिए दबाव डालते रहे हैं। इससे पुष्टि होती है कि आपत्ति गीत के प्रति कम है गायक के प्रति ज्यादा। इससे व्याख्या की जा सकती है कि क्यों अनाथ हो चुके वामपंथ की एक टुकड़ी उस उद्देश्य के पीछे है जिसे पूर्व के दशकों में वे कुलक कहा करते थे।

वर्तमान में जारी विरोध प्रदर्शन मोदी सरकार को बैकफुट पर लाने का प्रयास है। यह पुन: विपक्ष का स्वाभाविक सा लक्ष्य है जो अब तक 2019 के चुनावों में हुई दुर्दशा से पूरी तरह उबर नहीं पाया है। विरोध की शुरुआत 2020 में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ मुसलमानों को भड़काकर की गई थी। इससे दिल्ली विधानसभा चुनावों में लाभ मिल गया जब भाजपा बुरी तरह विफल रही थी, लेकिन इसका अखिल भारतीय उद्देश्य कोविड-19 के चलते धुंधला पड़ गया था। लाकडाउन के दौरान भी प्रवासी श्रमिकों के बीच फैली हड़बड़ी का लाभ उठाने के प्रयास किए गए थे। हालांकि, उन्हें भी सीमित सफलता मिली, जैसा कि बिहार विधान सभा चुनावों में स्पष्ट जाहिर हुआ था। पंजाब में किसानों का विरोध प्रदर्शन पांसे की एक और भूमिका है। गणित यह है कि यदि मोदी पीछे हट जाते हैं तो भावी सुधारों के लिए सरकार की क्षमता क्षीण हो जाएगी। और यदि सुधार रुक जाते हैं तो मोदी सरकार अपना संवेग खो देगी और शेष कार्यकाल में संप्रग-2 की तरह सिर्फ कामचलाऊ ढंग से काम करेगी।

जिस हद तक प्रधानमंत्री उन लोगों के लिए व्यक्तिगत निशाना बन गए हैं जो राजनीतिक सत्ता पाने की आकांक्षा को सुधारों से ऊपर रखते हैं और इसे कम करके नहीं आंका जा सकता। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने चुपचाप सुधारों को अंजाम देने के प्रयास किए, मोदी अपनी अपनी प्रचुर राजनीतिक पूंजी का इस्तेमाल भारत में परिवर्तनों की गति बढ़ाने के लिए किया है। चाहे वह समाज की निम्नतम सतह तक पहुंचाने के लिए तक बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हो, जीएसटी लागू करने संबंधी कार्य का प्रबंधन हो और गाजर और छड़ी वाली रणनीति के बल पर कर का दायरा बढ़ाने के प्रयास, प्रधानमंत्री अनवरत रूप से सुधारों को आगे बढ़ाया है। उनका सदैव विश्वास रहा है कि उने पास राजनीतिक जनादेश बदलाव लाने के लिए है। न वो राजनीतिक फसादों से डारते हैं जो अनवरत रूप से बदलाव के परिणाम होते हैं। उन्होंने सामने से चुनौतियों का मुकाबला किया है, भले ही उसमें स्थानीय कठिनाइयां रही हों। ऐसा लगता है मोदी ने बार-बार उन लोगों के सुविधाभोगी जगत के लिए खतरा पैदा किया है जो ऐसे जगत में सहज होकर रहते हैं जहां जड़ता और यथास्थिति साथ-साथ चलते हैं।

# किसान आंदोलन के अप्रकट परिणाम

> “किसान आंदोलन की असली उपलब्धि यह है कि उसने जनता को एकजुट किया है जो अब तक जाति व सांप्रदायिक आधार पर विभाजित थी।”

**मार्कंडेय काटजू**
(लेखक सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं)



तीन नए कृषि कानूनों पर सरकार व प्रदर्शनकारी किसानों के बीच जारी आठवें दौर की बैठक तक कोई प्रगति नहीं हुई है। ऐसे में किसानों का अगला कदम क्या होगा। किसानों ने दिल्ली को एक महीने से अधिक समय से घेर रखा है और उनके एक नेता राकेश टिकैत ने घोषणा की है कि किसान 26 जनवरी को राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने दिल्ली के बाहर ट्रैक्टर रैलियां निकाली हैं। लेकिन दिल्ली में बाहर से प्रवेश का प्रयास करने पर पुलिस किसानों को रोकेगी। आवश्यकता होने पर इसके लिए बल प्रयोग किया जाएगा। किसानों की भीड़ को दिल्ली में प्रवेश कर गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने देने का अर्थ सत्ता का कमजोर होना और उसकी छवि खराब होना होगा। कोई भी सरकार इसकी अनुमति नहीं देगी। इस प्रकार सीमाओं पर हिंसक टकराव की आशंका है। हालांकि, उम्मीद की जाती है कि चीजें इस स्थिति तक नहीं पहुंचेंगी।

अपने लंबे आंदोलन से किसानों ने सुनिश्चित किया है कि कानून बनने के बावजूद इन तीनों कानूनों का जमीनी क्रियान्वयन असंभव है। इसका कारण पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व कुछ अन्य राज्यों में भावनात्मक माहौल है। ऐसे में आशंका है कि पंजाब में 1,500 मोबाइल टावरों पर हमलों की तरत कुछ कार्पोरेट द्वारा बनाए अनाज गोदामों पर हमले हो सकते हैं। आज भारत की लगभग 1.3 बिलियन जनसंख्या में से लगभग 800 मिलियन प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खेती पर निर्भर हैं और उनकी हमदर्दी आंदोलनकारी किसानों के साथ है। अनेक औद्योगिक कर्मचारी, वकील, बुद्धिजीवी, खिलाड़ी, बालीवुड अभिनेता, सेवानिवृत्त कर्मचारी,




आदि भी आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। सैनिकों और पुलिसजनों की भी उससे सहानुभूति है क्योंकि वे किसान के बेटे हैं। हालांकि, अनुशासित बलों के सदस्य होने के नाते वे अपनी हमदर्दी खुलेआम प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं। अब तक हमारे राजनेता किसानों को जाति व धर्म के आधार पर बांटने में सफल रहे हैं, पर इस आंदोलन ने उनको एकजुट कर दिया है। इसका आगे होने वाले बंगाल, तमिलनाडु व असम तथा बाद में उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व गुजरात के चुनावों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इन राज्यों के अधिकांश मतदाता किसान हैं। यही वर्तमान सत्तारूढ़ दल के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है। किसान आंदोलन ने भारत की जनता को एकजुट किया है जो अब तक जाति व धर्म के आधार पर बंटी थी तथा चालाक राजनेताओं ने उसका लाभ उठाया है। भारत में हुए अनेक आंदोलन अब तक धर्म या जाति के आधार पर रहे हैं। नागरिकता कानून विरोधी आंदोलन को बहुत से लोगों ने प्रमुखतः मुस्लिम आंदोलन की तरह देखा था। भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे का आंदोलन अचानक बिखर गया था। अचानक भारतीय किसानों ने वह समस्या हल कर दी है जो समाज को लंबे अरसे से प्रभावित कर रही थी। आंदोलन ने जाति व धर्म से ऊपर उठने के साथ ही राजनेताओं से दूरी बनाए रखी है जिनकी दिलचस्पी केवल सत्ता और पैसे में है। उन्होंने वोटबैंक बनाने के लिए भारतीय समाज को जाति व सांप्रदायिक आधार पर ध्रुवीकृत कर दिया है।

किसान आंदोलन असली आर्थिक मुद्दा है क्योंकि किसानों को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा था। यह कोई भावनात्मक मुद्दा नहीं है। किसान आंदोलन देश के इतिहास में मील का एक पत्थर है। इसका परिणाम ऐसी राजनीतिक व सामाजिक व्यवस्था का निर्माण हो सकता है जो भारत का तेजी से औद्योगीकरण करे तथा पिछड़ेपन को समाप्त कर भारत को ऐसे अत्यधिक विकसित व समृद्ध देश में बदल दे जहां सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवनशैली व जीवन के उच्च लक्ष्य सुनिश्चित हों। एक महान एशियाई नेता ने कहा था, 'जब लाखों किसान एक तूफान की तरह उठ खड़े होते हैं तो यह इतनी शक्तिशाली गति प्राप्त करते हैं कि धरती की कोई ताकत उसे रोक नहीं सकती है।' एकजुट नागरिकों का राष्ट्रीय लक्ष्य भारत को अविकसित देश से विकसित व औद्योगिक देश में बदलना है।

ऐसा होने पर ही हम समाज में गरीबी, पिछड़ेपन, भयानक बेरोजगारी, बाल कुपोषण के खतरनाक स्तर, समुचित स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा की कमी तथा अन्य सामाजिक बुराइयों से मुक्ति पा सकते हैं। यह परिवर्तन तभी संभव है जब हम सामंती सोच व व्यवहारों से मुक्ति पायें जो जातिवाद, सांप्रदायिकता, अंधविश्वास, आदि के रूप में भारत में शताब्दियों से जड़ें जमाए हैं। किसानों का आंदोलन राष्ट्रीय एकता की दिशा में एक कदम है।

## आप की बात

### राष्ट्रभाषा हिन्दी का सम्मान करें

**हमारे** देश की राष्ट्रभाषा हिन्दी है। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था । जिसके बाद से इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही 14 सितम्बर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना है। हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना, हिन्दी के लिए वातावरण निर्मित करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है, लेकिन वर्तमान समय में अंग्रेजी के अत्यधिक प्रभाव के चलते हिंदी की लोकप्रियता कम हो रही है यह एक चिंताजनक कारण है। इसके लिए सरकार को हिंदी के प्रचार -प्रसार के लिए ठोस कदम उठाने पड़ेंगे। आज विश्व के कोने-कोने से विद्यार्थी हमारी भाषा और संस्कृति को जानने के लिए हमारे देश की तरफ रुख कर रहे हैं। लेकिन हम खुद ही हिंदी भाषा का सम्मान नहीं करते हैं।हम अंग्रेजी भाषा के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिस व्यक्ति को अंग्रेजी नहीं आती उसे गवार कहकर पुकारा जाता है। आज स्कूलों में भी अन्य भाषाओं को सिखाने में ज्यादा महत्व दिया जाता है।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

### लचर प्रशासन तंत्र

**उप्र** में लचर प्रशासनतन्त्र की बानगी रोज सुनने को मिल रही है। गाजियाबाद के मुरादनगर में अंत्येष्टि स्थल की छत ढह जाने के हादसे में मारे गए लोगों के मामले के 6 दिन बाद बुलन्द शहर में जहरीली शराब पीने से 6 लोगों की मौत और दर्जनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उप्र सरकार ने जहरीली शराब के रोकथाम के लिये सख्त कानून बनाया था, लेकिन अवैध शराब के धंधे पर इसका कोई असर नही हुआ। सरकार घटना होने पर कुछ अधिकारियों को निलंबित कर शांत हो जाती है।जिन अधिकारियों को निलंबित किया जाता है, कुछ दिन बाद पुन:बहाल हो जाते हैं। सरकार को हर अधिकारी की जवाबदेही तय करनी चाहिये। जिन अधिकारियों को निलंबित किया गया, क्या वे कभी शराब की दुकानें देखने और अवैध शराब का पता लगाने जाते हैं। सक्रिय, सजग, सख्त और जवाबदेह प्रशासनतन्त्र प्रदेश के हर जिले में होना चाहिये। आज उप्र के गाँवो को देखने ब्लाक के बीडियो के पास समय नहीं। सफाई कर्मी गांवो में महीने में चार दिन सफाई करने जाते हैं। प्रदेश में सफाई कर्मी जब ड्यूटी नही करते तो अधिकारियों की बात ही नही की जा सकती।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### खत्म हुआ इंतजार

**स्वदेश** निर्मित वैक्सीन ने समस्त विश्व में भारत का दबदबा और मजबूत कर दिया है।भारत अपने शांति और कर्म के पथ पर अग्रसर है। कोविशील्ड और को वैक्सीन नामक दो वैक्सीन को आगामी हफ्ते में लगाना शुरू कर दिया जाएगा। बताया जा रहा कि ड्राई रन के दस दिन के अंदर ही टीकाकरण शुरू कर दिया जाता है।ऐसे में भारत अब टीकाकरण के लिए पूरी तरह से तैयार है।आज प्रधानमंत्री मोदी, सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और पदाधिकारियों से संवाद करेंगे।जिसमें वैक्सीन के वितरण को लेकर चर्चा करने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने ट्वीट के जरिए बताया की आगामी 16 जनवरी से देश नए कार्यभार को जिम्मेदारी से निर्वहन करेगा। भारत अब न सिर्फ अपने देशवासियों को बल्कि समस्त विश्व को मानवता के रक्षा के लिए हरसंभव मदद करने के लिए अग्रसर है। अपने पड़ोसी मुल्कों को भी, भारत पर पूरा विश्वास है। भारत वैसे ही फार्मा के क्षेत्र में विश्व में सर्वश्रेष्ठ पायदान पर है व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




“**मुझे** यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के सभी लोगों तक वैक्सीन मुफ्त मुहैया कराने की व्यवस्था कर रही है।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री



**यद्यपि** मैं चुनाव परिणाम से असहमत हूं, इसके बावजूद 20 जनवरी को सत्ता का हस्तांतरण विधिसम्मत रूप से होगा।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**यदि** वो अद्वितीय रूप से दोहरे महाभियोग का सामना करना चाहते हैं तो वो और उनकी कैबिनेट जाने कि उन्हें पद पर रहना चाहिए या नहीं।

– **नैन्सी पेलोसी**
अमेरिकी प्रतिनिधि सदन की स्पीकर”

# कार का टायर फटने से डॉक्टर व टेक्नीशियन सहित दो की मौत

● मिर्जामुराद के डंगहरिया गांव के पास हुई मौत, पीछे से किसी बड़े वाहन के कार के पिछले पहिये में टक्कर मारने से हुई घटना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मिर्जामुराद क्षेत्र** के डंगहरिया गांव के पास हाइवे पर शनिवार की देर रात टायर फटने से अनियंत्रित हुई तेज रफ्तार कार पलटने से नेत्र चिकित्सक ड़ाण्संजय सिंह 36 और टेक्नीशियन सुमित कुमार पांडेय 35 की मौत हो गई। मीरजापुर जिले के नरायनपुर जमुआ निवासी चन्द्रबली सिंह के पुत्र ड़ाण्संजय सिंह भदवर स्थित हेरिटेज मेडिकल संस्थान में नेत्र चिकित्सक थे। नेत्र चिकित्सक शनिवार की रात अपनी कार यूपी 65 बी वाई 1576 पर सवार होकर प्रयागराज से टेक्नीशियन सुमित कुमार पांडेय संग वाराणसी आ रहे थे। डंगहरिया के पास कार का पिछला दाहिना टायर अचानक फटने से कार हवा में उछल कर डिवाइडर पार करते हुए पलटी गई। देर रात हादसे में कार सवार चिकित्सक व टेक्नीशियन गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजाए जहां दोनों को ही हादसे में मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सक के मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने रात में ही परिजनों को हादसे की बाबत सूचित कर दिया। मिर्जापुर जिले के कछवां थानांतर्गत नरायनपुर जमुआ निवासी पूर्व ग्रामप्रधान चन्द्रबली सिंह के तीन पुत्रो में ज्येष्ठ रहे पुत्र ड़ाण्संजय कुमार सिंह भदवर रोहनियां स्थित हेरिटेज मेडिकल संस्थान में नेत्र चिकित्सक थे। चिकित्सक की पत्नी रेनू वर्मा रेडियोलॉजिस्ट हैं। नेत्र चिकित्सक शनिवार की रात अपनी कार लेकर भदोही के चौरी से वापस शहर लौट रहे थे। कार में नेत्र चिकित्सक संग सुल्तानपुर सीतापुर के इमलिया थानांतर्गत सरना गांव निवासी टेक्निशियन ड़ा सुमित पांडेय भी सवार रहे। मिर्जामुराद थानांतर्गत डंगहरिया के पास कार के पिछले हिस्से में अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से पिछला दाहिना टायर अचानक फटने से कार अनियंत्रित हो कर हवा में उछल डिवाइडर पार करते हुए पलटी गई। हादसे में कार सवार चिकित्सक व टेक्नीशियन गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को बीएचयू ट्रामा सेंटर भेजाए जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पति के मौत की खबर लगते ही रेडियोलॉजिस्ट गर्भवती पत्नी रेनू रोते-बिलखते बेसुध हो गई।

## जलकल की पाइप फटने से मार्ग जलमग्न, क्षेत्रीय लोगों ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** लहरतारा चौराहे से गेट नंबर 4 वाले मार्ग में जलकल की पाइप लाइन फटने से पूरे मार्ग पर पानी फैल रहा है जिससे क्षेत्रीय गिरकर चोटिल हो रहे है। रविवार को इसी मार्ग को लेकर क्षेत्रीय नागरिक रोहित जायसवाल ने दर्जनों लोगों के साथ धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन स्थल पर क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा कार्य कराया जा रहा है जिससे जेसीबी ने जमीनी कार्य करते हुए पीने के पाइप को कई जगह तोड़ दिया है जिससे पूरे मार्ग में पानी के पाइप से पानी फैल रहा है जिससे आम जनता को आने-जाने में काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सेतु निगम के अधिकारियों को चेतावनी भरे शब्दो में कहा कि अगर सेतु निगम ने तत्काल फटे पाइप का तत्काल नहीं कराया गया तो क्षेत्रीय नागरिक लहरतारा मार्ग को जाम कर विराट प्रदर्शन करेगें। धरना-प्रदर्शन में मनीष जायसवाल, उमेश जायसवाल, बबलू गुप्ता, शशांक जायसवाल, राजेश गुप्ता, विकास सिंह, आलोक पाण्डेय, सूरज जायसवाल, इत्यादि लोग रहे।

# मिर्जामुराद क्षेत्र के बगीचे में एक दर्जन से ज्यादा गिलहरियों की मौत, मचा हड़कम्प

● मौके पर वन अधिकारी पहुंचे और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गिलहरियों का किया पोष्टमार्टम

● पीएम रिपोर्ट में विषाक्त पदार्थ खाने से हुई मौत की पुष्टि

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मिर्जामुराद** क्षेत्र में बर्ड फ्लू की दस्तक के बीच रविवार की सुबह गुरुदासपुर गांव के बगीचे में दर्जनभर गिलहरियां मृत मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और गिलहरियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सा केंद्र पर ले गए। पीएम रिपोर्ट में विषाक्त पदार्थ खाने से गिलहरियों के मौत की पुष्टि हुई है। मिर्जामुराद थानांतर्गत गुरुदासपुर गांव में पिचमार्ग के किनारे कोर्री गांव निवासी सूर्यबली सिंहए त्रिभुवन व सुभाष का संयुक्त रूप से आम का बगीचा है। ग्रामीण सुबह जब बगीचे की ओर गए तो पेड़ के नीचे जगह.जगह दर्जनभर गिलहरियां मृत पड़ी हुई थीं। पीयूष कुमार सिंह ने इस बाबत तहसीलदार नीलम उपाध्याय को सूचना दी। तहसीलदार के निर्देश पर वन विभाग के वनरक्षक किरण कपूर मौके पर पहुंचे। वहीं अजय सिंहए पीयूषए शुभमए बब्बू व नितेश नामक युवाओं के सहयोग से वनरक्षक बगीचे में पड़े गिलहरियों के शव को बोरी में भरकर पोस्टमार्टम कराने हेतु जक्खिनी पशु चिकित्सा केंद्र पर ले गए। वनरक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गिलहरियों की मौत का कारण विषाक्त पदार्थ का सेवन आया है। आशंका है कि बगीचे के बगल में स्थित खेत में लगी मटर की फसल पर कीटनाशक दवा के छिड़काव के बाद उसे खाने से गिलहरियों की मौत हुई होगी।

## महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आएंगे आगे

**प्रयागराज।** तमाम कोशिशों के कई महत्वपूर्ण योगदान वाले कार्यक्रम शुरू हुए हैं। कल्याणी रीम शेख एवं मल्हार सेहबान अज़ीम जैसे किरदारों ने सभी के दिलों में जगह बना ली है। ज़ी टीवी का पॉपुलर फिक्शन शो तुझसे है राब्ता अपनी दिलचस्प कहानी के चलते दर्शकों का फेवरेट बन गया है। दोनों किरदार इस शो में कुछ अप्रत्याशित मोड़ ला रहे हैं जो दर्शकों में भारी उत्सुकता जगा रहे हैं। इस शो में हाल ही में एक नया हाईलाइट देखा गया। जहां मल्हार की मौत हो जाती है। हालांकि शो के मेकर्स ने अब उनके हमशक्ल शेरा यह रोल भी सेहबान अज़ीम ही निभा रहे हैं के रूप में एक नया रोमांचक ट्विस्ट पेश किया है। जहां उनके किरदार में हरियाणवी फ्लेवर भी जोड़ा गया है। इस हुलिए और नए किरदार के बारे में बात करते हुए सेहबान ने कहा कि शेरा का हुलिया और स्टाइल मल्हार के स्टाइल से बिल्कुल अलग है। जो कि मल्हार से बिल्कुल अलग है। ज्यादा जानने के लिए देखिए तुझसे है राब्ता हर सोमवार से शनिवार रात साढ़े आठ बजे सिर्फज़ी टीवी पर आएगा। इस कार्यक्रम के लिए विशेष तैयारी की गई है।

## हिंदी भाषी व्यक्तियों को नए वर्ष में मिला उपहार

**प्रयागराज।** एक नए दशक के साथ नए साल की शुरुआत हुई है। नए साल का बेहतर और शानदार स्वागत करते हुए नए शोज़ के रूप में दर्शकों को बेहतरीन तोहफ़ा दिया है। हिंदी भाषी दर्शकों को शेमारू टीवी ने नए साल का उत्तम उपहार दिया गया है। यह हर दिन कुछ नया और बेहतरीन लेकर आता है। ताकि लोगों का जीवन मनोरंजन के रंगों से सराबोर और हंसी खुशी की फुलझड़ियों से गुलज़ार रहे। पौराणिक कथाओं से लेकर क्लासिक्स और ड्रामा तक हर तरह के शोज़ को लाकर हमेशा अपने दर्शकों की भावनाओं का पूरा ख्याल रखा है। सुहानी सी एक लड़की सात जनवरी से हर शाम छह बजे शुरू हुआ है। प्रादेशिक भाषाओं को लेकर कई तरह के जागरूकता अभियान भी चलाये गए हैं।

# तेजी से चल रहा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण कार्य: डॉ. नीलकंठ तिवारी

● काशी के पर्यटन को एक नई पहचान मिलेगी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**मलदाहिया स्थित** एक होटल में टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन (टीडब्लूए) ने काशी में भव्य देव दीपावली के आयोजन कराने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति व धर्मार्थ मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी का सम्मान समारोह आयोजित किया। काशी में देव दीपावली का स्वरूप हमेशा से भव्य रहा है लेकिन विश्व में इस आयोजन का प्रचार वैसा नहीं हो पाता था, जितना भव्य यह दीपोंत्सव है। कोरोना महामारी के कारण इस आयोजन की उम्मीद पर्यटन उद्यमियों को नही थी, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा इस बार की काशी की देव दीपावली आयोजित हुई बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से देश-विदेश में इसका अच्छा प्रचार प्रसार भी हुआ। जिसका लाभ आने वाले समय में पर्यटन उद्योग को मिलेगा। पर्यटन उद्यमियों ने मंत्री नीलकंठ तिवारी को सम्मान पत्र, स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए देव दीपावली आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केंद्रीय देव दीपावली समिति को व वरिष्ठ नाविक श्यामलाल का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री नीलकंठ तिवारी ने कहा कि काशी में जितने भी पर्यटन विकास के कार्य हुए है और चल रहे है, देश के टूर ऑपरेटर्स को दिखाइए। टीडब्लूए के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए पर्यटन मंत्री ने विभाग को निर्देशत करते हुए कहा कि इस आयोजन को जल्द ही बना कर महाशिवरात्रि के अवसर पर टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित कर सभी प्रमुख पर्यटक स्थल पर ले जाइए। डाक्टर नीलकंठ ने कहा कि पीएम मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का कार्य तेजी से चल रहा है। जो पूरा होते ही काशी के पर्यटन क्षेत्र को एक नई पहचान मिलेगी व पर्यटन उद्योग को गति मिलेगी। कार्यक्रम में बनारस होटल ऐसोसिऐशन के अध्यक्ष गोकुल शर्मा, टूरिज्म वेलफेयर ऐसोसिऐशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह व अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, केंद्रीय देव दीपावली समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, विवेक तिवारी, देवेश अग्रवाल, विक्रम सिंह, अनूप सेठ, दिलीप पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## काशी क्षेत्र के चुनाव प्रभारी सुब्रत पाठक ने बाबा विश्वनाथ एवं कालभैरव के मंदिर में किया दर्शन-पूजन



● गोलघर स्थित एक चाय की दुकान पर मंत्री डॉ0 नीलकंठ व सांसद श्री पाठक एवं महानगर अध्यक्ष ने ली चाय की चुस्की

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं कन्नौज के सांसद तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव काशी क्षेत्र के प्रभारी सुब्रत पाठक ने रविवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में पहुँचकर दर्शन-पूजन किया एवं मत्था टेका। इस अवसर पर प्रदेश के धर्मार्थ राज्यमंत्री डॉ0 नीलकंठ तिवारी एवं महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय भी रहे। दर्शन-पूजन के बाद कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक ने गोलघर स्थित एक चाय की दुकान पर बैठकर मंत्री एवं अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चाय की चुस्की ली एवं बनारसी मगई पान का लुफ्त उठाया। 'पायनियर संवाददाता'से बातचीत में बताया कि रविवार को संगठन के पदाधिकारियों के संग बैठक कर 2022 विधानसभा की चुनाव के लिए रणनीति तय करेगें तथा संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरेगें। इस अवसर पर बीजेपी काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अशोक चौरसिया, महानगर उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करेगा किन्नर अखाड़ा: टीना

● किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि ने माघमेला में शिविर के लिए किया भूमि पूजन

● कहा- अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष किन्नरों के प्रति बदलें अपनी सोच

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**किन्नर अखाड़ा** प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरि टीना माँ ने कहा कि सनातन धर्म को मजबूत करते हुए धर्म से विमुख हो चुके लोगों को फिर से सनातन धर्म में लाना है। कहा कि आज इसाई और इस्लाम धर्म के लोगों के निशाने पर सनातन धर्म के गरीब और कमजोर वर्ग के लोग हैं लेकिन हमारे यहाँ के सनातन धर्म के जो प्रमुख लोग हैं वह इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। इससे सनातन धर्म को भारी क्षति हो रही है। कौशल्या नंद गिरि ने यह बातें माघ मेला के ओल्ड जीटी रोड और संगम लोवर स्थित चौराहे पर रविवार को शिविर के भूमि पूजन के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश बदल रहा है। लोग चांद पर जा रहे हैं लेकिन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि को किन्नरों के प्रति सोच बदलनी चाहिए। उनको आगे बढ़कर किन्नरों की मदद करते हुए समस्याओं का निस्तारण करना चाहिए। क्योंकि वह सनातन धर्म से हैं। मुगलों ने सनातन धर्म के बच्चों को सबसे ज्यादा किन्नर बनाकर उनका धर्म बदला था लेकिन आज जब किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज इस्लाम धर्म से वापस सनातन धर्म में बच्चों को वापस ला रहे हैं और उनको सभी प्रकार से मजबूत कर रहे हैं तो यह कार्य अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि को अच्छा नहीं लग रहा है। स्वामी कौशल्या नंद गिरि ने कहा कि शिविर में मकर संक्रांति से लेकर माघी पूर्णिमा तक कथा प्रवचन यज्ञ सास्कृतिक कार्यक्रम जागरूकता कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रम होगा।

# बीएसए कार्यालय से महीनों से लापता चल रहे हैं बाबू

● फिर भी चल रही नौकरी, निकल रहा है वेतन

**उन्नाव।** अध्यापक दस मिनट स्कूल विलम्ब से पहुंचता है, बीईओ की रिपोर्ट पर शिक्षक से स्पष्टीकरण प्राप्त किये बिना ही वेतन काट दिया जाता है। लेकिन बीएसए कार्यालय के एक सीनियर बाबू सात माह से लापता है, वेतन भी धड़ल्ले से मिल रहा है। बाबू को आवंटित कार्य उनके सजातीय कनिष्ठ लिपिक धड़ल्ले से निपटा रहे हैं। इसे क्या कहेंगे आप? जिम्मेदारों की दरियादिली या कुछ और? मामले का सच क्या है, यह तो विभाग के लोग ही जानते होंगे, लेकिन यह मामला चर्चा का विषय बन चुका है। सूत्रों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाल लिये जायें। पदोन्नति में आने वाले एक वरिष्ठ राजकीय लिपिक आने के बाद से लापता है। किसी अन्य कार्यालय में भी उनकी उपस्थिति नहीं है। मदिरा की लय में हर समय मस्त रहने वाले बाबूजी कोई कार्य तो करते ही नहीं हैं, लेकिन कार्यालय में भी बैठे नहीं देखे जा रहे हैं। उनके कार्य बिना लिखा पढ़ी के एक कनिष्ठ लिपिक निपटा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज देखकर सच्चाई देखी जा सकती है। पैसा आड़े न आये इसके लिए वेतन देने में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। जिम्मेदारों की दरियादिली का आलम देखना हो तो बीएसए के कार्यालय चले जाओ। ब्लाक के बाबू को बीआरसी में होना चाहिए, उसे शासनादेश के विरूद्ध सम्बद्ध रखा गया है। डाक डिस्पैच के नाम पर लाये गये इस ब्लाक के लिपिक नई नौकरी में कुछ सीख पाते उसके पहले मृतक आश्रितों की नियुक्तियों का पटल सीनियर बाबुओं को नजर अन्दाज कर सौंप दिया गया है। इनकी पत्रावलियां स्थानान्तरित लिपिक के सहयोग से आज भी चल रही हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी से जब इस संबध में पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो फोन कवरेज एरिया के बाहर बताता रहा।

## क्विक न्यूज

### नीचीबाग में धर्मार्थ मंत्री ने की जनसुनवाई

**वाराणसी।** नीचीबाग स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य राज्यमंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने जनसुनवाई की। अधिकांश शिकायतों में जलकलए स्वास्थ्य विभाग एवं विद्युत विभाग की समस्यायों का सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं कराटे चैंपियन छात्राएं भी स्कालरशिप के लिए पहुंची थीं जिसे सम्बन्धित अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर समाधान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ वीबी सिंहए महानगर उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तवए महानगर मंत्री डॉ हरि केसरीए महानगर मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठए मंडल अध्यक्ष नलिन नयन मिश्रए गोपाल गुप्ता व संदीप चौरसिया के साथ पार्षद प्रदीप कसेराए रोहित जायसवालए शिवप्रकाश मौर्यए विवेक जायसवालए योगेश सिंह बबलूए योगेश सिंह पिंकूए अरूण सोनीए अभय यादवए धीरज गुप्ता बाबूए संजय केशरी आदि सैकड़ों नागरिक व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएम ने किया स्वास्थ्य मेला का औचक निरीक्षण



**वाराणसी।** जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने शिवपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का किया निरीक्षण किया। जनता को बेहतर सवास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा से मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जा रहा है। रविवार को जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने शिवपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि आरोग्य मेला में ओपीडी सेवाओं के साथ-साथ टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, काला बाजार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी, आवश्यक जांच उपचार एवं जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अभियान की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरण भी किया जाएगा। गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन परामर्शदाता सेवाएं लोगों को दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही आरोग्य मेला में सुनिश्चित कराया जा रहा है। बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया के रोकथाम, बचाव एवं उपचार की भी जानकारी लोगों को दी जा रही है।

### डिजिटलीकरण की वास्तविक क्षमता बनाएगी सशक्त

**प्रयागराज।** बहुत बड़ी आबादी के लिए मददगार साबित होगा। जो डिजिटलीकरण का लाभ लेना चाहते हैं। आईटेल के माध्यम से वे मनोरंजन शिक्षा वित्तीय समावेशन व व्यवसाय संबंधी अपनी जरूरतों को आराम व सुविधा के साथ पूरा कर सकेंगे। महज़ छह महीनों के कार्य से साबित होता है कि लोगों के बीच इस ब्रांड की विश्वसनीयता और स्वीकार्यता कितनी ज्यादा बढ़ी है। ग्राहक केन्द्रियता मजबूत वितरण नेटवर्क दमदार सर्विस सपोर्ट और अलग अलग जगहों के मुताबिक मार्केटिंग सम्प्रेषण भारत में कामयाबी के ये चार स्तंभ रहे हैं। भारत में अपने कामयाब सफर को आगे बढ़ाते हुए घोषित किया कि देश में उसके सात करोड़ से अधिक प्रसन्न उपभोक्ता हो गए हैं। कारोबार शुरु करने के मात्र पांच वर्षों में ही यह मुकाम हासिल कर लिया है। गौरतलब है की छः करोड़ ग्राहकों के बाद सात करोड़ ग्राहकों के आंकड़े तक पहुंचने का सफर के लिए सबसे तेज़ रहा है। सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा कि बीते पांच सालों के दौरान आईटेल की वृद्धि मजबूत रही है। हमने सफलतापूर्वक इस सैगमेंट के शीर्ष तीन ब्रांडों में अपनी जगह बनाई है। अपने नए ब्रांड विज़न के साथ लोगों को डिजिटलीकरण की वास्तविक क्षमता का ऐहसास कराते हुए उन्हें सशक्त बनाएगा।

### नशे में घुत्त सिपाही वायरल वीडियो से चर्चा में

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थाना क्षेत्र की चौकी ऊगू में तैनात नशे में धुत्त सिगरेट पीते सिपाही का वायरल वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। गत दिनों एक विवाद के चलते हुए स्थानांतरण को अपने रुतबे एवं विभागीय पकड़ से रुकवाने में सफल रहे सिपाही की कार्यशैली पर लगाम लगाने से उच्चाधिकारी भी बचते है। थाना फतेहपुर चौरासी की ऊगू चौकी में तैनात सिपाही महेश यादव इन दिनों अपने रौबीले अंदाज के लिए पूरे क्षेत्र में चर्चित है। गत दिनों महाशय कस्बा ऊगू के प्रमुख चौराहे पर शराब पीकर सड़क के किनारे लोगो के बीच सिगरेट पीते दिखाई दिए जिसका शोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चले कि कुछ दिनों पूर्व एक विवाद के चलते इनका स्थानांतरण हो गया था। किन्तु विभाग में अच्छी पकड़ व अपने रुतबे के दम पर महाशय अपना स्थानांतरण रुकवाने व ऊगू चौकी में ही तैनाती पाने में सफल रहे थे। परिणामस्वरूप उच्चाधिकारी भी इनकी कार्यशैली पर लगाम लगाने व टिप्पड़ी करने से बचते है। इनकी बेलगाम कार्यशैली के पीछे कारण कुछ भी हो किन्तु इससे क्षेत्रीय लोगो मे आक्रोश है।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले आयोजित



**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम जगत नगर और गौरियाकला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर आज चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने फीता काटकर मेलो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री कटियार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें आम जनमानस के स्वास्थ्य सुरक्षा और शिक्षा के प्रति सतर्क हैं। आज संपूर्ण प्रदेश में आम जनता के लिए स्वास्थ्य मेले आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें खासकर चिकित्सा से वंचित निर्धन तबके के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क किया जा रहा है। आज ग्राम जगत नगर स्थित मेले में कुल 46 पुरुषों, 42 महिलाओं तथा 22 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जबकि गरीब परिवारों के कुल 28 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। इसी प्रकार गौरियाकला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 11 पुरूषों और 19 महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। साथ ही 25 परिवारों के गोल्डन कार्ड भी बनाकर उन्हें सौंपे गए। दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉ मानवेंद्र गौतम, डॉ इरफान, मुन्नू लाल भारती, रजनीश कुमार, डॉक्टर सीके गौतम तथा फार्मासिस्ट शरद कुमार तिवारी आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया और मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की।

# माफिया अतीक अहमद के खास शूटर एजाज अख्तर का मकान जमींदोज

● प्रयागराज में ऑपरेशन नेस्तनाबूद की 44 वीं कार्रवाई, प्रयागराज और कौशांबी जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज हैं एजाज अख्तर पर दो दर्जन से ज्यादा एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**संगम नगरी** प्रयागराज में ऑपरेशन नेस्तनाबूद के तहत रविवार को प्रयागराज पुलिस ने पूर्व बाहुबली सांसद एवं माफिया अतीक अहमद के खास गुर्गे एजाज अख्तर के दो मंजिला मकान पर बुलडोजर चलवा दिया। करोड़ों के मकान का ध्वस्तीकरण बिना नक्शा पास कराए जाने की वजह से कराया जा रहा है। इस दौरान सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। दो साल पहले पेशी पर ले जाने के दौरान पुलिस पर हमला करके भागने की कोशिश एजाज ने की थी। नगर के धूमनगंज थाना अंतर्गत उमरी गांव निवासी हार्डकोर क्रिमिनल एजाज अख्तर पर प्रयागराज और कौशांबी जिले के विभिन्न थानों में हत्या हत्या के प्रयास रंगदारी गुंडागर्दी जमीन कब्जा करने समेत करीब दो दर्जन से अधिक एफआईआर दर्ज है। एजाज अख्तर गुजरात के अहमदाबाद जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के खास गुर्गो में शामिल है। पुलिस का दावा है कि वह अतीक एंड कंपनी के हर नैतिक एवं अनैतिक कार्य में शामिल रहा है। दो साल पहले जेल से कोर्ट में पेशी पर ले जाने के दौरान उसने शहर के शिवकुटी इलाके से पुलिस पर हमला करके भागने की कोशिश थी लेकिन पुलिस के दो सिपाहियों ने जबाज़ी से लड़ते हुए उसे पकड़ लिया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी आलोक पांडेय ने बताया कि एजाज अख्तर धूमनगंज थाना क्षेत्र के उमरी गांव में दो मंजिला मकान है। जिसका नक्शा नहीं पास कराया गया है। वह अवैध था। इसलिए आज उसके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। प्रयागराज में ऑपरेशन नेस्तनाबूद के तहत की जा रही कार्रवाई में यह 44 वीं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई है।

# वृहद स्तर पर आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

संवाददाता। उन्नाव

**जनपद** के सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए लोगों को प्रचार साहित्य के माध्यम से जागरूक किया गया एवं उपचार का बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए रोगों को उनके प्रारंभिक अवस्था में चिन्हित करने के लिए चिकित्सकों द्वारा उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण के दौरान जानकारी देते हुए जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक साथ एलोपैथिक चिकित्सकों आयुष विभाग एवं होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक यूनानी पद्धति के चिकित्सकों, बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रहीं हैं। शुक्लागंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मेला में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों पैरा मेडिकल कर्मियों से दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी की। उन्होंने कहा शासन की मंशा है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।



# अधीनस्थ के मोह में विभागीय दिशा निर्देशों को भूले बीएसए

● पूर्व एबीआरसी के कथित अटैचमेंट व सेवा पुस्तिकाओं के रखरखाव के लिए बीईओ जवाबदेह, फिर भी क्लीनचिट

संवाददाता। पाटन, उन्नाव

### बोले जिम्मेदार

**मामले** में बीईओ जिम्मेदार थे, फिलहाल उनके बताए आधार पर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही कर दी गई है। जांच आख्या आने के उपरांत आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। गायब 34 में से 13 पंजिकाओं की द्वितीय प्रति जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

– प्रदीप कुमार पांडेय, बीएसए उन्नाव

**अधीनस्थ अपने** दायित्वों को भूलें तो उन्हे राह पर लाने का कार्य महकमे के उच्चाधिकारियों का होता है। किंतु उनकी गलतियों मे यदि जिम्मेदार भी सुर से सुर मिलाने लगें तो व्यवस्था का बेड़ा गर्क समझिए। कुछ ऐसा ही हाल जिले के बेसिक शिक्षा विभाग का है। यहां विभागीय दिशा निर्देशों के खुद बीएसए की नजर में क्या माइने हैं इसका अंदाजा लगाने के लिए हाल ही में सुर्खियों में रहा शिक्षकों की गायब सेवा पुस्तिकाओं के मामले से लगाया जा सकता है। जहां बीईओ को संरक्षित रखने की धुन में विभागीय नियम कायदों को बीएसए ने ही ताख पर रख दिया। अधीनस्थ के मोह में उन्हें शासनादेश तक याद नहीं रहे। बता दें कि ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर से 34 शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं गायब हो गई थी।जिसमें बीएसए स्तर से कोई प्रभावी कार्यवाही न किए जाने से परेशान शिक्षकों ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। मामले में शिकंजा कसता देख बीएसए ने खुद को बचाने के लिए गत 15 दिसंबर को नयी सेवा पुस्तिकाएं बनाने के निर्देश तो दे दिए किंतु कार्यवाही के नाम पर खेल कर गए। उन्होंने कथित तौर पर बीआरसी केंद्र में अटैच रहे पूर्व एबीआरसी का निलंबन कर दिया किंतु मैनेजमेंट के फेर में बीईओ को क्लीन चिट दे दी। जबकि विभागीय निर्देशों के मुताबिक, सेवा पुस्तिकाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी बीईओ की होती है। ऐसे में बिना लिखा पढ़ी वे कार्यालय से कैसे गायब हो गई इसकी जवाबदेही उनसे सुनिश्चित की जानी चाहिए थी।

# सेना के कैप्टन ने 20 लाख रुपए के लिए अम्शीपुरा मुठभेड़ की साजिश रची: पुलिस आरोपपत्र

**शोपियां (कश्मीर)।** शोपियां में पिछले साल जुलाई में कथित फर्जी मुठभेड़ में शामिल सेना के कैप्टन ने 20 लाख रुपए की इनामी राशि हड़पने के इरादे से दो नागरिकों के साथ मिलकर एक साजिश रची थी। उक्त कथित फर्जी मुठभेड़ में तीन युवक मारे गए थे। आरोपपत्र के अनुसार सेना के कैप्टन ने सैनिकों द्वारा क्षेत्र की घेराबंदी किए जाने से पहले ही पीड़ितों पर गोली चला दी थी। कैप्टन भूपिंदर सिंह वर्तमान में सेना की हिरासत में है। उनका कोर्ट मार्शल हो सकता है। यह मामला 18 जुलाई, 2020 को यहां के अम्शीपुरा में मुठभेड़ से संबंधित है जिसमें राजौरी जिले के तीन युवक इम्तियाज अहमद, अबरार अहमद और मोहम्मद इबरार मारे गए थे। उन्हें आतंकवादी बताया गया था। इस जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत आरोपपत्र में मामले में दो नागरिकों तबीश नजीर और बिलाल अहमद लोन की भूमिका का भी उल्लेख है। लोन सरकारी गवाह बन चुका है और उसने अपना बयान एक मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया था।

सोशल मीडिया पर यह बात सामने आने के बाद कि तीनों युवक आतंकवाद से नहीं जुड़े थे, सेना ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया था जिसने सितंबर में इसकी जांच पूरी की। उसे इस संबंध में प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिले थे कि सैनिकों ने सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफ्सपा) के तहत मिली शक्तियों का उल्लंघन किया था। इसके बाद सेना ने अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की थी। अम्शीपुरा में मारे गए तीनों युवकों की पहचान की पुष्टि डीएनए परीक्षण के माध्यम से की गई और शवों को अक्टूबर में बारामूला में उनके परिवारों को सौंप दिया गया। 15वीं कोर के जनरल आफिसर इन कमांड लेफ्टिनेंट जनरल बी एस राजू ने कहा था कि समरी आफ एविडेंस पूरी हो गई है और सेना कानून के अनुसार अगली कार्वाई करेगी।

अधिकारियों ने कैप्टन को अफ्सपा 1990 के तहत प्राप्त शक्तियों का उल्लंघन करने तथा सेना प्रमुख के क्या करना है और क्या नहीं, आदेश का पालन नहीं करने के लिए कोर्ट मार्शल की कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष जांच दल द्वारा प्रस्तुत आरोपपत्र में निष्कर्षों के समर्थन में 75 गवाहों को सूचीबद्ध किया है और मामले में शामिल आरोपियों के कॉल डेटा रिकॉर्ड सहित तकनीकी सबूत भी प्रदान किए हैं। आरोपपत्र में सेना के चार जवानों - सूबेदार गारू राम, लांस नायक रवि कुमार, सिपाही अश्विनी कुमार और योगेश के भी बयान हैं जो घटना के समय कैप्टन सिंह की टीम का हिस्सा थे।

दोनों नागरिकों के साथ वे सभी सेना के शिविर से एकसाथ निकले थे क्योंकि इस बात के विश्वसनीय इनपुट थे कि आतंकवादियों से सामना हो सकता है। आरोपपत्र के अनुसार मौके पर पहुंचने पर उन चारों को अलग-अलग दिशाओं से घेराबंदी करने को कहा गया। आरोपपत्र में चारों के बयानों के हवाले से कहा गया, वे वाहन से उतरने के बाद जब पैदल ही मौके पर पहुंच रहे थे, उन्होंने घेराबंदी करने से पहले ही कुछ गोलियों के चलने की आवाज सुनी। इसके अनुसार बाद में कैप्टन सिंह ने उन्हें बताया कि उन्हें गोली चलानी पड़ा क्योंकि छिपे हुए आतंकवादी भागने की कोशिश कर रहे थे।



पुंछ में भारतीय सेना के मेंढर इलाके में विस्फोटक डिवाइस को डिफ्यूज करते हुए बम डिस्पोजल दस्ते के सदस्य

# पुडुचेरी: बेदी के खिलाफ एसडीए का प्रदर्शन तीन दिनों से जारी

**भाषा।** पुडुचेरी

**पुडुचेरी** में कांग्रेस नीत सेक्युलर डेमोक्रेटिक अलायंस (एसडीए) द्वारा उप राज्यपाल किरण बेदी को वापस बुलाने की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से आंदोलन जारी है। मुख्यमंत्री वी नारायणसामी समेत अन्य नेताओं ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया और उन्होंने अपने हाथों में बेदी को वापस बुलाने की अपील वाली तख्तियां ले रखी थीं। सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के मंत्री और विधायक समेत एसडीए से संबद्ध अन्य पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि द्रमुक इसका हिस्सा नहीं है। इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत शुक्रवार से हुई थी। दूसरे दिन शनिवार को नारायणसामी और अन्य प्रदर्शनकारी प्रदर्शन स्थल पर ही सोए थे।

हालांकि अन्नाद्रमुक और भाजपा ने इस प्रदर्शन को राजनीति से प्रेरित और पिछले साढ़े चार साल में चुनावी वादों को पूरा करने में कांग्रेस सरकार की विफलता को छुपाने का प्रयास करार दिया है। केंद्र ने यहां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्रीय सशस्त्र बल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों को तैनात किया है।

एसडीए की योजना राज निवास के घेराव की थी लेकिन पुलिस ने इसके लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद वे इससे एक किलोमीटर दूर मराइमलाई अदिगल सलाई में प्रदर्शन कर रहे हैं। सत्तारूढ़ एसडीए का आरोप है कि बेदी विभिन्न कल्याणकारी और विकास योजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी देने में विफल रही हैं। इससे पहले भी पार्टी ने इसी तरह का प्रदर्शन फरवरी, 2019 में किया था।

## जम्मू-कश्मीर में एसडीआरएफ के तहत भारी बर्फबारी प्राकृतिक आपदा घोषित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के मानकों के तहत भारी हिमपात को राज्य विशिष्ट प्राकृतिक आपदा घोषित किया। उपराज्यपाल यहां राजभवन में ऑनलाइन माध्यमों से कश्मीर संभाग के सभी उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ प्रशासन के शीतकालीन प्रबंधन, विशेष रूप से बर्फ हटाने के प्रयासों का जायजा लेने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। एसडीआरएफ के मानदंडों के तहत प्राकृतिक आपदाओं की सूची में भारी हिमपात को शामिल नहीं किया गया था, जिसके कारण जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के लिए भारी बर्फबारी के कारण होने वाले नुकसान के लिए राहत और अनुग्रह राशि का वितरण संभव नहीं था। प्रवक्ता ने कहा कि अब एसडीआरएफ के तहत अनुग्रह राहत की प्रक्रिया तेज हो जाएगी, जिससे हिमपात प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले प्रभावित लोगों को भारी राहत मिलेगी।

# रजनीकांत, कमल हासन मशहूर अभिनेता, लेकिन राजनीति में हाशिए के खिलाड़ी : अय्यर

**नई दिल्ली।** रजनीकांत और कमल हासन को हाशिए के राजनीतिक खिलाड़ी करार देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि वे मशहूर फिल्मी सितारे रहे हैं लेकिन वे अपने राजनीतिक विचारों से लोगों के नजरिए को प्रभावित करने में असमर्थ हैं। कांग्रेस द्वारा तमिलनाडु चुनाव के लिए गठित तीन प्रमुख समितियों में नामित किए गए अय्यर ने कहा कि अभिनेता रजनीकांत का चुनावी राजनीति में नहीं उतरने के फैसले का कोई असर नहीं पड़ने वाला है क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। अय्यर ने साक्षात्कार में कहा, जब उन्होंने (रजनीकांत) कहा कि वह राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, तब मैंने कहा कि इससे जरा भी असर पड़ने वाला नहीं है, अब जबकि उन्होंने राजनीति में नहीं आने का फैसला किया है, मैं फिर वहीं दोहराता हूं जो मैंने पहले कहा था कि इसका कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, कमल हासन और रजनीकांत हाशिए के राजनीतिक खिलाड़ी से अधिक और कुछ नहीं हैं। पुराने दिनों की बात अलग थी, जब फिल्मी दुनिया से जुड़े एमजी रामचंद्रन (एमजीआर), शिवाजी गणेशन और यहां तक कि जयललिता ने एक क्रांतिकारी सामाजिक संदेश दिया।

तमिलानाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि और सीएन अन्नादुरई भी गहराई से सिनेमा जगत से जुड़े थे और अन्नादुरई के लिखे बेहद दमदार डायलॉग और उन्हें शानदार तरीके से प्रस्तुत करने वाले करुणानिधि ने 1950 के दशक में तमिल सिनेमा में वही भूमिका निभाई, जिस तरह वर्तमान में उत्तर भारत में सोशल मीडिया राजनीति की दशा-दिशा तय कर रहा है। अय्यर ने कहा, हालांकि, इन दोनों (रजनीकांत और हासन) ने कभी सिनेमा का उपयोग राजनीतिक संदेश देने के माध्यम के रूप में नहीं किया, वे वहीं रहे जो हैं यानी बहुत मशहूर फिल्मी सितारे लेकिन वे अपने राजनीतिक विचारों से लोगों के नजरिए को प्रभावित नहीं कर सके। उन्होंने तर्क दिया कि हिंदी सिनेमा में भी अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना लोगों के पसंदीदा सितारे रहे लेकिन वे राजनीति में असफल साबित हुए। कांग्रेस नेता ने कहा कि ठीक यही चीज दक्षिण में भी लागू होती है।

रजनीकांत ने हाल ही में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए चुनावी राजनीति में कदम नहीं रखने का निर्णय लिया था। हासन ने फरवरी 2018 में अपने राजनीतिक दल मक्कल निधी मैयम (एमएनएम) की शुरुआत की थी और 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन वह एक भी सीट जीतने में कामयाब नहीं हुए। तमिलनाडु विधानसभा के प्रस्तावित चुनाव के मद्देनजर प्रचार में जुटे हासन द्रमुक और अन्नाद्रमुक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर निशाना साध रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र : दो दिन में 180 पक्षियों की मौत के बाद लातूर गांव के आसपास अलर्ट जोन घोषित

**औरंगाबाद (औरंगाबाद)।** कई राज्यों में बर्डफ्लू की वजह से उत्पन्न भय के माहौल के बीच महाराष्ट्र के लातूर में अहमदपुर इलाके के 10 किलोमीटर के क्षेत्र को अलर्ट जोन घोषित किया गया है, जहां पर गत दो दिन में 128 मुर्गियों सहित 180 पक्षी मृत पाए गए हैं। लातूर के जिलाधिकारी पृथ्वीराज बीपी ने रविवार को बताया कि पक्षियों की मौत की वजह का पता नही चला है लेकिन एहतियातन यहां से 265 किलोमीटर दूर केंद्रवाड़ी गांव के आसपास अलर्ट जोन घोषित किया गया है। लातूर जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक अलर्ट जोन का अभिप्राय है कि उस इलाके में किसी भी वाहन की आवाजाही, पोल्ट्री, पक्षी, पशु, चारा और खाद आदि की ढुलाई प्रतिबंधित रहेगी। अहमदपुर के तहसीलदार प्रसाद कुलकर्णी ने पीटीआई-भाषा को बताया, शनिवार को गांव में 128 मुर्गियां मृत मिली थी, जबकि रविवार को 52 पक्षी मरे हुए मिले। सभी नमूनों को पुणे जांच के लिए भेजा गया है और नतीजों का इंतजार है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि जहां पर पक्षियों को रखा गया था वहां कम स्थान पर बहुत अधिक पक्षी थे।

### लातूर में बस और ट्रक की टक्कर में एक की मौत, 11 घायल

**लातूर।** लातूर की औसा तहसील में रविवार को एमएसआरटीसी की एक बस को ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत जाधव ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 10 बजे वाघोली के पास नीलगंगा-लातूर राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा, 14 यात्रियों को लेकर बस अकोला की ओर जा रही थी तभी उसे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक यात्री की मौत हो गई और 11 गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रक का चालक मौके से भाग गया और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की विशेष शाखा ने एक 42 वर्षीय व्यक्ति को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जैसलमेर के लाठी गांव निवासी सत्यनारायण पालीवाल के रूप में की गई है। आरोपी को पुलिस ने पकड़ा था, खुफिया एजेंसियों ने एससे पूछताछ की और बाद में सीआईडी (विशेष शाखा) द्वारा अधिकारिक गोपनीय अधिनियम के तहत उसे गिरफ्तार किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (इंटेलीजेंस) उमेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के सम्पर्क में था और सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय सेना से संबंधित जानकारी साझा कर रहा था। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना से संबंधित कुछ दस्तावेज भी उसके मोबाइल फोन से बरामद किए गए है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### महाराष्ट्र: गहनों की दुकान पर गोलीबारी में तीन लोग घायल

**ठाणे।** जिले के अंबरनाथ में रविवार दोपहर आभूषणों की एक दुकान पर चार लोगों द्वारा की गई गोलीबारी मे तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दो मोटरसाइकिलों पर पहुंचे हमलावरों ने गोलीबारी की जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने सात गोलियां चलाईं। आभूषणों की दुकान को लूटने की कोशिश हालांकि असफल रही और हमलावर मौके से तुरंत भाग गए। उन्होंने कहा कि तीनों घायल लोगों को उल्हासनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए है और आगे के ब्योरे की प्रतीक्षा है। अधिकारी ने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए इलाके में नाकाबंदी की गई है।

### सुधांशु ने मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली

**गुवाहाटी।** न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने रविवार को गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। गौहाटी उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह ने उन्हें राजभवन में एक कार्यक्रम के दौरान पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल, विधि मंत्री सिद्धार्थ भट्टाचार्य, मुख्य सचिव जिश्नु बरुआ, पुलिस महानिदेशक भास्कर ज्योति महंता, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### गोवा में कोविड-19 के 61 नए मामले, 100 मरीज ठीक हुए

**पणजी।** गोवा में रविवार को कोविड-19 के 61 नए मामले सामने आए, जिससे राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 51,856 हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य मे कोविड-19 संक्रमण से एक और मरीज की मौत हो गई। संक्रमण से अब तक कुल 747 मरीजो की मौत हो चुकी है। अधिकारी ने बताया कि रविवार को 100 रोगियों को स्वस्थ होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दी गई, जिसके बाद इस तटीय राज्य में ठीक हो चुके मरीजों की संख्या बढ़कर 50,277 हो गई। अधिकारी ने बताया कि गोवा मे उपचाराधीन मरीजो की संख्या अब 832 है।




कोयंबटूर में डीएमके की महिला विंग सचिव कोनिमोई पोलाची यौन उत्पीड़न के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए।

# पोलाची यौन उत्पीड़न मामले में शामिल सभी व्यक्तियों को न्याय के कटघरे में लाएंगे: कनिमोई

**भाषा।** कोयंबटूर

**द्रमुक** नेता एम. कनिमोई ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी एक बार सत्ता में लौटने पर यह सुनिश्चित करेगी कि सनसनीखेज पोलाची यौन उत्पीड़न मामले में पीड़ितों को न्याय मिले और मामले में शामिल सभी व्यक्ति दंडित हों। कनिमोई ने पास के पोलाची में एक विरोध प्रदर्शन रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक, पार्टी के छात्रसंघ नेता अरुलालांदम को बचाने का प्रयास कर रही है जिसे हाल ही में इस मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस मामले में शामिल कई अन्य पार्टी से संबंधित हैं। उन्होंने दावा किया कि द्रमुक तब तक लड़ाई जारी रखेगी जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

द्रमुक की महिला इकाई की सचिव कनिमोई ने कहा कि आरोपी जितने भी प्रभावशाली हों उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा क्योंकि आने वाले विधानसभा चुनावों के बाद शासन में बदलाव होगा। कुछ आरोपियों की तस्वीरें अन्नाद्रमुक नेताओं के साथ आनलाइन आने का जिक्र करते हुए द्रमुक सांसद ने दावा किया कि यह मंत्रियों के साथ उनके संबंधों का स्पष्ट प्रमाण है।

कनिमोई ने यह सवाल किया कि मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी, जो खुद एक किसान होने का दावा करते हैं, केंद्र के नए कृषि कानूनों का क्यों समर्थन कर रहे हैं, जिसके खिलाफ सैकड़ों किसान दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले, कनिमोई और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को कोयंबटूर पुलिस ने विरोध स्थल पर जाने से रोका था, जिसके बाद वे सड़क पर बैठ गए। हालांकि, कनिमोई को आगे बढ़ने दिया गया। विरोध प्रदर्शन में द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं एमडीएमके, केएमडीके, वीसीके, एसडीपीआई के प्रतिनिधि शामिल थे।

# भोपाल में जारी टीके कोवैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण को अविलंब बंद किया जाए : गैस संगठन

**भाषा।** भोपाल

**भोपाल में** यूनियन कार्बाइड गैस काण्ड के पीड़ितों के लिए काम कर रहे चार संगठनों ने रविवार को केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर भोपाल में जारी स्वदेशी टीके कोवैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण को अविलंब बंद करने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को भेजे गए पत्र में इन संगठनों ने कोवैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण में भाग ले रहे लोगों की सुरक्षा और उनके हकों को नजरअंदाज करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और संस्थाओं के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई और परीक्षण के प्रतिभागियों के सेहत को पहुँची नुकसान के लिए मुआवज़े की मांग भी की है।

1984 में हुए विश्व की भीषणतम औद्योगिक त्रासदी भोपाल गैस कांड के पीड़ितों के लिए काम कर रहे इन संगठनों ने इस पत्र की प्रति मीडिया से साझा की है। इस पत्र में भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी, भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एण्ड एक्शन की रचना ढींगरा, डाव कार्बाइड के खिलाफ बच्चे की नौशीन खान और भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा के नवाब खान ने हस्ताक्षर किए हैं।

रशीदा बी ने कहा, इस टीके को, जिसके बारे में यह मालूम नहीं है कि यह कितनी सुरक्षित है, के परीक्षण में शामिल 1700 लोगों में से 700 लोग यूनियन कार्बाइड के जहर से ग्रस्त हैं। टीका लगने के 10 दिनों के अन्दर एक गैस पीड़ित की मौत हो चुकी है और बहुत लोग अभी भी गम्भीर तकलीफें झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि करीब 12 साल पहले भोपाल मेमोरियल अस्पताल में विदेशी दवा कम्पनियों के दवाओं के क्लीनिकल परीक्षणों में 13 गैस पीड़ितों की मौत के लिए आज तक किसी को भी सज़ा नहीं दी गई है। रशीदा ने कहा, हम लोग प्रधानमन्त्री को इस उम्मीद के साथ लिख रहे हैं कि फिर से वही इतिहास दोहराया न जाय। भोपाल गैस पीड़ितों के संगठनों की ओर से उन्होंने यह माँग की कि कोवैक्सीन के परीक्षण में शामिल गैस पीड़ित मृतक के परिवार को कोरोना योद्धाओं को दिया जाने वाला 50 लाख रुपए दिए जाए।

भोपाल में जारी इस क्लीनिकल परीक्षण में व्याप्त अनियमितताओं को रेखांकित करते हुए रचना ढींगरा ने कहा, इस परीक्षण में ऐसे लोगों को शामिल किया गया है जिनका स्वास्थ्य यूनियन कार्बाइड के जहर से पहले ही बिगड़ा हुआ है और उन्हें बगैर जानकारी दिए और उनके सहमति के बगैर इस परीक्षण में शामिल किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, टीका लगवाने के बाद परीक्षण में भाग ले रहे लोगों को हुई तकलीफों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा जा रहा है और कई जब अपनी तकलीफों के लिए अस्पताल पहुँचे तो उन्हें उपचार देने बजाय वापस कर दिया गया। जो लोग परीक्षण में शामिल होकर हट गए हैं या जिन्हें हटा दिया गया है, उनके सेहत की कोई निगरानी रखी नहीं जा रही है और ना ही उनका इलाज किया जा रहा है।

भोपाल गैस पीड़ितों के संगठनों की माँगों पर बात करते हुए शहज़ादी बी ने कहा, इस परीक्षण को तुरन्त बंद करने और परीक्षण में मरने वाले गैस पीड़ित के परिवार को राहत राशि देने के साथ हम यह माँग कर रहे हैं कि इस परीक्षण की निष्पक्ष जाँच की जाए, इस हादसे के लिए ज़िम्मेदार अधिकारियों और संस्थाओं को दण्डित किया जाय और टीकों से जिन्हें नुकसान पहुँचा है, उन्हें मुआवज़ा दिया जाय। वहीं, नौशीन खान ने कहा, भोपाल में जारी कोवैक्सीन परीक्षण में आपराधिक अनियमितताओं को नजरअंदाज करके सरकार आने वाले 16 तारीख को एक बड़े चिकित्सीय हादसे की आशंका को मजबूत कर रही है।

इन संगठनों ने रविवार को भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन किया और उसमें भोपाल में स्वदेशी टीके कोवैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण में शामिल कुछ प्रतिभागियों को भी लाए थे। इसमें इन प्रतिभागियों में से अधिकांश ने आरोप लगाया कि उन्हें यह कह कर इसमें शामिल किया गया कि यह कोरोना का टीका है। हमें यह नहीं बताया गया कि परीक्षण किया जा रहा है। इन प्रतिभागियों ने बताया कि इस टीके के लगने के दो-तीन दिन बाद वे परेशानी महसूस करने लगे। उन्हें, बुखार, जुकाम, दर्द, उल्टी एवं सांस लेने में दिक्कतें आईं। मालूम हो कि भोपाल के निजी पीपुल्स मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 12 दिसंबर को कोरोना वायरस के स्वदेशी टीके कोवैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण में शामिल 42 वर्षीय दीपक मरावी की नौ दिनों बाद 21 दिसंबर को मौत हो गई। हालांकि, चिकित्सकों को संदेह है कि उसकी मौत शरीर में जहर फैलने की वजह से हुई होगी। यह टीका बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने एक बयान में शनिवार को कहा कि प्रारंभिक समीक्षा में पता चला है कि यह व्यक्ति की मौत कोवैक्सीन से संबंधित नहीं है।




बंगलुरू में वॉयस ऑफ पैरेंट्स के सदस्य राज्य के शिक्षामंत्री एस. सुरेश कुमार के खिलाफ स्कूल फीस के नियमन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।

# कर्नाटक की कैबिनेट में जल्द होगा फेरबदल

**● सीएम एदियुरप्पा को केन्द्रीय नेतृत्व से मिली हरी झंडी**

**भाषा।** नई दिल्ली/बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद रविवार को विश्वास जताया कि राज्य में कैबिनेट में बहुप्रतीक्षित फेरबदल के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी जल्द मिलेगी।

शाह के साथ दिल्ली स्थित उनके आवास पर हुई एक घंटे की बैठक के दौरान कर्नाटक भाजपा के प्रभारी अरुण सिंह भी मौजूद थे। एदियुरप्पा ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, कैबिनेट विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई। आपको जल्द ही एक अच्छी खबर मिलेगी। उन्होंने कहा कि अंतिम नामों को जल्द मंजूरी मिलेगी क्योंकि चर्चा सकारात्मक, उपयोगी और संतोषजनक रही। उन्होंने कहा कि मैं चर्चा से खुश हूं...हम उनके निर्देशों का इंतजार करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने अपने समर्थन का भरोसा दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या यह कैबिनेट विस्तार पर वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ आखिरी बैठक थी, मुख्यमंत्री ने कहा, 101 प्रतिशत यह आखिरी बैठक थी।

वह नामों को जल्द ही मंजूरी देंगे। राज्य में कैबिनेट विस्तार लगभग एक वर्ष से चर्चाओं में हैं लेकिन यह हो नहीं रहा है, इससे मंत्री पद के आकांक्षियों में उत्सुकता बढ़ने के साथ ही उनमें असंतोष भी पनप रहा है। साथ ही एदियुरप्पा ने कहा कि उन्होंने कुछ नाम सुझाए और विश्वास जताया कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व इस पर सकारात्मक तरीके से प्रतिक्रिया देगा। यह पूछे जाने पर कि यह एक कैबिनेट विस्तार होगा या फेरबदल, मुख्यमंत्री ने कहा, जब वे सूचित करेंगे तो आपको पता चलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट फेरबदल के अलावा राज्य में दो विधानसभा सीटों और एक संसदीय सीट के लिए होने वाले आगामी उपचुनावों पर भी चर्चा हुई। एदियुरप्पा ने कहा कि उन्होंने मुझे मंजूरी के लिए उम्मीदवारों के नाम जल्द भेजने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने उन्हें तीनों सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हाल ही में ग्राम पंचायत चुनाव के परिणामों पर खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह आज रात ही बेंगलुरु लौटेंगे। मंत्री पद की दौड़ में विधायक उमेश कट्टी, मुनिरत्न, बासनगौड़ा पाटिल यतनाल, एम पी रेणुकाचार्य, अरविंद लिंबावली और एस आर विश्वनाथ शामिल हैं। तीन एमएलसी-सीपी योगेश्वर, एम टी बी नागराज और आर शंकर भी मंत्री पद की आकांक्षा रखते हैं। एक अन्य एमएलसी ए एच विश्वनाथ भी इस दौड़ में थे लेकिन उनकी उम्मीदें तब धराशाई हो गईं जब 30 नवंबर को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस साल कम से कम मई तक उनके मंत्री बनने पर रोक लगा दी।

राज्य में कुल 34 मंत्री हो सकते हैं और वर्तमान में 27 मंत्री हैं। मास्की और बसवकल्याण विधानसभा क्षेत्रों और बेलगावी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए उपचुनाव होने हैं। साल 2019 में कांग्रेस विधायक प्रताप गौड़ा पाटिल के इस्तीफे के कारण मास्की सीट खाली हुई थी, जबकि बी नारायण राव और सुरेश अंगड़ी की मृत्यु के कारण बसवकल्याण और बेलगावी सीटों पर उपचुनाव कराना जरूरी हो गया है।


नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा और भाजपा के कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह

**महाराष्ट्र अस्पताल आग**

## सुरक्षा मानदंडों को नजरअंदाज करने को लेकर विशेषज्ञों ने चिंता जताई

**भाषा।** नागपुर

**महाराष्ट्र** के भंडारा स्थित जिला अस्पताल में आग लगने से 10 शिशुओं की मौत होने के एक दिन बाद नेशनल फायर सर्विस कॉलेज के निदेशक रमेश कुमार ने कहा कि अस्पतालों समेत अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा मानदंडों को नजरअंदाज किया जा रहा है और इस मुद्दे पर गहराई से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। कुमार ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि सभी इमारतों में आधुनिक अग्नि सुरक्षा उपकरण स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा उचित तरह से रखरखाव किया जाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने बताया कि नेशनल फायर सर्विस कॉलेज के तीन इंजीनियर भी भंडारा के अस्पताल में लगी आग की घटना को लेकर जांच करने वाली टीम का हिस्सा हैं। कुमार ने कहा कि हमारा विशेष ध्यान अग्नि सुरक्षा को लेकर किए गए इंतजामों पर रहेगा। जैसे कि सुरक्षा उपकरण कितने उपयोगी थे और वे काम भी कर रहे थे अथवा नहीं? और अस्पताल का सुरक्षा ऑडिट किया गया था या नहीं? उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ-साथ महाराष्ट्र सरकार ने भी कड़े अग्नि सुरक्षा मानदंडों को लागू किया है। कुमार ने कहा, महाराष्ट्र सरकार ने एक अधिनियम भी पारित किया है कि इन मानदंडों का पालन किया जाना चाहिए, चाहे वह निजी हो या सरकारी इमारत हो। हालांकि, लोगों द्वारा इन तथ्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इन मुद्दों पर गहराई से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई जगहों पर अग्नि सुरक्षा उपकरण मौजूद होते हैं लेकिन वे अक्सर चलने लायक नहीं होते। कई बार उपकरण उपलब्ध होने के बावजूद लोग इनका उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित नहीं होते हैं।

## हरिद्वार कुंभ में एनएसजी भी तैनात होंगे

**भाषा।** हरिद्वार

**उत्तराखंड** के हरिद्वार में आगामी कुंभ मेला की सुरक्षा के दृष्टिगत आतंकी करवाई से निपटने में निपुण राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) भी तैनात किए जाएंगे।

कुंभ मेले के दौरान एनएसजी की दो टीमें तैनात रहेंगी। पहली टीम फरवरी में और दूसरी टीम मार्च में कुंभ मेले में ड्यूटी पर रहेगी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कुंभ मेला में नियुक्त होने वाली एनएसजी के टीम कमांडर मुकुल चौधरी ने रविवार को कुंभ मेला 2021 के पुलिस महानिरीक्षक संजय गुंज्याल से मिलकर टीम की तैनाती पर चर्चा की। मंत्रणा के दौरान दोनों अधिकारियों ने हरिद्वार कुंभ मेला की सुरक्षा व्यवस्था, उसे आतंकवादी हमलों से सुरक्षित बनाने, आतंकवादी विरोधी कार्यवाही करने के अलावा पूर्व की घटनाओं के संबंध में चर्चा की।

## मंत्रालय की विद्यार्थियों का पंजीकरण और फेल करने के नियमों में ढील की सिफारिश

**भाषा।** नई दिल्ली

**शिक्षा** मंत्रालय ने कोविड-19 महामारी के असर को कम करने के प्रयास के तहत राज्यों से घर-घर जाकर स्कूल जाने वाले बच्चों का सर्वेक्षण करने और उनका स्कूलों में पंजीकरण कराने की योजना बनाने की सिफारिश की है। अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय ने इस साल बच्चों को फेल (अनुत्तीर्ण) करने के नियमों में भी ढील देने की सिफारिश की है। उन्होंने बताया कि यह सिफारिश महामारी के दौरान प्रभावित हुए प्रवासी बच्चों की पहचान करने, प्रवेश देने और शिक्षा जारी रखने के उद्देश्य से की गई है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, कोविड-19 महामारी की वजह से हमारे स्कूली बच्चों के समक्ष उत्पन्न चुनौती को कम करने के लिए यह महसूस किया गया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ड्रॉपआउट बढ़ने एवं पंजीकरण कम होने, पढाई के नुकसान, हाल के वर्षों में सार्वभौमिक एवं गुणवत्तापरक जो शिक्षा मुहैया कराई गई है, उसमें कमी की समस्या से निपटने के लिए उचित नीति बनाने की जरूरत है। अधिकारी ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सलाह दी गई है कि छह से 18 साल उम्र के उन बच्चों की पहचान के लिए घर-घर सघन सर्वेक्षण किया जाए जो स्कूलों से दूर हैं, साथ ही उनका स्कूलों में पंजीकरण कराने के लिए उचित कार्ययोजना तैयार की जाए। मंत्रालय ने विद्यार्थियों को स्कूल बंद होने के दौरान और दोबारा उनके खुलने के बाद पहुंचाई जाने वाली मदद संबंधी दिशनिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूलों के बंद रहने के दौरान विद्यार्थियों की मदद करने के लिए चलते-फिरते स्कूल, गांवों में छोटे-छोटे समूह में कक्षाओं का संचालन, बच्चों तक ऑनलाइन एवं डिजिटल स्रोतों की पहुंच बढ़ाने, पढाई का नुकसान कम करने के लिए टेलीविजन एवं रेडियो के जरिए पढाई की संभावनाओं पर गौर करने की सिफारिश की गई है।

## वकील की शिकायत पर जबरन वसूली के आरोप में महिला गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे से एक महिला को एक वकील से कथित रूप से जबरन 50 हजार रुपए की वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पूर्व में वकील और महिला रिश्ते में थे। ठाणे नगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शिकायत के मुताबिक महिला ने वकील को पैसे नहीं देने की सूरत में दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने कथित रूप से महिला को चार लाख रुपए दिए थे और जब रिश्ते खराब हुए तो वह आरोपी महिला से पैसे वापस मांग रहा था। आरोपी ने कथित तौर पर पैसे देने से इनकार कर दिया और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी। महिला ने कथित तौर पर धमकी देकर 50 हजार रुपए और ले लिए। अधिकारी ने बताया कि महिला को जबरन वसूली करने, धोखाधड़ी और अन्य अपराधों में गिरफ्तार किया गया है।

## केवल महिला चालक दल के साथ एअर इंडिया की उड़ान सैन फ्रांसिस्को से रवाना

**भाषा।** बेंगलुरु

**कॉकपिट** में केवल महिला चालक दल की सदस्यों वाली एअर इंडिया की सैन फ्रांसिस्को-बेंगलुरु उड़ान ऐतिहासिक यात्रा पर रवाना हो गई है। यह उड़ान उत्तरी ध्रुव के ऊपर से होते हुए और अटलांटिक मार्ग से कर्नाटक की राजधानी पहुंचेगी। एअर इंडिया के सूत्रों के मुताबिक, उड़ान संख्या एआई-176 शनिवार को सैन फ्रांसिस्को से रात 8.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और यह सोमवार तड़के 3.45 बजे यहां पहुंचेगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट किया, कॉकपिट में पेशेवर, योग्य और आत्मविश्वासी महिला चालक सदस्यों ने एअर इंडिया के विमान से सैन फ्रांसिस्को से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी है और वे उत्तरी ध्रुव से गुजरेंगी। हमारी नारी शक्ति ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। एअर इंडिया ने कहा है कि यह दुनिया की सबसे लंबी वाणिज्यिक उड़ान होगी जो भारत में उसके या किसी अन्य एयरलाइन द्वारा संचालित की जाएगी। उसने इस ऐतिहासिक उड़ान से पहले जारी एक बयान में कहा था कि इस मार्ग पर कुल उड़ान का समय 17 घंटे से अधिक होगा जो उस विशेष दिन पर हवा की गति आधारित होगा। चालक दल की सदस्य हैं: कैप्टन जोया अग्रवाल, कैप्टन पापागरी तनमई, कैप्टन आकांक्षा सोनवरे और कैप्टन शिवानी मन्हास। एयर इंडिया ने ट्वीट किया, इसकी कल्पना कीजिए: -सभी महिला कॉकपिट सदस्य- भारत आने वाली सबसे लंबी उड़ान- उत्तरी ध्रुव से गुजरना और यह सब हो रहा हैउ रिकॉर्ड टूट गए। एआई-176 द्वारा इतिहास रचा गया। एआई-176, तीस हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ान भर रहा है।

## श्रीलंकाई की नौसेना ने नौ भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**भाषा।** रामेश्वरम

**श्रीलंकाई** नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और मछली पकड़ने वाली एक नौका जब्त कर ली है। इसके साथ ही एक अन्य घटना में श्रीलंकाई नौसैनिकों ने भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने वाले जाल नष्ट कर दिए। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों को शनिवार को नेदुनथीवू के निकट गिरफ्तार किया और उनकी मछली पकड़ने वाली एक नौका भी जब्त कर ली।

अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में श्रीलंकाई नौसैनिकों ने शनिवार को कच्चाथीवू के निकट भारतीय मछुआरों की 20 नौकाओं के जाल नष्ट कर दिए। उन्होंने बताया कि श्रीलंकाई जवानों ने भारतीय मछुआरों पर पथराव किया और बोतलें फेंकीं। मछुआरों के संगठन के प्रतिनिधि सेसुराजा ने श्रीलंकाई नौसैनिकों की कार्वाई की निंदा की और कहा कि साजो-सामान को क्षतिग्रस्त करने से मछुआरों को मुश्किलें आती हैं। इस बीच, बीच मशीनीकृत नौकाओं का उपयोग करने वाले मछुआरों ने पूर्व में श्रीलंका द्वारा गिरफ्तार 52 मछुआरों की रिहाई के लिए केंद्र सरकार से कदम उठाने की मांग करते हुए सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। प्रतिनिधि ने बताया कि 800 नौकाएं एवं करीब 5000 मछुआरे हड़ताल में शामिल होंगे।

## मध्यप्रदेश के झाबुआ में पांच मोरों की मौत

**भाषा।** झाबुआ (मप्र)

**मध्यप्रदेश** में चल रहे बर्ड फ्लू के प्रकोप के बीच प्रदेश के झाबुआ जिले के ग्राम मदरानी स्थित एक खेत में रविवार को पांच मोर मृत पाए गए हैं। वन मंडल अधिकारी एम एल हरित ने बताया कि जिला मुख्यालय से 59 किलोमीटर दूर थांदला रेंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदरानी में रविवार को पांच मोर एक खेत में मृत अवस्था में पाए गए।

उन्होंने कहा कि इसकी सूचना गांव के लोगों द्वारा वन विभाग को दी गई। हरित ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद जांच के लिए विभाग का अमला और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू की आशंका के कारण भी हमने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है। मोरों की मौत के कारण का पता लगाने के लिए उनका पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। इस बीच, पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. विलसन डावर ने बताया कि ग्राम मदरानी में मोरों की मौत की सूचना के बाद जांच के लिए मेघनगर से पशु चिकित्सक सुरेश गोढ को भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। डावर ने बताया कि बर्ड फ्लू की आशंका को देखते हुए वहां से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि एक मृत मोर प्रोटोकॉल के तहत वन विभाग को सौंप दिया जाए। विभाग द्वारा उसे जांच के लिए भोपाल की प्रयोगशाला में भेजा जाएगा, जिसकी रिपोर्ट 3-4 दिनों में मिलने की उम्मीद है। मध्यप्रदेश के 13 जिलों के कौओं के नमूनों में बर्ड फ्लू के एच5एन8 प्रकार का संक्रमण पाया गया है, जबकि दिसंबर के आखिर हफ्ते से अब तक 27 जिलों से लगभग 1,100 कौओं एवं जंगली पक्षियों की मृत्यु हुई है।

## देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 18,645 नए केस, 201 मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 18,645 नए मामले सामने आने के बाद देश में अब तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 1,04,50,284 हो गई है जिनमें से 1,00,75,950 लोग संक्रमणमुक्त हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार को जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में 24 पिछले घंटे में 201 लोगों की मौत होने से संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,50,999 हो गई है। देश में संक्रमणमुक्त होने वाले लोगों की संख्या 1,00,75,950 हो गई है जिससे संक्रमण से ठीक होने की दर बढ़कर 96.42 प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही संक्रमण से मृत्यु दर घटकर 1.44 प्रतिशत रह गई है। लगातार 20वें दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या तीन लाख से नीचे बनी हुई है। भारत में सात अगस्त को संक्रमित लोगों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख के पार चली गई थी।

## पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा, अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गोलीबारी की

**भाषा।** जम्मू

**पाकिस्तानी** सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ और कठुआ जिलों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास विभिन्न क्षेत्रों की अग्रिम चौकियों और गांवों में बिना उकसावे के मोर्टार दागे और गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हालांकि, भारत की तरफ किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि दोपहर करीब तीन बजे पाकिस्तान (सेना) ने राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलाबारी की और मोर्टार दाग कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारतीय सेना ने जवाबी कार्वाई की। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम खबर मिलने तक दोनों पक्षों के बीच गोलाबारी जारी थी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास बालाकोट, दिगवार और किरनी सेक्टरों में भी मोर्टार दागे।

बालाकोट सेक्टर में गोलाबारी दोपहर करीब 3.35 बजे शुरू हुई और इसके बाद शाम चार बजे डिगवार और किरनी सेक्टरों में भारतीय सैनिकों ने भी जवाबी गोलीबारी की और अंतिम खबर मिलने तक तीनों सेक्टरों में सीमा पार से गोलाबारी जारी थी। पाकिस्तानी रेंजर्स ने कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में आईबी के साथ गुरनाम सीमा चौकी क्षेत्र में भी अकारण गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सीमा पार से गोलीबारी शनिवार रात करीब 11.10 बजे शुरू हुई, जिसके बाद बीएसएफ ने कड़ी जवाबी कार्वाई की। दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी रात 1.20 बजे तक जारी रही।

## पश्चिम बंगाल में तृणमूल और भाजपा समर्थकों के बीच विभिन्न जगहों पर हिंसक झड़पें, कई लोग घायल

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के पूर्वी और पश्चिमी मेदिनीपुर जिले के विभिन्न इलाकों में रविवार को सत्तारूढ़ टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़पें हो गईं, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए हैं। दोनों दलों के सूत्रों ने यह जानकारी दी। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमलों से भाजपा की ही ताकत बढ़ेगी। बीते महीने टीएमसी छोड़ भाजपा में आए अधिकारी ने पुरुलिया में रोडशो के दौरान पत्रकारों से कहा, हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर किए गए प्रत्येक हमले से और अधिक लोग हमारे समर्थन में आएंगे।

सूत्रों ने कहा कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कांति इलाके के भाजाचौली में दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता एक-दूसरे से भिड़ गए। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने कहा कि उसके कुछ कार्यकर्ता हमले में घायल हो गए। वहीं, टीएमसी ने दावा किया कि भाजपा के कैंप में अंदरूनी कलह के चलते ए झड़पें हुई हैं। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के मरिश्दा से भी हिंसा की खबरें मिली हैं। पश्चिमी मेदिनीपुर के केशपुर में दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कथित रूप से एक दूसरे पर ईंटों और डंडों से हमला किया। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के टीएमसी अध्यक्ष अजित मैती ने भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने भगवा पार्टी के समर्थकों के उकसावे के आगे संयम बरता।

## पेज 1 का शेष

### अब छटपटा...

काम आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेती को लाभकारी बनाया जाए। इसके लिए अफसर किसानों के साथ बैठक करें। भगवान गौतम बुद्ध का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संकिसा को पर्यटन की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की जरूरत है। इसके लिए काम शुरू होगा और जल्द ही यहां पर्यटन विकास की टीम आकर कार्य योजना तैयार करेगी।

### बर्ड फ्लू...

खाना चाहिए क्योंकि इससे संक्रमण फैल सकता है। डॉ. कुमार ने कहा कि संक्रमण संक्रमित पक्षी की लार या बलगम या मल के संपर्क में आने से फैलता है। उधर, 'चिकन' कारोबार से जुड़े लोग बर्ड फ्लू की आहट और दाम गिरने से परेशान हैं। दिल्ली में गैर शाकाहारी खाने के लिए पुरानी दिल्ली का मटिया महल का इलाका मशहूर हैं। यहां करीम होटल और अल जवाहर जैसे होटल हैं जहां देश-विदेश से सैलानी ही नहीं, बल्कि सियासतदां भी मटन और 'चिकन' नौश्त फरमाने आते हैं। मटिया महल मार्केट एसोसिएशन के प्रमुख और अल जवाहर होटल के मालिक मोहम्मद अकरम कुरैशी ने बताया कि कारोबार बहुत मंदा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की वजह से लगे लॉकडाउन के कारण होटल व रेस्तरां सात-आठ महीने लगभग बंद रहे। कोरोना वायरस की वजह से विदेशी सैलानी भी नहीं आ रहे हैं। घरेलू पर्यटक भी न के बराबर हैं। जो भी ग्राहक हैं, वे स्थानीय ही हैं। लेकिन अब बर्ड फ्लू आ गया है जिससे ग्राहकों की संख्या और कम होगी। कुरैशी ने कहा कि असल स्थिति आने वाले दिनों में मालूम हो जाएगी। उर्दू बाजार में 'फ्राइड-चिकन' का कारोबार करने वाले दानिश ने बताया कि नए साल के आगाज़ में कारोबार ने कुछ रफ्तार पकड़ी थी लेकिन पिछले दो-तीन दिन में काम फिर मंदा हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले 30-35 मुर्गे बिक जाते थे लेकिन अब मुश्किल से 10-11 बिक रहे हैं।

### कोरोना काल...

गई है कि वे डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से यह पुख्ता जानकारी एकत्र करें कि 6 से 18 साल के कितने बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। इसके बाद उनके नामांकन के लिए कार्ययोजना तैयार करें। दाखिला ही नहीं, राज्यों से यह भी कहा गया है कि चलते-फिरते क्लासरूम, गांवों में छोटे-छोटे समूहों में पढ़ाई, ऑनलाइन माध्यम से षिक्षा की संभावनाएं तलाशें तथा ऐसी व्यवस्था करें ताकि बच्चों को पुस्तकें, मिड डे मील और ड्रेस आसानी से उपलब्ध हों। यही नहीं, लंबे समय बाद स्कूल खुलने पर कैसे बच्चों और पढ़ाई के बीच तालमेल बैठाया जाए, इस बारे में दिशानिर्देश दिए गए हैं।

### चीन ने...

बाद चीनी सैनिक के भारतीय सीमा में प्रवेश करने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 19 अक्टूबर को डेमचोक क्षेत्र में कॉर्पोरल वैंग हां लॉन्ग नाम का सैनिक घुस आया था, जिसे बाद में जांच पड़ताल के बाद पीएलए को सौंप दिया गया था। एलएसी पर पिछले नौ महीने से गतिरोध चल रहा है और दोनों देषों की सेनाएं आमने-सामने डटी हैं। इस दृष्टि से यह क्षेत्र काफी संवेदनशील है।

### कृषि कानूनों...

नहीं करेगी। अदालत ने कहा था कि हम स्थिति को समझते हैं और चर्चा को बढ़ावा देते हैं। हम सोमवार (11 जनवरी) को मामला स्थगित कर सकते हैं अगर आप जारी वार्ता प्रक्रिया की वजह से ऐसा अनुरोध करेंगे तो।' आठवें दौर की बातचीत के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा था कि किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका क्योंकि किसान नेताओं ने कानून को निरस्त करने की अपनी मांग का कोई विकल्प नहीं सुझाया। किसानों की एक संस्था 'कंसोर्टियम ऑफ इंडियन फार्मर्स एसोसिएशन' (सीआईएफए) ने तीनों कृषि कानूनों का समर्थन करते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया और मामले में पक्षकार बनाए जाने का अनुरोध किया। उसने कहा कि कानून किसानों के लिये 'फायदेमंद' हैं और इनसे कृषि में विकास और वृद्धि आएगी।

### किसानों के...

शुरू कर दी। देखते ही देखते पूरी तैयारियों को ध्वस्त कर दिया। इससे पहले दोपहर साढ़े 12 बजे एक हेलीकाप्टर उड़ान भरकर सभा स्थल तक आया, लेकिन हेलीपेड के चारों और हजारों आंदोलनकारी किसानों की भीड़ देखकर मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर लौट गया। भाजपा नेता रमण मल्लिक ने बताया कि बीकेयू नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी के कहने पर किसानों के हुड़दंगी व्यवहार के कारण कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के तत्वावधान में किसानों ने पहले घोषणा की थी कि वे 'किसान महापंचायत' का विरोध करेंगे। वे तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

## मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत, एक घायल

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई-अहमदाबाद** राजमार्ग पर रविवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो मोटरसाइकिल सवारों की मौत हो गई और पीछे बैठा एक व्यक्ति घायल हो गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पहली घटना में मीरा रोड निवासी सिद्धेश परब की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा एक व्यक्ति घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि दूसरी घटना में राजमार्ग पर अंबोली में अहौरा होटल के पास एक कंटेनर से मोटरसाइकिल के टकराने से इसपर सवार साफेल निवासी मोहनीश राउत की मौत हो गई।

## जम्मू में चाकू से हमले के बाद व्यक्ति की मौत

**● परिवार ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की**

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू** के सरकारी मेडिकल कॉलेज में चाकू से हमले में घायल एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद उसके परिवार ने धरना-प्रदर्शन शुरु कर दिया। हालांकि, पुलिस ने कहा कि इस मामले के तीन आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि शहर के भगवती नगर इलाके में पिछले हफ्ते मोहम्मद शारिक (38) पर तीन लोगों ने हमला किया था। उसका इलाज सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में चल रहा था। पेशे से चालक शारिक ने रविवार तड़के दम तोड़ दिया जिसके बाद उनके परिवार के सदस्य अस्पताल के मुर्दाघर में इकट्ठा हुए और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीधर पाटिल ने बताया कि इस मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके दो साथियों की तलाश जारी है।

उन्होंने कहा कि आरोपी करीब पांच दिन पहले उसे छूरा घोंपने के बाद घटनास्थल से भाग गए थे। मामला दर्ज किया गया है और इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिजनों ने दावा किया कि यह पूर्व नियोजित हत्या है। शारिक के एक रिश्तेदार ने कहा, उसे (शारिक) एक नेता ने पार्टी में आमंत्रित किया था और यह घटना उसके घर के अंदर हुई जो सीसीटीवी फुटेज में दिख रही है।

## तुर्सनोव ने आई लीग का सबसे तेज गोल किया

**कोलकाता।** ट्रिडिम सेंड एथलेटिक यूनियन (ट्राउ) के तजाकिस्तान के खिलाड़ी कोमरोन तुर्सनोव ने आई लीग फुटबाल टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे तेज गोल किया जिससे उनकी टीम ने रविवार को यहां रीयल कश्मीर एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रा खेला। तुर्सनोव ने खेल शुरू होने के बाद नौवें सेकेंड में गोल दाग दिया था। उन्होंने चौथूगी युसा का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2018-19 के सत्र में नेरोका एफसी की तरफ से चर्चिल ब्रदर्स के खिलाफ 13वें सेकेंड में गोल किया था। इस मैच में रीयल कश्मीर की तरफ से सर्वरसन ने 70वें मिनट में बराबरी का गोल दागा।

## ओडिशा ने चेन्नइयिन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

**बम्बोलिम।** ओडिशा एफसी ने रविवार को यहां जीएमसी स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबले में दो बार की चैंपियन चेन्नइयिन एफसी को गोलरहित ड्रा पर रोका। चेन्नइयिन को मैच के दूसरे मिनट में ही बढ़त हासिल करने का आसान मौका मिला था लेकिन अनुभवी रहीम अली इसे गोल में नही बदल पाए। इसके आठ मिनट बाद ही ओडिशा एफसी के डिएगो मौरिसियो ने हेडर के जरिए गेंद को जाली में उलझा दिया था, लेकिन तभी लाइनमैन ने इसे आफसाइड करार दे दिया।

## रक्षणा व पंवार की जीत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की सी. कवि रक्षणा और राजस्थान के दिव्यांश सिंह पंवार ने रविवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी टी2 ट्रायल्स के क्रमशः महिला और पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धाएं जीती। कवि रक्षणा ने विश्व रैंकिंग की मौजूदा नंबर एक निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन के साथ ही तोक्यो ओलंपिक की कोटा धारक अपूर्वी चंदेला और अंजुम मौदगिल को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने राजस्थान की निशा कंवर (250.7) को पीछे छोड़ते हुए फाइनल्स में 251.4 अंक हासिल किए।

## आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में

**लंदन।** एमिली स्मिथ रोव के लाल कार्ड को बदला गया और फिर उन्होंने अतिरिक्त समय में गोल दागा जिससे गत चैंपियन आर्सेनल ने न्यूकासल को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई। स्थानापन्न खिलाड़ी रोव को 90वें मिनट के अंत में सीन लोंगस्टाफ पर फाउल के लिए रैफरी क्रिस कावानाघ ने लाल कार्ड दिखाया लेकिन वीएआर रिव्यू के बाद इसे पीले कार्ड में बदल दिया गया।

## मिलान ने टोरिनो को हराया

**मिलान।** एसी मिलान ने सिरी ए फुटबॉल लीग में पहली हार के बाद वापसी करते हुए रेलीगेशन का खतरा झेल रहे टोरिनो को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त में इजाफा किया। एक दशक में पहले लीग खिताब के लिए चुनौती पेश कर रहे मिलान के लिए राफेल लियो और फ्रेंक केसी ने गोल दागे। इस जीत से एसी मिलान (40 अंक) ने शहर के अपने प्रतिद्वंद्वी इंटर मिलान पर चार अंक की बढ़त बना ली है।

# आस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी

### ● आस्ट्रेलिया के 407 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के दो विकेट पर 98 रन

**भाषा।** सिडनी


गिल शाट लगाते हुए

रोहित शर्मा के अर्धशतक के बावजूद आस्ट्रेलिया के 407 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत तीसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को यहां सिडनी क्रिकेट मैदान पर 98 रन तक दो विकेट गंवाकर मुश्किलों में घिर गया। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 04) और चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 09) क्रीज पर डटे हुए थे। भारत ने दूसरी पारी में रोहित (98 गेंद में 52, पांच चौके, एक छक्का) और शुभमन गिल (31) के विकेट गंवाए। भारतीय टीम को अंतिम दिन जीत के लिए 309 रन की दरकार है जबकि उसके आठ विकेट शेष हैं। सिडनी की असमान गति वाली पिच पर हालांकि हार से बचना भारत के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि उसके दो खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और ऋषभ पंत चोटिल हैं।

आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को एक बार फिर आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के अपशब्दों का सामना करना पड़ा जिसके कारण 10 मिनट तक खेल रुका रहा। आस्ट्रेलिया ने कैमरन ग्रीन (132 गेंद में 84 रन) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा स्टीव स्मिथ (167 गेंद में 81 रन) और मार्नस लाबुशेन (118 गेंद में 73 रन) के अर्धशतकों से छह विकेट पर 312 रन बनाने के बाद दूसरी पारी घोषित की। कप्तान टिम पेन ने भी 52 गेंद में नाबाद 39 रन बनाए और ग्रीन के साथ छठे विकेट के लिए 20 से कम ओवरों में 104 रन जोड़े। भारत को खराब क्षेत्ररक्षण का खामियाजा भी भुगतना पड़ा जब हनुमा विहारी, उप कप्तान रोहित शर्मा और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने क्रमश: स्क्वायर लेग, स्लिप और गली में आसान कैच टपकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को रोहित और गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 71 रन जोड़कर सतर्क शुरुआत दिलाई। रोहित को 13 रन के निजी स्कोर पर जोश हेजलवुड की गेंद पर मैदानी अंपायर ने पगबाधा आउट दे दिया था लेकिन बल्लेबाज के डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। टीवी रीप्ले में दिखा कि गेंद विकेटों के ऊपर से जाती। गिल ने धीमी शुरुआत के बाद पैट कमिंस के ओवर में दो चौके मारे और फिर कैमरन ग्रीन पर चौके के साथ 19वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। रोहित ने भी मिशेल स्टार्क पर दो चौके और ग्रीन पर छक्का मारा। हालांकि जब लग रहा था कि दोनों सलामी बल्लेबाज जम चुके हैं तब हेजलवुड की गेंद पर गिल ने विकेटकीपर टिम पेन को कैच थमा दिया। गिल ने डीआरएस का सहारा लिया लेकिन उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। हेजलवुड के इसी ओवर में चेतेश्वर पुजारा को भी मैदानी अंपायर ने पगबाधा आउट दिया लेकिन डीआरएस लेने पर यह फैसला भी बदलना पड़ा। रोहित ने नाथन लियोन पर चौके के साथ 95 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में कमिंस की गेंद को पुल करने की कोशिश में फाइन लेग बाउंड्री पर मिशेल स्टार्क को कैच दे बैठे। रहाणे और पुजारा ने इसके बाद दिन का खेल खत्म होने तक भारत को और झटके नहीं लगे दिए।

## स्कोरबोर्ड

**भारत दूसरी पारी:** रोहित का स्टार्क बो कमिंस 52, गिल का पेन बो हेजलवुड 31, पुजारा खेल रहे है 09,रहाणे खेल रहे है 04,**अतिरिक्त:** 02,**कुल:** 34 ओवर में दो विकेट पर: 98 रन,**विकेट पतन:** 1-71, 2-92,**गेंदबाजी:**स्टार्क 6-0-27-0,हेजलवुड 8-3-11-1,कमिंस 9-1-25-1,लियोन 9-3-22-0, ग्रीन 2-0-12-0

## नाराजगी दिखाने पर टिम पेन पर जुर्माना

**दुबई।** आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन पर भारत के खिलाफ सिडनी में तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के खेल के दौरान अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना किया गया है। पेन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़े अनुच्छेद 2.8 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने रविवार को जारी बयान में कहा, इसके अलावा पेन के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा दिया गया है। पेन की पिछले 24 महीनों में यह पहली गलती है। यह घटना भारत की पहली पारी के 56वें ओवर में घटी जब पेन ने चेतेश्वर पुजारा के खिलाफ डीआरएस की असफलता के बाद अंपायर के फैसले की आलोचना की थी।

## यह अभद्र व्यवहार का चरम, कई बार नस्ली टिप्पणियों का सामना कर चुका हूं: कोहली



**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने तीसरे टेस्ट मैच के दौरान कुछ आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों की मोहम्मद सिराज के खिलाफ की गई नस्ली टिप्पणी को अभद्र व्यवहार का चरम सीमा करार देते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने की मांग की। कोहली को भी 2011-12 की टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपशब्दों का सामना करना पड़ा था। पितृत्व अवकाश पर चल रहे कोहली ने ट्वीट किया, नस्ली दुर्व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है। सीमा रेखा पर क्षेत्ररक्षण करते समय मुझे भी घटिया बातें सुननी पड़ी है और यह अभद्र व्यवहार की चरम सीमा है। मैदान पर इस तरह की घटनाएं देखना दुखद है। कोहली जब 2011 में जब आस्ट्रेलिया दौरे पर गए थे तब सीमा रेखा पर लगातार अपशब्दों का सामना करने के बाद उन्होंने सिडनी के दर्शकों को उंगली दिखाई थी जिससे विवाद पैदा हो गया था। कोहली ने कहा, इस घटना पर पूरी तत्परता और गंभीरता से गौर करने की जरूरत है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जानी चाहिए। पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भी इसी तरह के अनुभव को साझा किया। हरभजन ने ट्वीट किया, आस्ट्रेलिया में खेलते हुए मैंने निजी तौर पर अपने लिए, मेरे धर्म को लेकर, मेरे रंग को लेकर कई बातें सुनी। यह पहला अवसर नहीं है जबकि दर्शकों ने इस तरह की बकवास की है। आप उन्हें कैसे रोकेंगे।

## आईसीसी की अगली बैठक में भाग लेंगे शाह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली के स्थान पर सचिव जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बोर्ड बैठक में हिस्सा लेंगे। गांगुली को दो जनवरी को दिल का हल्का दौरा पड़ने के बाद कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। पूर्व भारतीय कप्तान को तीन सप्ताह के पूर्ण विश्राम की सलाह दी गई है। आईसीसी बैठकों में सदस्य देश का अध्यक्ष निदेशक बोर्ड की जबकि सचिव मुख्य कार्यकारियों की बैठक (सीईसी) में भाग लेता है। आईसीसी बोर्ड में सचिव भी वैकल्पिक निदेशक होता है। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारे सचिव (शाह) आईसीसी बोर्ड की अगली बैठक में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करेंगे क्योंकि दादा (गांगुली) बीमारी से उबर रहे हैं और उन्हें विश्राम की सलाह दी गई है। ऐसी व्यवस्था केवल इस बैठक के लिए की गई है। धूमल ने कहा, सचिव को बोर्ड बैठक में भाग लेना है इसलिए मुझे आईसीसी सीईसी बैठक में हिस्सा लेने को कहा गया जिसका हाल में वर्चुअल आयोजन किया गया था। बोर्ड बैठक में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप को लेकर भी चर्चा होनी है।

### भेदभावपूर्ण हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी : सचिव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेटरों के खिलाफ की गई नस्ली टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि भेदभावपूर्ण हरकतों को बर्दाश्त नही किया जाएगा क्योंकि खेल और समाज में नस्लवाद के लिए कोई जगह नही है। शाह ने उपद्रवी दर्शकों द्वारा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह के लिए की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा की। इन दर्शकों को बाद में स्टेडियम से बाहर कर दिया गया। शाह ने ट्वीट किया, हमारे इस खेल और हमारे समाज में नस्लवाद के लिए कोई स्थान नही है। मैने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अधिकारियों से बात की और उन्होने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई का आश्वासन दिया है। बीसीसीआई और क्रिकेट आस्ट्रेलिया दोनों एक साथ है। ऐसी भेदभावपूर्ण हरकतों को बर्दाश्त नही किया जाएगा।

# रैना की नाबाद अर्धशतकीय पारी बेकार,यूपी की हार

### ● मुश्ताक अली ट्रॉफी : पंजाब की जीत

**भाषा।** अलूर (कर्नाटक)



पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना की 50 गेंदों पर 56 रन की नाबाद पारी के बावजूद उत्तर प्रदेश की टीम सैयद मुश्ताक अली ट्राफी राष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में रविवार को यहां पंजाब से 11 रन से हार गई। कम स्कोर वाले इस मैच में पंजाब ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के 43 और अनमोलप्रीत सिंह के 35 रन के योगदान से निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन बनाने के बाद उत्तर प्रदेश को पांच विकेट पर 123 रन ही बनाने दिए। रैना ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाए लेकिन आखिरी ओवरों में पंजाब के गेंदबाजों ने उन्हें हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। ग्रुप के दूसरे मुकाबले में रेलवे ने सलामी बल्लेबाज मुनाल देवधर की 50 गेंद में नाबाद 61 और कप्तान कर्ण शर्मा की 29 गेंद में 45 तथा हर्ष त्यागी के 17 गेंद में नाबाद 38 रन की तेजतर्रार पारियों के दम पर तीन गेंद शेष रहते त्रिपुरा को छह विकेट से शिकस्त दी। त्रिपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 170 रन बनाए थे। रेलवे ने 19.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कर्नाटक ने पदार्पण कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज कृष्णन श्रीजीत की 31 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से 20 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाने के बाद जम्मू एवं कश्मीर की टीम को 18.4 ओवर में 107 रन पर ऑल आउट कर 43 रन से जीत दर्ज की।

### बीसीसीआई ने मैच फीस और मेजबानी शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी का आयोजन कर रहे छह राज्य संघों के मेजबानी शुल्क को 2.5 लाख से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपए कर दिया जबकि खिलाड़ियों की मैच फीस में 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपए कर दी।

# इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से जडेजा बाहर

### ● सोमवार को इंजेक्शन लेकर कर सकते हैं बल्लेबाजी

**भाषा।** सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां जारी तीसरे टेस्ट मैच के दौरान शनिवार को अंगूठे में चोट के बाद फ्रेक्चर और डिस्लोकेशन का सामना करने वाले भारतीय हरफनमौला रविन्द्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। भारत की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मिशेल स्टार्क की शॉर्ट गेंद उनके बाएं हाथ के दस्ताने पर लगी थी जिसके बाद उन्हें चिकित्सा मदद लेनी पड़ी। चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, रविंद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में चार से छह सप्ताह की आवश्यकता होगी। इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की इस श्रृंखला की शुरूआत पांच फरवरी से चेन्नई में होगी। पहला और दूसरा टेस्ट चेन्नई में खेला जाएगा। पहली पारी में इस वामहस्त खिलाड़ी ने चार विकेट लेने के बाद नाबाद 28 रन बनाकर टीम के लिए शानदार योगदान दिया। सिडनी टेस्ट में अगर जरूरत पड़ी तो वह दर्द निवारक इंजेक्शन लेकर बल्लेबाजी करेंगे। सूत्र ने कहा, टेस्ट बचाने के लिए अगर जरूरत पड़ी तो वह इंजेक्शन लेकर बल्लेबाजी करेंगे। भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि कोहनी में चोट का सामना करने वाले ऋषभ पंत दूसरी पारी में बल्लेबाजी करेंगे। मैच के तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान पंत चोटिल हो गए थे। पैट कमिंस की गेंद उनकी कोहनी पर लगी थी।

डेजा और पंत को इसके बाद स्कैन के लिए ले जाया गया जहां पंत की चोट ज्यादा गंभीर नहीं निकली।



### पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी है, पुजारा और अश्विन फिर से खुद को साबित करेंगे : अश्विन

**सिडनी।** रविचंद्रन अश्विन ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल करार देते हुए उम्मीद जताई कि टेस्ट बल्लेबाजी के दोनो धुरंधर अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा फिर से दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत को तीसरे टेस्ट मैच के पांचवे और अंतिम दिन 90 से अधिक ओवरों का सामना करना है तथा 309 रन बनाने है। पुजारा और अश्विन पूरे दिन बल्लेबाजी करके मैच बचाने की कोशिश करेंगे। अश्विन ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, पिच काफी धीमी है और बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। कल तक पिच में जो असमान उछाल थी वह भी अब नही है। रोलर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। धूप पड़ने के बाद विकेट बल्लेबाजी के लिए बेहतर होता जा रहा है। हमें उम्मीद है कि कल हम पहले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम कल पहले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करें। अश्विन को पुजारा और रहाणे पर पूरा भरोसा है कि वे पहले सत्र में अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाएंगे। अगर हम पहले सत्र में विकेट नही गंवाते है तो हमारे लिए यह आदर्श स्थिति होगी। अभी क्रीज पर मौजूद दोनों खिलाड़ी अपने करियर के दौरान साबित कर चुके है कि वे इस प्रारूप में कितना अच्छा खेलते है और हमारे लिए कई अच्छी पारियां खेल चुके है।

# रामकुमार और अंकिता आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में



**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और अंकिता रैना ने अपने एकल मैच जीतकर आस्ट्रेलियाई ओपन क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में जगह बनाई। अभी तक किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा में जगह बनाने में नाकाम रहे रामकुमार ने अर्जेंटीना फाकुंडो बगनिस को पुरुष एकल में एक घंटे 53 मिनट तक चले मैच में 7-6(6) 7-5 से हराया। महिला एकल में अंकिता ने हंगरी की रेकी लुका जानी को 67 मिनट में 6-2 6-2 से पराजित किया। सुमित नागल को पहले ही वाइल्ड कार्ड से पुरुष एकल के मुख्य ड्रा में जगह दी गई है।

## इस्पात, सीमेंट क्षेत्र की बड़ी कंपनियां साठगांठ के तहत कर रही काम, नियामक बनाने की जरुरत: गडकरी



**मुंबई।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस्पात और सीमेंट क्षेत्र के लिए नियामक बनाने पर जोर देते हुए कहा है कि इस्पात और सीमेंट क्षेत्र की बड़ी कंपनियां दाम बढ़ाने के लिए आपसी साठ-गांठ के तहत काम कर रही हैं। गडकरी ने कहा कि यदि इस्पात और सीमेंट के दाम इसी तरह बढ़ते रहे, तो भारत को 5,000 अरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को पूरा करना मुश्किल होगा। उनका इशारा अगले पांच साल के दौरान अर्थव्यवस्था में 111 लाख करोड़ रुपए निवेश करने की तरफ था। यहां यह गौर करने वाली बात है कि इस्पात और सीमेंट उद्योग पर इस तरह की साठगांठ के आरोप पहले भी लगाए गए हैं। खासतौर से रियल एस्टेट उद्योग ने ऐसे आरोप लगाए हैं। रियल एस्टेट उद्योग भी जरूरत का सामान महंगा होने की शिकायत करते हुए लागत बढ़ने की बात करता रहा है।

## सरकार से फेसबुक, व्हाट्सऐप पर रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों के संगठन कैट ने सरकार से व्हाट्सऐप और उसकी मूल कंपनी फेसबुक के ऊपर रोक लगाने की रविवार को मांग की। संगठन ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद को पत्र लिखकर यह मांग की। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने व्हाट्सऐप की नई निजता नीति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि उसे (व्हाट्सऐप) इसे लागू करने से रोका जाना चाहिए या फिर उसपर पूरी तरह से रोक लगा दी जानी चाहिए। कैट ने मंत्री को लिखे पत्र में कहा, सरकार को या तो व्हाट्सऐप को नई नीति लागू करने से रोकना चाहिए या फिर व्हाट्सऐप के ऊपर रोक लगानी चाहिए।

## एफएमसीजी कंपनियां बढ़ा सकतीं हैं दाम, कच्चे माल का दाम बढ़ने का दबाव

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं को तेल, साबुन, दंतमंजन जैसे रोजमर्रा के उपयोग वाले सामान पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। इनका उत्पादन करने वाली कंपनियां कच्चे माल के दाम बढ़ने की वजह से अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने पर विचार कर रहीं हैं। कुछ कंपनियों ने तो पहले ही दाम बढ़ा दिए हैं, जबकि कुछ अन्य करीब से स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और मामले पर गौर कर रहीं हैं। रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली एफएमसीजी मैरिको तथा कुछ अन्य पहले ही दाम बढ़ा चुकीं हैं, जबकि डाबर, पारले और पतंजलि जैसी अन्य कंपनियां स्थिति पर करीब से निगाह रखे हुए हैं।

## गैस आधारित अर्थव्यवस्था के लिए प्राकृतिक गैस को जीएसटी के दायरे में लाने की जरूरत: उद्योग

**नई दिल्ली।** उद्योग ने कहा है प्रधानमंत्री के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण को हकीकत रूप देने और सकल ऊर्जा संसाधनों में पर्यावरण अनुकूल ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सरकार को प्राकृतिक गैस को जीएसटी के दायरे में लाना चाहिए। प्राकृतिक गैस फिलहाल जीएसटी के दायरे से बाहर है और इस पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क, राज्य वैट , केंद्रीय बिक्री कर लागू है। फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री ने कहा कि प्राकृतिक गैस को जीएसटी के दायरे में नहीं लाने से इसकी कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

# अर्थव्यवस्था तेजी से सुधार की तरफ अग्रसर : एसोचैम

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था 2021 में बड़ी तेजी से वी- आकार जैसे सुधार की तरफ बढ़ रही है। उपभोक्ता विश्वास लौटने, गतिशील वित्तीय बाजारों और विनिर्माण एवं निर्यात के मोर्चे पर की जा रही मेहनत के बल पर यह तेजी दिख रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंडल एसोचैम ने रविवार को यह कहा। उद्योग मंडल ने कहा कि कोविड- 19 टीकाकारण कार्यक्रम के शुरू होने से अर्थव्यवस्था में और तेजी आने की उम्मीद है। टीकाकरण कार्यक्रम जल्द ही शुरू होने वाला है। एसोचैम के महासिचव दीपक सूद ने कहा, उच्च- आवृति वाले आंकडों से 2021 में वी- आकार का सुधार आने के मजबूत संकेत दिखाई देते हैं। वर्ष 2020 के आखिरी दो महीनों में अर्थव्यस्था में इसके स्पष्ट संकेत दिखे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2020- 21 में 7.7 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान सामने आया है। कोविड- 19 महामारी ने विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को काफी नुकसान पहुंचाया है। हाल में जारी सरकारी आंकड़ों में यह कहा गया है। सूद ने कहा कि दो टीकों को मंजूरी मिलने के साथ ही भारत अब कोविड- 19 की रोकथाम के लिए टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत करने जा रहा है। इससे अर्थव्यवस्था को काफी फायदा पहुंचेगा खासतौर से आतिथ्यि क्षेत्र, परिवहन, मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में इसका असर दिखेगा। ए क्षेत्र महामारी के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। एसोचैम के मुताबिक आर्थिक गतिविधियों में तेज सुधार का सबसे पक्का आंकड़ा माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के तहत दिसंबर माह में अब तक का रिकार्ड 1.15 लाख करोड़ रुपए का कर संग्रह होना है। सूद ने कहा, राज्यवार आंकड़े देखने से पता चलता है कि उपभोक्ता विश्वास लौटा है।

## चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में मुद्रा प्रसार में 3.23 लाख करोड़ रुपए वृद्धि

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में मुद्रा चलन में करीब 13 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न चुनौतियों के बीच लोगो ने एहतियाती उपाय के रूप मे नकदी रखने को तरजीह दी जिसके कारण इसमे बढ़ोतरी हुई। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़े के अनुसार मुद्रा संचलन एक जनवरी, 2021 को 3,23,003 करोड़ रुपए यानी 13.2 प्रतिशत बढ़कर 27,70,315 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह 31 मार्च, 2020 को 24,47,312 करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2019-20 मे अप्रैल-दिसंबर के दौरान इसमे करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। केयर रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अब तक मुद्रा का चलन ऊंचा रहा है। इसका कारण लोग लॉकडाउन के दौरान किसी भी प्रकार की जरूरतों को पूरा करने के लिए नकदी अपने पास रखने को तरजीह दे रहे थे। उन्होने कहा, जब कभी संकट जैसी स्थिति होती है, परिवार की प्रवृत्ति अधिक-से-अधिक नकदी अपने पास रखने की होती है। यह कुछ और नही बल्कि एहतियाती उद्देश्य होता है...।

## एफपीआई ने जनवरी में इक्विटी में अब तक 5,156 करोड़ निवेश किए

**नई दिल्ली।** सुधारों को आगे बढ़ाने वाले बजट तथा तीसरी तिमाही में कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम की उम्मीद में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस साल के शुरुआती छह कारोबारी सत्रों मे भारतीय पूंजी बाजार में शुद्ध आधार पर 5,156 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया। डिपॉजिटरी आंकड़ो के अनुसार, एफपीआई ने एक से आठ जनवरी के बीच इक्विटी में 4,819 करोड़ रुपए और ऋणपत्रों में 337 करोड़ रुपए निवेश किया।

## भारत की वृद्धि में शहरों की भूमिका महत्वपूर्ण: डब्ल्यूईएफ अध्ययन

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी का शहरों पर ज्यादा असर हुआ है। लेकिन इस संकट के बाद वृद्धि के लिहाज से इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी क्योंकि देश के जीडीपी में इनका योगदान करीब 70 प्रतिशत है। एक नए अध्ययन में यह कहा गया है। जिनेवा स्थित विश्व आर्थिक मंच के इस अध्ययन में यह भी कहा गया है कि हर एक मिनट में 25 से 30 लोग गांवों से शहरों की ओर पलायन करते हैं। डब्ल्यूईएफ ने कहा, अनुमान के अनुसार, भारत के जीडीपी का 70 प्रतिशत हिस्सा शहरों से आता है और हर एक मिनट में 25 से 30 लोग गांवों से शहरों की तरफ पलायन करते हैं। हालांकि, भारत के ज्यादातर बड़े शहरों में आर्थिक विषमता काफी ज्यादा है और झुग्गी झोपड़ी बस्तियों के बढ़ने के साथ ही बड़ी संख्या में शहरी गरीब आबादी बढ़ी है। अध्ययन के अनुसार तमाम शहरी परिवारों का 35 प्रतिशत यानी करीब 2.5 करोड़ परिवार बाजार मूल्य पर मकान लेने की स्थिति में नहीं हैं।

## जनवरी अंत तक बिक्री सामान्य होने की उम्मीद : किशोर बियाणी

**नई दिल्ली।** फ्यूचर समूह को उसका खुदरा बिक्री कारोबार जनवरी अंत तक सामान्य हो जाने की उम्मीद है। कोरोना वायरस महामारी के कारण कारोबार बुरी तरह प्रभावित होने के करीब एक साल बाद यह स्थिति बनेगी। संस्थापक और फ्यूचर समूह के सीईओ किशोर बियाणी ने यह कहा। बियाणी ने पीटीआई- भाषा से बातचीत में कहा फ्यूचर समूह के खुदरा कारोबार की बिक्री कोविड-19 से पहले के स्तर के 60 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और कामकाज काफी हद तक सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है।

## एयरटेल ने प्रदीप्त कपूर को बनाया मुख्य सूचना अधिकारी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने प्रदीप्त कपूर को अपना मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ) नियुक्त करने की रविवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कपूर हरमीन मेहता की जगह लेंगे। कंपनी ने कहा, अपनी नई भूमिका में प्रदीप्त एयरटेल की समग्र इंजीनियरिंग रणनीति को संचालित करेंगे। वह कंपनी के डिजिटल दृष्टिकोण को अमल में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## एप्पल, अमेजन ने पार्लर को अपने-अपने प्लेटफॉर्म से हटाया

**वाशिंगटन।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों एप्पल और अमेजन ने माइक्रोब्लॉगिंग सोशल मीडिया पार्लर को हिंसा की धमकियों तथा अवैध गतिविधियों के चलते अपने-अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिया है। पार्लर को ट्विटर की प्रतिस्पर्धी माना जाता है। अमेरिका में हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के बाद फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे अग्रणी सोशल मीडिया मंचों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खाते को हटा दिया है। इसके बाद ट्रंप के समर्थक पार्लर पर जमा हो रहे हैं। इसे रूढ़िवादी नेताओं ने भी पसंद किया।

## अघोषित विदेशी संपत्ति की जांच के लिए आयकर विभाग में नई इकाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने आयकर विभाग के देशव्यापी जांच प्रकोष्ठ में एक विशेष इकाई गठित की है। यह इकाई भारतीय नागरिकों द्वारा विदेशों में रखी गई अघोषित संपत्ति और कालाधन रखने से जुड़े मामलों की जांच पर ध्यान देगी। हाल में कर विभाग के देश में विभिन्न भागों में सभी 14 जांच निदेशालयों में विदेशी परिसंपत्ति जांच इकाई (एफएआईयू) का गठन किया गया। इन निदेशालयों का प्राथमिक कार्य छापे मारना और तलाशी लेना है। साथ ही विभिन्न तरीकों से की जाने वाली कर चोरी को रोकने के लिए तौर-तरीके विकसित करना है।


# निर्यात के पटरी पर आने का संकेत, जनवरी के पहले सप्ताह में 16.22 प्रतिशत बढ़ा : अधिकारी

**भाषा।** नई दिल्ली

देश का निर्यात जनवरी के पहले सप्ताह में सालाना आधार पर 16.22 प्रतिशत बढ़कर 6.21 अरब डॉलर रहा। मुख्य रूप से औषधि और इंजीनियरिंग क्षेत्र में वृद्धि से निर्यात बढ़ा है। एक अधिकारी ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि यह पुनरूद्धार का संकेत है। पिछले साल जनवरी के पहले सप्ताह में निर्यात 5.34 अरब डॉलर था। अधिकारी के अनुसार इस साल एक से सात जनवरी के बीच आयात भी 1.07 प्रतिशत बढ़कर 8.7 अरब डॉलर रहा जो 2020 में इसी अवधि में 8.6 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम को छोड़कर आयात आलोच्य सप्ताह में 6.56 प्रतिशत बढ़ा। औषधि, पेट्रोलियम और इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात क्रमशः 14.4 प्रतिशत 6.162 करोड़ डॉलर) 17.28 प्रतिशत (11.472 करोड़ डॉलर) और 51.82 प्रतिशत (63.677 करोड़ डॉलर) बढ़ा।

निर्यात में नवंबर 2020 में 8.74 प्रतिशत की गिरावट आई। दिसंबर, 2020 में निर्यात में मामूली 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। निर्यात में सुधार का मुख्य कारण रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग और रसायन क्षेत्रों का प्रदर्शन अच्छा होना था। नौ महीने के अंतराल के बाद दिसंबर 2020 में आयात 7.6 प्रतिशत बढ़कर 42.6 अरब डॉलर रहा।

### आरबीआई ने बैंकों में पूंजी डाले जाने के लिए शून्य ब्याज वाले बांड को लेकर चिंता जताई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैक (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पूंजी डाले जाने के लिए शून्य ब्याज वाले बांड (जीरो कूपन बांड) को लेकर चिंता जताई है। इसका समाधान निकालने के लिए केंद्रीय बैक और वित्त मंत्रालय के बीच बातचीत जारी है।
सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में पूंजी डालने के लिए 2017-18 में बांड का सहारा लिया। इस पर बैंकों को ब्याज देने की व्यवस्था थी। बैंकों को ब्याज अगले वित्त वर्ष से देय है। ब्याज बोझ को कम करने और राजकोषीय दबाव कम करने के लिए सरकार ने बैंकों की पूंजी जरूरतों को पूरा करने को लेकर शून्य ब्याज वाला बांड जारी करने का निर्णय किया।

# ट्रंप का अपराध महाभियोग चलाने योग्य

**एपी। वाशिंगटन**

● सीनेटर पैट टूमी ने यह टिप्पणी कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर ट्रंप के समर्थकों के हमले को लेकर की है

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को महाभियोग चलाकर हटाने के डेमोक्रेटिक पार्टी के अभियान को उस समय बल मिला जब रिपब्लिकन पार्टी के ही एक नेता ने कहा कि राष्ट्रपति ने महाभियोग चलाने योग्य अपराध किया है। सीनेटर पैट टूमी ने यह टिप्पणी कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) पर ट्रंप के समर्थकों के हमले को लेकर की है।उन्होंने शनिवार को कहा कि उनका मानना है कि ट्रंप ने महाभियोग चलाने योग्य अपराध किया है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अगर सीनेट में महाभियोग प्रस्ताव आता है तो वह ट्रंप को राष्ट्रपति पद से हटाने के लिए मतदान करेंगे या नहीं। टूमी ने फॉक्स न्यूज़ चैनल पर डेमोक्रेटिक पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा के बारे में कहा, मुझे नहीं पता वे (सीनेट में) क्या भेजेंगे और मैं इसको लेकर चिंतित हूं कि क्या प्रतिनिधि सभा किसी चीज का पूरी तरह से राजनीतिकरण करेगी या नहीं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि ट्रंप ने महाभियोग चलाने योग्य अपराध किया है लेकिन मुझे नहीं पता कि सीनेट में क्या आने वाला है। वहीं शनिवार देर रात प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के अपने सहयोगियों को पत्र लिखकर दोहराया कि ट्रंप को जवाबदेह ठहराना चाहिए। हालांकि उन्होंने महाभियोग को लेकर कुछ नहीं कहा। फिर भी उन्होंने कॉकस से कहा, मैं आप से अनुरोध करती हूं कि इस हफ्ते वाशिंगटन लौटने को तैयार रहें। उन्होंने कहा, यह बिल्कुल जरूरी है कि हमारे लोकतंत्र पर हमला करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाए। पेलोसी ने कहा कि इसकी स्वीकृति होनी चाहिए कि इस अभद्रता को राष्ट्रपति ने भड़काया था।डेमोक्रेटिक पार्टी ट्रंप का कार्यकाल खत्म होने से कुछ दिन पहले ही उन पर महाभियोग चलाना चाहती है। प्रतिनिधि सभा में महाभियोग का मसौदा तैयार करने वाले समूह के नेता डेविड सिसिलिन ने कहा कि उनके समूह में 185 सह प्रायोजक शामिल हो गए हैं। इस मसौदे में ट्रंप पर विद्रोह भड़काने का आरोप है। सांसदों की योजना सदन में सोमवार को एक प्रस्ताव लाने की है जिसमें महाभियोग के आरोप हों। इस पर बुधवार तक मतदान हो सकता है। इसके ठीक एक हफ्ते बाद 20 जनवरी को डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। अगर महाभियोग प्रतिनिधि सभा में पारित हो जाता है तो यह सुनवाई के लिए सीनेट जाएगा। सीनेट में सदस्य जूरी की तरह काम करेंगे और ट्रंप को बरी करने या दोषी ठहराने के लिए मतदान करेंगे। अगर ट्रंप को दोषी ठहराया जाता है तो उन्हें पद से हटा दिया जाएगा और उनका स्थान उपराष्ट्रपति लेंगे जो फिलहाल माइक पेंस हैं। प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष पेलोसी ने अपने गृह शहर सैन फ्रांसिस्को में शनिवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधन में कहा कि न्याय होगा और लोकतंत्र चलता रहेगा। पेलोसी ने कहा कि दुनिया ने यह देखा कि देश में इस राष्ट्रपति के साथ ऐसे लोग हैं जिन्होंने लोकतंत्र की तुलना में श्वेतता को चुना।

ट्रंप के समर्थकों, जिनमें अधिकतर श्वेत लोग शामिल थे, उन्होंने पिछले बुधवार को कैपिटल (संसद) पर हमला कर दिया था जिसमें एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ संलिप्तता बल्कि राष्ट्रपति के भड़काने को भी देखा जाएगा। इस बीच बाइडन ने कहा कि उनका लंबे समय से मानना है कि ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए उपयुक्त नहीं हैं। हालांकि शुक्रवार को उन्होंने महाभियोग से संबंधित सवाल को टालते हुए कहा कि कांग्रेस क्या करेगी इसका फैसला उसे ही करना है। प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी के नंबर चार के नेता हैकीम जैफ्रीज़ ने कहा कि ट्रंप को महाभियोग चलाकर दोषी ठहराना चाहिए और उन्हें पद से हटा देना चाहिए।



स्पेन , मैड्रिड में भारी बर्फबारी के कारण गिरे पेड़ों की डाली के बीच से गुजरते लोग

# पोम्पिओ ने ताइवान के साथ राजनयिक संपर्क स्थापित करने पर लगे प्रतिबंध हटाए

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका के** विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने कहा है कि विदेश विभाग अमेरिका और ताइवान के राजयनिकों और अधिकारियों के बीच संपर्क स्थापित करने पर स्वंय लगाए गए प्रतिबंधों को समाप्त कर रहा है। इसी के साथ चीन को खुश करने की लंबे समय से जारी नीति खत्म हो गई।

ताइवान को लेकर उठाया गया यह कदम चीन को नाराज कर सकता है और अमेरिका और चीन के बीच तनाव को बढ़ा सकता है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप का कार्यकाल 20 जनवरी को खत्म हो रहा है और उनका स्थान जो बाइडन लेंगे। चीन ताइवान को अपना एक अलग हुआ प्रांत बताता है जो मुख्य भूमि के साथ दोबारा जोड़ा जाएगा, भले ही ऐसा करने के लिए बल का ही इस्तेमाल क्यों न करना पड़े। वहीं ताइवान खुद को स्वायत्त देश बताता है।

पोम्पिओ ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कई दशकों से विदेश विभाग ने हमारे राजनयिकों, सैन्य और अन्य अधिकारियों की उनके ताइवान के समकक्षों के साथ बातचीत को नियमित करने के लिए जटिल आंतरिक प्रतिबंध लगाए हुए थे। अमेरिका ने कहा कि गृह युद्ध के बाद 1949 में मुख्य भूमि चीन से अलग होकर बने ताइवान से उसके शुरू से ही करीबी संबंध हैं। ताइवान को विश्वसनीय और अनौपचारिक साझेदार बताते हुए पोम्पिओ ने कहा कि अधिकारी ताइवान के साथ संपर्क रखने को लेकर पहले जारी किए गए दिशा-निर्देशों को रद्द मानें। पोम्पिओ ने शनिवार को कहा, आज मैं ऐलान कर रहा हूं कि मैं (ताइवान के संबंध में) लगाए गए सभी प्रतिबंधों को खत्म कर रहा हूं।पोम्पिओ ने कहा कि अमेरिका दुनिया भर में अनौपचारिक साझेदारों के साथ रिश्ते कायम रखता है और इसमें ताइवान कोई अपवाद नहीं है उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइवान को अमेरिकी समर्थन की पुनःपुष्टि करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत केली क्राफ्ट ताइवान जाएंगी।इस कदम का ताइवान ने स्वागत किया है। ताइवान के विदेश मंत्री जे जोसेफ वू ने ट्वीट किया, मैं गैर जरूरी प्रतिबंध हटाने के लिए विदेश मंत्री पोम्पिओ और विदेश विभाग का आभार व्यक्त करता हूं।

# कैपिटल में घुसने और हमलावरों का साथ देने के आरोपी सांसद ने इस्तीफा दिया

**एपी। वाशिंगटन**

● इमारत में अंदर घुसने के बाद इवांस ने कैपिटल रोटुंडा के चक्कर काटे जहां ऐतिहासिक तस्वीरें लगी हुई हैं

**अमेरिका** में वेस्ट वर्जीनिया राज्य के एक सांसद ने कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) के निरुद्ध क्षेत्र में घुसने और हमलावरों का साथ देने के आरोप लगने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य डेरिक इवांस ने गवर्नर जिम जस्टिस को पत्र लिखकर कहा कि वह अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। इवांस (35) को शुक्रवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद वेस्ट वर्जीनिया के हंटिंगटन में संघीय न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया। दोषी साबित होने पर उन्हें डेढ़ साल तक की कैद हो सकती है। उनपर निरुद्ध क्षेत्र में प्रवेश करने और नियम विरुद्ध आचरण के आरोप लगाए गए हैं।इवांस ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि वह अपने आचरण की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं और इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने कामों की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और यदि मेरी वजह से मेरे परिवार, मित्रों तथा वेस्ट वर्जीनिया के मेरे साथियों को किसी प्रकार का दुख पहुंचा हो अथवा असहज स्थिति का सामना करना पड़ा हो तो उसका मुझे खेद है। इवांस एक वीडियो में कैपिटल बिल्डिंग के दरवाजे पर लोगों की भीड़ के बीच शोरशराबा करते और अन्य लोगों के साथ अंदर घुसने की कोशिश करते नजर आते हैं।

# अमेरिका के मुकेश अगही, एफआईए और तीन अन्य को मिला प्रवासी भारतीय सम्मान

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका-भारत** रणनीतिक एवं साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष मुकेश अगही और फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस (एफआईए) के साथ अमेरिका में तीन अन्य को इस साल प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।

कुछ साल पहले भारत केंद्रित अमेरिकी कारोबारी समर्थक समूह यूएसआईएसपीएफ का गठन करने वाले अगही को यह सम्मान कारोबार श्रेणी में मिला है।

इस मौके पर अगही ने बातचीत में कहा, यह अवॉर्ड प्राप्त करके मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह टीम की कोशिश है और इससे भी बड़ी बात है कि यह अमेरिका-भारत संबंधों के महत्व को रेखांकित करता है। हमारे पास मोदी-बाइडन (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के अगले राष्ट्रपति जो बाइडन) प्रशासन के तहत इस साझेदारी को और बढ़ाने के अपार अवसर हैं जिससे न केवल दोनों देशों को बल्कि पूरी दुनिया को लाभ होगा।

इसी प्रकार भारतीय अमेरिकी अरविंद पुखान को पर्यावरण प्रौद्योगिकी श्रेणी में जबकि नीलू गुप्ता को भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय प्रवासी सम्मान से नवाजा गया है।

वहीं, डॉ. सुधाकर जोन्नालगड्डा को चिकित्सा की श्रेणी में यह सम्मान मिला है। दि फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस (न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी, कनेक्टिकट) को सामुदायिक सेवा के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया है। एफआईए के अध्यक्ष अनिल बंसल ने कहा, हम प्रवासी भारतीय सम्मान प्राप्त कर बहुत गौरवान्वित और शुक्रगुजार हैं। उल्लेखनीय है कि एफआईए अमेरिका में भारतीय समुदाय के सबसे बड़े संगठनों में से एक है।

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने ट्वीट किया, अमेरिका में सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई। गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाले प्रवासी भारतीय सम्मान अनिवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों को विभिन्न क्षेत्र में उनकी उपलब्धि के लिए दिया जाने वाले शीर्ष सम्मान है।

# ताइवान को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री के हालिया कदमों पर निशाना साधा

● पोम्पियो की यह घोषणा अमेरिका के अगले प्रशासन को नुकसान पहुंचाने का एक कायराना कृत्य है

**एपी। बीजिंग**

**चीन के** सरकारी मीडिया ने ताइवान को लेकर हाल ही में ट्रंप प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो पर निशाना साधा और उन पर चीन-अमेरिका संबंधों पर दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कदम भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया। सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के एक लेखक ने रविवार को कहा कि अमेरिकी सरकार के शीर्ष अधिकारियों और उनके ताइवानी समकक्षों के बीच संपर्कों के बाबत लंबे समय से लागू प्रतिबंधों को हटाया जाना यह दर्शाता है कि पोम्पियो केवल गैर-कानूनी टकरावों को भड़काने में रुचि रखते हैं और वैश्विक शांति में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अंग्रेजी भाषा के चैनल सीजीटीएन द्वारा ऑनलाइन साझा किए गए भाषण में आरोप लगाया गया कि पोम्पियो की यह घोषणा अमेरिका के अगले प्रशासन को नुकसान पहुंचाने का एक कायराना कृत्य है। इसके मुताबिक, ट्रंप प्रशासन द्वारा सत्ता छोड़ने से पहले अपने प्रयासों के तहत चीन के साथ एक खतरनाक लाल रेखा पार की गई है और ऐसा नए राष्ट्रपति जो बाइडेन के सत्ता संभालने के चंद दिन पहले किया गया है। बाइडेन 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि चीन के लिए ताइवन एक संवेदनशील मुद्दा है। चीन इस स्वायत्त क्षेत्र पर अपना दावा जताता है।


काबुल में हुए कार बम बिस्फोट के बाद घटनास्थल का निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी

## इज़राइल में लॉकडाउन के बीच नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन

**यरुशलम।** इज़राइल मे प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ सप्ताहांत मे हजारों लोगों ने प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियों ने लंबे समय से प्रधानमंत्री पद पर काबिज़ नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि वह कोरोना वायरस संकट से कथित रूप से सही तरह से नही निपट पाए और प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग की। यह प्रदर्शन शनिवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास के पास एक चौक पर हुए और ऐसे समय में हुए है जब देश लॉकडाउन के तीसरे चरण मे है।नेतन्याहू के खिलाफ इस हफ्ते सुनवाई शुरू होनी थी लेकिन देश मे कड़े प्रतिबंधों की वजह से उसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। नेतन्याहू पर रिश्वत लेने, धोखाधड़ी करने और विश्वासघात करने के आरोप है। हालांकि प्रधानमंत्री ने कुछ भी गलत करने से इनकार करते हुए कहा कि उन्हे मीडिया, कानून प्रवर्तक और न्यायिक अधिकारियों ने निशाना बनाया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इन आरोपों के मद्देनजर नेतन्याहू देश का उचित तरीके से नेतृत्व नही कर सकते है।

## काबुल में विस्फोट, तीन लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल मे रविवार को सड़क किनारे हुए एक बम विस्फोट मे एक वाहन मे सवार कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्री के प्रवक्ता तारिक अरियान ने बताया कि मारे गए व्यक्तियो मे मंत्रालय के जन सुरक्षा बल के प्रवक्ता भी शामिल है। उन्होने बताया कि हमले मे एक अन्य शख्स जख्मी हुआ है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब तालिबान के प्रतिनिधियों के साथ शांति वार्ता करने के लिए अफगानिस्तान सरकार के नुमाइंदे कतर में है। हमले की जिम्मेदार अभी किसी ने नही ली है।हाल के महीनो मे इस्लामिक स्टेट ने राजधानी काबुल मे कई हमलों की जिम्मेदारी ली है। तालिबान के आतंकी अफगानिस्तान की सरकार के खिलाफ हमले कर रहे है जबकि वे वादे के अनुसार अमेरिका और नाटो के सैनिकों पर हमले नही कर रहे है।

## चीन के हेबेई प्रांत में कोविड-19 के 380 मामले

**बीजिंग।** कोविड-19 की नई लहर के दौरान बीजिंग से दक्षिण मे स्थित हेबेई प्रांत मे संक्रमण के 380 से ज्यादा मामले सामने आए है।हेबेई के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि 40 नए मामलो की पुष्टि रविवार सुबह हुई जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या 223 हो गई। वही 161 लोगों मे संक्रमण के लक्षण नही है। चीन संक्रमितों की संख्या मे उन लोगो को शामिल नही करता है, जिनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, लेकिन कोई लक्षण नजर नही आ रहे हैं। हेबेई मे आ रहे नए मामले राजधानी बीजिंग से निकटता के कारण चिंता का विषय बने हुए है। हेबेई और बीजिंग के बीच लोगो की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। हेबेई से जो लोग बीजिंग जाना चाहते है उन्हें प्रवेश से पहले राजधानी में अपने काम करने का साक्ष्य देना पड़ रहा है। हेबेई में आए ज्यादातर मामले प्रांतीय राजधानी शिजुआजुआंग से है जो कि बीजिंग से करीब 260 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम मे स्थित है। कुछ मामले शिंगताई शहर मे भी आए है। दोनो ही शहरो मे लाखो लोगो की जांच की गई है, सार्वजनिक यातायात और टैक्सियो पर रोक लगा दी गई है तथा यहां के निवासियों को एक सप्ताह तक बाहर निकलने पर रोक है। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन (राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग) ने इससे पहले रविवार को बताया था कि इसके एक दिन पहले 69 नए मामले आए थे, जिनमें से 21 लोग वैसे थे, जो विदेश से लौटे है।

## पश्चिमी साइबेरिया के एक नर्सिंग होम में आग लगने से सात लोगों की मौत

**मास्को।** साइबेरिया के एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकारियो ने यह जानकारी दी। देश की शीर्ष अपराध जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि आग पश्चिमी साइबेरिया के त्यूमेन इलाके में स्थित एक नर्सिंग होम में शनिवार को लगी। घटना में एक व्यक्ति झुलस गया है।बोरोवस्की शहर में बुजुर्गों की देखरेख के लिए बने इस आवास के मालिक को पुलिस ने सुरक्षा प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह आवास पंजीकृत भी नही था।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन की घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में भारी बारिश के कारण भूस्खलन की दो अलग अलग घटनाओं में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। इंडोनेशिया के नेशनल डिजास्टर मिटिगेशन एजेंसी के प्रवक्ता रादित्य जाती ने बताया कि पश्चिम जावा प्रांत के समडांग जिले के सिहानजुआंग गांव में भूस्खलन की दूसरी घटना उस वक्त हुई जब राहत एवं बचाव दल के लोग शनिवार को हुए भूस्खलन के बाद लोगों को बचाने का काम कर रहे थे। प्रवक्ता ने बताया कि मरने वालों में बचाव दल के लोग भी शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि दोनों हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।


# पाकिस्तान के अनेक शहरों में ब्लैकआउट के बाद बिजली आपूर्ति बहाल

**भाषा। इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** की राजधानी इस्लामाबाद सहित अनेक शहरों में रविवार को बिजली आपूर्ति पूरी तरह से अथवा आंशिक तौर पर बहाल कर दी गई। इससे पहले विद्युत वितरण प्रणाली में खामी के कारण देश के अनेक शहरों और कस्बों में शनिवार रात बिजली आपूर्ति ठप होने से हर ओर अंधेरा छाया रहा।

कई शहरों में आधी रात के बाद लगभग एक ही समय बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कराची, रावलपिंडी, लाहौर, इस्लामाबाद, मुल्तान के अलावा कई अन्य शहरों के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्री उमर अयूब खान ने कहा कि तकनीकी दल बिजली आपूर्ति बहाल करने के काम में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद, रावलपिंडी, लाहौर, मुल्तान, कराची और फैसलाबाद जैसे शहरों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से अथवा आंशिक तौर पर बहाल कर दी गई है लेकिन स्थिति सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा। खान और सूचना मंत्री शिबली फराज ने संवाददाताओं को बताया कि सिंध प्रांत में गुड्डू बिजली संयंत्र में बीती रात 11.41 बजे कोई खराबी आने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई।

खान ने बताया कि प्रधानमंत्री इमरान खान को पूरी स्थिति के बारे में जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी इस बात का पता नहीं चल सका है कि किस वजह से बिजली आपूर्ति ठप हुई और प्रणाली में आवृत्ति अचानक 50 से गिरकर शून्य हो गई। इससे पहले इस्लामाबाद के उपायुक्त हमजा शफकत ने ट्वीट कर कहा था कि नेशनल ट्रांसमिशन डिस्पैच कंपनी की लाइनें खराब होने के कारण यह दिक्कत आई है। उन्होंने कहा, सबकुछ सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा।


रावलपिंडी में ब्लैक आउट के बाद का दृश्य

# राजकुमार हैरी व उनकी पत्नी मेगन सोशल मीडिया को कहेंगे अलविदा

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटेन के** राजकुमार ड्यूक ऑफ ससेक्स हैरी और उनकी पत्नी डचेस ऑफ ससेक्स मेगन मर्केल ने सोशल मीडिया को छोड़ने का फैसला कर लिया है जिससे वह अमेरिकी में अपनी भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित कर सकें। अखबार द संडे टाइम्स के मुताबिक पिछले साल अपने एक साल के बेटे के साथ कहीं और बसने के मद्देनजर आधिकारिक शाही दायित्वों से अपने कदम पीछे खींचने वाला यह दंपत्ति अब ट्विटर और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

कार्यकारी शाही सदस्यों के तौर पर इंस्टाग्राम पर दोनों के एक करोड़ से ज्यादा फालोअर हैं। हैरी और मर्केल ने अमेरिका में अपनी नई प्रगतिशील भूमिका के तहत कथित तौर पर सोशल मीडिया को खारिज किया है। दंपत्ति के एक करीबी सूत्र ने अखबार को बताया कि उनकी अपने नए आर्चवेल फाउंडेशन के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल की कोई योजना नहीं थी और व्यक्तिगत क्षमताओं में भी उनके इन मंचों पर वापस आने की संभावना बेहद कम है। ऐसा समझा जाता है कि सोशल मीडिया पर नफरत से सामना होने के कारण उनका इससे मोह भंग हुआ। पूर्व अभिनेत्री मेगन मर्केल ने ऑनलाइन ट्रोलिंग के बेहद बुरे अनुभव का पहले जिक्र भी किया था।




राजकुमार हैरी के साथ 2018 में शादी से पहले 39 वर्षीय अभिनेत्री सोशल मीडिया पर दमदार मौजूदगी रखती थीं और इंस्टाग्राम पर उनके 19 लाख फालोअर थे तो ट्विटर पर साढ़े तीन लाख लोग उन्हें फॉले करते थे जबकि उनके फेसबुक पेज को आठ लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके थे।

# एक कठिन सौदा है यह

महामारी ने क्लासरूम व्याख्यान देने से लेकर परीक्षाएं कराने व इंटर्नशिप व एडमिशन लेने तक शिक्षा के सभी पहलुओं का इम्तिहान लिया है। बीता साल इस सेक्टर के लिए कैसा रहा, इसका विश्लेषण करते हैं

**अश्विनी अवस्थी**



साल 2020 को शिक्षा क्षेत्र के लिए दो प्रमुख आदर्श बदलावों वाला साल कहा जा सकता है। हालांकि इसने एक तरफ शिक्षकों व छात्रों को शिक्षा को बरकरार रखने के लिए अप्रत्याशित बदलाव को अपनाने व उसमें ढलने के लिए मजबूर किया, मगर दूसरी ओर यहे भारतीय शिक्षा व्यवस्था में लंबे समय से अपेक्षित बदलाव की एक स्वागतयोग्य घोषणा है।

कोविड-19 महामारी फैलने के बाद शोध स्तरों के अलावा शैक्षणिक संस्थान मार्च 2020 से लगातार प्रामाणिक तालाबंदी में हैं। लगभग रातों रात, शिक्षा संस्थानों को अपने प्रस्तुति मॉडल को परिसर में आमने-सामने पढ़ाने की पद्धति से आनलाइन पद्धति में बदलना पड़ा था। उन्हें तेजी से क्लासरूम ढांचे से वर्चुअल तकनीक संचालित ढांचे की ओर जाना पड़ा था। भविष्योन्मुखी संस्थान किसी तकनीकी प्रणालियों को लागू करने के लिए बेहतर तैयार थे और वे अपने श्रोताओं को मंच पर लाने के लिए तेजी से जूम, एमएस टीम्स या गूगल मीट जेसे तकनीक समाधान अपना सकते थे।

हालांकि, अनेक संस्थान जो समय, प्रयास या आर्थिक समस्याओं के कारण पहले से तकनीकी स्वीकार्यताओं में पिछड़ रहे थे, वे जूझते रहे और उनके छात्र भी प्रभावित हुए। ऐसे स्थानों पर ज्ञान साझीदारी अत्यंत सीमित थी और एकल या गैर संवादात्मक अवस्थाओं तक, संदेश देने , स्कैनयुक्त पन्नों की साझीदारी तथा लिखित निर्देशों तक सीमित रह गए ।

महामारी ने क्लासरूम व्याख्यान देने से लेकर परीक्षाएं कराने व इंटर्नशिप व एडमिशन लेने तक शिक्षा के सभी पहलुओं का इम्तिहान लिया है। ओपन बुक परीक्षा या बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित परीक्षाओं जैसे छात्र मूल्यांकन कराने के नए प्रारूप आजमाए गए। हालांकि, गैरशहरी इलाकों में रहने वाली छात्र आबादी के एक व्यापक हिस्से की इंटरनेट बैंडविडथ चिंताएं थीं और उन्होंने परीक्षाओं में भाग लेने के दौरान भारी चुनौतियों का सामना किया।

इसी प्रकार, इंडस्ट्री इंटर्नशिप उच्च शिक्षा में पेशेवर डिग्री का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दूरदर्शी शिक्षा संस्थानों ने स्थल आधारित इंडस्ट्री इंटर्नशिप्स को डेस्कटॉप शोध आधारित इंटर्नशिप्स में बदला लेकिन अभी भी आनसाइट प्रेक्टिस- आधारित शिक्षण शर्त को पूर्णतया पूरा नहीं कर पाए।

महामारी का शिक्षा व्यवस्था में छात्र उपलब्धि गतिविधि पर भारी प्रभाव पड़ा था। प्रवेश प्रक्रियाएं आन कैम्पस परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों से वर्चुअल कैम्पस वाक, वीडियो इंटरव्यू, आनलाइन मूल्यांकन एवं चयन में बदल गए हैं। उभरती भावना है कि महामारी लगातार शिक्षा को प्रभावित करेगी और दाखिले कभी भी दुबारा नहीं होने जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्र पंजीकरण में कमी आई हैं। साथ ही, छात्र उन तकनीकी कार्यक्रमों को चुनने के प्रति सशंकित हैं जिनमें आन कैम्पस आधारित शिक्षण की आवष्यकता है। यह पूर्वानुमान है कि भविष्य में छात्र कालेज दाखिले पर प्राथमिकता बतौर ब्रांड के बजाय अनुभव के रूप में एक अनुभव के बतौर कालेज पर अपना फोकस बदलेंगे।

इस अवधि ने हमें समय के साथ चिंतन करने का समय भी प्रदान किया है कि हमारी व्यक्तिगत डिजीटल योग्यताएं एवं तकनीकी के मामले में हमारी सीमाएं कहां हैं ।

तकनीकी उपयोग पर प्रशिक्षण विद्वान, आनलाइन शिक्षण के लिए कंटेंट, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बैंडविड्थ, डिजीटल शिष्टाचार एक चुनौती बना रहा। विभिन्न प्रकार की पर्दे से संबंधित स्वास्थ्य चिंताएं, स्वास्थ्य चिंताएं संबंधित भाव भंगिमाएं, एकांत में अवसाद इस साल छात्रों में बढ़ गया है।

लेकिन इस साल भारत में शिक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ी स्वागतयोग्य घोषणा की गयी है। साल 2020 में शिक्षा क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा तोहफा था नयी शिक्षा नीति लागू होना, जिसकी शुरूआत 29 जुलाई को, 34 साल पहले प्रसारित की गयी पिछली नीति को दरकिनार करते हुए की गयी। नयी शिक्षा नीति एक दूरदर्शी नीति है जिसका उद्देश्य अगले दशक में सभी बच्चों के लिए स्कूलों तक सार्वभौमिक पहुंच जैसे अनेक प्रासंगिक बदलाव लाना तथा जीईआर वृद्धि पर जोर देते हुए, भारत में बच्चों की पढ़ाई छूटने की बढ़ती दर पर रोक लगाना है।

नयी शिक्षा नीति विदेशी विश्वविद्यालयों के भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान खोलना तथा केरीकुलम में आमूलचूल बदलाव करने, अधिक आसान बोर्ड परीक्षाएं, कूल अत्यावश्यक जानकारियों को बरकरार रखने के लिए सिलेबस को कम करने तथा प्रयोगात्मक शिक्षण एवं गहन चिंतन पर जोर देने समेत अनेक शानदार बदलावों का प्रस्ताव भी देती है। हालांकि अच्छी मात्रा में प्रशिक्षित गुणकारी शिक्षकों को विकसित करने की प्रबल आवश्यकता इंडस्ट्री की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक है। अनेक लोग मानते हैं कि यदि नयी नीति सिलेबस एवं केरीकुलम की सजग डिजाइनिंग के साथ गंभीरतापूर्वक लागू कर दी गयी तो इसमें भारत को आत्मनिर्भर ज्ञान महाशक्ति में बदलने की क्षमता है।

अंत में, यह महसूस किया जाता है कि भविष्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव व परिवर्तन देखेगा। तकनीक, प्रस्तुति, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा शिक्षण पद्धति को गढ़ने के काम में अग्रगामी बनेगी। विकास का एक स्पष्ट क्षेत्र अंक आधारित अकादमिक केरीकुलम से जीवन आधारित समग्र विकास पर जोर देने की ओर मुड़ सकता है।

वर्तमान में, छात्र जो पढ़ता है और इंडस्ट्री जो चाहती है उसमें भारी फासला नजर आता है। हम उन बाधाओं को तोड़ने के मुकाम पर हैं जो अकादमी और इंडस्ट्री के बीच हैं। हालांकि कुछ संस्थान हैं जो इंडस्ट्री के नजदीकी संपर्क में काम करते हैं ताकि वे अपने केरीकुलम को उनके अनुकूल बना सकें और इंडस्ट्री के लिए उपयुक्त स्नातक तैयार कर सकें, मगर अपेक्षा और सत्य के बीच फासला भारी है। जमीनी स्तरों पर एक करीबी-इंडस्ट्री-शिक्षा भागीदारी केरीकुलम, शिक्षण तकनीकें एवं व्यवहारिक शिक्षण अनुभवों का विकास तेज कर सकती है।

**- लेखक रिक्स स्कूल आफ बिल्ट इनवायरनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।**

# खाई को भरने का समय

**सुनित गजभिए** का कहना है कि यह समझना महत्वपूर्ण है कि वंचित लोगों की शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास किए जाने की आवश्यकता है



शिक्षा की उपलब्धता हमारे देश में एक प्रमुख समस्या बनी हुई है, जो अनेक प्रयासों के बावजूद, अभी भी एक दूर की सच्चाई है। दुनिया भर में कोविड फैलने के कारण लगी तालाबंदी ने शिक्षा क्षेत्र की मुसीबतें बढ़ाई हैं। हालांकि, सरकार के आनलाइन शिक्षा पर जोर देने तथा दावेदारों के नयी परिस्थिति में तेजी से ढलने से, लोगों तक शिक्षा की उपलब्धता थोड़ी बहुत बेहतर हुई है और पढ़ाई जारी रही।

शिक्षा से लेकर नौकरी तक, सभी के लिए जीवन के प्रत्येक पहलू में उपलब्धता को समान अवसर के बतौर देखा जाना चाहिए। सभी को उपलब्धता प्रदान करना वो सशक्तीकरण प्रदान करने में सहायता करता है जो सभी के लिए समावेशन व उपलब्ध शिक्षा से सीधे जुड़ा है।

हालांकि अनेक लोग जिनके पास गतिशीलता की सुविधा नहीं होती है, वे शिक्षा का अधिकार और एक समावेशी शिक्षा वातावरण के बीच चुनाव करने को मजबूर होते हैं।

न केवल यह, लेकिन शिक्षा तक पहुंच आवागमन एवं ढांचागत प्रावधानों से परे होनी चाहिए। यह समझना महत्वपूर्ण है कि वंचित लोगों की शिक्षा तक पहुंच प्रदान करने के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास किए जाने की आवश्यकता है ताकि जरूरतमंद लोगों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

यद्यपि सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं और शैक्षणिक संस्थान नयी सहजता को अपनाने के लिए पर्याप्त स्मार्ट हो गए हैं, मगर फिर भी एक खाई है जिसे भरे जाने की आवश्यकता है। यह अनेक अन्य सेक्टरों की संलिप्तता तथा निजी कंपनियों समेत कार्पोरेट से ज्यादा भागीदारी की मांग करेगा।

नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति शैक्षणिक सुधारों के मामले में अनेक वायदे करती है लेकिन इसके वास्तविक क्रियान्वयन में गंभीर प्रयास लगेंगे। नीति संसाधनों के व्यापक उपयोग का प्रावधान करती है जिससे कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी तक पहुंच सके। ज्यादा महत्वपूर्ण रूप में, हाइब्रिड या मिश्रित किस्म की शिक्षा जहां क्लासरूम और आनलाइन शिक्षा पर जोर रहने की आवश्यकता है।

आगे बढ़ते हुए, मिश्रित किस्म की शिक्षा भविष्य बनती नजर आती है और, ऐसे परिदृश्य में, बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के उपाय निर्णायक हैं। हालांकि, इसमें निर्णायक खिलाड़ियों को मैदान में उतरने की और सभी को शिक्षा का लक्ष्य पूरा करने हेतु अपनी विशेषज्ञता प्रदान करने की आवश्यकता होगी। फिलहाल, इंटरनेट कनेक्टिविटी अनेक स्कूलों-कालेजों में एक प्रमुख मसला है और इसके कारण आनलाइन कक्षाएं दूर का सपना हैं। साथ ही, आनलाइन परीक्षाएं तकनीकी अड़चनों से भरी है और समयबद्ध परिणाम प्रश्न से परे समझे जाते हैं। यह निजी खिलाड़ियों एवं सरकारी संस्थाओं के बीच फलदायी साझीदारी की आपात आवश्यकता की मांग करता है।

**- लेखक सीबीओ के चीफ बिजनेस आफिसर हैं।**

## स्कॉलरशिप



द इंटर्नशाला ने लड़कियों के लिए अपनी सालाना स्कालरशिप, इंटर्नशाला करियर स्कालरशिप-2021 यानी आईसीएसजी की घोषणा की है। आईसीएसजी 25000 रूपए का एक सालाना प्रोत्साहन है। यह पुरस्कार उन लड़कियों को पहचान देने के लिए है जिन्होंने अकादमी, खेल तथा कला जैसे किसी क्षेत्र में करियर बनाने का अपना सपना पूरा करने के लिए कठिनाइयों से लड़ाई लड़ी है।

**योग्यता:** 17 से 23 साल (31 दिसंबर, 2020 तक) के आयु समूह वाली भारतीय नागरिकता की कोई लड़की आवेदन के योग्य है।

**आवेदन प्रक्रिया :** इस स्कालरशिप के तीन चरण हैं: आन लाइन फार्म- आवेदन जमा करना। इंटरव्यू: टेलीफोनिक इंटरव्यू के लिए चयन सूची की घोषणा की जाएगी और इंटरव्यू लिया जाएगा। आपसे इंटरव्यू से पहले सभी अनिवार्य दस्तावेज व प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा ।

**रेफरी जांच :** इंटरव्यू के बाद, आपके रेफरी (फार्म में प्रदत्त) से जांचकार्य के लिए संपर्क किया जाएगा जिसके बाद, अंतिम विजेता को चुना व घोषित किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें :** आवेदन करने के लिए, छात्राओं को फार्म भरना होगा और अपने करियर लक्ष्यों को बताना होगा। आवेदनों की चार तत्वों के आधार पर छंटाई की जाएगी जिनमें , कठिनाइयों के खिलाफ संघर्ष,उपलब्धि, उद्देश्य एवं आवश्यकता सम्मिलित हैं।

अधिक जानकारी के लिए या स्कालरशिप हेतु आवेदन के लिए देखें, http://bit.ly/ICSG-21

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 15 जनवरी, 2021।

द नेशनल सेंटर फार द परफार्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) ने साल 2009 से, सीटी के साथ साझीदारी में लगातार काम किया है। इस संस्थान ने उन युवा महत्वाकांक्षी छात्रों के लिए स्कालरशिप प्रस्तावित की है जो हिन्दुस्तानी संगीत के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण चाहते हैं। इस साल, स्कालरशिप गायन- खयाल या ध्रुपद एवं वादन -तबला या पखावज के लिए प्रस्तावित की है। आवेदन 18 से 35 साल के आयुवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए सीमित हैं।

**योग्यता :** इस स्कालरशिप के लिए आवेदक के बायोडाटा को उसके आवेदन के रूप में समझा जाएगा। अलग से भरने के लिए कोई आवेदन फार्म नहीं है।

**आयु सीमा :** खयाल या वादन के लिए- 18 से 30 साल की आयु (1 मार्च 2021 के अनुसार)। ध्रुपद के लिए - 18 से 35 साल की आयु (1 मार्च 2021 के अनुसार)।

वे आवेदक जिन्हें अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के दौरन अन्य स्कालरशिप या ग्रांट का लाभ मिलता है, वे आवेदन के योग्य नहीं हैं। जो आवेदक पूर्णकालिक या अंशकालिक किसी कंपनी में पेशेवर कामकाज कर रहे हैं, वे आवेदन नहीं कर सकते।

पेशेवर संगीतकार समेत जो आल इंडिया रेडियो से ए ग्रेड कलाकार हैं, वे आवेदन के योग्य नहीं हैं।

**आवेदन कैसे करें:** आवेदन करने के लिए, आवेदकों को ईमेल के जरिए अपना आवेदन पत्र (संगीत शिक्षा पर अपना बायोडाटा) भेजना होगा। इमेल का पता है - ncpascholarships@gmail.com कूरियर द्वारा भेजे गए प्रत्यक्ष आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। केवल उपरोक्त उल्लिखित ईमेल आईडी पर भेजे गए आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**आवेदन की अंतिम तिथि :** 15 जनवरी, 2021।

# पारंपरिक शिक्षण की अवधारणा में बदलाव



बीते महीनों में, पारपंरिक शिक्षण की अवधारणा में जबरदस्त बदलाव आए हैं जब छात्र आनलाइन शिक्षण वातावरण की ओर गए हैं। हालांकि, महामारी के सदमों को दरकिनार करते हुए, अनेक एडटेक स्टार्टअप्स प्रत्येक छात्र की, उसकी पढ़ाई जारी रखने में सहायता करने हेतु आगे आए।

शिक्षा को सचमुच दिलचस्प बनाने के उद्देश्य से, एडटेक स्टार्टअप्स शिक्षा जगत को बदल रहे हैं। आज जोर, रटंत शिक्षण पर न होकर, कम उम्र से ही उचित योग्यताओं को पोषित करने पर है। इसके अलावा, जिस तरह तकनीकी उन्नति खतरनाक ढंग से अपने पैर जमा रही है, इन स्टार्ट अप्स का उद्देश्य भविष्य के लिए प्रासंगिक योग्यताएं प्रदान करना भी है।

इस मामले में, आइए उन पांच नये शिक्षा तकनीकी अभ्यासों पर नजर डालें जिन्हें भारत ने 2020 में देखा है:

**अवधारणा आधारित शिक्षण :** मकसद है पढ़ाई को छात्रों को आनंददायक काम बनाना जहां वे ज्ञान, नए अनुभवों को साझा कर सकें और बचपन से ही समझ विकसित करने हेतु समस्या समाधान गतिविधियों में गहन भागीदारी कर सकें। एसपी रोबोटिक्स एक ऐसा ही एडटेक मंच है जो छात्रों की रोबोटिक्स, कोडिंग, इमेज प्रोसेसिंग, वर्चुअल रीयल्टी एवं अन्य अत्याधुनिक योग्यताएं या शिक्षा को सीखने, बनाने व प्रदर्शित करने में सहायता करता है।

सबसे अच्छी बात यह है कि अवधारणाओं को एनिमेशन वीडियोज एवं वास्तविक जगत के उदाहरणों के उपयोग द्वारा पढ़ाया जाता है। यह कोडिंग योग्यताओं को ही उन्नत नही करता है बल्कि समस्या समाधान योग्यताओं व रचनात्मकता को भी बढ़ाता है।

**स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर प्रशिक्षण :** गुरुग्राम स्थित यह स्टार्टअप ओटी टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन एवं एक्स-रे टेक्नीशियन जैसे व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। कंपनी उबर-मॉडल की नकल कर रही है लेकिन टेक्सी के बजाय, यह पैरामेडिक्स, जिसकी भारत में अत्यंत आवश्यकता है, के लिए व्यवसायिक शिक्षा पर जोर दे रही है। यह अनुमानित है कि पैरामेडिक्स की मांग 6.5 मिलियन है, जबकि उपलब्ध योग्य कार्यशक्ति के 0.45 मिलियन है। एम विरोहन एक स्वास्थ्य एडटेक हस्ती है और इन्होंने एक छोर से दूसरे छोर तक, स्वामित्व तकनीक समझदारी से लेकर समुच्चय प्रशिक्षण प्रदाताओं एवं आदर्श के अनुरूप आपरेशन, मोबिलाइजेशन से लेकर नौकरी के लिए प्रशिक्षण तक का ढांचा विकसित किया है।

इस कंपनी ने भूगोल एवं व्यापार द्वारा रोजगार भविष्यवाणी एवं मांग संग्रह के लिए एवं रोजगार संग्रह समाधान भी निर्मित किया है। अंत में, इसने जीई हेल्थकेयर एवं सीमन्स हेल्थीनियर्स जैसे उद्योग कंपनियों के साथ साझीदारी की है ताकि सुनिश्चित हो कि उनका कंटेंट प्रासंगिक है और जिसकी इंडस्ट्री में मांग है।

**योग्यता विकास :** योग्यता निखार का अर्थ है क्षमताएं बढ़ाने हेतु नयी योग्यताएं सीखना क्योंकि यह छात्र के जीवन समेत करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्कूल आफ एक्सीलरेटेड लर्निंग (एसओएएल) उन विद्यार्थियों के लिए पहला हाइब्रिड प्रोडक्ट स्कूल है जो तकनीक-केन्द्रित करियर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह उभरती तकनीकों तथा भावी कार्य -योग्यताओं के लिए भारत का सबसे पहला हाइब्रिड कोडिंग बूट कैम्प है। यह मंच प्रोडक्ट इंजीनियरिंग एवं प्रोडक्ट डिजाइन के कोर्स की गहन जानकारी प्रदान करता है और असल जीवन निर्मित करने में सहायता करता है, वेब कामकाज को शुरूआत से मजबूत बनाता है। बच्चों के लिए एक और लाइव आनलाइन योग्यता निखार ऐकेडमी है बीयोंडस्कूल।

## माइंड इट

**इंजीनियरों के लिए रोजगारोन्मुख कोर्स :** वैश्विक स्टार्ट अप स्किल-लिंक, जिसका चेन्नई में मुख्यालय है, ने इलेक्ट्रिक वाहन डिजाइन एवं सिमुलेशन में एक स्पेशल मास्टर कोर्स की शुरूआत की है। यह स्टार्ट-अप मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं सिविल इंजीनियरिंग के लिए रोजगारोन्मुख कोर्स प्रदान करता है। मई 2020 में शुरू हुआ यह स्टार्ट अप भारत में पहला ऐसा केरीकुलम है जो ईवी पर जोर देता है। कालेज बंद होने तथा छात्रों को अपना अधिकांश समय घर पर बिताते देख कर स्टार्ट अप ने तेजी से इस कार्यक्रम को विकसित किया और कोविड-19 के बीच इसे प्रसारित किया।

**युवा मनों के लिए प्रासंगिक शिक्षण :** कुतुकी भारत के उन पहले शुरुआती शिक्षण एप्प में से है जो भारत के नन्हें विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए स्वामित्व कथाओं एवं गीत आधारित केरीकुलम का इस्तेमाल करता है। परस्पर संवाद आधारित एप का उद्देश्य ऐसे रचनात्मक प्रासंगिक, बहुभाषी विषय द्वारा युवा मनों को रूपांतरित करना है जिसे माता पिता और बच्चे खुद को पहचान सकते हैं। यह उन मान्यता प्राप्त एप्प्स में से एक है जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत एप इन्नोवेशन चैलेंज के विजेताओं के रूप में मान्यता दी है।


# निघासन विधायक शशांक वर्मा की गाड़ी पर पथराव

● देर शाम विवाद के बाद उनके काफिले पर भी हमला, जांच में जुटी पुलिस

● निघांसन विधायक मामले में 11 पर केस तीन गिरफ्तार

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर

**शनिवार देर** शाम नैमिष तीर्थ अंतर्गत अहोबिल मठ के पास स्थित लोक कल्याण ट्रस्ट रावतपुरा सरकार के संरक्षक व विधायक निंघासन विधायक शशांक वर्मा अपने समर्थकों के साथ ट्रस्ट आश्रम पहुँचे थे। इस दौरान विधायक के साथ आए लोगों ने ट्रस्ट गेट के बाहर पड़ी आस पास के लोगो की मकान निर्माण सामग्री को वहां पर रहने वाले लोगों से हटाने की बात कही, जिस पर कुछ ही देर में दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी कहासुनी ज्यादा बढ़ने पर मोहल्ले के स्थानीय लोगों ने विधायक के काफिले पर पथराव शुरू कर दिया, जिसके बाद विधायक ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा विधायक की शिकायत पर पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है। मौके पर एडिशनल एसपी एन.पी. सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद हैं हाल फिलहाल विधायक के साथ एडिशनल एसपी द्वारा वार्ता की जा रही थी। मिश्रिख कोतवाली इलाके में शनिवार रात को हुए निघासन विधायक और ग्रामीणों के बीच हुए विवाद के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनके खिलाफ इंद्रेश्वर वर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दिनेश, अवधेश, गुड्डू , पप्पू, छोटक्के, मजनू कश्यप, कमलेश, भगवानदीन, श्यामलाल ,रामादर, राम औतार व अन्य अज्ञात सभी निवासी कहारन टोला कस्बा नैमिषारण्य के खिलाफ दर्ज किया है। बता दें कि शनिवार रात को कहारन टोला में निघासन विधायक शशांक वर्मा और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया था। कहासुनी बढ़ने पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया था।


नैमिषारण्य-घटने के बाद मौजूद निघासन विधायक शशांक वर्मा व पुलिस टीम

सीता इंटर कॉलेज में हुआ मेधावियों का सम्मान समारोह

## शिक्षा क्षेत्र में स्ववित्त पोषित विद्यालयों का योगदान बहुत अहमः उमेश द्विवेदी


महमूदाबाद-मेधावियों को सम्मानित करने के बाद मौजूद शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी व अन्य

**महमूदाबाद सीतापुर।** आज अगर कोई राष्ट्रवादी पार्टी है जो वह भाजपा है जो विश्व पटल पर भारत को पेश कर रही है। अमेरिका जैसे देश आज भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध रखना चाहते हैं। आज भारत विश्वगुरू बनने की ओर लगातार अग्रसर है। कोरोनाकाल की वजह से प्राइमरी और जूनियर कक्षाएँ बंद हैं इससे हमारे निजी विद्यालयों और उसमें अध्यापन कर रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं का काफी नुकसान हुआ है। बीते दिनों इस मुद्दे को लेकर मेरी मुख्यमंत्री से वार्ता हुई है और उन्होने आष्वासन दिया है कि जल्द ही अगली कैबिनेट में स्कूलों के खोलने पर विचार करेंगें। यह बात शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने सीता इण्टर कालेज सभागार में अभिनदन और प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को वित्तवहीन शिक्षक महसभा के जिलाध्यक्ष पंकज पाण्डेय, मौलाना आजाद कालेज के प्राचार्य डा. जफर अब्बास, राजकीय हाईस्कूल कोदौरा के प्रधानाचार्य दिनकर द्विवेदी, भाजपा नेता नैमिष तिवारी, छोटे लाल बालिका इण्टर कालेज के प्रबंधक छोटे लाल मिश्र ने सम्बोधित किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रधानाचार्य रमेश वाजपेई, वागीश दिनकर, अनन्त रत्नम आदि ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिशद बाराबंकी के अध्यक्ष डा. रामकुमार गिरि, स्वाती सेवा सदन संचालिका डा. ए.मणि मिश्रा, कुंवर रस्तोगी, उमेश गुप्त, राजेष सिंह, दिलीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**मछरेहटा सीतापुर।** विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर रविवार को प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया गया। अधीक्षक डाक्टर कमलेश कुमार ने बताया कि आयोजन जिसमें डॉक्टर दीपक यादव महिला डॉक्टर साहिना बानो डॉ अजीत सिंह डॉक्टर अमित श्रीवास्तव , फर्मासिस्ट, एनम मौजूद रहे तथा आशा भी मौजूद रहे तथा काफी संख्या में मरीजों ने क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर अपना डॉक्टर द्वारा परीक्षण करवाया परीक्षण करने के बाद डॉक्टरों ने मरीजों को दवाई दी जिससे मरीजों में खुशी का माहौल देखने को मिला अधीक्षक डॉक्टर कमलेश कुमार ने बताया कि बताया कि चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लौली,भिठौरा, परसदा, मधवापुर मे लगभग सभी बीमारियों के 411मरीजों को देखा गया।

बैठक में सर्वसम्मति से

# अग्रवाल सभा के जिलाध्यक्ष बने मुकेश अग्रवाल

संवाददाता। सीतापुर

**अग्रवाल सभा** सीतापुर की चुनावी बैठक अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। बैठक में संरक्षक मंडल के रामपत अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, जयप्रकाश भरतिया, राजाराम जिंदल,सीताराम खेतान, बाबूलाल मोदी, राजेंद्र अग्रवाल ''नागर'' ने निवर्तमान अध्यक्ष से पिछले कार्य काल की वित्तीय व अन्य कार्यक्रमों की जानकारी लेकर सभा को अवगत कराया। तदोपरांत पिछली कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा करते हुए एडवोकेट अशोक अग्रवाल को चुनाव अधिकारी घोषित कर चुनाव प्रक्रिया शुरू कराई। चुनाव अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत उपस्थित समाज के सदस्यों से अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव मांगे जिस पर सर्वप्रथम विवेक अग्रवाल ''मिंटू'' द्वारा मुकेश अग्रवाल का नाम प्रस्तावित किया गया। नाम प्रस्तावित होते ही अधिकांश सदस्यों ने प्रस्ताव को समर्थन दिया एवं संभावित प्रत्याशियों ने भी मुकेश अग्रवाल के नाम पर अपनी सहमति प्रदान कर दी। इस प्रकार मुकेश अग्रवाल को सर्वसम्मति से अग्रवाल सभा का अध्यक्ष घोषित किया गया। अध्यक्ष घोषित होने के बाद निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजस्थानी व महामंत्री अरविंद जिंदल, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने औपचारिक रूप से माल्यार्पण कर नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। अग्रवाल सभा की यूथ विंग के निवर्तमान अध्यक्ष अंकित अग्रवाल को ही सर्वसम्मति से पुनः वर्षों के लिए अध्यक्ष भी घोषित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने अग्रवाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में जितने भी अध्यक्ष हुए उन्होंने बेहतर काम किया है मैं भी आप सब के आशीर्वाद और सहयोग से अग्रवाल समाज के साथ सर्व समाज के हित में काम करूंगा।नव निर्वाचित अध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी में महामंत्री के रूप में नवीन अग्रवाल बंटी कोषाध्यक्ष मोहन अग्रवाल की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी आकाश अग्रवाल ''बजरंगी'' ने किया। इस मौके पर विजय बंसल, डॉ प्रवीण गुप्ता, गिरीश लाठ, अंजनी लाठ, रविंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संदीप भरतिया, आशीष अग्रवाल, रोहन अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, प्रदीक गोयल, वैभव बंसल, सुशील अग्रवाल आदि ने नवनिर्वाचित दोनों अध्यक्षों को नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।


सीतापुर-अर्ग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व अन्य

उत्तर प्रदेषीय पूर्व माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की हुई बैठक

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेशीय** पूर्व माध्यमिक (जूनियर हाईस्कूल) शिक्षक संघ सीतापुर की संयुक्त कार्यकारिणी की मासिक बैठक नव वर्ष के अवसर पर सरोजनी वाटिका सीतापुर मे जिला अध्यक्ष राम चन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसका संचालन जिला मंत्री रणविजय सिंह यादव ने किया,सर्व प्रथम जिला ईकाई द्वारा अपने समस्त ब्लॉकों से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाते हुए , डायरी व पेन उपहार देकर, सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभी ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से जिला कमेटी को अवगत कराया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रामचंद्र मिश्र ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और साथ ही आश्वस्त किया की शिक्षक हित में ब्लॉक से आई हुई समस्याओं का जिले से समय निस्तारण कराया जाएगा तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा समय पूर्व समय उपरांत किए जा रहे विद्यालय निरीक्षण पर रोष व्यक्त किया। मीटिंग को मंडल उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने संबोधित करते हुए सभी को संगठन के कर्तव्य बोध से परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामन्त्री रणविजय सिंह द्वारा किया गया, कोषाध्यक्ष बच्छनखाँ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की पुराने संघर्ष से अवगत कराया विभिन्न ब्लॉकों से आए हुए अध्यक्ष मंत्रियों ने बारी बारी से अपने अनुभव और समस्याओं से सभा अध्यक्ष जी को अवगत कराया। इसमें प्रमुख रूप से लक्ष्मी नारायण गुप्ता, रमा शंकर अवस्थी, कुलदीप बाजपेई , सुरेंद्र राजवंशी, पंकज अवस्थी, नरेश मिश्रा, सुबोध शर्मा ,मुस्तफा अली, सुबोध मान, काजिम ,पुष्पा बाजपेयी, हरिराम यादव मोहम्मद हारून, शिव नाथ शुक्ला रईस अहमद प्रेम कुमार संतोष मिश्रा अशोक तिवारी सुरेंद्र वर्मा आदि।


सीतापुर-बैठक के बाद मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी

तृतीय नमामि नैमिष अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

## मोदी इलेवन को नैमिष सुपर इलेवन ने चार विकेट से हराया

**सीतापुर।** शहीदों के सम्मान में आयोजित तृतीय नमामि नैमिष अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच मोदी इलेवन सीतापुर को नैमिष सुपर इलेवन ने चार विकेट से हराकर जीत दर्ज की । यह मुकाबला नैमिष के वेदव्यास धाम ग्राउंड पर खेला गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि युवा प्रतिभाओं को निखारने के का यह बढ़िया प्रयास है । शहीदों के सम्मान में आयोजित यह प्रतियोगिता शानदार है । मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने कहा कि खेलों से युवाओं का विकास होता है, क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नियमित करने के लिए सरकार से खेल मैदान की मांग की है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल आदित्य प्रताप सिंह एवं एशियाई मास्टर मीट मलेशिया की स्वर्ण पदक विजेता डॉ तृप्ति सिंह, विशिष्ट व्यासप्रतिनिधि रंजीत शास्त्री, हनुमान गढ़ी महंत पवन दास, वेंकटेश्वर शास्त्री ने मैच का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत मुनींद्र अवस्थी, यतीन्द्र अवस्थी, रामकिशोर दीक्षित ने किया। उद्घाटन के दौरान खेले गए पहले मैच में नैमिष सुपर इलेवन नैमिषारण्य व सुपर स्टार मोदी इलेवन के बीच खेला गया । जिसमें नैमिष सुपर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बोलिंग करने का निर्णय लिया और मोदी इलेवन ने निर्धारित 15 ओवर में 129 रन बनाए। इसके जवाब नैमिष सुपर इलेवन 15 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 130 रन बना जीत गयी हो गई । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भरत को दिया गया उन्होंने शानदार 73 रन बनाए। मैच में अंपायरिंग पूर्व क्रिकेटर पप्पू तिवारी और सूरज अवस्थी ने की । इस मौके पर ब्लॉक रामकिंकर पांडेय, रामानुज कुमारी माता जी, कपिल शास्त्री, चक्रतीर्थ पुजारी राजनारायण पांडेय, प्रधान दिलीप गुप्ता, सभासद मुकुल दीक्षित, समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व दर्शक मौजूद रहे।


नैमिषारण्य-क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते विधायक रामकृष्ण भार्गव

12 जनवरी को पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू

## 'युवा घेरा' कार्यक्रम में भाजपा पर बोलेंगे हमला

**थानगांव सीतापुर।** थानगाँव-समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आगामी 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती पर मौजूदा सरकार की विफल नीतियों और बढ़ती बेरोजगारी के बारे में परिचर्चा व जागरूक करने के लिये ''युवा घेरा ''कार्यक्रम करने का निर्देश दिया है। जिसकी जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के नेताओं को दी गयी है।इसी क्रम में सेवता विधानसभा में 12 जनवरी को युवा घेरा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेवता के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह''झीन बाबू'' ने लोगों से अपील व उपस्थिति के लिए बैठक करनी शुरू कर दी है। जिसके चलते पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू ने सेवता विधानसभा के सीपतपुर गाँव में बैठक की। बैठक में आगामी 12 जनवरी को ''युवा घेरा'' कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की साथ ही समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। इस अवसर पर दिनेश प्रताप सिंह,पवन सिंह,रिजवान अहमद, सीताराम यादव,उमेश यादव,सुरेश सिंह,इकबाल बहादुर यादव,रामकुमार चौहान,राजू सिंह, ताजमोहम्मद, ताजू,प्रदीप सिंह,अमित सिंह, उत्तम यादव,शेषकुमार, सोनू सिंह,अरुन कुमार, रमाकांत यादव ,रमेश यादव, डॉ अम्बर प्रसाद,अशोक यादव ,सावले प्रसाद पूर्व प्रधान,सहजराम यादव पूर्व प्रधान, जगत सिंह, कपिल ,डा.महेश गौतम,रशिद अली, शिवम आदि कई लोग मौजूद रहे।


थानगांव-बैठक में मौजूद पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू

अभाविप अधिवेशन में बोले वक्ता

## मोदी सरकार ने समझा कश्मीर की जनता का दर्द

● अभाविप का एक दिनी प्रान्तीय अधिवेशन

संवाददाता। सीतापुर.

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद के एक दिनी प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामशरण वर्मा ने कहा की वर्तमान सरकार जम्मू कश्मीर पर अर्से से जनता में पल रहे दर्द को समझा और वहां से अनुच्छेद 370 धारा 35 हटाकर। लोगों को सम्मान व तोहफा दिया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद जम्मू कश्मीर में आना जाना प्रतिबंधित था, लेकिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए उसे देश के अन्य प्रांतों जैसा बनाने का जो बीड़ा उठाया। आज वर्तमान में मोदी सरकार पूरा कर रही हैं। इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री घनश्याम सही प्रदेश मंत्री अंकित शुक्ला अध्यक्ष मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि श्रीहरि बोरिकर, राष्ट्रीय मंत्री राहुल चौधरी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री रमेश गड़िया, अखिल भारतीय राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख राहुल वाल्मीकि, प्रान्त संगठन मंत्री घनश्याम शाही सहित लगभग 225 प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

● विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र- परिषद के अधिवेशन में विज्ञान प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। रोबोट से लेकर अन्य प्रकार के मॉडल लगाए गए थे। चलित मॉडल मॉडल मैं रोबोट के क्रियाकलाप को देखने के लिए कार्यकर्ता उत्सुक रहें। इसके अतिरिक्त सौर ऊर्जा खेती का मॉडल फिर लोकप्रिय हुआ।

● प्रदर्शनी ने परिषद से रूबरू कराया- यहां लगी प्रदर्शनी विद्यार्थी परिषद के बारे में सब कुछ बयां कर रही थी। अवध प्रांत के संबद्ध जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के अलावा कोरोना लॉकडाउन पीरियड में कर्ताओं के द्वारा किए गए सेवा कार्यों को अखबारों की कतरन दर्शाती रही।प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता अपनी जान जोखिम में डालकर किस तरह लोगों की सेवा करते रहे इसकी नजीर भी प्रदर्शनी बनी।


सीतापुर-कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि व अन्य

## क्विक न्यूज

### 10 वर्षीया बच्ची से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा थाना कस्बे के अंतर्गत बहोरनपुर निवासी 10 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला पड़ोस के रहने वाले रमजान उम्र 35 वर्ष के विरुद्ध का मुकदमा पंजीकृत थाने पर कर लिया गया है।लड़की के कथना अनुसार शनिवार रात लगभग 9:00 बजे अपने घर के सामने आग जलाए ताप रही थी तभी पड़ोस के रहने वाले रमजान अकेले बच्ची को देख वहां पर आ पहुंचा और साथ में आग तापने लगा और धीरे धीरे बच्ची से हरकत करने लगा बच्ची का जब मुंह दाब कर खींचने का प्रयास किया तब वह बच्ची जोर-जोर से चीखने लगी चीख सुनकर मां घर के अंदर बना रही खाना छोड़ कर बाहर निकली तो देखा कि रमजान बच्ची के साथ छेड़खानी कर रहे थे मां की आवाज सुन रमजान मौके से भाग निकला थाने पर प्रार्थना पत्र मां के द्वारा दे दिया गया है वही थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है छेड़छाड़ का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जल्द ही अभियुक्त को पकड़कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान यूनियन ने की बैठक

**सीतापुर।** कृषि बिल कानून के विरोध में रविवार को आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता के राष्ट्रीय महामंत्री सत्येंद्र पाल सिंह ने किसानों से एकजुटता का आह्वान किया। संदना क्षेत्र के गोंधना में बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने की। राष्ट्रीय महामंत्री सत्येंद्र पाल सिंह ने कहा किसान पिछले 45 दिन से दिल्ली में धरना दे रहे है, बावजूद इसके सरकार सुनने को तैयार नहीं है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्यपाल सिंह, ब्लॉक प्रभारी प्रेमचंद्र तिवारी, रजनेश, कैलाश, रामेंद्र, रामनरेश सिंह, मैकूलाल आदि उपस्थित थे।

### युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

**रामपुरकलां सीतापुर।** रामपुर कलां थाना इलाके के भईलूपुर गांव के पास एक गन्ने के खेत में युवक का शव मिला। वह शौच के लिए घर से निकला था। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। थानाध्यक्ष अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि मृतक की पहचान रामचंद्र 30 पुत्र मोहनलाल निवासी मंडिया के मजरा भईलूपुर के रूप में की। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन से लूट

**अटरिया सीतापुर।** अटरिया कस्बे के नेशनल हाइवे स्थित शिव फिलिंग स्टेशन पर बदमाशो ने धावा बोल दिया और शोरूम का शीशा तोड़ कर वहाँ मौजूद सेल्स मैन मदन लाल निवासी पिपरा थाना फूलबेहड़ जिला खीरी की लाठी डंडों व लोहे की रॉड से पिटाई कर दी। शोर मचाने पर बदमाश उसका मोबाइल छीन कर वहां से भाग निकला। पम्प मालिक शिव भगवान ने तहरीर देकर बताया कि उनके पम्प पर पहले भी दो बार लूटपाट हो चुकी है, उन्होंने बताया है कि बदमाश आगे भी वारदात करने की धमकी देकर गए है। अटरिया इंस्पेक्टर राम नरेश यादव ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच की जा रही है।।

### बाइकों की भिड़ंत में दो की गई जान

**पिसावां सीतापुर।** पिसावां थाना इलाके में नेरी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। थाना पथरी निवासी जटायु 38 वर्ष पुत्र सुंदर लाल पिसावां की तरफसे अपने घर पथरी को जा रहा था, दूसरी तरह से कुइया निवासी प्रवीण पुत्र जगदीश आ रहा था। पथरी गांव के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि हादसे में जटायु और प्रवीण की दर्दनाक मौत हो गई।

### विधायक ने बांटें कम्बल

**महमूदाबाद सीतापुर।** क्षेत्रीय विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने अपने जन्मदिन पर सैकड़ो मजदूरों, गरीबों को कम्बल वितरित किये। विधायक ने अपने सहयोगियों के साथ प्रात:काल क्षेत्र के अलग अलग स्थानों का भ्रमण किया और वस्त्र-कम्बल वितरित कर आषीर्वाद लिया। नरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि ठण्ड के बीच हमारे मजदूर, गरीब भाईयों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। श्रमिक वर्ग भीशण ठण्ड में सुबह घर से काम की तलाष में निकलता है। हर जरूरतमंद की मदद के लिये हम सबको सदैव तत्पर रहना चाहिए। विधायक ने रामकुण्ड चौराहा, महिला चिकित्सालय, संकटा देवी मंदिर में गरीबों, जरूरतमंदों, मरीजों को कम्बल वितरित किये। वहीं दूसरी ओर परापेकार सेवा ट्रस्ट के ऋशिराज सिंह, अमर सिंह, पुश्कर षुक्ल आदि ने भी जगह-जगह कम्बल वितरित किये।


### निधन पर अहिंसा समिति ने जताया शोक

**महमूदाबाद सीतापुर।** श्री 1008 शांतिनाथ समवषरण मदिर हस्तिनापुर के प्रणेता, निर्माणकर्ता श्रावक श्रेष्ठी सुभाषचंद केशरचंद साहूजी के समाधिमरण पर स्थानीय विश्वशांति अहिंसा समिति ने शोक व्यक्त किया। समिति के संयोजक पारस जैन ने कहा कि साहूजी एक विनम्र, ज्ञानी और बेहद मिलनसार था। उन्होने जैन धर्म की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम किया। वह नई पीढ़ी में सदैव संस्कारित और धर्मप्रेरक शिक्षा पहुँचाने का काम करते रहे। पूज्य गणिनी ज्ञानमती माता जी के बेहद प्रिय शिष्य साहूजी का समाधिमरण जैन समाज के लिये एक अपूर्णनीय क्षति है। उनके निधन पर जैन समाज महमूदाबाद पूर्व अध्यक्ष मनोरंजन जैन, हेमचन्द्र जैन, प्रणय जैन, चन्द्र कुमार जैन, शैलेष जैन, रत्नेश जैन, मनोज जैन आदि ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को ईश्वर से चरणों मे स्थान देने की कामना की।

### लोकतंत्र सेनानियों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

**सीतापुर।** शासनादेश के अनुरूप सुविधाएं न मिलने से लोकतंत्र सेनानियों में गहरी नाराजगी है। बीमारी की दशा में भी दवाइयों के लिए घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ता है, रविवार को लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र सेनानी संघ की बैठक में जिलाध्यक्ष संतराम त्रिवेदी ने मांग की है कि जो सेनानी जेल गए थे,उनके आश्रितों को एक मुश्त सहायता का गोल्डन कार्ड आदि की सुविधा दी जानी चाहिए।

### कांग्रेस के सृजन अभियान में कार्यकर्ताओं में जोश भर गए शैफअली


सीतापुर-बैठक को सम्बोधित करते नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव, मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी

**सीतापुर।** तीन वार्डों ग्वालमंडी, सदर बाजार व गदियाना में संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में ग्वालमंडी वार्ड से अवध किशोर शुक्ला, सदर बाजार से शफीक खान (छज्जू) और दुर्गापुरवा से अफजाल रहमत को वार्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया सभी का शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव जी ने माला पहनाकर स्वागत किया। उक्त बैठकों में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सैफअली नकवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पिछड़ा विभाग धीरेश कश्यप, शहर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी अनुज सिंह चौहान, उपाध्यक्ष रिजवान खान, प्रवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महासचिव उपदेश गुप्ता, सचिव पीयूष मिश्रा, इमरान अली, नोमान अंसारी, वार्ड अध्यक्ष मुनीर, नावेद उर्फ रिंकू, आफताब वार्ड प्रभारी जहीर खान, मेराज अंसारी, पूर्व सेवा दल जिलाध्यक्ष संजय कुमार, रेहाना खातून, कय्यूम अंसारी, सतीश राठौर, सुधीर चौधरी, बाबू खान, अशोक गुप्ता, अमित शुक्ला, अनुपम बाजपेई, आदित्य प्रकाश मिश्रा, गयादीन, भारत गौतम, शिवम् रस्तोगी, दीपू सिंह, अनुराज चौहान उर्फ छोटे ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वस्थ जीवन में मेलों की बड़ी भूमिका: डीएम

## ● प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हुआ मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का आगाज

### रविवार को खीरी में 60

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी







**रविवार को** जिले के 60 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का आगाज हुआ। जिसमें चार अर्बन पीएचसी व 56 ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। इन सभी मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शुभारंभ किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने बताया कि जिलेभर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में 4334 व्यक्तियों ने हेल्थ चेकअप कराकर चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। वही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना.आयुष्मान भारत के तहत 869 लाभार्थियों ने अपने गोल्डन कार्ड बनवाए, 935 लोगों ने कोविड एंटीजन परीक्षण कराया जो सभी नेगेटिव पाए गए।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुंदरवल में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का जायजा लेकर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। सरकार प्रदेश को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने मौजूद चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफसे मेले में अबतक आने वाले मरीजों एवं उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी हासिल की। उन्होंने मौजूद आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि आज से प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलो के संबंध में आम जनमानस को जागरूक करें जिससे उन्हें इन मेलो का बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

सीएमओ मनोज अग्रवाल ने आरोग्य मेले में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में ओपीडी सेवाएं, टीबी मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया व कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी आवश्यक जांच उपचार एवं संवर्धन सुविधाएं, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी, पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्डों का वितरण, गर्भावस्था व प्रसवकालीन परामर्श, सेवाएं पूर्ण टीकाकरण परामर्श एवं सेवाएं, बच्चों में डायरिया व निमोनिया की रोकथाम बचाव एवं उपचार की जानकारी व सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं उसके उपचार हेतु समुचित कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओयल में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल की मौजूदगी में किया। बताते चलें कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल सहित जिले के सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण सील रहकर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का जायजा लिया व्यवस्थाओं की पड़ताल की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**मैलानी संवाददाता** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्य नाथ वर्ष 2020 में भी कई बार स्वास्थ्य केन्द्र पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कोराना वायरस के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था परंतु शासन के पुन: निर्देश पर नगर मैलानी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर लगाकर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया। शुभारम्भ नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती नगर के सभासद राम शंकर, अमन, अचला शर्मा, दिलीप कुमार व भूपेन्द्र गुप्ता द्वारा फीता काट कर किया गया। इसके बांकेगंज से आये चिकित्सक तारिक खान व मैलानी चिकित्सा प्रभारी डाक्टर संजीव कुमार फार्मासिष्ट तुषार लैब टेक्नीशियन सोहन सिंह वर्मा, एएनएम प्रीति व स्टाफ नर्स दीपा शर्म व सरिता दीक्षित तथा आंगनबाड़ी की कार्यकत्री सरोजनी, स्नेह लता पांडे व सरोज कुमारी सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मियों ने आने मरीजों का नि:शुल्क डाक्टरी परीक्षण किया। रोगों से संबंधित नि:शुल्क दवाएं भी दी महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गर्भवती आयी महिलाओं को टीकाकरण तथा साथ स्वस्थ रहने के विभिन्न जानकारिया देते हुए जागरूक किया। इस मौके समाचार लिखे जाने तक साठ मरीजों का डाक्टर परीक्षण करके दवाओं को वितरण तथा चिकित्सकों ने बताया कि इस जनता को काफी लाभ मिल सकेगा।

**ओयल संवदाता के अनुसार,** आज रविवार के दिन स्वास्थ्य केंद्र ओयल पर मुख्य मंत्री आरोग्य मेले का शुभारंभ कियागया। प्रात:10 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने फीता काट कर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज अग्रवाल, एसीएमओ अरविंद दीक्षित, ब्लाक बेहजम सीएचसी प्रभारी डा. अनिल वर्मा, सीएचसी प्रभारी डा. रवि अवस्थी, आयुष चिकित्सक डा. जेडए खान, आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. विवेक वर्मा, होमियोपैथिक डा. अजय वैश्य मौजूद रहे। वहीं मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, अंग्रेजी दवाओं सहित आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वास्थ्य गोल्डन कार्ड बनाने के अलग अलग इंस्टाल लगाकर स्वास्थ्य मेले में आये सभी लोगों को सरकार द्वारा जनता के चलाई जा रही अत्यंत लाभकरी योजनाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। खबर लिखे जाने तक मेले आये लोगों में से 9 लोगों ने आयुर्वेदिक, 20 लोगों ने होम्योपैथ, आयुष चिकित्सा में 15, यूनानी में 21, 30 लोगों ने एलोपैथिक दवाइयां ली तथा 24 लोगों ने लैब में जांच कराई।

## कई जगहों पर हुई बैठक

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लाक पलिया, निघासन, नकहा, फूलबेहड़, लखीमपुर के ब्लॉकों के न्याय पंचायत भूरा खेड़ा महंगापुर, रकेहटी, भीराघासी, खंभारखेड़ा लगुचा आदि न्याय पंचायतों पर ब्लॉक अध्यक्षों की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। पलिया विधानसभा के न्याय पंचायत विशनपुरी में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव कुमुद गंगवार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की हठधर्मिता लोकतांत्रिक देश में एक तानाशाह के रूप को दर्शाता है। एक बार केंद्र सरकार किसान बिल पर पुनर्विचार कर देश के किसानों के लिये बनाये गए तीनों बिलों पर बैठक कर रदद् करने का विचार करना चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल, शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी, महिला जिला अध्यक्ष मंजू मिश्रा, डा. रवि शंकर त्रिवेदी, संगठन प्रभारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहजेंद्र दीक्षित, सचिन शाह, प्रेम वर्मा, जिला महासचिव बुशरा खातून, मोहन चंद्र उप्रेती, जमाल अहमद, रिसाल अहमद व एके के मिश्रा आदि लोग

## प्रभाकर बने अभाहिम के जिलाध्यक्ष

**निघासन-खीरी।** अखिल भारत हिंदू महासभा के लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में लखीमपुर खीरी के युवा अधिवक्ता प्रभाकर मिश्र को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सोनू सिंह बताया कि प्रभाकर मिश्र कई सामाजिक संगठनों के सक्रिय सदस्य है। हिंदू समाज एवं सामाजिक कार्यों के प्रति निष्ठा को देखते हुए प्रभाकर मिश्र को जिला खीरी के जिलाध्यक्ष पर मनोनीत किया जाता है। प्रभाकर मिश्र खीरी जिले के ग्राम झण्डी राज थाना निघासन के निवासी तथा पेशे से अधिवक्ता है। इसके अलावा दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता के साथ साथ कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए है। कार्यक्रम को महासभा के विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शशिकांत शुक्ल, महेंद्र प्रताप व डा. ब्रजेश सचान आदि ने भी संबोधित करते हुए महासभा की नीतियों पर प्रकाश डाला।

### 225 लोगों का हुआ नेत्र परीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** बाबा हॉस्पिटल में 10 जनवरी को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का आयोजन डा. प्रशांत शुक्ला मैनेजिंग डायरेक्टर साई बाबा हॉस्पिटल ने बताया कि उमाप्रभा नेत्रालय लखीमपुर के संचालक प्रमुख नेत्र चिकित्सक डॉ पुनीत मिश्राआई सर्जन प्रत्येक महीने के प्रथम मंगलवार तथा तीसरे मंगलवार को साईं बाबा हॉस्पिटल में मरीजों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा जिससे क्षेत्रीय जनता को काफी लाभ मिलेगा नेत्र शिविर में मुख्य रूप से उमा प्रभा नेत्रालय के चीफ कम्युनिटी ऑफिसर आनंदपाल मिश्रा कम्युनिटी ऑफिसर अजय मिश्रा डॉ प्राची शुक्ला डॉ अंजू सिंह कपिल दिक्षित गुरप्रीत सिंह आदर्श मिश्रा डॉक्टर उमेश बघेल शिव सागर बाजपेई सौरव शुक्ला अखिलेंद्र आदि स्टाफ के व्यक्ति उपस्थित रहे डॉ प्रशांत शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक महीने की 15 व 30 तारीख को डॉक्टर उमेश बघेल जी द्वारा हर प्रकार के मरीजों का निशुल्क परीक्षण साईं बाबा हॉस्पिटल में किया जाएगा 225 मरीजों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया।

## नि:शुल्क चश्मे का हुआ वितरण

संवाददाता। निघासन-खीरी



**निघासन विधानसभा** के अन्तर्वेद मंडल के गांव झिन्नापुरवा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क चश्मा वितरण कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता आशीष मिश्रा मोनू पहुंच कर जरूरत मंदो को चश्मा वितरण किया। इस कार्यक्रम का आयोजन गांव के हीबूथ अध्यक्ष राजीव मिश्रा के आयोजन में किया गया। सभा को संबंधित करते हुए भाजपा युवा नेता ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे प्रधानमंत्री ने देश हित के लिए बहुत बडे काम किए है। हर घर को बिजली, सड़क, पानी की व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। हर घर को बिजली, हर घर को गैस कनेक्शन, जरूरतमंदों को राशन, किसान बिल को लेकर विपक्ष के कहने पर बिचवलिए किसानों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। किसानों के हित में बिल है। किसान जब चाहे तब मनचाहे दामों में अपनी फसल बेंच सकता है। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को आवास शौचालय दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संबोधन सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय व नागेंद्र सिंह सेंगर ने भी किया।कार्यक्रम का संचालन महेश गुप्ता ने किया। इस दौरान वीरेंद्र मिश्रा, शिव भगवान सिंह, प्रसन्न सिंह, हरीश पांडे, लखपति पांडे, रवि मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, मनोज जायसवाल, संजय मिश्रा, राहुल निषाद, सर्वेश सिंह, रामनरेश चौबे व डा. अनुज सिंह समेत काफी लोग भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

**फतेहुपर।** ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम कोर्राकनक में बीती शाम सदिग्ध अवस्था में एक लगभग 23 वर्षीय गर्भवती महिला की मौत हो गयी। वही मृतका के परिजनो ने ससुरालीजनो पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर थाना प्रकाशबनधरी गांव हटवां निवासी बलबीर सिंह ने अपनी पुत्री प्राची सिंह की शादी 29 अप्रैल 2017 में कोर्राकनक गांव निवासी सन्तोष सिंह के पुत्र आलोक सिंह के साथ की थी। बीती शाम सदिग्ध अवस्था में चार माह की गर्भवती प्रांची की मौत हो गयी। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव का अपने कब्जे में लेकर बिच्छेदन गृह भेज दिया। वही पुलिस ने पूछतांछ हेतु ससुर को हिरासत में ले लिया है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता बलबीर सिह ने बताया कि शादी के कुछ माह बाद से ही ससुरालीजन दहेज में मोटर साइकिल व सोने की जंजीर की माग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताडित करते थे। इससे पूर्व भी उसकी पुत्री को डराया धमकाया था जिस पर वह स्वंय पुत्री की ससुराल जाकर सुलह समझौता करा दिया। कुछ दिन तो मामला शान्त रहा लेकिन बाद में वही दहेज को लेकर पति ससुर, सांस, नंद, नदोई व देवर प्रताडित करते रहे। मांग न पूरी होने पर उसकी पुत्री की हत्या कर दी। उसने यह भी बताया कि थाने तहरीर लेकर गया तो पुलिस ने तहरीर न लेकर उसे थाने से भगा दिया।

### फांसी लगा किशोरी ने की आत्महत्या

**फतेहुपर।** औंग थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में शनिवार की शाम एक लगभग 16 वर्षीय किशोरी ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार दरियापुर गांव निवासी इन्दर निषाद अपनी पत्नी शारदा एवं अन्य बच्चो के साथ खेत में काम कर रहा था जब की उसकी पुत्री प्रान्सी जो कक्षा दस की छात्रा थी।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

संवाददाता। शाहजहांपुर



**रविवार के** दिन एक ही स्थान पर समस्त बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया । इसकी क्रम में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जली कोठी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उद्धघाटन सांसद अरुण कुमारफीता काटकर किया गया । वहीं ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहरगवां ब्लॉक निगोही में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन महानिदेशक परिवार कल्याण लखनऊ डा.राकेश दुबे द्वारा किया गया।इस दौरान महानिदेशक डा राकेश दुबे ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड का वितरण किया है एवं स्वास्थ्य मेले में दी जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया है तथा स्वास्थ्य कर्मियों को जन समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का निर्देश दिए है ।डा.एसपी गौतम मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दौरान जनपद वासियों को टीबी, मलेरिया, डेंगू, दिमागी बुखार , कालाजार फाइलेरिया, एवं कुष्ठ रोग से संबंधित उपचार एवं बचाव सम्बन्धी जानकारी एवं आवश्यक जांच उपचार एवं सन्दर्भन की सुविधायें उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी पात्र लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया। गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं गर्भावस्था और प्रसवकालीन परामर्श दिया गया। पूर्ण टीकाकारण , बच्चों को निमोनिया ओर डायरिया से बचाने के लिए परामर्श और उपचार की सेवाएं प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं सन्दर्भन आदि समस्त स्वास्थ्य सेवाएं एक ही शिविर में प्रदान की गई । मेले का निरीक्षण जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह द्वारा किया गया है इस दौरान जिलाधिकारी ने मेले में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया अलग-अलग स्टॉल पर जाकर सेवा प्रदाताओं से सेवाओं के बारे में जानकारी ली तथा मेले में कोविड-19 की जांच कर रही मोबाइल टीम का निरीक्षण किया तथा अधिक से अधिक लोगों की जांच करने के निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पुराना जिला अस्पताल में कोविड-19 टीकाकरण के लिए बनाई गई कोविड वैक्सीन कोल्ड चेन का निरीक्षण भी किया तथा जिलाधिकारी द्वारा मेले में सेवाएं लेने के लिए आए जन समुदाय के लोगों से भी बातचीत की गई इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त लोगों को कोविड-19 के प्रोटोकॉल को फॉलो करने का निर्देश दिया गया तथा किसी भी गतिविधि के दौरान कोविड-19 के प्रोटोकॉल को भूलना नहीं है ऐसा कहा गया । इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ लक्ष्मण सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार आर्य अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहतासद पुष्पेंद्र कुमार जिला कार्यक्रम समन्वयक इमरान खान पीसीपीएम पुष्पराज गौतम जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कृष्ण कनौजिया सहित जनपद के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### अग्रसेन मे बीएड छात्रो का हुआ अभिनन्दन

**बरेली।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के बीएड विभाग मे बीएड प्रथम वर्ष के सत्र 2020-2021 के प्रवेशित छात्रो के लिए अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर विधायक डॉ अरूण कुमार ने किया। डा अरूण ने सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी समाज का आधार होती है इसलिए शिक्षणकार्य को एक पवित्र कार्य का दर्जा दिया जाता है उन्होने नवीन छात्र छात्राओ को लर्न, अर्न व रिटर्न के संदेश के साथ भविष्य मे अच्छे एवं सफल शिक्षक बनने का आर्शीवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। विभागाध्यक्ष डॉ मीनाक्षी चंद्रा ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि नवप्रवेशित छात्रो के लिए प्रथम दिन बहुत महत्वपूर्ण होता है। अध्यक्ष धर्मप्रकाश अग्रवाल, महामंत्री सुशील मित्तल ने बीएड के नवीन छात्रो को महाविद्यालय व देश का नाम शिक्षा जगत मे शीर्ष पर अंकित करने के लिए प्रेरित किया। पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के बीएड के छात्र सदैव से ही अग्रणी रहकर समाज मे एक ऊँचा स्थान बनाते रहे है तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहे है। डॉ डी के गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, मुरारी लाल, डीन अंकुर गुप्ता, डॉ विपुल मेहरोत्रा, डॉ विजय सिन्हाल आदि मौजूद रहे।

### वांछित अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बरेली ।** 2 माह से फरार चल रहे दो गैंगस्टर एक्ट के वांछित अपराधियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसके पास से पुलिस ने अवैध हथियार भी बरामद किए।शाही थाना क्षेत्र के गांव दाढा निवासी राम दास पुत्र छेदा लाल को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुए। इसके अलावा इसी गांव के रहने वाले कैलाश पुत्र रामभरोसे को भी पुलिस ने एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार की गई। दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**बरेली।** बैंक से लौट रही एक महिला को पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेडी थाना क्षेत्र के गांव नजरगंज निवासी 45 वर्षीय केकई पत्नी पोथी राम कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के घरवालों ने बताया कि कैकई के पति पोथो राम की लगभग 14 महीने पहले मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद वह तीन जनवरी को बहेडो स्थित एक बैंक में रुपए जमा करने गई थी। जहां से वापस लौटते समय पीछे सेआये किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी। जो अस्पताल पहुंचे और हालत नाजुक देख कर उसे इलाज के लिए बरेली ले आये जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया।वह तीन बच्चों की मां थी।

### पेड़ से गिरकर ग्रामीण घायल

**बरेली ।**लकड़ी तोड़ने के लिए आम के पेड़ पर चढ़ा एक ग्रामीण अचानक नीचे गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के वार्ड 4 निवासी 50 वर्षीय दरियाई सिंह पुत्र शिवराज सिंह को आज दोपहर घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसके घर वालों ने बताया की दरियाई सिंह आज सुबह बिशारतगंज रेलवे स्टेशन के पास खड़ा था। इसी दौरान एक लड़की पास में ही आम के पेड़ से घर में पूजा के लिए लकड़ी तोड़ने पहुंची ।दरियाई सिंह ने उसकी मदद करनी चाहिए और लकड़ी तोड़ने के लिए पेड़ पर चड गया। लेकिन इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंचे घर वाले पहले उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए और फिर हालत नाजुक देख इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए।

### डीएम ने गर्रा पुल पर बने वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने गर्रा पुल पर बने वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया। जिसमें साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था को चेक किया इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वेंडिंग जोन के आसपास नियमित रुप से साफसफाई के आदेश दिए जिलाधिकारी ने पथ विक्रेताओ को वेडिंग जोन आवंटित की गई दुकानो मे ही अपनी दुकान लगाये जाने के आदेश दिए इसके साथ ही गर्रा पुल पर किये गये अतिक्रमण को हटवाये जाने के आदेश दिए । इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अजीजगंज से नगरिया मोड़ तक बनने वाले रोड पर लोगो द्वारा रोड की दोनो तरफकिये गये अतिक्रमण को अपनी उपस्थिति जे.सी.बी. द्वारा हटवाया गया। जिलाधिकारी ने मेजबान होटल स्थित महाराणा प्रताप पार्क में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पार्क मे रेलिंग लगाये जाने एवं बाल पेन्टिग कराये जाने के निर्देश दिए इस मौके पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के साथ पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द,

## सुरक्षा को लेकर पुलिस ने व्यापारियों के साथ की बैठक

### ● दुकानों प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर दिया गया बल

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**व्यापारियों की** सुरक्षा को लेकर पुलिस ने बैठक की। जिसमें दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर चर्चा हुई और कहा गया कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों में, आवासों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए। नगर के प्रमुख चौराहे में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की बात हुई। कोतवाली बिंदकी परिसर में पुलिस ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने मौजूद व्यापारियों से कहा कि सभी लोग अपनी दुकानों तथा प्रतिष्ठानों में निश्चित रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने से अपराधी अपराध करने में घबरा जायेगा। जल्द पकड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से नगर के प्रमुख ललौली चौराहे में भी सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें सभी व्यापारिक संगठनों का सहयोग होना चाहिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अलावा एसआई प्रदीप कुमार, एसआई इजहर अहमद, एसआई महेंद्र प्रताप सिंह, एसआई मानसिंह सहित कई पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं बैठक में व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष अरविंद गुप्ता भारती, नगर अध्यक्ष सुशील लोहिया कल्लू, कंछल गुट के नगर अध्यक्ष लक्ष्मीचंद मोना ओमर, आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुनींद्र तिवारी, राजू बजाज, प्रेम बाबू एड0, कमलेश चौधरी, इम्तियाज अहमद, संजय गुप्ता, कुलवंत सिंह, यीशु पांडेय आदि मौजूद रहे।

### विक्रम सिंह बने युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष

**फतेहपुर।** कलक्टरगंज इलाके में व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में व्यापारिक समस्याओं को लेकर बैठक की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी मिश्र के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष ने तेजतर्रार युवा व्यापारी विक्रम सिंह को जिला युवा व्यापार मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री हिदायतुल्ला खान महामंत्री एवं प्रवक्ता सुनील शुक्ला, उपाध्यक्ष संजय मिश्र, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, महामंत्री राजू सिंह परिहार, उपाध्यक्ष रवि अहमद, नगर प्रवक्ता मुशिफ्फ, व्यापारी नेता बुधराज सिंह, चंद्र मौर्य, शब्बू, धनंजय तिवारी, विनोद शर्मा एवं राजू सहित व्यापारियों ने नव मनोनीत युवा अध्यक्ष को फूल-मालाओं से स्वागत किया एवं व्यापारिक हितों की रक्षा की अपेक्षा कर बधाई दी।

## नगर निगम ने साइकिल रैली से स्वच्छता का दिया बड़ा संदेश

### ● स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नागरिकों का सहयोग अनिवार्य :संतोष शर्मा



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम एवं शाहजहांपुर साईकिल क्लब ने स्वच्छता साईकिल सन्देश रैली निकलकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया स्वच्छता के मद्देनजर स्वच्छता संदेश रैली के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में लोगो के अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम के अधिकारियों,कर्मचारियों एवं शाहजहाँपुर साईकिल क्लब द्वारा साईकिल से चलकर नगर निगम कार्यालय से घन्टाघर,अंजान चौकी,अंटा चौराहा,खिरनीबाग होते हुए नगर निगम कार्यालय पर स्वच्छता संदेश साईकिल रैली का समापन किया गया।जिसमें नगर आयुक्त ने नगरवासियों से अपने नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने की अपील की गई तथा 1 जनवरी 2021 से प्रारम्भ स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर शाहजहाँपुर को देश में प्रथम स्थान पर लाने की अपील की गई।स्वच्छता संदेश साईकिल रैली में नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा ,अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह,उप नगर आयुक्त आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम,समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षक,डी0सी0 श्री विनय प्रताप सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण रागिनी श्रीवास्तव,डॉ इंदु अजनबी, सुनील सेठी,पवन सिंह, आरिफ खान ,डॉ संजय पांडे,गजेंद्र गंगवार,सुमित प्रसाद,जुनैद हामिद, शाहरुल खान, सरदार राजू बग्गा, अफ्सान खान, काजल, सचिन पाठक, पुनीत दीक्षित, अवन्या खुराना, समृद्धि पाठक, शिवेन्द्रू मिश्रा,संतोष महेंद्रू आदि लोग उपस्थित रहे।

# आरोग्यता प्राप्त करना हर किसी का अधिकारः योगी

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं में 25.37 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और 66 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

विनय सिंह। फरुखाबाद

### आरोग्यता प्राप्त करना हर किसी का अधिकार हैः योगी



**फर्रूखाबाद।** विश्व विख्यात बौद्ध पर्यटक तीर्थस्थल संकिसा में प्रदेश का पहला मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का शुभारम्भ करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के तीन हजार चार सौ स्थानों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों के आयोजन शुरू होंगे।

श्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व विख्यात बौद्ध पर्यटक तीर्थस्थल संकिसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार को करीब 11:45 बजे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का फीता काटकर शुभाम्भ किया और उन्होने यहां प्रदर्शनी भी देखी। मुख्यमंत्री श्री योगी ने यहां 92 करोड़ रूपये की लागत की विभिन्न योजनाओं में 25.37 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करीब 66 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री श्री योगी यहां से करीब एक कि0मी0 दूर भगवान बुद्ध के प्राचीनतम बौद्ध स्तूप बिसारीदेवी मंदिर पहुॅचकर बौद्ध अनुयायियों के साथ पूजा अर्चना भी की। इसके बाद संकिसा में आयोजित जनसभा के संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोग्यता प्राप्त करना हर किसी का अधिकार है। देश में कोरोना के खिलाफ लड़ाई शुरू होने पर प्रदेश में जन आरोग्य मेलों का आयोजन हमें स्थगित करना पड़ा था। प्रदेश का पहला मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का शुभारम्भ विश्व विख्यात बौद्ध पर्यटक तीर्थस्थल संकिसा में मेरे द्वारा उद्घघाटन किया गया। इसके बाद अब प्रदेश के तीन हजार चार सौ स्थानों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों के आयोजन शुरू होंगे।

मुख्यमंत्री ने पूरी दुनिया को कोरोना से जूझने की चर्चा करते हुये कहा कि हमारे देशवासियों ने कोरोना संक्रमण के दस माह में अपने अनुशासन एवं शासन के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। कोरोना की लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कामों का अभिनन्दन करते हुये उन्होने बताया कि कोरोना वैक्सीन की शुरूआत मकर संक्रांति 16 जनवरी 2021 से चार चरणो में होगी। जिसमें प्रथम चरण में चिकित्सक आदि द्वितीय चरण में राजस्व कार्मी आदि तृतीय चरण में 50 वर्ष की उम्र वाले तथा चौथे चरण में सामान्य लोगों को कोरोना से निपटने के लिये वैक्सीन मिलेगी।

उन्होने कहा कि शासन की मंशा है कि हर व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिलें लेकिन बहुत बार प्रचार-प्रसार न होने से पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुॅच पाता जबकि समाज में पात्र लाभार्थियों के नाम सामने आने चाहिए। श्री योगी ने कहा कि जन आरोग्य मेला बीमारियों के साथ कुपोषण की भी लड़ाई लड़ेगा। पिछले साढ़े तीन साल में बहुत कुछ बदला है देश में पिछले छः वर्षो में नया परिवर्तन आया। इससे पहले केन्द्र से जो बजट आता था। वो बीच में दलालों के चक्कर में पड़कर आधा बजट ही पात्र लाभार्थियों तक पहुॅच पाता था लेकिन हमारी भाजपा सरकार ने अब पैसा सीधे लाभार्थी के खातें में भेजने की व्यवस्था की है। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश के 35 लाख लोगों को प्रधनमंत्री आवास योजना में 02 करोड़ 61 लाख लोगों के शौचालयों को बनवाया, यह शौचालय आरोग्यता प्रयास और नारी गरिमा की रक्षा का प्रतीक हैं। इसके साथ ही प्रदेश में 69 हजार ग्रामों में सार्वजनिक शौचालय बन रहे हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा ऐसे में तुष्टिकरण राजनीति को बढ़ावा नहीं मिलेगा। उन्होने कहा कि पिछली सरकारों में नौकरिया निकलती थी लेकिन पात्र लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पाता था। हमारी सरकार ने प्रदेश में चार लाख लोगों को नौकरियां दी है और रोजगार के अवसर निरन्तर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फर्रूखाबाद जिले के विश्व विख्यात बौद्ध पर्यटक तीर्थस्थल संकिसा का विकास कुशीनगर, सारनाथ, श्रावस्ती, कौशाम्बी, कपिलवस्तु आदि की तर्ज पर विकास मॉडल तैयार किया जाये। जिसके लिये जल्द ही पर्यटन विभाग की टीम आकर कार्ययोजना तैयार करेगी। उन्होने कहा कि बुद्ध हमारी धरोहर हैं। संकिसा में पर्यटन का विकास होने से दुनिया के लोग यहां रोजगार लेने आएंगे। यहां के होटल और रेस्टोरेंट भी एक रोजगार माध्यम बनेंगे। फर्रूखाबाद जिले में रिकार्ड आलू की खेती होने का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि यहां आलू पर आधारित एक चिप्स फैक्ट्री होना चाहिए। इसके साथ ही छपाई कारोबार के विकास की भी जरूरत है। इस अवसर पर भाजपा के सभी विधायक, सांसद, जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, सीडीओ डॉ0 राजेन्द्र पैंसियाएसपी अशोक कुमार मीणा आदि मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट नई किरण में आये 24 मामले, तीन में समझौता



संवाददाता। कानपुर देहात

**शनिवार** को स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरूआत पुलिस अधीक्षक श्रीमान केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। नई किरण में 24 मामले आये जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद 03 परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया दोनों परिवारों के पति.पत्नी खुशी.खुशी साथ.साथ रहने को तैयार हो गये शेष प्रार्थना पत्रों में आगे की तिथि दी गयी। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में विखरे हुये परिवारों में एक नई रोशनी आयेगी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत विखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष अश्वनीपालए म0हे0का0 227 संध्या देवी व नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण श्रीमती कंचन मिश्रा डा0 पूनम गुप्ता आदि सदस्यगण मौजूद रहे तथा इन सभी का विशेष सहयोग रहा।

# डीएम ने राजपुर आरोग्य मेले में डॉक्टरों को दिए निर्देश



संवाददाता। कानपुर देहात

**शासन** के निर्देश के क्रम में जनपद में भी आज जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने फर्रूखाबाद जनपद से आरोग्य मेले का शुभारंभ किया वहीं जिलाधिकारी डाण् दिनेश चंद्र ने कानपुर देहात जनपद के राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आरोग्य मेले का शुभारंभ किया इस दौरान लगभग 55 मरीजों की ओपीडी भी मौके पर कराई गई तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के आवास में डॉक्टर आवासित होने के मामले में जिलाधिकारी ने ?11 का पुरस्कार देकर संबंधित डॉक्टर को सम्मानित किया जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र कहा कि आरोग्य मेले के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति बेहतर व्यवस्थाएं मिल सकेंगी।

## अग्निशमन विभाग ने शासन को भेजी रिपोर्ट

# सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में आग से बचाव के कोई प्रबंध नहीं


**संबाददाता।** हमीरपुर। महाराष्ट्र के भंडारा में आगजनी के बाद जिले का फायर ब्रिगेड चौकन्ना हो गया है, विभागीय आडिट में सरकारी व प्रायवेट अस्पतालों में आगजनी से बचने के लिये पर्याप्त सुविधाये नही है, इस मामले की जानकारी विभाग ने शासन को भिजवा दिया है। वही जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि यदि कोई भी इमारत 15 मीटर से अधिक उचाई में निर्मित की जाती है उसे फायर ब्रिगेड की अनुमति लेकर आग से बचने के लिये आग बुझाने का उपकरण, पानी की टंकी, हाइडेंट व अन्य उपकरण लगाने चाहिये,हालाकि अग्नि शमन विभाग साल में दो मर्तवा सरकारी व प्रायवेट अस्पतालों का आडिट करता है और उसकी रिपोर्ट शासन को भिजवाता है मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफ्ओ) राहुल पाल ने बताया कि जिले में सरकारी व प्रायवेट कोई भी अस्पताल आगजनी से बचने के लिये मानक के अनुरुप बचाव का प्रबंध नही किया है, यदि कोई हादसा होता है तो जनहानि हो सकती है। यही नही मुख्यालय में जो आग को त्वरित काबू मे पाने के लिये भूमिगत वाटर हाइडेंट बनाये गये थे उनमें ज्यादातर सड़क बनाते समय जमीदोंज हो चुके है जो बहुत ही चिंताजनक है। यही नही शासन के सख्य आदेश है कि हरेक सरकारी व प्रायवेट दफ्तरो में अग्नि शमन उपकरण लगाये जाये मगर विकास भवन में अस्सी फीसदी दफ्तरों में उपकरण नही लगाये गये है यही नही कुछ स्थानों में जो उपकरण लगे है उनको रिफिल नही कराया गया है जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। सीएफ्ओ का कहना है कि इसके लिये संबंधित विभागों व प्रायवेट व्यवसायियों को समय समय पर नोटिस भेजी जाती है ताकि आग से बचने के लिये प्रबंध किये जा सके। यही नही परिषदीय विद्यालयों में तो चार चार साल से उपकरण रिफिल नही कराये गये है, अब तो शिक्षको ने अग्निशमन उपकरणों को उतार कर कूडेदान में फेक दिया है। सरकारी राशन की दुकान में कही भी उपकरण नही दिखायी दे रहे है जब कि उच्च न्यायालय के सख्त आदेश है कि राशन की दुकानों में उपकरण अवश्य लगाये जाये। जिले में पांच पांच खंड की दर्जनों दुकाने है जिसमे आग से बचाव के लिये कोई प्रबंध नही किया गया है।

## जलभराव से जूझ रहे ग्रामीण

**जालौन** (उरई)। मोहल्ले में नाला न होने से परनाले का गंदा पानी घर के सामने भरा रहता है। जिससे दिक्कत होती है। ग्रामीण ने मोहल्ले में नाला बनवाने की मांग एसडीएम से की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखपुर बुजुर्ग निवासी कमलेश सिंह ने एसडीएम गुलाब सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में नाला नहीं है। जबकि नाला बनाए जाने की कार्ययोजना लगभग एक वर्ष से प्रस्तावित है।

# पत्नी की हत्या कर ने खुद भी लगा ली फांसी, मौत

संवाददाता। नवाबगंज फर्रूखाबाद



**नवाबगंज** थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से मारपीट करने के साथ गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और बाद में खुद फांसी के फन्दे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बघौना का निवासी सतेन्द्र पुत्र यदवीर उम्र करीब 32 वर्ष की शादी करीब नौ वर्ष पहले मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर कुरार निवासिनी रिंकी पाल उम्र करीब 28 वर्ष के साथ हुई थी। इस दम्पत्ति के दो पुत्र आयुष सात व अंकुर चार वर्ष है। पुलिस के अनुसार युवक सतेन्द्र की पत्नी रिंकी पिछले 15 दिनों से फोन पर किसी से चोरी-छिपे बात किया करती थी। जिसकी जानकारी होने पर उसके पति सतेन्द्र से विवाद आये दिन हुआ करता था। शनिवार रात्रि करीब 10:30 बजे युवक सतेन्द्र ने अपनी पत्नी रिंकी के साथ मारपीट की और गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद इसी कमरे की कुण्डी लगाकर खुद भी फांसी के फन्दे लटक कर आत्महत्या कर ली। इस दौरान उसके दोनों पुत्र अपनी दादी एवं बाबा यदुवीर के पास दूसरे कमरे में सोये हुये थे। पुलिस ने बताया कि प्रातः युवक सतेन्द्र के पिता अपनी भैसों को पानी पिलाने के लिये निकले तो उसके नाती आयुष ने उसे रो-रोकर बताया कि कमरे में उसकी मम्मी खून से लथपथ और पापा फांसी के फन्दे पर लटके हुये हैं। इसके बाद घटना की सूचना मृतक के पिता यदुवीर पाल ने पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुॅचकर दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू करते हुये पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल फ्तेहगढ़ को भिजवाया।

## हादसे में एक की मौत

**घाटमपुर।** रबिवार देर शांम कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर स्थित सजेती कस्बे में हुए हादसे में शिव शंकर (40) पुत्र राधेलाल निवासी कस्बा सजेती वाहन की टक्कर से घायल हो गया जिसे इलाज के लिये सीएचसी भेजा गया, जहॉ डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की घटना दूसरी घटना मूसानगर रोड पर हुई जहॉ दो वाइकों की भिड़न्त में दो लोग घायल हो गये घायलों में एक की पहिचान कोतवाली के गांव कमंन्डलपुर निवासी लखन 20 पुत्र राजेश व दूसरे की मूसानगर थाना क्षेत्र के केशवा दुरौली निवासी भूपसिंह 25 पुत्र मुशीलाल के रुप में हुइ हैं ये हादसा गांव श्रीनगर तिराहे की बतायी जाती है।

## डेढ़ दर्जन मवेशी बरामद

**घाटमपुर।** कटने के लिये जा रहे डेढ़ दर्जन मवेशी पकड़े है ये एक मेटा डोर में भर कर लिये जा रहे थे, बताया जाता है कि उक्त मेटाडोर वाइक सवार को टक्कर मर कर भगी जा रही थी कि कस्बा पुलिस उसे पकड़ लिया।

# अब गांवों से भी निकलेंगे सचिन तेंदुलकरः डॉ. नवल

संवाददाता। एरवाकटरा औरैया



**अंतर्राष्ट्रीय** कैंसर सर्जन एवं वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर शाक्य ने आज ब्लॉक एरवाकटरा के ग्राम पखनगोई मैं क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पखनगोई जैसे छोटे गांव से ही अब सचिन तेंदुलकर निकलेगी और अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करेंगे। पखनगोई गांव में आज क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। जिसका उद्घाटननेता डॉ नवल किशोर शाक्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांव में आज भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें सिर्फमौके दिए जाने चाहिए वह अपने आपको साबित कर देंगे। उन्होंने कहा कि शुरुआत हमेशा छोटे स्तर से ही होती है लेकिन यदि कठिन परिश्रम किया जाए तो आपको बुलंदियों तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता।

अंतर्राष्ट्रीय कैंसर सर्जन एवं वरिष्ठ सपा नेता डॉ नवल किशोर शाक्य ने कहा कि आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा जरूर छुपी रहती है ए बस आवश्यकता है उनकी प्रतिभा को निखार कर उन्हें आगे बढ़ाने की। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करने के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ नवल किशोर शाक्य ने दोनों टीमों को एक.एक क्रिकेट किट भी प्रदान की और 5100 रुपए का आर्थिक सहयोग भी दिया।

आज के टूर्नामेंट में पहले खेलते हुए सुंदरपुर की टीम ने 124 रन बनाए। जिसमें देवेंद्र व कपिल ने 24 . 24 रन ए रोहित यादव ने 21 जबकि गुलशन ने 20 रनों का योगदान दिया। लेकिन बिधूना की टीम ने आठ विकेट पर 125 रन बनाते हुए 2 विकेट से यह मैच अपने नाम कर लिया। बिधूना की टीम से राज त्रिपाठी ने सर्वाधिक 24 रन बनाए जबकि मनदीप ने 23 रनों का योगदान दिया। अमन शर्मा और सत्यम ने 22 . 22 रन बनाये।

इस मौके पर छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाह ए युवा सपा नेता व क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल सविता दीपू यादव प्रधान अश्विनी शाक्य पिंटू यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य सुमित यादव रघुवीर सिंह चौहान प्रदीप भदौरिया आलोक भदौरिया विनय यादव शैलेश शाक्य आदेश शाक्य के के यादव अमित पाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## कवन सो काज कठिन जग माहीं। जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं ।।

**फर्रूखाबाद।** श्री सुंदरकांड पाठ समिति चिंतामणि ने आज अपना 20वां वार्षिक उत्सव देश में सुख शांति एवं कोविड-19 से मुक्ति हेतु बहुत ही साधारण ढंग से अग्रवाल सभा नंबर वन में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए शांति ढंग से पुरोहित कृष्ण गोपाल द्वारा हवन पूजन मुख्य यजमान अशोक वर्मा बीना वर्मा संपन्न कराया। अध्यक्ष बृज किशोर सिंह किशोर ने सभी भक्तों का स्वागत किया एवं समिति के सदस्यों ने सुंदरकांड का पाठ कर हनुमान जी की आराधना की एवं कन्या लंगूरे खिलाए आशीर्वाद लिया। घनश्याम बाजपेई, कमलेश दीक्षित, राजेश कुमार पाल, प्रशांत कुमार सिंह, संदीप वर्मा, अजीत वर्मा ,नितेश वर्मा, चंदन शुक्ला ,अनूप मिश्रा, आकाश सिंह ,के सी वर्मा, सुबोध मिश्रा, निर्मल दीक्षित, सौरभ सिंह, अनुराग वर्मा, विपिन वर्मा, रामवीर सिंह, अरुण मिश्रा, वरुण मिश्रा, पवन गुप्ता, दिनेश ,बिट्ठू, अश्वनी मिश्रा ,अशोक मिश्रा, धर्मेंद्र मिश्रा ,अनुराग पाण्डेय, रविंद्र भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# बर्ड फ्लू की दस्तक से हड़कंप

## रावतपुर चौधरियान में मरे मिले कौए



संवाददाता घाटमपुर

**कोरोना** वायरस का कहर अभी थमा नही है कि घाटमपुर क्षेत्र में बर्ड फ्लू की दस्तक से लोगों में हड़कम्प मच गया है, कानपुर महानगर स्थित चिड़ियाघर के रेड जंगल फाउल प्रजाति के मरे मिले मुर्गो की मौत बर्ड फ्लू से होने की पुष्टि के बाद शनिवार को बिकास खंण्ड भीतरगांव के गांव महोलियन पुरवा के मजरा रावतपुर चौधरियान और बाबूपुरवा के बीच दो दर्जन से अधिक कौए मारे मिले हैं, पूर्ब ग्राम प्रधान चंद्रपाल ने बताया कि कौए बेहोशी की हालत में ऊपर से गिरते हैं और थोड़ी देर बाद दम तोड़ देते है। सूचना के बाद रबिवार को बन बिभाग और पशु चिकित्सको की टीम मौके पर गयी और मरे कौवों का पोस्ट मार्टम किया बन रेज अधिकारी घाटमपुर मूलचंद्र ने बताया कि पशु चिकित्सक भीतरगांव व सरसौल के अलावा कानपुर एक टीम आयी थी मौके पर तीन कौए मरे व एक बेहोशी की हालत में मिले थे जिनकी जॉच पशु चिकित्सको से करायी गयी, जाँच में बर्ड फ्लू के लक्षण नही मिले, कौओं की मौत किसी अन्य कारण से हुई है।

उधर आज क्षेत्र के पतारा, भीतरगांव और घाटमपुर ब्लाकों में कायम मुर्गी फार्मो और मुर्गा गोस्त की दुकानों में स्वास्थ्य बिभाग की टीम ने पंहुच कर सधन जॉंच के साथ बिक्री पर रोक लगा दी तथा बर्ड फ्लू की गाइड लाइन का पालन करने का आदेश दिया है।

### ये हैं लक्षण

**घाटमपुर**-कप, डायरिया, बुखार, सांस लेने में दिक्कत, सिर दर्द, मांस पेशियों में दर्द, गले में खराश और नांक बहना जैसे लक्षण बर्ड फ्लू के संकेत है। बर्ड फ्लू मुर्गी फार्म, मुर्गी बिक्र की दुकानें और बड़े बन क्षेत्र प्रसार के केंद्र है।

## निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का हुआ आयोजन

**रूरा कानपुर देहात।** कस्बे के आर पी एस इंटर कॉलेज में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आधा सैकड़ा लोगों की जांच की गयी। द्वारिकाधीश नेत्र चिकित्सालय कानपुर के द्वारा कस्बे के आर पी एस इंटर कॉलेज में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। डा आर के कुशवाहए नीरज सिंहए सी एस सी वी एल ई मंजुल कुमार आर्य की मौजूदगी और देख रेख में पचास लोगों की आँखों की जांच की गयी। बीस लोगों को आपरेशन और इलाज के लिए कानपुर भेजा गया। शेष मरीजों को दवाई वितरित कर सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये। शिविर में मुन्नी बेगमए देवी दयालए ब्रम्हा दीनए उर्मिलाए संतोषए चंद्रपालए नरेश शुक्लाए जयशंकरए तनुज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का किया भण्डाफोड़, दो गिरफ्तार



संवाददाता। फर्रूखाबाद

**मऊदरवाजा** थाना पुलिस ने पंचायत चुनाव में अराजकता फैलाने के लिये चोरी-छिपे सशस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करके दो संचालकों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रविवार को पुलिस लाइन फ्तेहगढ़ के सभागार में पत्रकारों को दी। उन्होने बताया कि पंचायत चुनाव में अराजकत फैलाने के मामले को लेकर मऊदरवाजा थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा को मुखबिर से मिली सूचना पर शनिवार रात्रि 23:30 बजे उन्होने अपने दलबल के साथ ग्राम कुइंयाबूट की एक दुकान में चोरी-छिपे सशस्त्र बना रहे दो फैक्ट्री संचालकों में इसी गांव के निवासी सरदार मजहब सिंह व उसका भाई बालसिंह उर्फ भूरे को हथियार बनाते रंगेहाथों धर दबोचा। पुलिस ने पकड़े गये अवैध फैक्ट्री संचालकों के पास से 315 बोर व 12 बोर के 13 तमंचे आधा दर्जन अधबने तमंचे फैक्ट्री चलाने के हथियार व उपकरा बरामद किये गये।

# दलितों के लिए 59 हजार करोड़ छात्रवृत्ति का बजट

● भाजपा सरकार सभी जातियों का करती सम्मानः मनीषा


पत्रकारों से वार्ता करती विधायक मनीषा अनुरागी।

**उरई ( जालौन )।** केंद्र और प्रदेश सरकार ने सबका साथ और सबका विकास सपने को साकार करते हुए अनुसूचित जाति के छात्र, छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए 59 हजार करोड़ रुपये की धनराशि का बजट स्वीकृत किया है। उक्त बात भाजपा की राठ विधानसभा की विधायिका मनीषा अनुरागी ने पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार सभी जातियों का सम्मान करती है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री मंडल ने अगले पांच वर्षो में पांच करोड़ से अधिक अनुसूचित जाति के छात्रों को लाभ पहुचाने के लिए मैट्रिकोतर छात्रवृत्ति की स्कीम बड़े रूप से अनुमोदित की है। जिससे अनुसूचित जाति के छात्र उच्चतर शिक्षा सफलता पूर्वक ग्रहण कर सके। केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने 59 हजार करोड़ रुपये का निवेश का अनुमोदन प्रदान किया है। जिसमें केंद्र सरकार की 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की 40 प्रतिशत धनराशि निर्वाहन करने की जिम्मेदारी रहेगी। कहा कि गरीब से गरीब परिवारों के 10वीं कक्षा पास छात्रों को अपनी इच्छानुसार उच्चतर शिक्षा पाठ्यक्रमों में नामित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। जिससे अनुसूचित जाति के छात्रो को उच्च शिक्षा ग्रहण करने का लाभ मिलेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह बना, जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राम अनुग्रह राजावत, कपिल तोमर, मीडिया प्रभारी शक्ति गहोई सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोजगार है नहीं, आखिर कहां बन रहा डिफेंस कॉरीडोरः अखिलेश

**बांदा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बुंदेलखंड का किसान मर रहा है और भाजपा लगातार झूठ बोल रही है। सपा किसानों के साथ है सरकार को कानून वापस लेना होगा। उन्होंने डिफेंस कॉरीडोर पर भी सवाल उठाए। कहा कि रोजगार है नहीं आखिर डिफेंस कॉरीडोर कहां बन रहा है। सरकार ने कहां जमीनें ली हैंष् कब से काम शुरू होगाष् सरकार को इसका जवाब देना चाहिए।

शहर के मर्दननाका में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के छोटे भाई व सपा नेता हसन सिद्दीकी के घर पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा हर वर्ग भाजपा से परेशान है। सरकार बस बोलकर लोगों को बरगला रही। बुंदेलखंड का किसान बदहाल है। उसके तन पर कपड़े ठीक से नहीं है। वह सर्दी में मर रहा। बेरोजगारी चरम पर है। युवा खाली बैठे हैं। सरकार केवल सपने दिखा रही है। अभी तक सपा ने किसानों को लेकर कार्यक्रम चलाया है अब युवाओं की बारी है। उनके बीच युवा घेरा कार्यक्रम चलाया जाएगा। सपा की सरकार आने पर किसानों व्यापारियों युवाओं के साथ हर वर्ग की समस्याओं को दूर किया जाएगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार रात चित्रकूट से बांदा पहुंचे थे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की। चर्चा के बाद वर्ष 2022 में सपा सरकार बनाने में जुट जाने का आह्वान किया।

महोबा के पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह इस मौके पर सपा में शामिल हुए। राज्यसभा सांसद विशंभर निषाद जिलाध्यक्ष विजय करन यादव पालिका चेयरमैन मोहन साहू पूर्व सीबीआइ अधिकारी अनिल यादव आदि मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री सपा सरकार में बांटे गए लैपटॉप से रोजगार करने वाले युवक शैलेंद्र सिंह के साइबर कैफे पहुंचे। स्टेशन रोड पर रहने वाली सपा कार्यकर्ता सानिया खान के घर भी गए।

## लापरवाही पर कमिश्नर ने कठार लेखपाल को किया निलंबित

**बांदा।** ब्लॉक के थाना कमासिन थाना समाधान दिवस पहुंचे मंडलायुक्त डीएम फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया। कार्य में लापरवाही मिलने पर कठार गांव में तैनात लेखपाल के निलंबन के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में पहुंचे मंडलायुक्त गौरवदयाल डीएम आनंद कुमार सिंह पहुंचे। एसडीएम के साथ थाने का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक रामाश्रय सिंह ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए। थाना दिवस पर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की जानकारी की। एसडीएम ने 50 प्रतिशत ग्रामों में वरासत घरौनी के कार्य पूरा होना बताया। घरौनी के ड्रोन से सर्वे कार्य पूरा हो गया है। वरासत व घरौनी कार्य में लापरवाही के आरोप में कठार के हल्का लेखपाल राजाभइया को निलंबित करने के निर्देश दिए। ग्राम किटहाइ में गोशाला का निरीक्षण किया। किटहाई में एलएमटी द्वारा घर.घर जल योजना स्थल पर पहुंचकर प्रोजेक्ट मैनेजर सुमेर रहबर से जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### मारपीट में नवविवाहिता समेत पांच घायल

**राठ (हमीरपुर)।** मकान के बंटवारे को लेकर हुई मारपीट में दोनो पक्षो से एक नव विवाहिता समेत पांच लोग बुरी तरह घायल हो गये। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरूद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों से घायल पांच लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया है। कस्बे के लुधियांतपुरा मोहल्ला निवासी नवविवाहिता नीता पुत्री रणविजय सिंह ने बताया की उसके पति हरकेश सिंह व जेठ जीतेंद्र सिंह के बीच पारिवारिक बंटवारा हो गया था। आरोप लगाया कि जेठ ने उसके पति को अपने साथ कर उसे हिस्सा नहीं दिया। जिस पर उसने अंबेडकर चौराहा निवासी अपने भाई रोहित को अपनी ससुराल बुला लिया। जिससे उसका जेठ जीतेंद्र सिंह पुत्र रूप सिंह आक्रोशित हो गया और उसने पति हरकेश सिंह, जिठानी बबली, मां कपूरी देवी व एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उनके साथ मिलकर उसे व उसके भाई के साथ जमकर मारपीट की। वहीं जितेंद्र ने भी आरोप लगाया है कि उक्त दोनों ने लगभग आधा दर्जन लोगों के साथ मिल उन सभी के साथ मारपीट की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलाव ताप रहे युवक की मृत्यु, मासूम झुलसा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पारा लदार के अखिलेश पुत्र बनवारी की कल बीती शाम बुधवार को घर में सर्दी के चलते आग ताप रहा था तभी अचानक अखिलेश के कपड़े में आग लग गई जो अचानक देखते देखते आग ने युवक को चपेट में ले लिया है। परिजनों द्वारा किसी तरह युवक के शरीर में लगी आग को बुझा कर आनन फानन मौदहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।वही सिसोलर निवासी रतिराम का 6 वर्षीय पुत्र सुमित कल शाम जब अपनी छत पर खेल रहा था तभी खेलते खेलते अचानक पैर फिसल जाने से छत से नीचे गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं परिजनों द्वारा मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती यहां पर हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल हमीरपुर के लिए रिफर कर दिया।

### भंडारण की समस्या धान बेचने को लाइन में दर्जनों किसान

**बांदा।** स्थानीय मंडी परिसर में पीसीएफका बदौसा सहकारी समिति के माध्यम से संचालित धान खरीद केंद्र में खरीद हो रही है। लक्ष्य के सापेक्ष शनिवार की शाम तक 254 किसानों से 10312 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। लक्ष्य से अधिक खरीद होने के बाद भी अभी सैकड़ो किसान अपने कागजात जमा कराकर नंबर आने के इन्तजार में है। केंद्र प्रभारी अनीस तिवारी ने बताया कि खरीदे गए धान की लोडिंग में विलंब होने से धान के भंडारण की समस्या है। किसानों की बिक्री के लिए लाए जाने वाले धान को भंडारण की समस्या रहने तक डंप कराना पड़ रहा है।

### फर्जी मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया तेज

**चित्रकूट।** एक मतदाता का दो जगह नाम होना गैरकानूनी है। फि भी एक मतदाता का दो स्थानों पर नाम चढ़ा है। सरकारी मशीनरी की बरती जा रही लापरवाही की पोल खुल रही है। कुछेक सत्ता पक्ष के नेतागण नाम न काटने का दबाव बना रहे हैं। मानिकपुर तहसील के अमचुरनेरुआ व किहुनिया गांव के आपत्तिकर्ताओं ने सबूत सहित आपत्ति की है। अमचुरनेरुआ व किहुनिया में ऐसे मतदाताओं की भरमार है। दशकों से फर्जी मतदाताओं के सहारे प्रधानी लोग जीत रहे हैं। गैरकानूनी ढंग से कुछ लोग नाम व काटने का दबाव बना रहे हैं। कई लोगों के फर्जी नाम जुड़े हैं। कुछ गैरकानूनी लोग अपने रिश्तेदारों तक के नाम जोड़ रखे हैं। अमचुरनेरुआ में दशकों से मृतक वोट डाल रहे हैं। अजीबोगरीब कारनामा है एक मतदाता का दो जगह नाम होने पर न्यायालय ने एक साल की सजा का प्राविधान बनाया है। फर्जी मतदाताओं की भरमार है।

### एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं में बढाया आत्मविश्वास

**चित्रकूट।** प्रदेश शासन के नारी सुरक्षा के तहत मिशन शक्ति अभियान में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी रोमियो टीम, महिला थाना ने चुंगी चौराहा, भैरोपागा व एंटी रोमियो टीम बरगढ ने अरवारी, कलचिहा व भरतकूप टीम ने अकबरपुर, पहरा में अभियान चलाया। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों ने कोतवाली कर्वी के ट्राफिक चौराहा, मिशन रोड, गणेश बाग, मेगा बाजार, सीआईसी में अभियान चलाकर बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 की जानकारी दी। अपने-अपने थानों के सीयूजी नम्बर देकर जागरुक किया। कोरोना के नियमों का पालन करने को कहा।

### नाबालिग को किया परिजनों के सुपुर्द

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर गुमशुदा की बरामदगी को जारी अभियान के तहत रैपुरा थानाध्यक्ष सुशीलचन्द्र शर्मा ने दरोगा शिवकुमार यादव की टीम को पाक्सो एक्ट की पीड़िता की बरामदगी सौंपी। 27 दिसम्बर को रैपुरा थाना के एक ग्रामीण ने नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा लेने की सूचना दी। नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। आरोपी देवेश कुमार मिश्रा उर्फशक्ति मिश्रा पुत्र भारतराम मिश्रा व नरेश केवट पुत्र छक्कीलाल केवट निवासी बगरेही, प्रदीप पुत्र नरेश जाट निवासी महराना थाना दुजाना जिला झज्जर हरियाणा, रामअवतारी पत्नी गेंदालाल निवासी मवईकला थाना मऊ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### फल आढ़त में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व खिड़की का शीशा तोड़कर अलमारी में रखें लाखों रुपए की संदिग्ध चोरी के बाद मौके पर पहुंचे एएसपी और सीओ ने जांच की थी। रविवार को कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फल की आडत चोरी मामले में जानकारी देते हुए बताया कि नगर के तिराहे पर फल आढती अनवर उर्फअन्नू के घर से खिड़की का शीशा तोड़कर दरवाजा खोलने के बाद कमरे की अलमारी में रखे 7 लाख 68 हजार की चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच में अनवार के पुत्र के चोरी में संलिप्त होना पाया गया।

### शराब सहित पुलिस नें एक को दबोचा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** हमराह सिपाहियों के साथ वांछितों की तलाश में गश्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी मुकेश राणा ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह सराय दौलत मस्जिद के निकट एक युवक को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित हिरासत में ले लिया। आरोपी युवक ने अपना नाम राजकुमार पुत्र रामसनेही कश्यप निवासी ग्राम सराय दौलत बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### भाजपा नेता ने आरोग्य स्वास्थ्य मेले का किया शुभारंभ

**माधौगढ़ (जालौन)।** युवा नेता भरत ठाकुर बंगरा भाजपा के महामंत्री ने गोपापुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जन जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया इसी दौरान उन्होंने कहा कि जन समुदाय अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें किसी भी बीमारी व स्वास्थ्य में विकार होने पर जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला में अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करायें। इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सक डॉ रामेन्द्र पचौरी, ब्राह्मण युवजन सभा सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# गौशालाओं में इंतजाम अनेकों प्रयासों के बाद भी नाकाफी

**जालौन ( उरई )।** गौशाला में बंद जानवरों को ठंड बचाने के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गौशालाओं में टेंट लगा दिये गये तथा अलाव भी जलाये जा रहे हैं किन्तु स्थानीय प्रशासन द्वारा लगाये गये टैंट व अलाव जानवरों की संख्या को देखते हुए अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। विकास खंड की 62 ग्राम सभाओं में अन्ना जानवरों के लिए अभी तक प्रत्येक गांव में गौशाला नहीं खोली गई है। विकास खंड के ग्राम हीरापुर में स्थायी गौशाला का निर्माण कराया गया है तथा 36 गांवों में अस्थायी गौशालाओं को बनाया गया है। कुछ गांवों में जानवरों की समस्या से राहत पाने के लिए खलिहान की जगह पर तार लगाकर जानवरों को बंद किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जानवरों के लिए लगाये गये टैंट जानवरों की संख्या को देखते हुए अपर्याप्त है। एक जानवरों के लिए पर्याप्त टैंट भी नहीं है और न ही उनके लिए झूल बन पायी है। अलाव के नाम पर भी अधिकांश गौशालाओं में खाना पूर्ति हो रही हैं। ठंड से बचाव के पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण गौशालाओं में आये दिन जानवरों की मौत की खबरें आ रही है। बीडीओ महिमा विद्यार्थी ने बताया कि गोशालाओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश सचिवों को दिये गये हैं। अगर लापरवाही मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम प्रधान को उच्च न्यायालय से मिली राहत

**राठ ( हमीरपुर )।** विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर डीएम द्वारा पद से बर्खास्त किये गये ग्राम प्रधान अकौना को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। उच्च न्यायालय ने प्रधान पर लगाये गये आरोपो को गलत साबित कर दिया है। ग्राम प्रधान अकौना जुलेखा खातून द्वारा कराये गये विकास कार्यों में अनियमित्ता व धांधली के आरोप लगाते हुये गांव के ही देवनारायण सिंह राजपूत ने शिकायत की थी।

## फर्जी कागजात तैयार कर किरायेदार ने पीएम आवास किया हासिल

**जालौन ( उरई )।** मकान की फर्जी कागज तैयार कर पीएम आवास करा लिया। जब मकान मालिक को पता लगा तो उसने शिकायत कर दी। पैसा न मिलने से नाराज परिवार ने मकान मालकिन के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गणेशजी निवासी बबली पत्नी सुनील कुमार ने बताया कि उनका मकान मोहल्ला गणेशजी में है। फर्जी कागजात तैयार करके पुष्पा देवी पत्नी विजय ने उनके मकान पर प्रधानमंत्री आवास ऋण करा लिया। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की थी। शिकायत के बाद ऋण रुक गया। इससे वह रंजिश मानने लगे। इसी रंजिश को लेकर पुष्पा, मोहित व संदीप ने उनके पुत्र के साथ गाली–गलौज कर मारपीट करने लगे जब उन्हें मना किया तो उन्होंने उनके साथ भी बदसलूकी कर दी। महिला की शिकायत इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार ने पुलिस को मौके पर भेजा है।

# मरीज आरोग्य मेले का लाभ उठा बनें निरोगी : गिरीश

**जालौन ( उरई )।** सरकार द्वारा एक ही स्थान पर जांच व नि:शुल्क दवा के वितरण के लिए आरोग्य मेला लगावाया जाता है। ऐसे में मरीज मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का लाभ उठा सकते हैं। यह बात आरोग्य मेला के शुभारंभ पर पालिकाध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने कही। नगर में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरीपुरा में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष गिरीश गुप्ता व सीएमओ डॉ. ऊषा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के माध्यम से सरकार की मंशा है कि मरीजों को एक ही स्थान पर अधिक से अधिक जांचों और दवाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया जाता है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि सरकार का यह अच्छा कदम है। इसके माध्यम से मरीज और उनके तीमारदारों को अधिक भागदौड़ नहीं करनी पड़ती है। उनकी जांच कर दवाओं का निशुल्क वितरण होने से उनका समय और धन दोनों की बचत होती है। अधिक से अधिक लोग आरोग्य मेला का लाभ लें। 33 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 2 बच्चे समेत 7 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। 7 शुगर रोगियों, 2 ब्लड प्रेशर, 2 उदर रोग, 4 खुजली आदि के मरीजों को भी जांच कर दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ. मुकेश राजपूत, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, फार्मासिस्ट रूबी, उमा देवी, आरती यादव, स्टाफनर्स रेनू देवी, जयंती देवी, एएनएम कन्हैया, रेखा देवी, मोहन आदि मौजूद रहे।



आरोग्य मेले का शुभारंभ करते पालिकाध्यक्ष।

## डम्फर की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** सुमेरपुर क्षेत्र के फैक्ट्री एरिया के पास तीव्र गति से आ रहे एक डंपर ने आज शाम दो बाइकों को टक्कर मार दी जिससे एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर से महोबा की ओर तीव्र गति से जा रहे डंपर ने दो बाईकों में टक्कर जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार अब्दुल अली (24) निवासी ग्राम पारा थाना कुरारा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, बाइक में सवार आजाद अहमद पुत्र मुनीर अहमद निवासी कांशी राम कॉलोनी मौदहा गंभीर रूप से घायल हो गया, घटना में दूसरी बाइक में सवार सोहनलाल पुत्र लल्ला यादव घायल हो गया, जानकारी होने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अम्बेडकर के सपनों को साकार कर रहे पीएम मोदीः आरके पटेल


पत्रकारों से बात करते सांसद व भाजपा नेता।

**चित्रकूट।** सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि डॉ बीआर अम्बेडकर के सपनो को प्रधानमंत्री मोदी साकार कर रहे हैं। पीएम ने दशमोत्तर अनुसूचित जाति छात्र–छात्राओं की छात्रवृत्ति 2018 में 11 हजार करोड़ रुपये से 2021 से 26 दौरान पांच गुना अधिक बढ़ाकर छह हजार करोड़ प्रतिवर्ष कर दी है। छात्र–छात्राओं को आगे पढाई में परेशानी नहीं होगी। रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल पत्रकारों से लोनिवि डाक बंगले में रुबरु हुए। अनु. जाति के छात्रों के लिए केन्द्र सरकार ने पांच गुना छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाकर छह हजार करोड़ रुपया प्रतिवर्ष कर दिया है। केन्द्र सरकार 35.534 करोड़ रुपये 60 फीसदी खर्च करेगी। शेष धनराशि राज्य सरकार वहन करेगी।

शैक्षिक सशक्तिकरण क्षेत्र में मंत्रिमंडल में क्रियान्वयन पर ज्यादा जोर दिया है, ताकि समय से भुगतान हो सके। गरीब से गरीब परिवारों के दसवीं कक्षा पास छात्र–छात्राओं को इच्छानुसार उच्च स्तरीय शिक्षा में नामित करने को अभियान चलाया जायेगा। 1.36 करोड़ सबसे गरीब छात्र दसवीं कक्षा के बाद शिक्षा जारी नहीं रखते। पांच वर्षो में ऐसे छात्रों को उच्च शिक्षा प्रणाली में लाया जायेगा। आनलाइन प्लेटफार्म पर पारदर्शिता से छात्रवृत्ति दी जायेगी। मोदी सरकार डॉ अंबेडकर के सपनों को यथार्थ में साकार कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, अशोक जाटव, महेन्द्र कोटार्य, सुरेश अनुरागी, प्रेमलाल बाल्मीकि, शनि श्रीवास आदि मौजूद रहे।

# चौपहिया वाहन पुलिया से टकराया चालक की मृत्यु, तीन लोग घायल

**संवाददाता।** राठ (हमीरपुर)

**बीती रात** चौपहिया वाहन के पुलिया से टकराने पर चालक की मौके पर मृत्यु हो गयी और प्रधान पुत्र समेत तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने पुलिस की मदद से चार पहिया गाड़ी को काटकर घायलों को बाहर निकाला और सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने तीनों की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलिज झांसी रिफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है।

मझगवां थाना क्षेत्र के देवरा गांव निवासी प्रधान महिपाल का पुत्र अनिल अपने गांव के साथी लक्ष्मी प्रसाद(26) पुत्र रामदास के कहने पर अपने पिता की चार पहिया गाड़ी में अपने दो साथी दिनेश, मृर्दुल पुत्र रामनरेश निवासी नई बस्ती राठ बैठाकर बीते शनिवार की सुबह मचेहरी गांव गए थे। रात्रि के समय जब सभी लोग मचेहरी से जराखर होते हुए वापस घर आ रहे थे। तभी राठ–सेना मार्ग पर तेज रफ्तार गाड़ी अनियंत्रित होकर एक पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में चालक लक्ष्मी प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गाड़ी में बैठे प्रधान पुत्र अनिल, दिनेश और मृर्दुल गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह राहगीरों के निकलने पर परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने 108 एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां अनिल, दिनेश और मृर्दुल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने झांसी रिफर कर दिया। मृतक लक्ष्मी प्रसाद अपने पीछे एक डेढ़ वर्षीय पुत्र वेदांत छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी नर्मदा का रो रोकर बुरा हाल था।

## प्रत्येक रविवार को हो रहे स्वास्थ्य मेले से लोग लें लाभः डीएम


स्वास्थ्य मेले को देखते डीएम।

**चित्रकूट।** डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सीतापुर में मुख्यमंत्री जनआरोग्य स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ कर कहा कि शासन के निर्देशों पर स्वास्थ्य मेला लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ सांसद आरके सिंह पटेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहर में किया। सीतापुर व शहर में स्वास्थ्य मेला जिले के 28 केन्द्रों पर हो रहा है। मेला का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोग स्वास्थ्य लाभ लें। प्रत्येक रविवार को इस मेले में दूर दराज क्षेत्रों के लोग सुविधा का लाभ ले रहे हैं। मेले के माध्यम से प्रत्येक रविवार को जिले व स्थानीय डॉ स्वास्थ्य लाभ दे रहे हैं। डीएम ने डीपीआरओ मनोज कुमार को निर्देश दिये कि सुपरवाइजर व आंगनबाडी कार्यकत्री अतिकुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य मेले का लाभ दिलायें। सीएमओ डॉ विनोद कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में सभी दवायें उपलब्ध हैं। डॉक्टर व स्टाफमौजूद रहकर लोगों को लाभान्वित करा रहे हैं। तमाम डॉक्टर मौजूद रहे।

# लेबर रुम में अव्यवस्था पर डीएम ने जतायी नाराजगी


अस्पताल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी द्वारा विकास खंड कुरारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमरा एवं विकास खंड सुमेरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विदोखर मेदिनी पर चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण में बिदोखर मेदिनी के उपकेन्द्र में लेबर रूम में अव्यवस्था पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों के डिलीवरी पॉइंटध् लेबर रूम की अव्यवस्थाओँ की कमियों को शीघ्र दूर कर उसका शत प्रतिशत सत्यापन किया जाय। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के निरीक्षण के दौरान डीएम डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी द्वारा ओपीडी, डिलेवरी कक्ष, विभिन्न वार्डो का अवलोकन कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा लोगों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में संबंधित चिकित्सा अधिकारियों से जरूरी पूछताछ की गयी। डीएम ने चिकित्सा अधिकारी को आरोग्य मेले के माध्यम से आशा द्वारा लाभार्थियों को लाकर गोल्डेन कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए गए। डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरारा और सुमेरपुर का निरीक्षण कर कोविड के वैक्सीनेशन ध् ड्राई रन की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने पंजीकरण कक्ष, वेटिंग रूम, वैक्सिनेशन रूम, ऑब्जर्वेशन रूम का भी निरीक्षण किया तथा पायी गयी कमियों को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ राजकुमार सचान तथा अन्य संबंधित चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सपायरी तिथि की खुलेआम विक्री की जा रही है खाद्य वस्तुएं

**हमीरपुर।** जिले में खुलेआम खाद्य वस्तुए एक्सपायरी तिथि की विक्री हो रही है, जिससे लोगों के सेहत के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है मगर खाद्य सुरक्षा विभाग को उपभोक्ता के सेहत की कोई चिंता नही है। इधर तीन दिन से दोपहर में कडीधूप होने से शीतल पेय पदार्थ की मांग बढ़ने लगी है उपभोक्ताओ ने बताया कि ज्यादातर दुकानों में पेय पदार्थ छह महीने पुराने की विक्री की जा रही है यदि किसी उपभोक्ता ने इसका विरोध किया तो दुकानदार मारपीट करने में आमादा हो जाते है स्थानीय बस स्टाप में ही इसको लेकर रोजाना दुकानदारों व ग्राहको में वाक युद्ध हो रहा है कई लोगो ने खाद्य विभाग से इस मामले की जानकारी दी है मगर कोई कार्यवाही नही हुयी है जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद है, वही डाक्टरों का कहना है कि पेट दर्द उल्टी की रोजाना मरीज आ रहे है जो मिलावटी खाद्य वस्तुए खाते है यदि इसमें रोक नही लगायी गयी तो बदलते मौसम में गंभीर बीमारी फैल सकती है जब कि इन दिनो खाद्य विभाग के पास कर्मचारियों की भारी फौज है।

# चिकित्सक अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेंः डीएम

● मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

**कन्नौज।** समस्त चिकित्सक मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के दौरान अधिक से अधिक गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। आरोग्य मेले के दौरान समस्त विधाओं के चिकित्सक मरीजों को उच्च चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानीमऊ में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेले का निरीक्षण करते हुए स्वयं का भी बीपी देखा एवं उपस्थित चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए। मेले में उपस्थित मरीजों से दवाईयां वितरण संबंधी जानकारी करते हुए उपस्थित चिकित्सको को मेले में अधिक से अधिक मरीजों का पंजीकरण कराने तथा इस योजना का प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानीमऊ प्रांगण का निरीक्षण करते हुए उपस्थित चिकित्सको को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं देने के साथ ही इस योजना का प्रचार प्रसार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर के माध्यम से किया जाए तथा मेले की रिपोर्टिंग ससमय प्रस्तुत करें एवं साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। मेले में आये मरीजों से डीएम ने संवाद स्थापित कर योजना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी, एवं सभी को होमियोपैथी, एलोपैथी, आयुर्वेदिक विधाओं में चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध होने से चिकित्सीय उपचार में आये सुधारों के संबंध में बताया। स्वास्थ्य मेले में टीकाकरण, गोल्डन कार्ड, टीवी आदि गंभीर बीमारियों से बचाव के साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जाती है।

## बर्ड फ्लू के चलते जनपद में नहीं आ सकेगा मांस व अंडा, लगा प्रतिबंध

**बांदा।** मध्य प्रदेश में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने पर बांदा का जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। वहां से आने वाले मांस व अंडों के जनपद में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसे साथ ही पक्षियों पर भी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने सीमावर्ती थानों और चौकियों के प्रभारियों को सख्ती से निगरानी करने के आदेश दिए हैं। बर्ड फ्लू को लेकर प्रशासन द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है। तहसीलों में रिस्पांस टीमें लगाने के साथ ही जलाशयों में मेहमान पक्षियों की निगरानी के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। अब इसके बाद सीमाओं पर भी चौकसी रखी जा रही है। ताकि बर्ड फ्लू से प्रभावित राज्यों से पक्षियों एवं मांस अंडा के प्रवेश को प्रतिबंधित किया जा सके। बर्ड फ्लू की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक सीडीओ सहित पशुपालन अधिकारियों को पत्र जारी किया है। जिसमें कहा है कि पशुपालन निदेशक द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रशासन का सहयोग लेकर जिन जनपदों की सीमाएं ऐसे राज्यों से लगती है जहां पक्षियों में बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि की जा चुकी है। ऐसे राज्यों में पड़ोसी राज्य से बतख तीतर बटेर व इससे प्राप्त मांस अंडा जैसे सह उत्पादों का प्रवेश जनपद की सीमा में प्रतिबंधित किया जाए। डीएम ने कहा कि बांदा की सीमाएं पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश से लगती हैं। जहां बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। लिहाजा वहां से मुर्गी बतख तीतर बटेर आदि व इसका मांस अंडों का प्रवेश प्रतिबंधित करने के लिए सभी सीमावर्ती पुलिस थानों व चौकियों के प्रभारी सीमाओं पर चौकसी रखेंगे।

# सरकार का मंत्र सबका साथ सबका विकासः पासी

- मीडिया कर्मियों से मुखातिब हुए राज्यमंत्री सुरेश पासी
- सपा-बसपा सरकार पर दिखे हमलावर



संवाददाता। सुलतानपुर

**केन्द्र** की मोदी सरकार अगले पांच वर्षों में पांच करोड़ से अधिक अनुसूचित छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बजट को पांच गुना बढाकर 59,048 करोड़ की धनराशि जारी की की है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल विभाग के राज्यमंत्री सुरेश पासी ने शहर के जिला पंचायत सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा ,क्षेत्रीय मंत्री बबिता तिवारी, प्रदेश परिषद सदस्य राजन चौधरी, महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, जिला सह मीडिया प्रभारी अशोक सिंह की उपस्थित में आयोजित पत्रकार वार्ता में रविवार को राज्यमंत्री सुरेश पासी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास को साकार करने की दिशा में योगी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के प्रयास में लगी है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थियों को हाईस्कूल के बाद उच्चतर व तकनीकी शिक्षा जारी रखने के लिए छात्रवृति के तौर पर 59,048 करोड़ रुपये जारी करने का ऐतिहासिक कार्य केंद्र सरकार द्वारा किया गया है। वर्ष 2021 - 22 से प्रारम्भ करते हुए इस स्कीम में केन्द्र का 60 प्रतिशत अंश छात्रों के बैंक खातों में सीधे जारी किया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास व चीनी मिल राज्यमंत्री सुरेश पासी ने जर्जर किसान सहकारी चीनी मिल की स्थिति पर पत्रकारों के द्वारा पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सुलतानपुर सहकारी चीनी मिल की क्षमता वृद्धि निश्चित और बहुत जल्द होगी। हम इसके लिए निरन्तर प्रयासरत है। श्री पासी ने सपा-बसपा सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन सरकारों के समय दर्जनों चीनी मिल बन्द होने के बाद अपनों को औने पौने दाम में बेंच दी गयी। हमारी सरकार जांच कर रही है दोषियों व भ्रष्टाचारियों को बख्शा नही जायेगा। उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने निर्णय किया है कि अब जो भी नई चीनी मिले बन रही है या बनेगी उसमें पावर प्लांट, डिस्टिलरी, एथेनाल व चीनी का उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों ने किसानों का गन्ना भुगतान न करके किसानों की कमर तोड़ दी थी। हमारी सरकार ने साढ़े तीन सालों में पिछला बकाया सहित अबतक 1 लाख 11 हजार करोड़ रूपये गन्ना किसानों का भुगतान किया है। हमारी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम कर रही है। अनुसूचित जाति , पिछड़ा वर्ग, गरीब व किसान हमारी सरकार के एजेंडे में नम्बर एक पर है। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने पत्रकार वार्ता का संचालन किया।

## पर्ची नहीं मिलने से खेतों में सूख रहा गन्ना

**सुलतानपुर।** गन्ना किसानों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। कभी मिल बंद तो कभी गन्ना की पर्ची न मिलना उनके लिए मुसीबत बन गई है। क्रय केंद्र पर किसान अपना गन्ना बेचने के लिए पर्ची का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या हल नहीं हो रही है। इससे जहां उनका गन्ना खेतों में सूख रहा है। वहीं गेहूं की बोआई तक नहीं कर पा रहे हैं। हालात यही रहे तो आने वाले दिनों में किसान गन्ने की फसल से तौबा कर लेंगे। एक तरफसरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार की ओर से उन्हें नकद मूल्य देने वाली खेती करने की सलाह दी जा रही है। सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों ने गन्ने की खेती की लेकिन, अब यहीं गन्ना किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। उनकी कई बीघा गन्ने की फसल खेतों में खड़ी है। पर्ची के अभाव में वह उसकी बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है पूर्व में किए गए गन्ना सर्वे के अधिकारियों की निष्क्रियता से समस्या झेलनी पड़ रही है।

# दबंगों के कब्जे से जमीन मुक्त कराने को प्रधान ने दिया पत्र

संवाददाता। श्रावस्ती



**सोनवा.** ग्राम पंचायत और निजी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले भू.माफिआओं पर नकेल कसने के लिए तीन वर्ष पूर्व योगी सरकार ने एंटी.भूमाफिया टास्क फोर्स का गठन किया।सरकार ने हर गांव के लिए बाकायदा एक कैलेंडर जारी किया हैए जिसमें तय है कि राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमें कब किस गांव जाएंगी। जमीन कब्जा मुक्त कराने के श्रावस्ती जिले के मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जबकि श्रावस्ती जिले में रसूखदार और अवैध कब्जेदारों की मिलीभगत में राजस्व टीम भी सुर में सुर मिला रही है। सरकार के इस अभियान में जिले के आलाधिकारी प्रश्नचिन्ह खड़ा करने में पीछे नहीं हैं। मामला विकास खण्ड गिलौला के ककन्धु गांव का है इस गांव के दक्षिण चकबन्दी के दौरान अनुसूचित जाति आबादी के तहत गाटा संख्या.512 और नवीन परती के तहत गाटा संख्या.524 आरक्षित की गई थी ताकि गाँव के गरीब और जरूरत मन्द को आवास के रूप में दिया जा सके। इस जमीन पर गांव के ही बाले पुत्र पुत्ती व मालिक सिपाही और रामकिशुन पुत्रगण बाले विश्राम पुत्र सोहन ने अवैध रूप से फुस का छप्पर रख लिया है। इसी गांव के अजय कुमार व शेष राज त्रिपाठी ने अपने जमीन जिसका गाटा संख्या.533 व 756 को भूमाफिआओं से छुड़वाने के लिए 14 नवम्बर 2019 को 2000 रुपये उप कोषागार में बतौर जमा करवाया ताकि हथबरारी से उन्हें न्याय मिल सके।

# विधायक और जिलाधिकारी ने किया आरोग्य मेले का उद्घाटन

संवाददाता। श्रावस्ती



**विधायक** राम फेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी टीके शिबु ने विकास खण्ड इकौना के प्राथमिक स्वास्थ्य कटरा में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

इस दौरान विधायक राम फेरन पाण्डेय ने कहा कि रविवार को सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवायें बंद रहती हैंण् केवल इमरजेंसी सेवायें ही मरीजों को मिलती हैं जिससे रविवार को इलाज के लिए मरीजों को इधर.उधर भटकना पड़ता था। इस परेशानी को देखते हुए सरकार ने प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जनआरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये है। जिस क्रम में आज से प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन होता रहेगा। इस मेले में आने वाले मरीजों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी वहीं स्वास्थ्य मेले में जरुरी पैथोलॉजी की जांचों की भी सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री जन.आरोग्य स्वास्थ्य मेले में सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की भी मरीजों को पूरी जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारीने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में लोगों को टी0बी0 मलेरिया डेंगू दिमागी बुखार कालाजार फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी व आवश्यक जांच उपचार एवं सन्दर्भन सुविधाए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी व पात्र लाभर्थियों को गोल्डन कार्ड का वितरण किया जायेगा।

# बिजली की कटौती ने छात्र छात्राओं की पढ़ाई की चौपट

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**पहले** कोरोना के चलते लॉकडाउन ने पढ़ाई चौपट की और अब बिजली की कटौती ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई को लेकर मायूस कर दिया है। पढ़ने के समय सुबह और शाम बिजली की कटौती, ट्रिपिंग एवं रोस्टिंग होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। करनैलगंज में पावर प्लांट स्थापित होने के बाद करनैलगंज नगर क्षेत्र को 20 घंटे एवं ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली शासन द्वारा स्वीकृति की गई। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना सोच ने बच्चों की पढ़ाई को चौपट कर दिया है। शाम को पढ़ाई के समय शाम 5 बजे से 6रू30 बजे की कटौती की जाती है और सुबह पढ़ने के समय 5 बजे के बाद से बिजली कटौती हो रही है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति महज 12 घंटे से अधिक नहीं हो रही है। जिससे पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई चौपट है। जबकि हाईस्कूल, इंटर व स्नातक की परीक्षाएं मात्र 2 माह बाद प्रारंभ होनी है और बच्चों की पढ़ाई स्कूल न जाने एवं कोरोना के चलते स्कूल बंद होने के कारण प्रभावित हो रही है। जबकि बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नगर क्षेत्र में जो 4 घंटे की कटौती हो रही है उसका समय निर्धारण है मगर सुबह और शाम जो कटौती होती है वह रोस्टिंग का आदेश आने पर की जाती है। दूसरी तरफ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल सिंह, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंघानिया, व्यापारी में ज्ञान प्रकाश मिश्रा, राजाराम, चंद्रशेखर सोनी आदि का कहना है कि शाम को चिराग बत्ती करने का समय बिजली की कटौती कर दी जाती है और डेढ़ घंटे बाद बिजली आती है। जबकि व्यापारी हो या घरेलू सभी को शाम के समय बिजली की आवश्यकता होती है।

## खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**करनैलगंज ( गोंडा )।** विकास खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद एवं खुली प्रतियोगिता का आयोजन करनैलगंज के सरयू डिग्री कॉलेज के मैदान में आयोजित हुआ। जिसमें ब्लॉक स्तर पर युवक एवं महिला वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित की गई। जिसमें दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी, कुश्ती के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उसके बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ साथ पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरयू डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर आरबी सिंह ने फीता काटकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया और संचालन रंजना शुक्ला ने किया। इस प्रतियोगिता में करीब 200 से अधिक छात्र छात्राओं ने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के युवकों ने प्रतिभाग किया। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने सम्मान के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी लिया। अधिकांश प्रतियोगिता में बालिकाओं ने बाजी मारी। जिसमे 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्वेता सिंह प्रथम रही, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भी स्वेता सिंह, 800 मीटर की प्रतियोगिता में बलजीत सिंह प्रथम रहे, पंद्रह सौ मीटर की प्रतियोगिता में किशन को पहला स्थान मिला। इसी तरह कुश्ती, कबड्डी, ऊंची कूद की प्रतियोगिताओं में बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजयी हुए छात्र छात्राओं को प्राचार्य आरबी सिंह ने प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राम राज मिश्रा, रमेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, एचपी सिंह, रंजना शुक्ला, सुखदेव सिंह, राजेश्वरी तिवारी, जगजीवन, राम केवल सहित कई विभागों के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का भव्य आयोजन

संवाददाता। गोंडा



**जनपद** के सभी 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने पूरे दिन भ्रमणशील रहकर आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया।जिलाधिकारी विकास खण्ड बेलसर अन्तर्गत पीएचसी माधवपुर, सोनौली मोहम्मदपुर, पकड़ी बाजार, विकासखण्ड वजीरगंज अन्तर्गत पीएचसी पिपरी, विकासखण्ड नवाबगंज अन्तर्गत टिकरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर औचक निरीक्षण किया। माधवपुर पीएचसी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने एक भी मरीज का पंजीकरण न मिलने व पीएचसी परिसर में गन्दगी मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी बेलसर डा0 मेराज तथा पीएचसी प्रभारी डा0 कृतिका को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए है। वहीं बिना किसी आदेश के बेलसर सीएचसी पर सम्बद्ध सीएचओ शिल्पा वर्मा तथा पीएचसी प्रभारी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। सोनौली मोहम्मदपुर पीएचसी पर भी डीएम को एक भी मरीज नहीं मिला। नाराज डीएम ने पीएचसी प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई। उपस्थिति रजिस्टर चेक करने पर ज्ञात हुआ कि एएनएम सुनीता वर्मा विगत वर्ष अप्रैल 2020 से बिना सूचना अनुपस्थित चल रही हैं। इस पर डीएम ने एएनएम की सेवा समाप्त करने के आदेश दिए है तथा परिसर में गन्दगी मिलने पर बेलसर सीएचसी प्रभारी डा0 मेराज को शिथिल पर्यवेक्षण करने व सफाईकर्मी का वेतन रोकते हुए एक हफ्ते में सफाई न हो जाने पर सीएचसी प्रभारी व सफाईकर्मी को निलम्बित करने के आदेश सीएमओ को दिए हैं। वहां पर पीएचसी प्रभारी द्वारा डीएम को बताया गया कि पिछले तीन माह से ट्रान्सफार्मर खराब होने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

# पुलिस की गोली से जख्मी हुआ बदमाश

संवाददाता। खीरों, रायबरेली

**शनिवार** की रात खीरों-निहस्था मार्ग पर राजकीय महिला महाविद्यालय हरीपुर निहस्था के पास एसओजी व पुलिस टीम की दो बाइक सवार बदमाशो के साथ मुठभेड़ हो गई थी । इस मुठभेड़ में एक बाइक सवार बदमाश को गोली लग गयी थी ।जिससे वह घायल होकर मौके पर गिर गया । जबकि उसका साथी रात के अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया । इस दौरान पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए । घायल बदमाश को पुलिस ने सीएचसी खीरों पहुंचाया । जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया । घटनास्थल से पुलिस ने एक बाइक व पिस्टल व कुछ कारतूस भी बरामद किए । घायल बदमाश से पूंछतांछ के दौरान कुछ अन्य नाम भी सामने आए । पुलिस ने रविवार की सुबह बरवालिया चौराहे से उसके दो अन्य साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पिस्टल व कारतूस बरामद किए । घटना की सूचना पर मौके पर पहुँचे अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मामले की बारीकी से जाँच की । पूंछतांछ में घायल बदमाश ने गत 21 दिसम्बर को सेमरी चौराहा निवासी पुस्तक व्यवसायी पंकज तिवारी की हत्या करने के लिए 10 लाख में सुपारी लेने की बात भी स्वीकार किया । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक लालगंज अरुण सिंह शनिवार की देर रात मुबारक पुर के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे । इसी दौरान एक अपाचे बाइक पर दो युवक सवार होकर जा रहे थे । उन्हें रोकने पर अपाचे बाइक सवार दोनों युवकों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी और फायर करते हुए निहस्था की तरफ भागने लगे । सूचना पर एसओजी प्रभारी अमरेश त्रिपाठी व सर्विलांश प्रभारी पवन सिंह के साथ अरुण सिंह व उनको पुलिस टीम ने पीछा किया और राजकीय महिला महाविद्यालय हरीपुर निहस्था के पास मुठभेड़ हो गयी जिसमें एक बदमाश को गोली लगने से वह घायल होकर गिर गया । जबकि उसका साथी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया । पुलिस द्वारा की गई पूंछतांछ में घायल बदमाश ने अपना नाम पिंटू उर्फ इमरान सिद्दीकी (28) निवासी विवेक नगर मटिहा थाना सदर कोतवाली रायबरेली बताया । उसने अपने फरार साथी का नाम भूचाल सिंह उर्फ गुड्डन सिंह उर्फ दिलावर सिंह निवासी जमुनापुर ऊंचाहार बताया । पूंछतांछ में उसने गत 21 दिसंबर को अपने साथी भूचाल सिंह व लखनऊ केएक अन्य साथी सूरज के साथ सेमरी चौराहा निवासी पुस्तक व्यवसायी पंकज तिवारी पर निहस्था के पास ताबड़तोड़ फायरिंग कर जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार किया । पूंछतांछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि उसने उक्त घटना पंकज तिवारी के रिस्तेदार से हत्या की सुपारी लेकर किया था । पकड़ा गया पिंटू सिद्दीकी पूर्व में लखनऊ व रायबरेली में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है । जिसमें वह कई बार जेल भी जा चुका है ।

# ग्राम प्रधान ने कंबल वितरित कर ली विदाई

**बछरावां** रायबरेली स्थानीय विकास खंड की ग्रामसभा कुंडोली की प्रधान दुर्गा देवी व उनके प्रतिनिधि शिव कुमार द्वारा अपनी प्रधानी के 5 वर्ष पूरे होने के पश्चात पूरी ग्राम सभा में प्रत्येक घर में कंबल व मिष्ठान तथा नए वर्ष का कैलेंडर वितरित कर अपने कार्यकाल की विदाई ली गई प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार द्वारा ग्रामीणों से भावनात्मक संबंध जोड़ते हुए अनुरोध किया गया गाहे-बगाहे अगर उनसे कोई गलती हो गई हो तो वह उसे अपना समझ कर भुला देंगे उन्होंने कहा कि यह कंबल वितरण का कार्यक्रम किसी राजनैतिक अभिलाषा के तहत नहीं है क्योंकि सरकार द्वारा अभी यही नहीं तय किया गया है कि कौन सी सीट किस आरक्षित वर्ग के लिए जाएगी इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपनी ग्राम सभा के निवासियों के प्रति आभार प्रदर्शन है क्योंकि उन्होंने 5 वर्ष के लिए उन्हें अपना मुखिया माना और भरपूर सहयोग दिया उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा ग्राम सभा का भरपूर विकास करवाने का प्रयास किया गया परंतु कुछ सरकारी नीतियों के कारण वह जो चाहते थे वह नहीं करा पाए काफी कुछ विकास जो आवश्यक था नहीं हो पाया इसका उन्हें खेद है अगर कभी भविष्य में मौका मिला तो वह उन अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे श्री कुमार ने कहा की बुजुर्गों के आशीर्वाद से उन्हें कुंडोली ग्राम सभा में कई बार जिम्मेदारी संभालने का मौका मिला है इसलिए वह अभी बुजुर्ग माताओं व बुजुर्गों को शाल तथा लोई देकर सम्मानित करेंगे ज्ञात हो के बछरावां विकासखंड के अंदर 53 ग्राम सभाएं हैं जिनमें मात्र 2 ग्राम प्रधान ऐसे हैं जो होली व दीपावली पर अपनी ग्राम सभा के बच्चों व बुजुर्गों तथा महिलाओं को कुछ न कुछ उपहार देते रहते हैं ग्रामसभा अमाबा का नाम इस श्रंखला में अग्रणी है दूसरे नंबर पर ग्रामसभा कुंडोली आती है गणित के अंदर विकासखंड के अंदर कुछग्राम सभाएं बहुत ही बड़ी है परंतु उन ग्राम सभाओं की प्रधानों द्वारा इस ओर कभी सोचने का प्रयासहीं नहीं किया गया ग्राम प्रधान दुर्गा देवी के इस कार्य को लेकर कुंडोली ग्राम सभा के लोगों में प्रशंसा का भाव है और उनके कार्य की ग्रामीण सराहना कर रहे है!

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का शुभारंभ

**ऊंचाहार,** रायबरेली। गांव-देहात और कस्बों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए पुन: मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन 10 जनवरी से किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशुंदासपुर में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला का उद्घाटन अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊँचाहार एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ऊँचाहार,बीवपीवएम, बीवसीवपीवएम,पुष्पेन्द्र, रमाकान्त तथा मेले में लगाये गये चिकित्साधिकारी दल के उपस्थिती में क्षेत्रीय भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.एम. नारायण के द्वारा फीता काट कर मेला के उदघाटन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरखा,बाबूगंज किसुनदासपुर प्रहलादपुर पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन शुरू किया गया है। उद्घाटन के उपरान्त चिकित्सक दल सहित उपस्थित जन समूह को श्री सिंह के द्वारा सरकार के मंशा की अनुसार चलाये जा रहे मेला को सफल बनाने हेतु अपील की गई।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**बछरावां रायबरेली** बछरावां थाना क्षेत्र के कन्नावा गांव में लगभग 5रू00 बजे एक घर में कोहराम मच गया मामला बता दें कि जब घर से शौच के लिए कहकर निकला 16 वर्षीय युवक विक्की 300 मीटर की दूरी पर अपने ही ट्यूबवेल की छत के कुंडे में फांसी के फंदे में लटकता मिला। इस मामले को लेकर क्षेत्र में हड़कंप मचा है। उधर परिजनो को जानकारी मिलने पर युवक को फांसी के फंदे से उतारकर घर ले आए फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस से परिजन कार्यवाही न चाहने की बात कह कर पुलिस को गुमराह कर रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि, युवक की मौत के पीछे गहरा राज है, उधर घरवालों का कहना है हमें किसी भी प्रकार की पुलिस कार्यवाही नहीं चाहिए पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर इस मामले में रफा-दफा करने की बात कही गई है

### श्रमदान कर गोमती मित्रों ने साफकिया सीताकुण्ड धाम

**सुलतानपुर।** गोमती मित्रों का साप्ताहिक श्रमदान अभियान सीताकुण्ड धाम पर रविवार को भी जारी रहा। गोमती मित्रों ने कई घण्टे श्रमदान कर घाट की सफाई की। श्रमदान अभियान में संत कुमार प्रधान, राजेश पाठक, अजय प्रताप सिंह, सुनील कसौंधन, ओमप्रकाश कसौंधन, अजय वर्मा, दाऊजी, सोनू सिंह, अजीत शर्मा, प्रिंस सिंह, अनुज, जयनाथ, आदित्य, महेश, अमित, वासु, अभय आदि मौजूद रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने किया ब्रीफ

**श्रावस्ती।** भिनगा . रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दूबे की अध्यक्षता व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम की उपस्थिति में 16 जनवरी से प्रारंभ होने वाले कोविड.19 महामारी टीकाकरण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस कर्मियों को विस्तृत जानकारी दी गई। इस टीकाकरण के दौरान तीन कक्ष बनाए जाएंगे तीनों कक्षों में सुरक्षा व्यवस्था का पूर्ण इंतजाम होगा। प्रतीक्षालय कक्ष के प्रवेश द्वार पर जो सुरक्षाकर्मी लगा होगा उसके पास स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गयी एक सूची होगी जिसमे उस दिन टीकाकरण किए जाने वाले व्यक्तियों का नाम होगा जिससे वह सुनिश्चित करेगा कि यह वही व्यक्ति है जिस का टीकाकरण होना है। मास्क वह आईडी कार्ड के बिना प्रवेश निषेध होगा।

### मंदिर में चोरी का प्रयास

**लालगंज,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सातनपुर स्थित सतनेश्वर महादेव मंदिर में चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया। सुबह जब भक्त मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे तो मंदिर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। फर्श पर खून फैला था। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि ताला तोड़ते समय चोरों को चोट आई होगी।ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले भी कई बार चोर मंदिर से घंटा आदि चुरा कर ले जा चुके हैं हालांकि इस बार चोरो ने ताला तो तोड़ा लेकिन कुछ भी चोरी कर नही ले जा सके।

### निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**रायबरेली।** श्री फाउंडेशन के बैनर तले आयोजक चेयरमैन मनोज द्विवेदी उर्फ दादा श्री के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 18 जनवरी 2021 को किया जाएगा। समय प्रात: 10रू00 से 2रू00 बजे तक नेत्र परीक्षण किया जाएगा। आयोजक मनोज त्रिवेदी ने बताया कि किसान पूर्व माध्यमिक विद्यालय अटौरा बुजुर्ग रायबरेली निकट पुलिस चौकी अटौरा बुजुर्ग में नेत्र परीक्षण शिविर का कार्यक्रम रखा गया है। श्री द्विवेदी ने कहा वह जनता से अपील करना चाहते हैं कि इस कार्यक्रम में वह हिस्सा बने निशुल्क नेत्र शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्य लाभ लें व ईश्वर से कामना करते हैं कि जनता खुशहाल रहे और तरक्की करें। उन्होंने यह भी कहा कि निरोगी काया ही सुख की असली जननी है।

### लगाया आरोप

**रायबरेली** नगर पालिका द्वारा शहर में पुराने शौचालयों को ठीक करा कर शौचालयों को चालू किया जा रहा है इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव ने शहर के चार पुराने शौचालयों का निरीक्षण कर उनका निर्माण कार्य पहले से है परंतु जर्जर हो गए थे उनको ठीक कराने के लिए शहर क्षेत्र के रेवती राम तालाब के पास बालापुर किला बाजार एवं कल्लूकेपूर्वा में बने चारों शौचालयों को पुनः ठीक करके शहर वासियों के लिए तैयार किया जाएगा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश श्रीवास्तव नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी बालमुकुंद मिश्रा निर्माण अजीत यादव सहित नगरपालिका के आशुतोष सिंह आदि लोग मौजूद रहे

### पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार

**करनैलगंज ( गोंडा )।** उधार के तौर पर डेढ़ लाख रुपये लेकर अब रुपये वापस करने के बजाय पीड़ित को धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर गढ़वार निवासी अरुणेंद्र प्रताप ने जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि उसने जमीन खरीदने के लिए पुलिस चौकी भंभुआ क्षेत्र के मौहर निवासी एक व्यक्ति को जो रियल स्टेट कंपनी में काम करता है। करीब तीन वर्ष पहले एक लाख साठ हजार रुपये दिए थे। शिकायतकर्ता की आर्थिक स्थित ठीक न होने की वजह से उसने पैसा वापस मांगना शुरू किया तो पैसे लेने वाले व्यक्ति ने उसे दस हजार रुपये वापस दिये और पैसा मांगने पर विपक्षी ने उसे एक लाख रुपये का चेक दे दिया। जिस बैंक का चेक दिया है वो खाता बंद कर दिया है और पैसा मांगने पर धमकी दे रहा है कि मैं एक बड़ी पार्टी से विधानसभा प्रभारी हूँ मेरा कुछ भी नही कर सकते हो। कोतवाल संतोष कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नही है।

### वृद्धाश्रम में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प कल

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए आगामी 12 जनवरी अपरान्ह तीन बजे से जनपद मुख्यालय पर स्थापित वृद्धाश्रम में मेडिकल कैम्प का आयोजन करते हुये समस्त अन्त:वासियों का चिकित्सीय जांच कराने तथा उनकी पृथक रिपोर्ट आश्रम के प्रभारी/कस्टोडियन की अभिरक्षा में संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आश्रम में आवासित लोगों को यदि किसी सर्जिकल इन्टरवेन्शन जैसे- आंखों में मोतियाबिन्द, दृष्टिदोष दूर करने के लिए चश्मा, सुनने के उपकरण या अन्य किसी भी प्रकार की सहायता की होगी, तो उसे मुहैया कराने का काम किया जाएगा। उन्होंने सीएमओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देश दिए है कि वे आश्रम का संयुक्त भ्रमण कर तैयारियां पूरी कर लें। जिलाधिकारी श्री शाही ने बताया कि निर्धारित तिथि को प्रशासनिक सहायता के अलावा स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के लिए ऊनी कपड़े, मोजे, खाने के लिए फल इत्यादि का भी प्रबन्ध कराया जाएगा।

### भाजपाइयों ने की बैठक

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** भाजपा मण्डल बल्दीराय के पार्टी कार्यालय पारा बाजार में मण्डल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि की अध्यक्षता में इसौली विधानसभा प्रभारी रश्मि सिंह मण्डल के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सेक्टर संयोजकों एवं सेक्टर प्रभारीयों के साथ आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तैयारी के सम्बन्ध में बैठक कर कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में जुट जाने का आह्वान किया। मण्डल प्रभारी राम नरायन उपाध्याय ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से आगामी पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं को भी प्रभारी के सामने रख॥ बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा सरकार ने बहुत सी जनकल्याण कारी योजनाएं लागू किया है जिसके विषय में हम सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर उन्हें जागरूक करना है तथा पार्टी समर्थित प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष आचार्य सूर्यभान पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री दिलीप सिंह, नरेंद्र अग्रहरि, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजधर शुक्ल, कमलेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## अब बदहाली पर ठनी, रुधौली चेयरमैन का आरोप
# विकास की ढोल पीटते रहे विधायक, किया कुछ नहीं

**कहा-विधायक निधि से एक रुपये का भी काम नहीं कराया, लेकिन पूरे जिले में सबसे अधिक विकास नगर पंचायत रुधौली में हुआ विधायकका पलटवार चेयरमैन के कार्यकाल में विकास से अधिक भ्रष्टाचार हुआ**



**संवाददाता।** बस्ती

**नगर** पंचायत रुधौली के चेयरमैन 'धीरसेन' ने स्थानीय विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि विकास का ढोलक बजाने और नगर पंचायत से भ्रष्टाचार को मिटाने का दम भरने वाले विधायक ने नगर पंचायत क्षेत्र के विकास और जनता के लिए कुछ नहीं किया। विधायक निधि से एक भी रुपये का विकास नगर पंचायत में नहीं कराया। दूरभाष पर हुई वार्ता में चेयरमैन ने कहा कि उन्होंने अपने छोटे से कार्यकाल में जिले के अन्य नगर पंचायतों से सबसे अधिक विकास किया। अगर विधायक सहयोग करते तो आज नगर पंचायत पूरे प्रदेश में 'माडल' के रुप में विकसित होता। जब चेयरमैन से वार्डो की बदहाली और व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पहली बार इस तरह का सवाल पूछा जा रहा है। आजतक किसी ने उनकी कमियां नहीं बताई, बल्कि उनके द्वारा किए गए विकास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एमबी बनाना और भुगतान करने की संस्तुति जेई और एई के द्वारा की जाती। अगर कहीं गलती हुई है, तो इसकी जांच कराई जाएगी। वहीं विधायक 'संजय प्रताप जायसवाल' का कहना है कि चेयरमैन के कार्यकाल में जितना भ्रष्टाचार बढ़ा, उतना अन्य नगर पंचायत में नहीं हुआ। कहा कि चेयरमैन अपनी कमियों को छिपाने के लिए वास्तविकता से मुहं मोड़ रहे है। कहा कि अगर उनकी शिकायतों की जांच सही तरीके से हो जाती, तो कई लोग जेल में नजर आते। 'पायनियर' के पड़ताल में वार्डो की बदहाली खुलकर सामने आई। क्षेत्र की जनता चेयरमैन, सांसद, विधायक, चेयरमैन, जेई, एई और ठेकेदार सभी से नाराज है। उधर आरोप है कि सारे नियम कानून तोड़कर निजी पंजीकृत वाहनों का प्रयोग किया जा रहा। इतना ही नहीं दोनों वाहनों के चालक का वेतन भी हर माह 15 हजार-15 हजार से अधिक दिया जा रहा है। इतना ही नहीं भ्रमण के नाम पर फर्जी ईधन का भुगतान करने का भी खुलासा हुआ है। वेतन के रुप में अब तक दस लाख से अधिक का भुगतान होने की शिकायत भी की गई। इसीक्रम में कान्हा गौशाला रुधौली में निकलने वाले कम्पोस्ट खाद में भारी गोलमाल उजागर हुआ। लगभग 50 लाख के हुए गोलमाल का आडियो भी वायरल हो चुका है। षिकायत में कहा गया है कि कम्पोस्ट खाद 950 रुपये प्रति ट्राली के दर से बेचा गया। इसकी धनराशि सरकारी खजाने में जमा न करके बंदरबांट कर लिया गया। यह हेराफेरी पिछले तीन साल से हो रही है।

## अनुसूचित जाति के बच्चों की शैक्षिक योग्यता बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध-शिव तपस्या

**सोनभद्र।** अनुसूचित जाति के बच्चों की शैक्षिक योग्यता बढ़े इसके लिए देश के प्रधानमंत्री प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले 5 वर्ष में 5 करोड़ से अधिक अनुसूचित जाति के छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम बड़े परिवर्तन के साथ अनुमोदित किया है। उक्त बातें रविवार को जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश मंत्री व पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवान ने कहीं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने साठ हजार हजार करोड़ रुपए के निवेश का अनुमोदन प्रदान किया है। जिसमें केंद्र सरकार 35,634 करोड़ रुपये बजट का 60 प्रतिशत खर्च करेगी। जबकि शेष 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकारों द्वारा खर्च किया जाएगा। श्री पासवान ने बताया कि यह स्कीम मौजूदा प्रतिबद्धता देयता प्रणाली को स्थापित करेगी और इस स्कीम में केंद्र सरकार की भागीदारी अधिक होगी। उन्होंने कहा कि एससी जनसंख्या को शैक्षिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में एससी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम ने भारत सरकार का सर्वाधिक एकल हस्तक्षेप है। केंद्र सरकार इन प्रयासों को अधिक बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि 5 वर्ष की अवधि के भीतर जी आर आर उच्चतर शिक्षा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकें। मंत्रिमंडल ने इस स्कीम के कार्यान्वयन पर अधिक जोर दिया है।

# शादी का झांसा दे छात्रा से तीन साल करता रहा दुष्कर्म

**कप्तानगंज,** बस्ती। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी इंटर की छात्रा को प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर गांव के ही एक युवक द्वारा तीन साल से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला उजागर होने के बाद जब छात्रा के परिजनों ने युवक के घर वालो को जानकारी देते हुए शादी की बात की तो वे तैयार नहीं हुए। इस मामले को लेकर गांव में कई बार पंचायत भी हुई लेकिन हल नहीं निकला। थक हार कर छात्रा के परिजनों ने पुलिस की शरण ली, लेकिन न्याय दिलाने और कार्रवाई करने की जगह पुलिस एक नेता के इशारे पर मामले में सुलह समझौता कराने में जुटी हुई है। एसपी और सीएम पोर्टल पर भी पीड़िता ने षिकायत की है, लेकिन अभी तक आरोपी के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब थकहार कर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीड़िता का कहना है कि 15 दिन पहले कप्तानगंज थाने पर तहरीर दिया, लेकिन पुलिस आरोपी को बचाने के लिए सुलह का दबाव बनाने लगी। जब थाने से न्याय की आस टूटी तो उसने एसपी से अपनी फरियाद करना चाहा लेकिन उसे मिलने नहीं दिया गया। आरोप लगाया कि जब उसने कोर्ट की शरण लिया तो हल्का दारोगा रिपोर्ट लगाने के नाम पर बीस हजार रूपए की मांग कर रहे है।

## किसान हित में नीतियां बनाने तक जारी रहेगा संघर्षः पटेल

**बस्ती।** वर्षो बाद सदियों से शोषित, उपेक्षित किसान अपने अधिकारों को लेकर एकजुट हुआ है। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक कि केन्द्र और राज्यों की सरकारें किसानों के हित में नीतियां नहीं बनाती। यह विचार भाकियू के मण्डल उपाध्यक्ष दिवान चन्द पटेल ने व्यक्त किया। वे रविवार को लोहिया मार्केट स्थित शिविर कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये भाकियू नेता एवं सहकारी गन्ना समिति मुण्डेरवा के निवर्तमान अध्यक्ष दिवानचन्द पटेल ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों की आय दो गुनी करने की बात करती है, किन्तु चीनी मिलों को पेराई करते तीन माह बीत गए, मगर सरकार ने गन्ने का मूल्य ही निर्धारित नहीं किया। पिछले चार वर्षो से गन्ना मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई।

## डीएम ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का किया उद्घाटन

**विक्रमजोत,** बस्ती। विकास खंड विक्रमजोत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जितियापुर छावनी में डीएम आषुतोष निरंजन ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का उदघाटन किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पीएचसी छावनी में आयोजित मेले का डीएम ने निरीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना एवं परिवार कल्याण द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के स्टाल लगाए गए। डीएम ने इसका भी जायजा लिया। योजनाओं की जानकारी न देने पर डीएम ने सीडीपीओ लक्ष्मी पांडेय को कड़ी फटकार लगाई। इस मौके पर प्रभारी डा. मोहम्मद आसिफ चिकित्साधिकारी डा. अभिषेक सहाय, महिला चिकित्सक डा. अनुश्री, आरबीएसके अनिल कन्नौजिया, रामकृष्ण द्विवेदी, फर्मासिस्ट चैलेंद्र संडीला, प्रयोगशाला सहायक घनष्याम, संजू सिंह, स्टाफनर्स प्रियारानी, वार्ड ब्याय लाल बहादुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## अवैध पत्थर खनन व बालू परिवहन जोरों पर

**घोरावल**/सोनभद्र। स्थानीय वन क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन व बालू परिवहन जोरों पर चल रहा है। इन दिनों जंगल में जगह जगह पत्थर तोड़कर सोलिंग तैयार किया जा रहा है। जिसका प्रयोग सड़क अथवा घर निर्माण में किया जा रहा है। इन दिनों चर्चित कोलिया घाट सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जहां जंगल से पत्थर तुड़वाकर सोलिंग अथवा पत्थर के रूप में प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि जिला पंचायत से बनवाया जा रही इस सड़क में बाहरी और वैध खदान का पत्थर लगाया जाना है। जबकि वन विभाग की माने तो यह क्षेत्र सुरक्षित वन क्षेत्र की श्रेणी में आता है। इसके अलावा पेढ़ विसुंधरी आदि वन क्षेत्रों से अवैध पत्थरों की तुड़ान की जानकारी मिल रही है। वहीं दूसरी ओर बर्दिया घाट से बालू का अवैध परिवहन एक बार फिर धड़ल्ले से शुरु हो गया है। सूत्रों की माने तो स्थानीय सम्बंधित कार्यालयों की भूमिका है। जिससे रातभर दर्जनों डम्फर व टीपर से अवैध परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है। हालांकि इस मामले प्रशासन कुछ ठीक से बोलने के मूड में नही दिखता है। हवाला दिया जाता है कि मध्य प्रदेश का परमिट लेकर बालू परिवहन किया जा रहा है। लेकिन वन क्षेत्र से सटे इलाके में किसी प्रकार की बालू की लीज नही है। जिस जगह का जिक्र किया जाता है वह काफी दूर है। यह गम्भीर जांच का विषय है कि सुरक्षित वन क्षेत्र जिसे घड़ियाल विचरण क्षेत्र घोषित किया गया है वहाँ से बालू किन परिस्थितियों में अवैध रूप से ढुलाई की जा रही है।

## सांसद अनुप्रिया पटेल ने नटवा तिराहे के सुंदरीकरण का किया शिलान्यास

**मीरजापुर।**सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि मिर्जापुर जनपद को विकास के मामले में अग्रणी बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही सुंदर भी बनाना है। श्रीमती पटेल रविवार को नटवा तिराहे के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास कर रही थीं। उन्होंने बताया कि नटवा तिराहे का सुंदरीकरण सांसद निधि के 26 लाख रुपये से किया जाएगा। सांसद ने कहा कि मिर्जापुर जनपद विकास के मामले में अग्रणी होगा। इसके लिए वे लगातार प्रयास कर रही हैं। मेडिकल कॉलेजए फोरलेन सड़कए इंजीनियरिंग कॉलेजए केंद्रीय विद्यालय आदि की स्थापना हो चुकी है। सैनिक स्कूल के भी प्रयास कर रही हैं।

## चुनार किला संग्रहालय का किया गया निरीक्षण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रवीन कुमार लक्षकार आज पर्याटन अधिकारी नवीन कुमार के साथ चुनार किला पहुॅचे जहां पर जिलाधिकारी द्वारा चुनार किया पर पुरातत्वध्संस्कृति विभाग के द्वारा स्थापित संग्रहालय का निरीक्षण किया गया। सग्रहालय के दयनीय स्थिति पर जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन अधिकारी को चुनार किया तथा संग्रहालय के संरक्षित व सौन्दर्यीकरण के लिये कार्ययोजना बनाकर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सल लाइट वाच का भी निरीक्षण किया गया तथा धडी से समय का मिलान किया गया। उन्होंने चुनार किला पर प्रस्तावित टेन्ट सिंटी की कार्ययोजना प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया।

## डीएम ने विन्ध्य कारीडोर परिक्रमा पथ के भवनों को तीन दिन में ध्वस्त करने का दिया आदेश

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रवीन कुमार लक्षकार ने अपर जिलाधिकारी यू0पी0 सिंह व नगर मजिस्ट्रेट के साथ विन्ध्याचल में भ्रमण कर विन्ध्य कारीडोर परियोजना के कार्यो के प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिक्रमा पथ के 50 फिट के अन्दर आने वाले सभी भवनों को तीन दिन में ध्वस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कारीडोर के ध्वस्तीकरण के कार्य में तेजी लायेंए तीन दिन के बाद कोई भी कार्य अवशेश न रहने पायें ताकि विन्ध्य कारीडोर के सुन्दरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया जा सके। जिलाधिकारी निरीक्षण के दौरान पाठक वाली गलीए पक्काघाटए जयपुरिया वाली गलीए थाना वाली गली सहित अन्य स्थलों पर हो रहे कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट एवं अधिशासी अभ्यिान्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि श्रमिकों की संख्या बढाकर कार्य में तेजी लायी जाये।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता के आवेदन कल तक

**मीरजापुर।** संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन के सम्बन्ध में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं विशेष सचिव संस्कृति विभाग शिशिर के द्वारा बताया गया कि पारम्परिक सांस्कृतिक विधा कर्मा में निपुण कलाकार अपना आवेदन पत्र भर जिला सूचना कार्यालय मीरजापुर व जिला सूचना सोनभद्र में कल तक सायं 05 बजे जमा कर सकते है। प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 जनवरीए 2021 के मध्य किया जायेगा। विजयी प्रतिभागियों को यू0पी0 दिवस के अवसर पर प्रदर्शन कराया जायेगा।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया जन आरोग्य मेले का शुभारंभ



**सेमरियावा**/संतकबीरनगर। रविवार को प्रदेश में पुनः मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का शुभारम्भ किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघौली पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक राकेश सिंह बघेल समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं स्वाथ्यकर्मी मौजूद रहे। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह के बघौली पंहुचने पर क्षेत्रीय विधायक राकेश सिंह बघेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वाथ्य मंत्री ने सबसे पहले मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय उतरावल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघौली एवं बाल विकास परियोजना बघौली द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी ली। इसके बाद उन्होने कोरोना जांच काउंटर पर पंहुचकर स्वास्थ्य कर्मियों से जानकारी ली। तत्पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघौली पर ईलाज हेतु आने वाले मरीजों की औसत संख्या,उपलब्ध सुविधा की जानकारी चिकित्सकों से ली। स्वास्थ्य मंत्री ने महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य कर्मियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान

### स्वास्थ्य मेला से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को मिल रहा है लाभ-मंत्री जय प्रताप, केंद्र व प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में कर रहीं बेहतर कार्य-विधायक

आरोग्य मेला को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग 35 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। परिवार नियोजन, कुपोषण, टीकाकरण, पैथालोजी टेस्ट आदि एक केंद्र पर व्यवस्था की जायेगी। कोरोना आने से पूर्व प्रदेश में 5 रविवार को आरोग्य मेला का आयोजन पूरे प्रदेश में किया गया था जिसमें 25 लाख लोगों का ईलाज किया गया था तथा 5 लाख आयुष्मान भारत के कार्ड बने थे। प्रदेश में 1 करोड़ लोगों के पास आयुष्मान भारत कार्ड बने हैं और उस पर नि:शुल्क ईलाज हो रहा है। आगे कहा कि यूपी में स्वास्थ्य क्षेत्र काफी बड़ा है। यहां डाक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए नये प्रस्ताव किया जा रहा है। कोरोना काल में जनसंख्या आधार पर प्रदेश में सबसे कम केस आये।

# सरैंया तिवारी के बीएलओ पर होगा मुकदमा

**बस्ती।** बीएलओ की मनमानी पर अगर रोक नहीं लगाया गया तो इसका खामियाजा जिले की जनता को आगामी पंचायत चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। मतदाता सूची बनाने में जिस तरह बीएलओ और सुपरवाइजर ने मनमानी की उसे देखकर कहा जा सकता है, कि षांति पूर्वक और निष्पक्ष चुनाव कराना किसी भी प्रषासन के लिए आसान नहीं होगा। क्यों कि इसे लेकर अभी से विवाद गहराता जा रहा है। बीएलओ का अप्रत्याषित रुप से फर्जी नाम बढ़ाना और आपत्तियों की रषीद न देकर उसे रददी के टोकरी में डाल देनें की घटनाएं नित्य थोक के भाव में आ रही है। कहा जा रहा है कि जब बीएलओ रषीद ही नहीं देगा तो कैसे साबित होगा कि आपत्ति दाखिल की गई है या नहीं ? आपत्तियां निस्तारित करने के बजाए उसे जड़ से बीएलओ समाप्त कर दे रहे है। सबूत के अभाव में मामले को न्यायालय भी भी चुनौती नहीं दी जा

## मतदाता सूची में गड़बड़ी और दाखिल आपत्ति की रसीद न देने पर एडीएम ने दिया आदेश

सकती। इसी तरह का नवीनतम मामला हर्रैया तहसील के ग्राम पंचायत सरैंया तिवारी का सामने आया। इसे संज्ञान में लेते हुए एडीएम अभय कुमार मिश्र ने तहसीलदार को बीएलओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देष दिया है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्रैया को साक्ष्य के साथ दी गई षिकायत में सरैंया तिवारी के ष्याम नरायन तिवारी ने ग्राम पंचायत महुआपार और जनपद गोंडा के ब्लॉक छपिया के ग्राम पंचायत चुआड़ और नगर पंचायत हर्रैया की मतदाता सूची को देते हुए कहा कि सरैंया तिवारी की बीएलओ लक्ष्मी वर्मा ने इन उक्त दोनों ग्राम और नगर पंचायत हर्रैया के 30 नामों को सरैंया तिवारी के मतदाता सूची में षामिल कर दिया। जब आपत्ति दाखिल की गई तो उसकी रषीद नहीं दी गई, आरोप लगाया कि उसकी आपत्ति को बीएलओ के द्वारा रददी की टोकरी में डाल दिया गया। जिन अन्य ग्राम पंचायतों और नगर पंचायत के मतदातों का नाम सरैंया तिवारी में षामिल करने की षिकायत की गई, उनमें नगर पंचायत हर्रैया का ओमप्रकाष, महेष कुमार, रवि प्रकाष, चंद्रप्रकाष, प्रियंका, संगीता गौतम, सोनिया एवं संगता गौतम, गोंडा जनपद के ग्राम पंचायत चुआड़ के वीरेंद्र कुमार, उर्मिला, भानमती, नरसिंह, देवानंद, दयानंद, सम्पूर्णानंद, श्रीदेवी, राम प्रसादएवं नीतू पांडेय का नाम षामिल है। इसी तरह ग्राम पंचायत महुआपार के जिन लोगों का नाम सरैंया तिवारी के मतदाता सूची में षामिल किया गया, उनमें हिकोरी प्रसाद, राजाराम, इंद्रावती, प्रवीन मिश्र, राजी देवी, बबली षुक्ला, सीतादेवी, प्रियंका, गुड़िया, खुषबू एवं संगीता गौतम का नाम षामिल है।

**15 ग्रामों में एक भी फर्जी नाम नहीं कटाः** रुधौली तहसील के 15 ग्राम पंचायतों में साक्ष्य के साथ फर्जी मतदाताओं की सूची बीएलओ को दी गई, मगर बीएलओ ने एक भी फर्जी नाम को मतदाता सूची से नहीं काटा, अलबत्ता 1230 नामों को अवष्य बढ़ा दिया। इस तहसील में 74 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें 34 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची आपत्ति के बाद फइनल हो चुकी है। जिन ग्रामों में आपत्ति के बाद भी एक भी फर्जी नाम नहीं काटा, अलबत्ता सैकड़ों नामो को अवष्यबढ़ा दिया, इनमें रौनाकला दस बढ़ाया, रौनाकला सिसवारी मुगलबढ़ाया 37, भितेहरा बढ़ा 74, अन्देउरा में चार, भिटियाकला में 19 बढ़ाया, मझौवाकला द्वितीय में 69, बांसखोरकला में 72, गनवरियाकला में आठ, पचारीकला में 18, करमाकला में सात, पचारी खुर्द में 59, डड़वाभैया में 69, जिगना में 26, मझौवाकला प्रथम औराडीहा में 37 और पड़री में 156 नाम तो बढ़ाए गए, मगर एक भी फर्जी मतदाता का नाम नहीं काटा गया।

# मोदी सरकार ने अनुसूचित वर्ग को बजट देकर आगे बढ़ाया-रवि



**संतकबीरनगर।** बस्ती जनपद के महदेवा से विधायक रवि सोनकर ने कहा कि मोदी सरकार बनने के बाद अनुसूचित वर्ग के जीवन में व्यापक बदलाव आया है। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले पांच वर्षों में पांच करोड़ से अधिक अनुसूचित जाति से संबंधित छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति की स्कीम को स्वीकृति प्रदान की है, जिससे इस वर्ग के छात्रों को उच्चतर शिक्षा में लाभ होगा। श्री सोनकर रविवार को खलीलाबाद डाक बगले में मीडिया से वार्ता करते हुए उक्त बातें कही। उन्होने कहा कि मंत्रिमंडल ने 59048 करोड़ रूपये के कुल निवेश को अनुमोदन प्रदान किया है, जिसमें से केंद सरकार 35534 करोड़ रूपये यानी साठ फीसदी खर्च करेगी। शेष राशि राज्य सरकारों द्वारा खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब से गरीब परिवारों के 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों को अपनी इच्छानुसार उच्चतर शिक्षा पाठ्यक्रमों में नामित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। यह स्कीम सुदृढ़ सुरक्षा उपायों के साथ आन लाइन प्लेटफार्म पर संचालित की जाएगी, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही, कार्य क्षमता तथा बिना विलंब के समयबद्ध सहायता सुनिश्चित होगी। छात्रों को वित्तीय सहायता का आहरण डीबीटी मोड के माध्यम से अधिमान्य आधार सबल भुगतान प्रणाली को प्रयोग में लाकर किया जाएगा। साथ ही इसके लिए निगरानी तंत्र और सोशल आडिट, तीसरे पक्ष द्वारा वार्षिक मूल्यांकन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार सर्व समाज के हित में कार्य कर रही है। इसका प्रमाण यह है कि सभी को शौचालय, आवास, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाएं बिना भेदभाव को दी जा रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव, जिला महामंत्री विवेकानंद वर्मा, सतविंदर पाल सिंह जज्जी, निरंजन लोहिया सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हर माह स्कूल में मिलेगें 'गुरुजी' और अभिभावक

**बस्ती।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र, छात्राओं के शैक्षिक गुणवत्ता सुधार और सामुदायिक सहभागिता के लिए प्रत्येक माह विद्यालय स्तर पर अध्यापक-अभिभावक बैठक की जाएगी। छात्र, छात्राओं, अभिभावकों से बच्चों के शैक्षिक स्तर, कार्यकलापों, गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की जाएगी।यह निर्णय जिला षिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक में हुई चर्चा उपरांत लिया गया। डीएम आषुतोष निरंजन ने छात्र, छात्राओं के शैक्षिक गुणवता सुधार, सामुदायिक सहभागिता के लिए विद्यालय स्तर पर अध्यापक-अभिभावक बैठक करने का आदेष दिया है। कहा है कि छात्र, छात्राओं द्वारा सैट-2 में प्राप्त परीक्षा परिणाम का पृथक- पृथक अभिभावकों से चर्चा करें। छात्र, छात्राओं के गृह कार्य आदि के सम्बन्ध में चर्चा, ग्रेड डी एवं इ पाने वाले बच्चों की पढ़ाई के लिए अलग से कार्य योजना बनाने, गैर शैक्षणिक गतिविधियों, प्रत्येक छात्र, छात्राओं के योग्यता अनुसार कौषल विकास पर चर्चा को शामिल किया जाय।

## विराट कुश्ती दंगल का पहला दिन
# दर्शकों ने जमकर उठाया लुत्फ



**बीजपुर**/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बीजपुर के पुनर्वास प्रथम परिक्षेत्र स्थित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ पूर्वाह्न लगभग एक बजे के किया गया। दंगल का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख म्योरपुर एवं वर्तमान ब्लाक प्रमुख म्योरपुर के पति संजय यादव विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राजेन्द्र सिंह बघेल ने अन्य सह अतिथियो के साथ संयुक्त रूप से अखाड़े के फीता काटकर किया। इसके पूर्व आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर व गुलदस्ता प्रदान करके अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरुआती दौर में दंगल के मुख्य आयोजक व दंगल समिति के अध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने परम्परागत ढंग से अतिथियों पहलवानों व दर्शकों का स्वागत करते हुए उन सभी से शांति बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए यह आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि श्री यादव विशिष्ट अतिथि श्री सिंह व संविदाकार जे एन चौरसिया ने अपने अपने संबोधन के जरिए इस आयोजन हेतु अध्यक्ष रामाज्ञा सिंह एवं अन्य कार्यकर्ताओ की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या के हनुमानगढ़ी से आए हुए पहलवान बजरंगी एवं आगरा के पहलवान लोटन के बीच कुश्ती से किया गया। 15 मिनट के इस दंगल में काफी दांव पेंच के बीच बजरंगी पहलवान ने बाजी मारी।

# आरोग्य स्वास्थ्य मेले में उमड़ी भीड़

### 2426 लोगों का हुआ ईलाज 69 लोगों का बनाया गया गोल्डेन कार्ड



**सोनभद्र।** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व एक अर्बन हेल्थ केयर सेन्टर पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। रावर्टसगंज नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर राज्यसभा सांसद रामसकल, जिलाधिकारी अभिषेक सिंह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मेले में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन जिले के 28 पीएचसी केंद्रों व एक अर्बन हेल्थ सेन्टर पर आयोजित किया गया। मेले में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के प्रत्येक नियमों का पालन कराने तथा जानकारी देने के लिए स्टाल भी लगाए गए थें। मेले में आए लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड, गर्भावस्था एवं प्रसव कालीन परामर्श संस्थागत प्रसव संबंधी जागरूकता जन्म पंजीकरण परामर्श नवजात शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श एवं सेवाएं पूर्ण टीकाकरण परामर्श एवं सेवाएं परिवार नियोजन संबंधी परामर्श एवं सुविधाएं तथा टीबी, शुगर समेत अन्य रोगों से संबंधित सुविधाएं प्रदान की गयी। रजिस्ट्रेशन एवं डॉक्टरों के टेबल पर भीड़ को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मी लगायें गए थे।

# आरोग्य मेले में बनवाएं आयुष्मान भारत योजना का गोल्डेन कार्डः अनुप्रिया



**मीरजापुर।** स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने आह्वान किया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जिनके गोल्डेन कार्ड नहीं बने हैंए वे आरोग्य मेला में बनवा लें। श्रीमती पटेल रविवार को कोन ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा कि आरोग्य मेता हर पीएचसी व सीएचसी पर प्रत्येक रविवार को आयोजित होगा। यहां कई तरह के रोगों की जांच व उपचार के साथ कोरोना जांच की आरटीपीसीआर व एंटीजन रैपिड टेस्ट की भी व्यवस्था की गई है। आयुष्मान भारत योजना के तहत जिनके गोल्डेन कार्ड नहीं बने हैंए उनके लिए भी यह मेला सुनहरा अवसर लेकर आया है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा भेजा गया पत्रए आधार कार्ड व राशन कार्ड लेकर आरोग्य मेला में आएं। वहां इसके लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।सांसद ने कहा कि आगामी 16 जनवरी से कोरोना का टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। इसमें पहले चरण में 30 करोड़ लोगों को टीका लगाया जाएगा। सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों फ्रंट लाइन कोरोना वारियर्स को टीका लगाया जाएगा। 50 साल से ज्यादा उम्र के उन लोगों को भी टीका लगाया जाएगाए जिनको कई तरह के रोग हैं। श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में क्रमशः देश व प्रदेश में स्वास्थ्य की कई योजनाएं चल रही हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना व इसके बाद मुख्यमंत्री आरोग्य मेला इसमें अहम हैं। इन दोनों योजनाओं से आम जनता को सीधे लाभ मिलेगा।

## जिलाधिकारी ने आरोग्य स्वास्थ्य मेला का किया शुभारम्भ

**शासन** के निर्देश के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मा0 मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य का आयोजन किया गयाए इसी क्रम चुनार तहसील अन्तर्गत प्राथिमक स्वास्थ्य केन्द्र मगरहा में फीता काटकर शुभारम्भ जिलाधिकारी प्रवीन कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ओ0पी0डी0 में चिकित्साकों द्वारा आये हुये मरीजों की जॉच के बारे में देखा एक मरीज को थर्मल स्केनर व पल्स आक्सोमीटर से टम्परेचर पल्स की भी जॉच कर परीक्षण किया गया।

# सेहत को लेकर हर कोई सजग

## नगर क्षेत्र में विधायक विजय राजभर ने किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन

संवाददाता। मऊ

**मुख्यमंत्री** जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन रविवार को नगरीय स्वास्थ्य केंद्र मलिन बस्ती भरहकुपरा में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि घोसी विधान सभा के विधायक विजय राजभर ने फीता काटकर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया। इसके साथ ही साथ जिले के चार शहरी स्वास्थ्य केंद्र समेत कुल 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए दवा का वितरण किया गया। इस दौरान घोसी विधान सभा के विधायक विजय राजभर ने कहा कि सरकार गरीबों के लिये बहुत सी जन कल्याणकारी योजनायें चला रही है। मुख्यमंत्री का गरीब किसानोंए महिलाओंए बच्चों को छुट्टी के दिन घर के नजदीक आरोग्य मेले के माध्यम से निरूशुल्क स्वास्थ्य लाभ देने की योजना बनाई गयी है। इसका उद्देश्य गरीबों का इलाज उनके निवास के करीब मिले जिससे उनके समय और आने जाने में होने वाले खर्च से बचत हो सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉण् सिंह ने बताया कि जनपद में प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर प्रतिदिन संकेतिक रूप से एक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मुख्यमंत्री का महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें जनमानस के लिये कल्याणकारी योजनां हैंए उन पर कार्य किया जायेगा। मेले में टीबीए मलेरियाए डेंगूए कुष्ठ रोग आदि की निरूशुल्क जांच व उपचार, परिवार नियोजन परामर्श आदि सेवाएँ निरूशुल्क दी जाएंगी। रविवार के दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद रहते हैं,इसके चलते जन मानस को अलग से सुविधा मिलेगी जिसका लोग लाभ उठा सकते हैं। मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से अपराह्न 04ण्00 बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ एससी अग्रवाल, शहरी क्षेत्र के नोडल अधिकारी विवेक


मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण करते विधायक विजय राजभर।

### डीएम ने किया जन आरोग्य मेले का निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा रविवार को विकास खंड लोटन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरी बखरियाए विकास खंड नौगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपतिनगरए पर चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ओपीडी, डिलेवरी कक्ष, वार्ड व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधिकारी को आरोग्य मेले में जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आशा द्वारा लाभार्थियों को लाकर गोल्डेन कार्ड भी बनवाने तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर डिलेवरी कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित आशाए एएनएम व चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना बहुत ही लाभकारी है इस योजना का कैंप प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,ग्रामीण व शहरी पर आयोजित होगाए जिसमें सभी लोगों को ओपीडीए टीबीए मलेरियाए डेंगूए दिमागी बुखार, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग व अन्य आवश्यक जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में आशा व एएनएम के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करा कर लोगों को जागरूक

### जरुरतमंदों को कम्बल का किया गया वितरण

**मऊ।** जिले के कोपागंज ब्लाक अंतर्गत ग्राम चक राम जी कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय में जिला संयुक्त चिकित्सालय के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डा. सीपी आर्या ने 400 से अधिक जरुरतमंदों को कम्बल का वितरण किया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डा. सीपी आर्या ने कहा कि जरुरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। ऐसे पुण्य के कार्य में सभी वर्ग के लोगों को अपना हाथ आगे बढ़ाना चाहिए। जिससे समाज में जरुरतमंदों को कठिनाई का सामना न करना पड़ा। समाजसेवी दिनेश यादव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे गरीबों की मदद के लिए पूरी तरह से कमर कसे हुए हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से से ओमप्रकाश शर्मा, राम प्रवेश चौहान, पीएम पाण्डेय, विजय पाण्डेय, अखिलेश यादव, सेवा लाल यादव, मनोज यादव आदि संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

### तरकुलवा पुलिस ने ईनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**देवरिया।** थाना तरकुलवा पर वादी रमायण जायसवाल पुत्र स्व. सुन्दर निवासी.गड़रामपुर थाना तरकुलवा जनपद देवरिया की तहरीर के आधार पर पंजीकृत मु.अ.सं.13,2020 धारा,323,387,392,507 भादंस का अभियोग अभियोग अभियुक्त कमलेश्वर सिंह उर्फ अप्पू पुत्र उदय प्रताप राव निवासी.मुण्डेरा बाबू थाना.तरकुलवा जनपद.,देवरिया के विरूद्ध पंजीकृत हैए अभियुक्त जनपद देवरिया से 25,000 पुरस्कार घोषित अभियुक्त है। 9 जनवरी को प्रभारी निरीक्षक तरकुलवा मय टीम वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम गड़रामपुर के पास से अभियुक्त कमलेश्वर सिंह उर्फ अप्पु पुत्र उदय प्रताप राव निवासी.मुण्डेरा बाबू थाना, तरकुलवा जनपद, देवरिया उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

### गैंगेस्टर का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**महाराजगंज, जौनपुर।** आरक्षी अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान में स्थानीय थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह के अनुसार अतुल सिंह उर्फ गब्बर निवासी भटौली थाना महाराजगंज को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया जो लंबे समय से फरार चल रहा था। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी राकेश सिंह, वीरेंद्र यादव, मुख्य आरक्षी भाई लाल,आरक्षी वीरेंद्र यादव, सुनील यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### जिला अपराध निरोधक कमेटी का गौरा कार्यालय शुरू

**जौनपुर।** जिला अपराध निरोधक कमेटी की उप इकाई थाना अपराध निरोधक कमेटी गौराबादशाहपुर के कार्यालय का उद्घाटन केराकत.आजमगढ़ रोड तिराहे के पास जिला मंत्री आद्या प्रसाद सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदेश कमेटी लखनऊ द्वारा जारी परिचय पत्र सभी सदस्यों को हस्तगत करते हुए अपने संबोधन से जिला मंत्री ने सदस्यों को कमेटी के प्रचार.प्रसार व गरीब व असहाय जनसहयोग के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री मनोज सिंह तथा संचालन थाना मंत्री डा. अंगद राही ने किया। इस अवसर पर शैलेंद्र सिंह, मंगेश विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्माए श्रवण उपाध्याय, श्रवण विश्वकर्मा, जय प्रकाश यादव, बुझारत बिंद, योगेश त्रिपाठी, महेंद्र बिंद, विपिन मौर्य, मोहन लाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### किसान दे रहे धरना और भाजपा बटोर रही चावल : कांग्रेस

**सकलडीहा,चन्दौली।** संगठन सृजन अभियान पार्ट 2 के तहत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रविवार को कांग्रेसी चतुर्भुजपुर स्थित कालेश्वर महादेव मंदिर पर बैठक किया। इस दौरान किसान बिल को लेकर केन्द्र सरकार की तानाशाही पर जमकर भड़ास निकाला। कई किसान अपनी मांगों को लेकर शहीद होगये। लेकिन केन्द्र की तानाशाही सरकार एक एक मुट्ठी चावल बटोर रही है। विधान सभा कोआडिनेटर रामचन्द्र यादव और विधान सभा प्रभारी अरूण द्विवेदी ने कहा कि सरकार के अधिकारी और सत्ताधारी बेलगाम होगये है। सत्ता के नशे में चुर है।

## पत्रकार इलेवन ने की जीत दर्ज



**मुग़लसराय,चन्दौली ।** सेठ एम आर जैपुरिया स्कूल्स पड़ाव केंपस में विद्यालय की प्रशासनिक टीम एवं पत्रकार इलेवन टीम के बीच एक मैत्रीपूर्ण डी बजाज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जो जयपुरिया स्कूल के प्रांगण में हुआ। मैच बारह-बारह ओवर का खेला गया द्य आयोजित क्रिकेट मैच का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना द्वारा सभी खिलाड़ियों के परिचय प्राप्त करते हुए किया गया द्य प्रशासनिक टीम टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला कियाए जिसमे सलामी बल्लेबाज राकेश शर्मा व अमित श्रीवास्तव ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल बारह ओवर मे 72 रन सात विकेट के नुकसान पर बनायाए विद्यालय के प्राशासनिक टीम मे हेमंत श्रीवास्तव ने अपनी गेंदबाजी का अच्छा प्रदर्शन कियाए वही रोहित आनंद ने अपने बैटिंग का शानदार प्रदर्शन किया द्य पत्रकार एलेवेन के सामने 73 रन बनाने का लक्ष्य रखा द्य वही दूसरी पारी मे पत्रकार एलेवेन के तरफ से सलामी बल्लेबाज जीआरपी इस्पेक्टर आर के सिंह व सैफ ने लगातार छक्के व चौके मारकर मैच को एकतरफा करते हुए छः ओवर मे बावन रन की साझेदारी की। पत्रकार इलेवन ने तीन विकेट खोकर मैच को 69 के स्कोर पर पहुंचा दिया । कमलेश गिरी ने ग्याहवें ओवर के पहली ही गेंद पर चौका लगाकर जीत दर्ज कर दी । सैफव धर्मेंद्र ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन तीन विकेट लिए । विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हे ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया ।

## जाति प्रमाण पत्र के लिये गोंड समाज करेगा प्रदर्शन

**सकलडीहा,चन्दौली।** अखिल भारत वर्षीय गोंड व समाजवादी अनुसूचित जनजाति महासभा तहसील प्रशासन की कार्यशैली को लेकर लामबंद है। रविवार को बैठक कर तहसील प्रशासन के खिलाफ आगामी 12 जनवरी को विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा किया। इस दौरान तहसील प्रशासन और लेखपालों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जनपद के सभी तहसीलों में गोंड समाज के लोगों का प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर सरकारी मशीनरी उपेक्षा कर रही है। साक्ष्य देने के बाद भी समाज के बच्चों को प्रमाण पत्र जारी नही किया जा रहा है। जिसके कारण शिक्षा सहित सरकारी योजनाओं से वंचित हो जा रहे है। समाजवादी अनुसूचित जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष रामउजागिर गोंड ने आरोप लगाया कि शासनादेश व साक्ष्य उपलब्ध कराने के बाद भी तहसील प्रशासन और क्षेत्रीय लेखपाल समाज के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने पर उतारू है।

## धंसी पुलिया मरम्मत न होने से दुर्घटना को दे रही दावत

**सकलडीहा,चन्दौली।** चंदौली सकलडीहाह मुख्य मार्ग पर भोजापुर के समीप आठ माह से पुलिया धँस गयी है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी मौन है। धसी पुलिया को लेकर दुर्घटना की आंशका बनी हुई है। वही पीडब्ल्यूडी विभाग बांस-बल्लियों से घेर कर अपना दायत्वि निभा दिया है। जबकि उस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। सकलडीहा-चंदौली मार्ग पर रोजाना सैकड़ों की संख्या मे वाहन गुजरते हैं। इस मार्ग पर भोजापुर गांव के समीप सेवखर भोजापुर रजवाहे की पुलिया 8 माह पूर्व धंस गई। इससे सड़क के मध्य 5 फीट का छेद हो गया है। अब तक आधा दर्जन से अधिक छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। दिलचस्प है कि इस मार्ग से जनप्रतिनिधियों सहित डीएम की गाड़ियां गुजरती हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हुई। विभाग ने छेद के चारों ओर बांस-बल्ली लगाकर अपने कर्तव्यों की इति कर ली है। ग्रामीण शरद सिंह, संतोष सिंह, ओमप्रकाश यादव, रामवृक्ष व बजरंगी ने जिला प्रशासन से पुलिया की मरम्मत की मांग की है।

## ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आया बालक, मौत

**चहनियां,चन्दौली ।** बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफपुर चौकी अन्तर्गत मारूफपुर गांव के समीम अहमद-7 की दर्दनाक मौत रविवार की सुबह ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आने से हो गयी। घटना के बाद बलुआ इंस्पेक्टर सूर्य प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी मारूफपुर प्रशान्त सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों के चित्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मारूफपुर निवासी वसीम अहमद का इकलौता पुत्र समीम - 7 अपने चाचा सिकन्दर के साथ मोटर साइकिल से दुकान जा रहा था कि घर से करीब सौ मीटर दूर पर डीजे और जनरेटर लादकर जा रहे ट्रैक्टर के ट्राली से लगे हल्के धक्के से बच्चा पहिए के नीचे गिर पड़ा। पहिए की चपेट में आने से तत्काल बालक की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों चालक को डायल 112 के पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पाकर मय फोर्स पहुंचे बलुआ इंस्पेक्टर सूर्य प्रताप सिंह व मारूफपुर चौकी इंचार्ज प्रशांत सिंह ने आक्रोशित परिजनों ग्रामीणों को शान्त कराया।

## नगर में चोरी से दहशत,पुलिस जांच में जुटी

**चकिया,चन्दौली ।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 विभूति नगर स्थित अमित सिंह के मकान में बीती रात घुसकर अज्ञात चोरों ने उनके अलमारी तथा बक्से का ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने व नकदी समेत अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया जब इसकी जानकारी भुक्तभोगी कोई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित परिजनों द्वारा इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर कस्बा इंचार्ज हरिकेश सिंह ने जांच पड़ताल कर अगली कार्रवाई में जुट गए। इलिया क्षेत्र के रोहाखी गांव निवासी अमित सिंह नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 विभूति नगर में पिछले कुछ वर्षों से अपना मकान बनाकर रहते हैं। किसी जरूरी कार्य बस कुछ दिन पूर्व अपने गांव चले गए थे और नगर के मकान में कोई भी नहीं था। जहां मौका पाकर अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर उसमें रखे बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर आराम से चोरी की।

## श्री जन्मभूमि निधि संग्रह अभियान की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



संवाददाता। देवरिया

श्री जन्मभूमि निधि संग्रह अभियान की तैयारी बैठक मझौवा न्याय पंचायत के ग्राम सभा दोघड़ा मे सम्पन्न हुई। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिये धन संग्रह के लिये 15 जनवरी से 27 फरवरी तक पूरे देश मे अभियान चलेगाएइस अभियान में देश भर से संघ परिवार के 5 लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। हिंदू समाज राम मंदिर बनने के बाद अपने आप को गौरवान्वित महसूस करेगा। निश्चित तौर पर मंदिर निर्माण के बाद एक सशक्त भारत का उदय होगा जो एक महाशक्ति के रूप में सामने खड़ा होगा और विश्व गुरु के पद पर आसीन होगा। मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए दस रुपयाए सौ रुपये और हजार रुपये का कूपन रखा गया है दो हजार रुपये से ज्यादा देनेवाले को रसीद दी जायेगी। उक्त अवसर पर टोलिया बनाई गई जिसमें मझौवा से मुकेश दुबे, राघवेंद्र,पिंकु तिवारी, रायपुरवा से कन्हैया जी महाराज, तालडिहा से शक्ति पांडेय, दोघडा से राकेश दुबे,नथुनी राजभर,सुभाष शर्मा,रामाश्रय शर्मा, रामजी गिरि, तुलसीबारा से पारस तिवारी,खखडी से योगेश,ज्ञानचंद पांडेय, परसिया भगवती से चंदन पांडेय,बबलू पांडेय,पंकज पांडेय, पप्पू पांडेय एबालेपुर से संदीप कुशवाहा,राजु कुशवाहा,चोरडीहा से अजीत मिश्र, नवनीत तिवारी,धर्मेंद्र सिंह,शम्भू यादव,घनश्याम सिंह, परसिया बंशी से रामसरिखा, संजय यादव, अनिल, रामसागर यादव शामिल हुए। उक्त अवसर पर अशोक तिवारी,वशिष्ठ मिश्र,प्रदीप कुशवाहा, दुर्गेश मिश्र,रविशंकर मिश्र, अमरदत्त यादव,अमरनाथ पाल,अभिषेक मिश्र,अंश मिश्र, दिपु राजभर,चंदन राजभर,युगेश राजभर उपस्थित रहे।

## जिला सचिव प्रशान्त व कोषाध्यक्ष सुनील किये गये कार्यमुक्त

संवाददाता। जौनपुर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम आसरे यादव किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वितीय स्तरोन्नयन एण्सीण्पीण् कमेटी का गठन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर दिया गया है। साथ ही शिक्षा निदेशक बेसिक के शासनादेश में निकटवर्ती ब्लाक में रिक्त पदों पर 3 योग्य कर्मचारियों के सम्बधीकरन भी बहुत जल्द संबंधित ब्लाक में करा दिया जाएगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने जिला सचिव प्रशांत कुमार व जिला कोषाध्यक्ष सुनील कुमार को कार्यमुक्त करते हुए कहा कि इन पदों पर प्रदेशीय नेतृत्व को अवगत कराकर जल्दी चुनाव कराया जाएगा। तब तक इन पदों पर कार्य करने के लिए प्रभारी की नियुक्ति कर दी गई है। इस अवसर पर जिला मंत्री अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पांडेय, कुमैल हैदरए राजीव श्रीवास्तव, आकाश सिंह, अंजनी मालविय, मो. फरहान खान आदि उपस्थित रहे।

## शरद पवार को बनाया जाय कांग्रेस अध्यक्षः सिराज मेंहदी



संवाददाता। जौनपुर

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य विधान परिषद के पूर्व सदस्य सिराज मेंहदी ने रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि कांग्रेस को यूपीए के अध्यक्ष शरद पवार को बनाना चाहिएए ताकि उनके नेतृत्व में देश की सभी सेकुलर पार्टियां एक प्लेटफार्म पर आए और इस जालिम सरकार को उखाड़ फेकें। उन्होंने कहा कि जनता को कोविड वैक्सीन के उपयोग का स्वतंत्र र्सस्ती नहीं होनी चाहिएए इससे माहौल बिगड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि योगगुरु रामदेव ने योग करने वालों को कोविड वैक्सीन न लगवाने का ऐलान कर लोगों को बरगलाने का काम किया है। श्री मेंहदी ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों ने रात.दिन मेहनत कर कोविड महामारी से निजात दिलाने के लिए वैक्सीन की खोज की जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैंए पर इसे आम जनता पर जबरन नहीं थोपा जाना चहिए और सरकार को भी इस दिशा में पूर्व के अनुभव को ध्यान रखते हुए कोई भूल नहीं करनी चहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में नसबंदी अभियान चलाकर इस तरह की गलती कर बुरे नतीजों के सामना कर चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार पूरी तरह से सेल साबित हो रही है। आए दिन महिलाओं के साथ लूट, बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं हो रही है और सरकार इन लुटेरों और बलात्कारियों को बचाने का लगातार प्रयास कर रही है जिससे प्रदेश में भय का माहौल पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि देश के किसान सड़कों पर है और यह हिटलर चाहे सरकार कान में रुई डाले बैठी हुई है। ऐसे में वह दिन दूर नहीं कि इस तानाशाह सरकार को देश की जनता जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लेफ्टिनेंट हसन बांदी के 40वें मजलिस का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** नगर के बलुआ घाट स्थित मेंहदी की जमीन पर लेफ्टिनेंट हसन बांदी के 40वें मजलिस का आयोजन रविवार को हुआ। मजलिस में सोजखानी गौहर अली जैदी ने किया तो पेशखानी फरमान हैदर बनारसी,डा शोहरत जौनपुरीए वहदत जौनपुरी, तनवीर जौनपुरीए कायम रजा रिजवी ने अहलेबैत की शान मरसिया पेश किया। इस मौके पर मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैय्यद मोहम्मद असलम रिजवी चीफ शिया उलेमा बोर्ड महाराष्ट्र ने कहा कि हजरत फातिमा जहरा संसार में एक आदर्श पत्नी के रूप में प्रसिद्ध है।


## सदर विधायक ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण



संवाददाता। देवरिया

सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने आज भटौली बुजुर्ग में पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद सदर विधायक ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा की सरकार योगी जी के नेतृत्व सभी वादों को पूरा कर रही है। देश प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विकास की पटरी पर दौड़ रहा है। गांव हो या शहर सभी जगह बिना भेदभाव से सर्व पक्षीय विकास हो रहा है। सरकार विद्यार्थियों, मजदूरों, बेरोजगारो, किसानों सभी के लिये बिना भेदभाव काम कर रही है। आने वाले समय में और भी विकास के कार्य होते रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। राज्य सरकार गांवों और शहरों के विकास में किसी तरह की कोई कमी नहीं आने देगी।क्योंकि गांवो के विकास से ही देश का विकास सम्भव हो सकेगा।गांवो तक हर सुविधा पहुचे इसी को ध्यान में रखकर केंद्र और प्रदेश सरकार काम कर रही है।

## जानकारी से हार्ट अटैक पीड़ित व्यक्ति की बच सकती है जानः डा. जयेश



संवाददाता। जौनपुर

**त्रिभुवन** सिंह मेमोरियल अस्पताल और पांडुचेरी की संस्था कटलेस्ट हेल्थ केयर कंस्टेंसी के संयुक्त तत्वावधान में रबर के पुतलों को मानव शरीर का माध्यम बनाकर पुतलों के माध्यम से बेसिक लाइफसपोर्ट के बारे में सजीव चित्रण किया गया। अस्पताल के चेयरमैन डाण् जयेश सिंह एवं निदेशक डाण् स्पृहा सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुई। इस मौके पर कटलेस्ट हेल्थ केयर कंस्टेंसी से आए प्रशिक्षकों ने अस्पताल के समस्त स्टाफ को लाइफ सपोर्ट के बारे में बताया। साथ ही डाण् जयेश सिंह ने कहा कि बेसिक लाइफ सपोर्ट में प्रशिक्षण का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि अचानक हुए हार्ट अटैक एवं बेहोशी में तुरंत प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा लाइव सपोर्ट दिया जाय तो 10 प्रतिशत व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। निदेशक डाण् स्पृहा सिंह ने बताया कि एक दिवसीय प्रशिक्षण से पैरामेडिकल स्टाफहृदय रोग एवं हार्ट अटैक की आपातकालीन परिस्थितियों से निबटने में सहायक हो सकती है। यदि प्रशिक्षकों द्वारा सही ढंग से प्रशिक्षण लिया जाय तो हार्ट से संबंधित आपातकालीन स्थिति में व्यक्ति को बचाया जा सकता है।

## हिंदी दिवस पर ध्रुवदेव मिश्र सम्मानित



संवाददाता। देवरिया

**आचार्य** व्यास मिश्र स्मृति देवरिया महोत्सव समिति द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी के प्रख्यात रचनाकार ध्रुवदेव मिश्र पाषाण् को ष्देवरिया रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री मिश्र को समिति की तरफ से अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में लगे लोगो के कारण ही आज हिंदी पूरे विश्व मे करोड़ो लोगो द्वारा बोली जाने वाली भाषा बन गयी हैएदुनिया हिंदी की कायल हो चुकी है। अमेरिका समेत अन्य मुल्कों में लोग हिंदी साहित्य चाव से पढ़ते हैं। हमें अपने बच्चों को भी हिंदी बोलने और लिखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हमारे देश के हिंदी साहित्य विदेशो में काफी पसंद किए जा रहे हैए इसी क्रम में समिति द्वारा देवरिया के हिंदी साहित्य के प्रख्यात रचनाकार ध्रुवदेव मिश्र पाषाण को देवरिया रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। ध्रुवदेव मिश्र पाषाण जी का हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में अतुलनीय योगदान रहा है। सम्मान से अभिभूत होकर ध्रुवदेव मिश्र ने उपस्थित लोगों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा के साथ-साथ मातृभाषा भी है। इसलिए हम सभी भारतवासियो का यह कर्तव्य है कि हम इसके प्रचार प्रसार के लिए सदैव तत्तपर रहे।समिति के संस्थापक सदस्य रमाशंकर तिवारी ने कहा कि ध्रुवदेव मिश्र जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी भाषा की सेवा में लगे रहे है। इन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रकृति और समसामयिक परिस्थितियों का वर्णन बहुत ही सुंदर ढंग से किया है। समिति की सिमा जायसवाल ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मिश्र जी ने अपनी दर्जनों रचनाओं के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दिया है, जो अत्यंत सराहनीय है। संरक्षक रामचन्द्र मिश्र ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताते हुए हिंदी को आमजन की भाषा बताया। इस अवसर समिति अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने ध्रुवदेव मिश्र जी हिंदी रचना दूबे को पढ़ाए उपस्थित लोगों ने ध्रुवदेव मिश्र का माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र, उमेश कुमार पंकज, विभूति नारायण ओझा, रामचन्द्र मिश्र, रमाशंकर तिवारी,वाचस्पति मिश्र, फ्डीन्द्र मणि त्रिपाठी, सिमा जायसवाल, नीलम जायसवाल, रितिका जायसवाल, विजेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

## पीएसईई की जगह इस बार जेईई करायेगी परीक्षा

**जौनपुर।** इंजीनियरिंग आर्किटेक्चर, फार्मेसी इत्यादि पाठ्यक्रम की 2020-21 सत्र में प्रवेशए राज्य प्रवेश परीक्षा के स्थान पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित जेईई के माध्यम से कराया जाएगा। इस सत्र से तकनीकी पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालयों के माध्यम से यह सूचनाएं भेजी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा डा एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित विभिन्न अभियंत्रण एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा जेईई मुख्य, प्रवेश परीक्षा 2021 के माध्यम से आयोजित की जा रही है। जेईई प्रवेश परीक्षा 2021 के आवेदन फार्म वेबसाइट पर उपलब्ध है। जेईई प्रवेश परीक्षा के आवेदन फार्म की अंतिम तिथि 16 जनवरी और शुल्क जमा करने की तिथि 17 जनवरी है। सम्बद्ध संस्थानों में संचालित बीटेक, बीआर्क, एमटेक इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए जेईई प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवेदन करना होगा। जेईई प्रवेश परीक्षा 2021 में चार बार आयोजित की जायेगी। इसका प्रथम सत्र फरवरी, द्वितीय सत्र मार्चए तृतीय सत्र अप्रैल और चौथा सत्र मई में होगा। इस आशय की जानकारी राजकुमार मीडिया प्रभारी वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ ने जरूरतमन्दों को दिया कम्बल

**रामपुर, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के सिरौली गांव के हनुमान जी मंदिर परिसर में समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में तमाम जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी द्वारा 350 गरीबों कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी रहे जिनका उपस्थित ग्रामीणों ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस दौरान समाजसेवी श्री त्रिपाठी ने कहा कि गरीब व कमजोर तबके के लोगों की मदद करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर कमलेश तिवारी, कड़ेदीन , रविन्द्र प्रसाद , प्रमोद तिवारी, रणजीत,मुखुरी यादव, खलीफा,छोटे लाल गौतम,अरुण दुबे, सुजीत तिवारी, बबलू यादव, सिकंदर यादव, मौजूद रहे।

## क्विज प्रतियोगिता आयोजित, अव्वल किये गये पुरस्कृत

संवाददाता। मछलीशहर, जौनपुर

**स्थानीय** क्षेत्र में कौमी इत्तेहाद फाउंडेशन के बैनर तले इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का का आयोजन डाण् वसीउल हसन स्कूल महतवाना में हुआ। लगभग सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया जहां 10 ग्रुप में से फाइनल राउण्ड में पहला स्थान मोहम्मद इस्माइलए दूसरा स्थान शम्ससुज्जमाए मोहम्मद शाहिद और तीसरा स्थान मोहम्मद सैफ ने हासिल किया। प्रथम आने वाले को 2 हजार रूपया और शील्ड एवं द्वितीय व तृतीय आने वालों को शील्ड दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक कारी मोहम्मद अजमल ने किया जहां सीरत कमेटी के मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि जो किसी स्थान पर नहीं आये हैंए वह कदापि निराश न हों। अनवरत अभ्यास करने से एक दिन वह भी पहला स्थान पाएंगे। बच्चों की सराहना करते हुए सभी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर इबरत, डा,वसीउल हसन स्कूल के मैनेजर ऑन मोहम्मद, अजवद कासमी, सद्दाम हुसैन, सिद्दीक, मो मुस्लिम आदि उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने दलित बच्चों के लिए खोला खजाना: पूर्णिमा

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में सरकार खर्च करेगी 59 हजार करोड़ रुपये

## चार करोड़ से अधिक दलित बच्चे होंगे लाभान्वित



संवाददाता। बाराबंकी

**अनुसूचित** आयोग की उपाध्यक्ष पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने अनुसूचित जाति के बच्चों की पढ़ाई के लिए पहले की तुलना में पांच गुना अधिक पैसा खर्च किया जाएगा। सरकार की ओर से चलाए गयी योजनाओं के तहत अगले पांच सालों में 59 हजार करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

पूर्णिमा वर्मा रविवार को स्थानीय कोऑपरेटिव बैंक में पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होने बताया कि मोदी सरकार ने 2019 के चुनाव में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का नारा दिया था और अब उसी रास्ते पर आगे बढ़ते हुए दलित वर्गों के लिए एक बड़ी घोषणा की है।बताया कि 59 हजार करोड़ में से 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक केंद्र सरकार खर्च करेगी। इस योजना से सरकार अगले चार वर्षों में चार करोड़ दलित बच्चों को सुविधा मुहैया कराएगी। इनमें से करीब 1.36 करोड़ छात्र सबसे गरीब परिवार से होंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन धीरेंद्र कुमार वर्मा, जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता मौजूद रहे। इनसेटण्ण्णदलित बच्चों को मिलेगी

### डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में जाएगी छात्रवृति

**बाराबंकी। अनुसूचित** आयोग की उपाध्यक्ष पूर्णिमा वर्मा ने बताया कि लाभार्थी छात्रों को छात्रवृत्ति डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) के जरिए सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। मौजूदा समय में केंद्र सरकार इस पैसे को राज्यों और शैक्षणिक संस्थानों को देती थी और फिर छात्रों को मिलती थी। जिसके चलते बहुतायत गड़बड़ी देखने को मिलती थी। पूर्णिमा वर्मा ने बताया कि छात्रवृत्ति योजना में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच हिस्सेदारी तय कर दी गयी है। अब छात्रवृति की रकम का 60 फीसदी केंद्र सरकार और 40 फीसदी राज्य सरकारें देंगी। पहले इस योजना के तहत केंद्र सरकार राज्यों को हर साल औसतन 1100 करोड़ की मदद देती थीए लेकिन अब हर साल छह हजार करोड़ दी जाएगी।

### दलित बच्चों को मिलेगी पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप

**बाराबंकी।** पत्रकारों से मुखातिब अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष कहा कि मोदी सरकार दलित बच्चों को पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप देगी। इस योजना से अनुसूचित जाति के युवाओं के लिए शैक्षिक पहुंच और भी आसान होगा। उन्होंने कहा कि कि दलित वर्ग के युवाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सस्ती शिक्षा सुनिश्चित करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

तिलोई (**अमेठी**)। तिलोई ब्लाक क्षेत्र के रजनपुर गांव में महापद्मनंद कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन की एक बैठक हुई, जिसमें जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने पर चर्चा हुई।

जानकारी के मुताबिक तिलोई क्षेत्र के गांव रजनपुर में महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व स्व. कर्पूरी ठाकुर की आगामी 24 जनवरी को होने वाली जयंती मनाने पर चर्चा हुई जिसमें अमेठी जनपद के तमाम कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम ने बताया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर एसोसिएशन की तरफ से अमेठी जनपद में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया है जिसमे लगभग 50 व्यक्ति रक्तदान करेंगे। बैठक में राजेंद्र वर्मा, रामकुमार, रवि वर्मा, श्यामू, शिवाजी वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# रंजिश में जमकर हुआ खूनी संघर्ष, फायरिंग में एक की मौत

संवाददाता। मुसाफिरखाना

## चार अन्य लोग घायल

**कोतवाली** क्षेत्र अन्तर्गत अढ़नपुर गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर पर साथियों के साथ लाठी डंडों से हमला कर दिया। इसी बीच गोली चलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं चार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एसपी एएसपी सीओ सहित अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिए हैं। रविवार दोपहर करीब दो बजे अढ़नपुर गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय अपने घर के सामने गाड़ी साफ कर रहे थे। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर मामूली कहासुनी के बाद सुरेन्द्र पांडेय पर धावा बोल दिया। परिजनों के मुताबिक रघुनंदन सिंह पक्ष के लोग लाठी डंडों व असलहों से लैश होकर सुरेन्द्र पांडेय के दरवाजे पर पहुंच कर हमला कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने गोली चला दी जिससे सुरेन्द्र पांडेय पुत्र रामेश्वर पांडेय को दो गोली एक पेट में व एक जांघ में लग गई। धावा बोल दिया। परिजनों के मुताबिक रघुनंदन सिंह पक्ष के लोग लाठी डंडों व असलहों से लैश होकर सुरेन्द्र पांडेय के दरवाजे पर पहुंच कर हमला कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने गोली चला दी जिससे सुरेन्द्र पांडेय पुत्र रामेश्वर पांडेय को दो गोली एक पेट में व एक जांघ में लग गई। वहीं बीच बचाव करने पहुंची पत्नी इंद्रावती, भाई सत्येंद्र पांडेय व पुत्र आराध्य पांडेय मीरा पांडेय, अभिषेक पांडेय घायल हो गए। सूचना पर एसडीएम सुनील त्रिवेदी, एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी दयाराम सरोज, सीओ मनोज यादव, प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। परिजनों ने सभी घायलों को स्थानीय समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने सुरेन्द्र पांडेय (45 वर्ष) पुत्र रामेश्वर पांडेय को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सत्येन्द्र पांडेय को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर करते हुए अन्य घायलों का उपचार शुरू कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात करते हुए घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित कर शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

एसपी दिनेश सिंह ने बताया मामले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों से सख्ती से निपटें: सीओ

संवाददाता। मुसाफिरखाना

**रविवार** को स्थानीय कोतवाली परिसर में सीओ मनोज यादव की अध्यक्षता में स्थानीय व्यापारियों के साथ साथ सर्राफा व्यवसायियों की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कारोबारियों की सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा हुई। बैठक में सीओ मनोज यादव ने कहा कि पुलिस कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों के साथ सख्ती से निबटेगी।

सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि व्यवसायों से जुड़े लोगों से सुरक्षा के पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताते हुए सहयोग की अपील की।

प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा ने कहा कि आपकी सुरक्षा संकल्प हमारा के मूलमंत्र के साथ पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए हर संभव कोशिश करने में जुटे हुए हैं।

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री वैक्सीन का टीका लगवाकर करें शुभारंभ: लल्लू



## सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

संवाददाता। बाराबंकी

**कांग्रेस** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार रविवार को केंद्र व प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गन्ना किसानों का 11000 करोड़ रुपया बकाया है, लेकिन मिल मालिक उन्हें नहीं दे रहे हैं। जबकि सरकार ने कहा था कि 14 दिनों में मिल मालिक भुगतान नहीं करेंगे तो उन्हें ब्याज सहित बकाया भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि आज तक किस किसान को ब्याज सहित भुगतान किया गया है श्री लल्लू पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया के आवास पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार मिल मालिकों से मिलकर किसानों के साथ धोखा कर रही है लगातार किसान और सकता कर रहा है। इसका जिम्मेदार कौन है, कोरोना वैक्सीन आने के प्रश्न पर कहा कि यह अच्छी बात है, किंतु जिस प्रकार दूसरे देश के राष्ट्राध्यक्ष होने पूर्णा वैक्सीन लगवा कर इसका शुभारंभ किया, ठीक उसी प्रकार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री भी इसका शुभारंभ करें, साथ ही देश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा हेतु मुफ्त में वैक्सीन मुहैया कराई जाए। उन्होंने वैक्सीन तैयार करने पर वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी। इससे पूर्व यह पहुंचने पर कांग्रेस जनों ने तनुज पुनिया के नेतृत्व में उनका स्वागत भी किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

# पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया छापेमारी अभियान



संवाददाता। रामनगर (**बाराबंकी**)

**पुलिस** क्षेत्राधिकारी रामनगर के अगुवाई में थाना रामनगर की पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो स्थानों पर छापा मारकर अवैध देसी कच्ची शराब बनाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में लहन व उपकरण तथा शराब बरामद की। लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार दुबे की अगुवाई में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामचंद्र सरोज व आबकारी निरीक्षक के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम शाहपुर में हंसराज पुत्र श्री राम व गरीबे पुत्र बदलू को गिरफ्तार कर उसने कब्जे से 30 लीटर देसी शराब बनाने के उपकरण व लहन बरामद किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

## एक साल बाद भी किसानों को नहीं मिला मुआवजा

त्रिवेदीगंज (**बाराबंकी**)। जमीन अधिग्रहण के लगभग एक साल बाद भी किसानों को पैसा नहीं मिला है सरॉयपांडेय और रामीपुर के किसानों का कहना है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के लिए हम लोगों की जमीन का बैनामा ना करा सीधे अधिग्रहण लगभग एक साल पहले किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा तीन महीने में पैसा खाते में भेज देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन एक साल बीतने को है अभी तक पैसा नहीं आया।

सरॉयपांडेय के शोभा का कहना है कि इसी पैसे के सहारे कुछ जमीन खरीदी थी, लेकिन तय समय में पैसा नहीं मिल पाने से जमीन भी हाथ से निकल गई है।

## टूटते परिवारों का सहारा बनी प्रोजेक्ट नई किरण

**ललितपुर**। स्थानीय पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। जिसमें 10 परिवारों को बुलाया गया। नई किरण में चार मामले में दोनों पक्ष आये, जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर चारों परिवारों में समझौता कराया गया। सभी परिवार खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गये तथा अन्य मामलों में अग्रिम तिथि दी गई।

# सभी पीएचसी केन्द्रों पर आयोजित हुआ मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला

संवाददाता। अमेठी

**जनसामान्य** को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से रविवार को जिले के सभी 30 पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जायस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने मेले का शुभारंभ करते हुए इलाज के लिए लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। शासन ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाते हुए आमजनों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने, रोगों की रोकथाम के लिए रोग को प्रारंभिक स्तर पर चिह्नित कर बेहतर इलाज का प्रबंध सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार ने इसके तहत समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित करने की योजना बनाई है। आयोजित स्वास्थ्य मेले में डीएम ने मेले में आए लोगों का इलाज करने के साथ ही उन्हें संचारी रोग की रोकथाम का उपाय बताने व गोल्डेन कार्ड बनाने तथा वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य मेले में आए लोगों को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क लगाने तथा सेनीटाइजर का प्रयोग करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मेले में चिकित्सकों ने गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को चिंहित किया। उनकी स्क्रीनिंग व यथोचित स्तर पर संदर्भन व फॉलोअप की व्यवस्था की गई। अन्य मरीजों को चिकित्सीय परामर्श, टीकाकरण, जांच व दवा देने के साथ गर्भावस्था व प्रसव कालीन सावधानी तथा तंबाकू सेवन रोकने के प्रति जागरूक किया गया।

सीएमओ डा. आशुतोष दूबे ने जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित कराया।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का जनपद में शुभारम्भ

**ललितपुर**। राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग, मनोहर लाल पंथ ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंद नगर में फीता काटकर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलाष् की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले प्रत्येक रविवार को प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पूर्वाहन दस बजे से अपराह्न चार बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

## पक्षियों की अचनाक मौत पर तत्काल कार्रवाई की जाए:डीएम

संवाददाता। ललितपुर

**जिलाधिकारी** ए. दिनेशकुमार की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू संक्रमण की रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्थापित बत्तख व पोल्ट्री फार्म की सूची अद्यतन करते हुए पक्षियों की संख्या का विवरण तथा पक्षियों के जनपद में आपूर्ति का स्थान मुख्यालय से दूरी दर्शाते हुए तैयार की जाये जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होने जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्यों से समन्वय बनाते हुए उन्हें भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सतर्क रहने कहा।

डीएम ने कहा कि बत्तख, पोल्ट्री एवं प्रवासी पक्षियों का गम्भीरता से सर्विलान्स किया जाए। इस हेतु बैकयार्ड पोल्ट्री, पोल्ट्री फार्म पोल्ट्री दुकान, बाजार प्रवासी पक्षियों के मार्ग वन्य जीव अभ्यारण, पक्षी अभ्यारण्य ,नेशनल पार्क, जलाशय, अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगे क्षेत्रों का लगातार सर्विलान्स किया जाये। भारत में प्रवासी पक्षी माह सितम्बर से आना प्रारम्भ करते हैं तथा मार्च में वापस जाते हैं। वायरोलोजिकल सर्विलान्स हेतु पक्षियों से क्लोएकल स्वैब प्रयोगशाला आईवीआरआई इज्जत नगर बरेली नियमित रूप से प्रेषित किये जाय। सीरोलोजिकल सर्विलान्स हेतु पक्षियों के सीरम सैम्पुल प्रयोगशाला आईवीआरआई इज्जत नगरए बरेली को नियमित रूप से प्रेषित किये जाये। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बत्तख व कुक्कट पालकों से लगातार सम्पर्क स्थापित किया जाये, जिससे पक्षियों की किसी भी असामयिक बीमारी एवं मृत्यु की दशा में तत्काल सूचना विभाग को मिल सके। जनपद में जहां अधिकांश कुक्कुट इकाईयां हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाय।

# चार सौ जरूरतमंदों को बांटे गए कम्बल



संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**अनेहरा** रामपुर बावली गांव में रविवार को जरूरतमंदों को समाजसेवी ने कम्बल वितरित किया। राजकली रमाशंकर शुक्ल महाविद्यालय के आरएसएस इंटर कालेज के संस्थापक पं. रमाशंकर शुक्ल ने 400 गरीब तपके के लोगों को कम्बल बांटा। कार्यक्रम में उन्होने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही जीवन का सच्चा पुण्य है। इस मौके पर रामकिशोर पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, छेदी लाल तिवारी, श्यामशंकर शुक्ल, बलराम शुक्ल, प्रभाकर शुक्ल, दिवाकर शुक्ल, हरिलाल कोरी, श्रीरामशुक्ला, लालदेव सरोज, अर्जुन शुक्ल, बृजेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, राजन तिवारी, रामकृष्ण शुक्ल, शुभम शुक्ला, अखिलेश तिवारी आदि रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का चुनाव संपन्न

**बाराबंकी**। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक बंकी और सिधौर की कार्यकारिणी के गठन हेतु संयुक्त निर्वाचन अधिवेशन बीआरसी बड़ेल में संपन्न हुआ। निर्वाचन में आम सहमति के आधार पर ब्लॉक बंकी अध्यक्ष वेदप्रकाश श्रीवास्तव तथा महामंत्री केके पाण्डेय को चुना गया। इसी प्रकार ब्लॉक सिधौर के अध्यक्ष पद पर वीपी सिंह व महामंत्री नीरज वर्मा को चुना गया और विभिन्न पदों की कार्यकारिणी घोषित की गई। वहीं जिलाध्यक्ष ने बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे सेवानिवृत्त शिक्षक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान बढ़ाया। इससे पहले निर्वाचन चुनाव अधिकारी सुभाष चन्द्र तिवारी और गंगाशरण वर्मा तथा पर्यवेक्षक मोहम्मद इकबाल तथा हरिशंकर वर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।

वहीं पूरी बैठक महासंघ के मीडिया प्रभारी अतुल दिवाकर, शिक्षक पवन शंकर, शिवशरण, सरिता रस्तोगी, मोहम्मद इकबाल आदि उपस्थित रहे।

# भगवान विष्णु के आठवें अवतार थे श्रीकृष्ण: विधायक

संवाददाता। सिद्धौर (**बाराबंकी**)



**श्री** कृष्ण जैसी मनमोहक और अनुपम जीवन लीला और किसी भी देवता की नहीं है श्री विष्णु के दस अवतारो में से आठवां अवतार श्री कृष्ण का था उनके सभी 10 अवतार में से सर्वाधिक अनुपम और अद्वितीय श्री कृष्णावतार है। उक्त विचार विधानसभा जैदपुर के सिद्धौर विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पूरे चन्द्रमन में आयोजित कृष्ण लीला का उद्घाटन करने के पश्चात विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किये।

श्री गौरव रावत ने कहा कि 16 कलाओं में निपुण भगवान श्री कृष्ण को लीलाधर भी कहते हैं। सभी देवताओं में सबसे श्रेष्ठ श्रीकृष्ण की लीलाएं दूनिया भर में विख्यात है उनके जैसा अन्य कोई नहीं उन्होने जन्म ही लीलाओं के साथ लिया था। पूर्व विधायक राम मगन रावत ने कहा कि श्री कृष्ण जी को प्रसन्न करने के लिए हम लोगो को वृत रखना चाहिए श्री कृष्ण जी के मित्र सुदामा जब उनसे मिलने द्वारिका पहुचे तो सुदामा अपनी दरिद्रता के कारण द्वारिकाधीश श्री कृष्ण से मिलने से झिझक रहे थे, लेकिन श्री कृष्ण का अपने मित्र के प्रति प्रेम देखकर भवविभोर हो गए थे। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मो. उवेद सानू, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद, यादव पिछडा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव विश्राम पाल, जिला पंचायत सदस्य धीरज यादव, प्रति. मो. रिजवान, संजय, आशीष त्रिपाठी, बलराम यादव, मो. फारूख, प्रदीप रावत समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बाराबंकी**। गत शनिवार की शाम को एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। गम्भीर रूप से जख्मी बुजुर्ग महिला को परिजनों ने जिला अस्पताल में इलाज के भर्ती करवाया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामसनेहीघाट के हथौंधा चौकी क्षेत्र के कोटवा सड़क कस्बे के निवासी मायाराम की पत्नी शांती देवी (70 वर्ष) शनिवार को ही कोटवा सड़क में स्थित अपने खेत को देखने गई हुई थी और वापस होते समय एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वृद्ध महिला गम्भीर रूप से जख्मी हो गई।

परिजन घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आये और वहां मौजूद डॉक्टरों ने महिला को प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

# जाकिर बने सगरासुंदरपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष



संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**उत्तर** प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सगरासुदरपुर के अध्यक्ष पद पर जाकिर अली की दोबारा ताजपोशी होने से व्यापारियों में खुशी की लहर है। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने व्यापारियों की आम बैठक में जाकिर अली के अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसे व्यापारियों ने सर्वसम्माति अनुमोदन प्रदान किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मो. निजाम, महामंत्री संतोष जायसवाल व कोषाध्यक्ष कृपाशंकर जायसवाल का चयन किया गया। राजेन्द्र जायसवाल व मो. इसरार तथा वरिष्ठ व्यापारी नेता सरदार इन्द्रजीत सिंह प्रान्तीय कार्यकारिणी के सदस्य चुने गये। नवनिर्वाचित व्यापार मंडल के अध्यक्ष जाकिर अली कहा कि किसी भी कीमत पर बाजार के व्यापारियों के उत्पीड़न को बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने व्यापारियों से एक जुटता का आह्वान किया। महामंत्री संजय सोनी ने व्यापारियों की समस्याएं सुनी। व्यापार मंडल की ओर से प्रशासन से बाजार हाईमस्ट तथा जल निकासी के लिए नाली निर्माण एवं शुलभ काम्प्लेक्स की मांग भी की गयी।

# धान खरीद क्रय केन्द्रों पर राजनीति और किसान संगठनों का हस्तक्षेप बढ़ा

संवाददाता। बाराबंकी

धान खरीद का लक्ष्य पूरा करने में लगे सरकारी अहलकारों को बड़ा समझौता करना पड़ रहा है। सही और पारदर्शी धान खरीद प्रक्रिया में राजनीति और किसान संगठनों के गलियारों से हस्तक्षेप बढ़ा है। किसानों की उपज औने पौने बिक रही है। किसान की उपज खरीदने में भरसक कोशिश करने लगे अधिकारियों के केंद्रों पर व्यापारी बिचौलिया जबरदस्ती हावी होते नजर आ रहे हैं। राजनीतिक क्षेत्र से सरकार की साख बिगड़ रही है नतीजतन धान क्रय केंद्र प्रभारियों को बेज़ा दबाव झेलना पड़ रहा है। विपणन केंद्र शाखा टिकैतनगर केंद्र पर किसान संगठन के पदाधिकारी व व्यापारियों धान खरीद की पैरवी करने में लगे हुए हैं। इतना ही नहीं सत्ता पक्ष के नेता भी धान बिकवाने में पीछे नहीं हैं। ग्रामीण इलाकों में जाकर किसानों के धान बेचने का जायजा लिया जाए तो 80 फीसदी धान की उपज व्यापारियों के हाथ 1200 रुपए में बेची जा चुकी है। टिकैतनगर केंद्र प्रभारी ने बताया कि उनके केंद्र पर धान किसानों का क्रय किया जा रहा है किसान संगठनों ने और राजनीतिक पहुंच के लोग द्वारा उनका धान पहले तोलने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि केंद्र प्रभारी का कहना है कि जिस की ट्राली क्रय केंद्र पर धान तोल के लिए पहले किसान लाता है उसकी तोल पहले की जाती है। धान केंद्रों पर किसान का धान क्रय किया जा रहा है।